RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 334
लखनऊ, शुक्रवार, 25 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



एली गोल्डिंग में थी आत्मविश्वास की कमी
विविध-12

www.dailypioneer.com

## छेड़खानी और यौन उत्पीड़न के आरोपियों के लगेंगे पोस्टर

# महिला सुरक्षा को लेकर योगी सख्त

● महिलाओं के साथ आपराधिक घटना होने पर संबंधित बीट इंचार्ज चौकी इंचार्ज, थाना प्रभारी और सीओ होंगे जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** में महिला अपराधों को बढ़ते मामलों को देखते हुये योगी सरकार फिर सख्त हो गई है। आपरेशन मजनू की तर्ज पर प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध करने वालों की शामत आएगी। दुराचारियों और अपराधियों के खिलाफसरकार ऑपरेशन दुराचारी चलाने जा रही है।

सीएम ने ऐसे अपराधियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने का आदेश दिया है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक सीएम योगी ने कहा कि महिलाओं से किसी भी तरह का अपराध करने वाले अपराधियों को महिला पुलिस कर्मियों से ही दंडित कराओ। ऐसे अपराधियों और दुराचारियों के मददगारों के भी नाम उजागर करने का आदेश दिया। सीएम ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के साथ किसी भी तरह की घटना को अंजाम देने वालों को समाज जाने, इसलिए चौराहों पर ऐसे अपराधियों के पोस्टर लगवाएं।

योगी ने महिलाओं, बच्चियों से छेड़खानी, दुर्व्यहार, अपराध और यौन अपराध में लिप्त अपराधियों के पोस्टर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर लगाने का आदेश दिया है, ताकि ऐसे लोगों को समाज के सामने लाकर शर्मिंदा किया जा सके। उन्होंने सख्ती से कहा कि कहीं भी महिलाओं के साथ कोई आपराधिक घटना हुई तो संबंधित बीट इंचार्ज, चौकी इंचार्ज, थाना प्रभारी और सीओ जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अब नागरिक संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले उपद्रवियों के पोस्टर की तरह ही मनचलों, शोहदों और दुराचारियों के पोस्टर पूरे शहर में लगेंगे।

उत्तर प्रदेश में मिशन दुराचारी के तहत होने वाले इस कार्रवाई की जिम्मेदारी महिला पुलिसकर्मियों को दी गई है। ये महिला पुलिसकर्मी ऐसे शोहदों और मनचलों की पहचान कर उनके पोस्टर को शहर के चौराहों और सार्वजनकि स्थलों पर लगवाएंगी।

## जमीन पर कब्जा करने वालों से सरकार वसूलेगी किराया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**राजनीतिक** जुलूस, धरना-प्रदर्शन के दौरान सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से क्षतिपूर्ति की तर्ज पर योगी सरकार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों से जमीन का किराये की वूसली करने की तैयारी में है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश कड़े दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कि अगर कोई सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करेगा तो उससे कब्जे के दौरान की अवधि का किराया भी वूसला जाएगा। इस बारे में राजस्व विभाग और गृह विभाग में कार्ययोजना तैयार करने का काम चल रहा है। प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर माफिया व अपराधियों द्वारा सरकारी जमीनों व संपित्तयों पर किए गए अवैध कब्जों को अभियान के तहत मुक्त कराया जा रहा है। अब इस कड़ी में उनसे कब्जे के दौरान की अवधि का किराया वसूलने की कार्रवाई भी होगी। माना जा रहा है कि बीते दिनों सरकारी जमीनों से जो अवैध कब्जे मुक्त कराए गए हैं, उनमें आरोपितों से जल्द किराया वसूलने की कार्रवाई शुरू होगी। सूबे में अब तक माफिया तथा अपराधियों की 300 करोड़ से अधिक संपित्त जब्त की गई है। अवैध कब्जा कर बनाई गईं कई इमारतों पर प्रशासन को बुलडोजर भी चल चुका है। प्रदेश में माफिया व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस कार्रवाई का सिलसिला अभी जारी है। राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस ने अभियान के तहत कड़ी कार्रवाई की है। इस वर्ष गैंगेस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की काली कमाई से जुटाई गई 300 करोड़ रुपये से अधिक की संपित्त जब्त की गई है।

## सूचना भवन के नये परिसर का लोकार्पण आज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के नवनिर्मित भवन, सूचना परिसर का लोकार्पण करेंगे। पार्क रोड स्थित इस भवन का निर्माण पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर कराया गया है।

## अधिक संक्रमण वाले जिलों पर दिया जाए विशेष ध्यान: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चिकित्सा संस्थानों को वर्चुअल आईसीयू के माध्यम से जोड़ने की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गम्भीर रोगियों के इलाज तकनीकी आधारित इस व्यवस्था को अपनाकर योग्य एवं अनुभवी चिकित्सकों का फायदा अधिक से अधिक लिया जा सकता है। उन्होंने वेंटीलेटर्स तथा एचएफएनसी (हाई फ्लो नेजल कैन्युला) को सभी जनपदों में क्रियाशील रखे जाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रतिदिन औसतन 100 या उससे अधिक कोविड-19 के केसेज मिले हैं, ऐसे जनपदों में संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कारगर रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा सहित चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श करते हुए कार्य योजना को अन्तिम रूप दिया जाए। इन जनपदों में नोडल अधिकारी नामित किये जाएं। प्रत्येक नोडल अधिकारी के साथ विशेष सचिव स्तर का अधिकारी भी तैनात होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक कान्टैक्ट ट्रेसिंग करते हुए कोरोना के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क ग्रुप को लक्षित करते हुए मेडिकल टेस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोविड-19 के प्रतिदिन किए जाने वाले टेस्ट में एक तिहाई आरटीपीसीआर द्वारा तथा शेष जांचें रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से की जाएं। उन्होंने एल-2 तथा एल-3 कोविड अस्पतालों में बेड्स की संख्या में वृद्धि के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के उपयोग के संबंध में प्रवर्तन कार्यवाही को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। आवश्यकतानुसार माइक्रो कन्टेनमेन्ट जोन स्थापित किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम पूरी तरह सक्रिय रहे और इनके माध्यम से कोरोना से बचाव तथा यातायात सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 के उपचार सम्बन्धी औषधियों, टेस्टिंग किट्स तथा बचाव में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जैसे मास्क, ग्लब्स, पीपीई किट तथा सेनिटाइजर आदि की पर्याप्त एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति का आकलन करते हुए आने वाले समय की जरूरतों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराई जाएं। उन्होंने स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन कार्य को निरन्तरता प्रदान किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए लोगों को कोविड-19 से बचाव के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया जाए। त्यौहारों को घर पर ही मनाया जाए। कोई सार्वजनिक आयोजन न किया जाए। त्यौहारों को मनाने में कोविड-19 के प्रोटोकाल के पूर्ण पालन तथा सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी योजना तथा अमृत योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विशेष आर्थिक पैकेज का पूरा लाभ प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए। अधिक से अधिक कामगारों, स्ट्रीट वेण्डरों को ऋण प्रदान कर लाभान्वित किया जाए। एमएसएमई इकाइयों को पैकेज के माध्यम से लोन उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए। उन्होंने बुन्देलखण्ड क्षेत्र में गौ संरक्षण केन्द्रों को सुचारु रूप से क्रियाशील रखे जाने के निर्देश भी दिए।

## दीपिका और सारा पहुंचीं मुंबई कल होगा एनसीबी से सामना

● अभी जेल में ही रहेंगी रिया चक्रवर्ती, बॉम्बे हाई कोर्ट ने 29 सितंबर तक टाली सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई





**बॉलीवुड** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और सारा अली खान गुरुवार शाम गोवा से मुम्बई लौट आई हैं। दीपिका गोवा में एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं जबकि सारा छुट्टियां मनाने वहां गई थीं। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग मामले में एनसीबी ने दीपिका और सारा को शनिवार को पेश होने का नोटिस दिया है। इसी मामले में रकुल प्रीत सिंह और श्रद्धा कपूर का भी एजेंसी के अधिकारियों से आमना-सामना होगा। दीपिका अपने पति रणवीर सिंह, मैनेजर करिश्मा प्रकाश समेत लीगल टीम में शामिल तीन लोगों के साथ चार्टर प्लेन से मुंबई पहुंचीं। मषहूर एक्टर सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी नवोदित अभिनेत्री सारा अली खान अपने भाई अब्राहिम और मां के साथ मुम्बई लौटी। वह परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गोवा गई थीं। एनसीबी दोनों अभिनेत्रियों से 26 सितंबर को पूछताछ करेगी। दूसरी ओर, बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को अभी 29 सितंबर तक जेल में ही रहना होगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। रिया को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मौत से जुड़े ड्रग मामले में ही 8 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह मुम्बई की भायखला जेल में बंद हैं। उन्हीं से पूछताछ के बाद फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग के फैले जाल का खुलासा हुआ था। उन्होंने ड्रग लेने या इस धंधे से जुड़ी 25 बड़ी बॉलीवुड हस्तियों के नाम एनसीबी को बताएं हैं। दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर, रकुल प्रीत सिंह, नम्रता शिरोडकर आदि इसी कड़ी का हिस्सा हैं।

## कृषि बिलों के खिलाफ पंजाब में किसान आंदोलन तेज



पटियाला में गुरुवार को रेल ट्रैक पर जमे किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** में किसान संगठनों ने तीन कृषि सुधार विधेयकों के विरोध में गुरुवार से तीन दिवसीय रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है, जबकि अन्य ने 25 सितंबर को राष्ट्रव्यापी बंद तथा अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन 1 अक्टूबर से शुरू करने का आह्वान किया है।

किसान नेताओं के मुताबिक इस दौरान सड़कों, राजमार्गों और रेल ट्रैक को रोक दिया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के किसानों ने किसान आंदोलन में शिरकत करने का फैसला किया है। कांग्रेस, जिसकी चार राज्यों में सरकार है, पश्चिम बंगाल में टीएमसी, केरल में वाम, दिल्ली में आप, तेलंगाना में टीआरएस, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी समेत 18 राजनीतिक दलों का भी समर्थन किसानों को हासिल है।

आल इंडिया ट्रेन यूनियन कांग्रेस, नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस, सेंटर फॉर ट्रेड यूनियन्स, हिंद मजदूर सभा, ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर और ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर समेत 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भारत बंद का समर्थन किया है। ओला कैब ड्राइवर्स एसोसिएशन और लॉरी डाइवर्स ( शेष पेज 9 )

### बिल छोटे किसानों के हक में, बदल जाएगी जिंदगी : तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि कृषि विधेयक 'छोटे किसानों के हित' के साथ निवेशकों के पक्ष में भी है और ये पूरी तरह से उनके जीवन को बदल देंगे। तोमर ने कहा संसद द्वारा पारित विधेयक किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे क्योंकि वे अपने उत्पादों को किसी भी खरीदार को बेच सकेंगे और अपनी फसल के लिए उन्हें गारंटीशुदा मूल्य मिलेगा, विविध फसल उपजा सकेंगे, नई तकनीक का इस्तेमाल तथा लागत को कम कर सकेंगे। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि पंजाब के किसानों से मंडी में 8.5 फीसदी कर वसूला जाता है और वे कम कीमत पर अपनी उपज को बेचने पर मजबूर हैं। उन्हें अपनी उपज को मंडी ( शेष पेज 9 )

## राजधानी में संक्रमण के मामले घटे

● कोरोना के 659 नए केस, 14 की मौत, प्रदेश में 4674 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस के संक्रमण में पिछले तीन दिन से कमी आई है। गुरुवार को 659 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 14 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 48,971 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 852 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 39580 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 9391 केस एक्टिव हैं। अभी तक राजधानी में 644 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज लखनऊ जिले में कोरोना के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 11754 लोगों के सैम्पल लिये गये।जिनमें प्रमुख रूप से आज आशियाना में 23, इंदिरा नगर में 49, आलमबाग में 26, ठाकुरगंज में 19, तालकटोरा में 24, हसनगंज 13, गोमती नगर में 59, हजरतगंज 25, मड़ियांव में 13, रायबरेली रोड में 32, अलीगंज में 21, जानकीपुरम में 10, महानगर में 17, कैण्ट में 19, चौक में 38, चिनहट में 27, नाका 12, विकासनगर 26, बाजारखाला में 15, सरोजनीनगर में 18, वृन्दावन योजना 15, गोमतीनगर विस्तार 12, पारा में 11, गुडम्बा में 11, तेलीबाग में 12, सुशान्त गोल्फसिटी में 12, काकोरी में 10 पाजिटिव रोगी पाये गए। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 229 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 229 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया।

वहीं प्रदेश में गुरुवार को 4674 नए मरीज पाए गए जबकि 61300 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक राज्य में 5366 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल 374277 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 4922 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 307611 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 659, कानपुर में 250, प्रयागराज में 275, गोरखपुर में 138, गाजियाबाद में 214, वाराणसी में 158, नोएडा में 192, बरेली में 107, मेरठ में 210, मुरादाबाद में 175, अलीगढ़ में 128, झांसी में 118, सहारनपुर में 48, बाराबंकी में 44, बलिया में 91, अयोध्या में 75, देवरिया में 23, शाहजहांपुर में 51, आगरा में 110, जौनपुर में 57, कुशीनगर में 62, रामपुर में 13, लखीमपुर खीरी में 53, महराजगंज में 32, आजमगढ़ में 33, मुजफ्फरनगर में 69, हरदोई में 30, मथुरा में 32, इटावा में 61, गाजीपुर में 10, गोंडा में 38, प्रतापगढ़ में 72, बुलंदशहर में 25, सीतापुर में 25, बस्ती में 37, पीलीभीत में 23, उन्नाव में 32, चंदौली में 22, सुल्तानपुर में 28, सिद्धार्थनगर में 20, बिजनौर में 93, बहराइच में 23, सोनभद्र में 37, मैनपुरी में 28, बदायूं में 27, रायबरेली में 22, अमरोहा में 54, फिरोजाबाद में 27, हापुड़ में 30, संत कबीर नगर में 6, मिर्जापुर में 77, कन्नौज में 33, ललितपुर में 12, मऊ में 30, अमेठी में 23, शामली में 18, फर्रुखाबाद में 53, औरैया में 29, संभल में 15, फतेहपुर में 16, जालौन में 19, बांदा में 22, एटा में 26, कानपुर देहात में 6, भदोही में 15, बलरामपुर में 6, कौशांबी में 5, अंबेडकर नगर में 15, कासगंज में 7, बागपत में 8, चित्रकूट में 10, हमीरपुर में 7, हाथरस में 12, श्रावस्ती में 16, महोबा में 7 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 36,553 | ↓ 1114 | |
| निफ्टी | 10,805 | ↓ 326 | |
| सोना | 50,418 | ↓ 485 | /10g |
| चांदी | 58,099 | ↓ 2081 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### बेंगलुरु हिंसा का मुख्य षड्यंत्रकर्ता गिरफ्तार

**बेंगलुरु, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 11 अगस्त को बेंगलुरू में एक पुलिस थाने पर हुए हमले के एक कथित षड्यंत्रकर्ता सैयद सादिक अली को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु निवासी अली (44) फरार चल रहा था। वह केजी हल्ली पुलिस थाने पर हमले मे कथित तौर पर संलिप्त था, जिसके चलते पुलिस थाना परिसर में और आसपास के इलाके में खड़े वाहनों सहित सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। जांच एजेंसी ने बताया कि 11 अगस्त को 3,000 से अधिक लोगों ने हिंसक तरीका अपनाते हुए कांग्रेस विधायक आर अखंड श्रीनिवास मूर्ति, उनकी बहन जयंती और देवारा जीवनहल्ली के आवासों तथा कडुगोंडनहल्ली(केजी) पुलिस थाने को आग लगा दी थी।

## मोदी ने दिया-'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' का मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




फिटनेस को लेकर क्रिकेटर विराट कोहली, अभिनेता मिलिंद सोमन से वीडियो कांफ्रेंसिंग से संवाद करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**स्वस्थ** मन के लिए स्वस्थ तन बेहद जरूरी है। इस बारे देश को संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिट रहना उतना मुश्किल काम नहीं है, जितना कुछ लोगों को लगता है। थोड़े से नियम व परिश्रम से हमेशा स्वस्थ रहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज', मंत्र में सभी का स्वास्थ्य और सभी का सुख छिपा हुआ है। 'फिट इंडिया अभियान' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर फिटनेस को लेकर जागरूकता का प्रसार करने वाले लोगों से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने ये बातें कही। संवाद करने वाले लोगों में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली, अभिनेता मिलिंद सोमन और मशहूर डायटीशियन रुजुता दिवेकर के अलावा फिटनेस के प्रति उत्साही आम नागरिक शामिल थे। मोदी ने आज के संवाद को हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी करार देते हुए कहा कि एक साल के भीतर 'फिट इंडिया अभियान' आमजन का अभियान बन चुका है तथा देश में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर निरंतर जागरूकता में बढ़ोतरी होती चली जा रही है। उन्होंने कहा, 'फिट इंडिया मूवमेंट ने अपने प्रभाव और प्रासंगिकता को कोरोना काल में सिद्ध करके दिखाया है कि वाकई में फिट रहना इतना मुश्किल काम नहीं है जितना कुछ लोगों को लगता है। थोड़े से नियम से थोड़े से परिश्रम से आप हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज', इस मंत्र में सभी का स्वास्थ्य और सभी का सुख छिपा हुआ है।' उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि चाहे योग हो या बैडमिंटन हो, टेनिस हो या फुटबाल, कराटे हो या कबड्डी, उन्हें जो पसंद आए कम से कम 30 मिनट रोज करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसार में श्रम, सफलता, भाग्य, सब कुछ स्वास्थ्य पर ही निर्भर करता है। उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य है, तभी भाग्य है, तभी सफलता है। जब हम नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, खुद को फिट और मजबूत रखते हैं। एक भावना जागती है कि हां, हम स्वयं के निर्माता हैं। एक आत्मविश्वास आता है और व्यक्ति का यही आत्मविश्वास उसको जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में भी सफलता दिलाता है। यही बात परिवार समाज देश पर भी लागू है।'

कोहली, सोमन और दिवेकर के अलावा इस सत्र में पैरालम्पिक भालाफेंक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झझारिया और जम्मू कश्मीर की महिला फुटबॉलर अफशां आशिक ने भी भाग लिया। श्रीनगर में 2017 में पत्थरबाज के तौर पर सुर्खियों में आई अफशां से भी प्रधानमंत्री ने बात की। जम्मू-कश्मीर फुटबॉल टीम में गोलकीपर अफशां बाद में एफसी कोल्हापुर सिटी के लिये भारतीय महिला लीग 2019 में खेली। वह श्रीनगर में युवाओं को प्रशिक्षण भी देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर निरंतर जागरूकता भी बढ़ रही है और सक्रियता भी। उन्होंने बेहद खुशी जताई कि योग, आसन, व्यायाम, पैदल चलना, दौड़ना, तैराकी, स्वस्थ खाने की आदत और एक स्वस्थ जीवन शैली लोगों के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं।

फिट इंडिया अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुड़ने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने संवाद कार्यक्रम से शामिल सभी हस्तियों से कहा कि वे भी अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। उन्होंने कहा, 'फिट इंडिया मूवमेंट दरअसल हिट इंडिया मूवमेंट भी है। इसलिए, जितना इंडिया फिट होगा, उतना ही इंडिया हिट होगा। इसमें आप सभी के प्रयास हमेशा की तरह देश की बहुत मदद करेंगे।

## भारत में कोविड-19 के 86,508 नए मामले 1,129 लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के मामले 57 लाख के पार हो गए हैं, वहीं 46 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। देश में मरीजों के ठीक होने की दर 81.55 प्रतिशत हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार एक दिन में कोविड-19 के 86,508 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 57,32,518 हो गए हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में 1,129 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 91,149 हो गई। देश में अभी तक 46,74,987 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.59 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 9,66,382 मरीजों का कोरोना वायरस संक्रमण का ( शेष पेज 9 )

# तकनीक से जुड़कर चुनौतियों का सामना करें: योगी

## सीएम ने लांच किया यू-राइज पोर्टल, 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं होंगे लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र में समानता से समरस समाज का सपना साकार होगा। भविष्य की जरूरतों के लिहाज से शिक्षण संस्थानों में और शिक्षा के सभी चरणों में एक सहज एकीकरण और समन्वय होना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को उनके सीखने की क्षमता के अनुसार विकल्पों को चुनने का अवसर मिलेगा। वे अपनी प्रतिभा और रुचियों के अनुसार सफलता हासिल कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने यू-राइज़ पोर्टल के लान्च तथा दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत चेक वितरण एवं नवीन कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि यू-राइज पोर्टल एक यूनिफाइड पोर्टल है। यह पोर्टल प्राविधिक, व्यावसायिक व कौशल विकास से जुड़े छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके जितने भी विशेषज्ञ हैं, उन सबको एक प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। इसमें विद्यार्थियों के जीवन चक्र को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश के तकनीकी संस्थाओं के उन्नयन की दृष्टि से दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम का जो शुभारम्भ किया गया था उसके दूसरे चरण के इस अभियान के साथ आज हम जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 आजादी के बाद शिक्षा क्षेत्र में सुधार का सबसे बड़ा अभियान है। यह हमें केवल सैद्धान्तिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगा बल्कि यह छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब तकनीक से जुड़कर ही आगे बढ़ सकते हैं और बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना कर सकते हैं। तकनीक जीवन में कितना परिवर्तन ला सकती है, कोरोना काल खण्ड में इस बात को हम सभी ने महसूस किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई को तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। बहुत सारे लोगों ने फर्जी डिग्री लेकर नौकरियां हासिल कर ली। वर्षों से यह मामला चलता आ रहा था। तकनीक के माध्यम से उन्हें ट्रैक करके उन लोगों पर समुचित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यू-राइज पोर्टल के माध्यम से किसी भी छात्र-छात्रा के बारे में किसी संस्था या संस्थान को जानकारी प्राप्त करना हो तो वह आसानी से प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यू-राइज पोर्टल किसी भी विद्यार्थी के पूरे जीवन चक्र को लेकर चल रहा है। विद्यार्थी के प्रवेश, उनके पाठ्यक्रम, प्रैक्टिकल, शुल्क, परीक्षा व परिणाम को प्रस्तुत करने के साथ ही, आने वाले समय में उनके रोजगार एवं नौकरी को भी इससे जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर तकनीक नहीं होती तो इस सदी की सबसे बड़ी कोरोना महामारी मानवता के लिए एक बड़ा संकट खड़ा कर देती। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से ही बिना भ्रष्टाचार के लाभार्थी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सकता है। उन्होंने जनधन खाते का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को डीबीटी के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 के कारण पिछले 6 महीनों से शिक्षण संस्थान बन्द चल रहे हैं। इस दौरान भी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है। यह भी तकनीक से ही सम्भव हुआ है। तकनीक को लेकर लोगों में नई रुचि देखने को मिली है। लोग स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जो समाज के लिए एक अच्छा संकेत है। पोर्टल लांचिंग के मौके पर मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के दूसरे चरण में 100 करोड़ भी जारी किए। कोविड.19 महामारी के दूरगामी प्रभावों को ध्यान में रखते हुए दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण में जारी यह राशि प्रदेश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों में डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रा के विकास पर खर्च होगी। इस धनराशि से छात्रावासों का निर्माण, क्लास रूम, लैब, नवनिर्मित भवन के फर्नीचर, पुस्तकालय का विस्तार, कोविड के दृष्टिगत अवस्थापना सुविधाओं का विनिर्माण एवं ऑनलाइन क्लासेज, स्मार्ट क्लास रूमएवर्चुअल लैब आदि खरीदे जाएंगे।

इस मौके पर वर्चुअल प्लेटफार्म से व्यावसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल व विभिन्न संस्थानों के प्रमुख ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा एस राधा चौहान, कुलपति एकेटीयू विनय कुमार पाठक, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहली फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी खोलने के प्रयासों में तेजी लाएं: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● कुलपति, कुल सचिव व वित्त अधिकारी के पदों का हुआ सृजन, निर्माण कार्यों के लिए दी गयी 20 करोड़ रुपए की धनराशि

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस की विवेचना में वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित साक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में एक ओर जहां विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं को और अधिक सुदृढ़ कर उनकी क्षमता का विस्तार किया जा रहा है, वहीं प्रदेश की पहली फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, लखनऊ में खोलने की दिशा में कार्रवाई चल रही है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में और अधिक तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में फोरेंसिक साइंस, आचार विज्ञान, प्रोद्योगिकी और प्रबन्धन के क्षेत्र में अभिनव शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रदान करने के उद्देश्य में फोरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना सम्बन्धी शासन के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में उक्त कार्रवाई चल रही है । इसके निर्माण से आपराधिक मामलों की जांच, प्रबन्धन एवं संचालन में आवश्यक प्रोद्योगिकियों में विशेषज्ञता उत्पन्न होगी तथा प्रोद्योगिकीय सम्बन्धी कार्यों में दक्ष जनशक्ति भी प्राप्त हो सकेगी। जिससे विवेचना की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को लोक भवन में इस संबंध में अब तक हुई कार्रवाई की गहन समीक्षा हुई। समीक्षा में जानकारी दी गयी कि लखनऊ जनपद की तहसील सरोजनीनगर के ग्राम पीपरसण्ड में खुलने वाले इस फोरेंसिक साईस विश्वविद्यालय के लिए कुलपति, कुल सचिव एवं वित्त अधिकारी के पदों का सृजन कर दिया गया है। साथ ही शासन द्वारा विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों के लिए 20 करोड़ उपाय की धनराशि भी मंजूर की जा चुकी है। बैठक में जानकारी दी गई कि अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं संदीप सालुंके को इस विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है तथा अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक स्टेयरिंग कमेटी का भी गठन किया जा चुका है । इस स्टेयरिंग कमेटी के लिए दो फोरेंसिक विशेषज्ञ क्रमश: डा.एके बापुली चीफ फोरेंसिक साइंटिस्ट, डीएसएफ रॉची, झारखण्ड एवं डा. दीपा वर्मा निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला को नामित किया गया है। अवस्थी ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए डा. एपीजे अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से भी सहयोग एंव सहकार्य के लिए एमओयू किए जाने की कार्यवाही प्रचलित है ।

## आपदा में मरने वालों को चार-चार लाख की मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकर नगर, गाजीपुर, मऊ, प्रतापगढ़ तथा सुलतानपुर में आपदा से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को यह निर्देश भी दिए हैं कि वे अपने जनपद में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन करते हुए शासन को अविलम्ब आख्या उपलब्ध कराएं। ज्ञातव्य है कि अम्बेडकर नगर में आकाशीय बिजली से 1, गाजीपुर में सर्पदंश से 1, दीवार गिरने से 2, मऊ में आकाशीय बिजली से 1, प्रतापगढ़ में दीवार गिरने से 1 तथा सुल्तानपुर में दीवार गिरने से 1 मौत हुई है।

**रालोद ने जताई चिंता: लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिवेदी ने वैश्विक महामारी कोरोना के कारण प्रदेश में चरमराती हुई शिक्षा व्यवस्था के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि अनलॉक के प्रथम चरण से लेकर अब तक लगभग सभी स्थलों को खोल दिया गया है लेकिन इन सभी स्थानों पर सामाजिक दूरी का सर्वथा अभाव देखने को मिल रहा है। क्योंकि इस प्रकार के निरीक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

## कृषि सुधार विधेयकों को लेकर विपक्ष फैला रहा भ्रम: स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचा सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि सुधार विधेयकों को किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कृषि सुधार विधेयकों को लेकर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही देश के किसानों को कानून के नाम पर जकड़े रखा। कांग्रेस ने आज तक तो किसानों के हित में कोई फैसला लिया नहीं और आज जब कृषि सुधार पर फैसले लिए जा रहे है तो किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि सरकार चाहती है कि किसान अपनी भूमि को पूंजीपतियों को बेच दे जबकि तथ्य यह है कि किसानों को इन विधेयकों में पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है किसानों की भूमि की बिक्री या गिरवी रखना पूर्णत: निषिद्ध है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को सशक्त करने के लिए आज तक कुछ भी नहीं किया। 55 साल में एक बार कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ करने की योजना बनाई और उसमे भी बड़ा घोटाला किया। कांग्रेस के पास कृषि व्यवस्था में कोई भी सुधार करने की न तो नीयत थी न ही कोई इच्छाशक्ति।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह विधेयक 70 वर्षो से हमारे अन्नदाताओं के होने वाले शोषण को समाप्त कर एक नई व सुगम व्यवस्था को स्थापित करेंगे। पूर्व में किसानों को अपनी फसलों का भुगतान लेने में अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वहीं हाल ही में पारित हुए विधेयक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक व्यापारी को उसी दिन या अधिकतम तीन कार्य दिवसों के भीतर ही किसान की फसल का भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक एक ऐसा विवाद निवारण तंत्र उपलब्ध कराएंगे जहा किसी भी विवाद व समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में किसान तुरंत अपने स्थानीय एसडीएम के पास जा कर अपनी समस्याओं का निवारण करा सकेगा। बकाया राशि होने की स्थिति में किसानों की जमीन पर किसी भी तरह की कार्यवाही करने का अधिकार यह विधेयक नहीं देता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस द्वारा किये जा रहे विरोध पर पलटवार करते हुए कि आश्चर्य की बात तो यह है कि 2013 में खुद राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी के शासन वाले 12 राज्य फल और सब्जियों को एपीएमसी एक्ट से बाहर करेंगे। अब कांग्रेस पार्टी ही इस एक्ट में बदलाव का विरोध कर रही है। यहां तक कि यदि हम कांग्रेस का वर्ष 2019 का घोषणा पत्र पढेंगे तो उसमे उन्होंने स्पष्ट रूप से 11 वें बिंदु में एपीएमसी को हटाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम से किसानों को एपीएमसी की जकड़ से आजाद करेगा।

### दीन दयाल की जयंती बूथ स्तर पर मनाएगी भाजपा

**लखनऊ।** बीजेपी शुक्रवार 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को बूथ स्तर पर मनाएगी। पार्टी ने दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती से गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को विभिन्न प्रकार के संवाद के कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगी। दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर 26 से 27 व 28 सितम्बर को जिला स्तर पर वर्चुअल वेबिनार का आयोजन किया जाएगा जबकि 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आत्मनिर्भर भारत के पैकेज के अर्न्तगत विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित अलग-अलग श्रेणी के प्रदेश स्तरीय 8 वेबिनार आयोजित किये जाएंगे। दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती के दिन भी पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि देंगे।

## फर्रुखाबाद हादसे में घायलों के उपचार के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रुखाबाद में बोरवेल के सफाई कार्य में हुई दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस हादसे में घायल मजदूरों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं।

## किसानों को विश्वास में लेकर केंद्र काम करता तो बेहतर होता: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसानों** से जुड़े तीन अहम अध्यादेश भले ही संसद के दोनों सदनों से पास हो गए लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ जहां बिल के खिलाफ राजनीतिक दल बयानबाजी कर रहे हैं। वही बिल से जुड़े आशंकाओं को लेकर किसान भी आंदोलित है। इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि केंद्र किसानों को विश्वास में लेकर काम करता तो बेहतर होता। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि जैसाकि विदित है कि बीएसपी ने यूपी में अपनी सरकार के दौरान कृषि से जुड़े अनेकों मामलों में किसानों की कई पंचायतें बुलाकर उनसे समुचित विचार विमर्श करने के बाद ही उनके हितों में फैसले लिए थे। यदि केन्द्र सरकार भी किसानों को विश्वास में लेकर ही निर्णय लेती तो यह बेहतर होता।

**सूचना**

सूचनार्थ है कि मेसर्स शक्ति डेवलेपर्स की संशोधित पार्टनरशिप डीड दिनांक 20.02.2020 के अनुसार फर्म में निम्नलिखित साझीदार है।

1. तिरुबाला डेवलेपर्स प्रा. लि., सी-7 साइट-1, पनकी, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कानपुर
2. बिन्दन पैक्स प्रा. लि., 74/114, धनकुटटी, कानपुर
3. श्री सोम प्रकाश गोयनका पुत्र श्री बसन्त लाल गोयनका निवासी - 7/31, बसन्त शोभा, तिलक नगर, कानपुर
4. श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम चन्द्र गुप्ता निवासी - 3/94, विष्णुपुरी, कानपुर
5. श्री निखिल गोयल पुत्र श्री अरुण कुमार गोयल निवासी - 14/73 (1), सिविल लाइन्स, कानपुर
6. श्री नितिन गोयल पुत्र श्री अरुण कुमार गोयल निवासी - 14/73 (1), सिविल लाइन्स, कानपुर
7. श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री मेवालाल गुप्ता निवासी - 14/73 (9) सिविल लाइन्स, कानपुर
8. श्री कुशल गुप्ता पुत्र कन्हैया लाल गुप्ता निवासी - 7/185-बी, स्वरुप नगर, कानपुर
9. श्री अमल गुप्ता पुत्र श्री विनोद कुमार गुप्ता निवासी - 14/73-1/2, सिविल लाइन्स, कानपुर
10. श्रीमती रीता अग्रवाल पत्नी श्री विनोद कुमार अग्रवाल निवासी - 24/165-ए, बिरहाना रोड, कानपुर

**निखिल गोयल**
साझीदार - शक्ति डेवलपर्स
सी-7, पनकी इन्स्ट्रीयल एरिया, साइट-1, कानपुर

## सात जेल अधीक्षकों के तबादले

**लखनऊ (पीएनएस)।** प्रदेश की योगी सरकार ने बृहस्पतिवार को सात जेल अधीक्षकों के तबादले कर दिए। आदर्श कारागार लखनऊ के वरिष्ठ अधीक्षक आरएन पाण्डेय को केन्द्रीय कारागार बरेली का वरिष्ठ अधीक्षक बनाया गया। एसपी त्रिपाठी को जिला जेल चित्रकूट में ही कारापाल से कारागार अधीक्षक के रूप में प्रमोट किया गया। अशोक सागर को केंद्रीय कारागार बरेली से जिला कारागार कासगंज में कारागार अधीक्षक बनाया गया। हर्षिता मिश्रा को जिला कारागार बरेली से जिला कारागार अम्बेडकरनगर का अधीक्षक बनाया गया। एसके पाण्डेय को जिला कारागार रामपुर से जिला कारागार जौनपुर का अधीक्षक बनाया गया। डा. विनय दुबे को जिला कारागार बलिया से जिला कारागार बदायूं का अधीक्षक बनाया गया। लाल रत्नाकर सिंह को जिला कारागार हरदोई से जिला कारागार बिजनौर के पद पर भेजा गया।

## जेपी कन्वेंशन सेन्टर बेचने का प्रस्ताव बनाने वाले हिमालय भी बेच सकते हैं: रामगोविन्द

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा है कि जो लोग जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर को भी बेचने का प्रस्ताव बना सकते हैं, वह मौका मिला तो हिमालय की भी प्लाटिंग करके बेच सकते हैं। देश और प्रदेश के लोगों को ऐसे लोगों और सबकुछ बेच देने पर आमादा उनकी टीम से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को पता है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके समर्थक इस तरह के देश विरोधी कुकृत्य का हर स्तर पर विरोध करेंगे, इसलिए उनकी आवाज को दबाने के लिए नव गठित फोर्स को वह सब अधिकार दिये गए हैं, जो हिटलर की सीक्रेट पुलिस को हासिल था।

बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य का हालचाल लेने आए समाजवादी साथियों से नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमन्त्री कार्यकाल में जेपी की स्मृति में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जो अद्भुत है। इस सरकार ने इसमें खुद तो कुछ किया नहीं, अब इसे बेचने की साजिश भी रच रही है जो किसी कीमत पर क्षम्य नहीं है। चौधरी ने कहा है कि जेपी कन्वेंशन सेंटर राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। इसकी रक्षा के लिए इस राष्ट्र के सभी दलों के लोगों को आगे आना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के उन लोगों को भी आगे आना चाहिए जिनकी आस्था लोकतन्त्र और जेपी में है।

## भाजपा सरकार ने आसान कर दिया अत्याचार करना: प्रियंका

**लखनऊ।** केंद्र की मोदी सरकार के श्रम सुधार से जुड़े तीन विधेयकों को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि भाजपा सरकार ने अत्याचार करना आसान कर दिया है। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि इस कठिन समय की मांग है कि किसी की नौकरी न जाए। सबकी आजीविका सुरक्षित रहे। भाजपा सरकार की प्राथमिकता देखिए, भाजपा सरकार अब ऐसा कानून लाई है जिसमें कर्मचारियों को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। वाह री सरकार आसान कर दिया अत्याचार। प्रियंका ने इसके साथ ही किसान बिल को लेकर भी एक बार फिर सरकार पर हमला बोला। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा कि भाजपा के कृषि बिल के पहले एमएसपी , किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और बिल पास हो जाने के बाद एमएसपी, पूंजीपतियों के लिए मैक्सिमम सपोर्ट इन प्रॉफिट। आखिरकार किसान कहां जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

भारतीय मानव विकास समिति का एस.टी.डी.आर. दस्तावेज खाता सं0-30027152756 एस.बी.आई. शाखा निशातगंज, लखनऊ कहीं खो गया है। जिस किसी को प्राप्त हो कृपया सम्पर्क करें - 7897105050

**सूचना**

मैंने अपना नाम साजिद कहुसैन खान से बदलकर साजिद हुसैन खान पुत्र साबित हुसैन खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायें। दुफेलिया मैना इटवा सिद्धार्थनगर

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4203261F रैंक L/Nk अरुण कुमार, यूनिट 15, कुमाऊँ (इंदौर) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी Smt. Purnima Devi त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Smt. Poornima Devi व जन्मतिथि 13.07.1989 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 JC 541423-L सूबेदार सुरींदर कुमार पुत्र श्री बिहारी सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ (इंदौर) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र (कपिल) की जन्मतिथि त्रुटिवश 17.07.2000 दर्ज हो गयी है, जबकि उसका वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1999 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

# नए कृषि कानून के खिलाफ आज से पूरे प्रदेश में जन अभियान चलाएगी कांग्रेस

● कारपोरेट खेती को बढ़ावा व पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लाया गया है नया कानून: लल्लू

● 28 सितम्बर को कांग्रेसजन किसानों के साथ विधानसभा का करेंगे घेराव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है देश के संसद में बगैर बहस कराए बिना मत विभाजन को स्वीकार किए तानाशाहीपूर्ण तरीके से किसान विरोधी पारित किए गए तीन कृषि कानून किसानों के हितों के खिलाफ सबसे बड़ा विश्वासघात है।

लल्लू बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने तीनों नए कानूनों को काला कानून बताते हुए इनके खिलाफ 25 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में व्यापक जनान्दोलन चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में इस काले कानून के खिलाफ प्रेसवार्ता की जा रही है। कल 25 सितम्बर को सोशल मीडिया के माध्यम से खेती किसानी पर हुए इस हमले के खिलाफ कैम्पेन चलाया जाएगा। 28 सितम्बर को कांग्रेसजन आम जनता व किसानों के साथ प्रदेश की विधानसभा का घेराव करेंगे। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती पर इस काले कानून के खिलाफ ब्लाक मुख्यालयों पर सत्याग्रह करेगी। इसके उपरान्त 31 अक्टूबर तक लगातार कांग्रेस जनों द्वारा इस मुद्दे को लेकर केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा बनाए गए किसान विरोधी कानून के खिलाफ आम जनता के बीच जाकर जनजागरण अभियान चलाकर भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को जनता के बीच बेनकाब किया जायेगा। लल्लू ने कहा कि नए कानून में कृषि उत्पाद का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का जिक्र न होना इस बात की तरफ इशारा करता है कि सरकार ने कृषि व्यवस्था को पूरी तरह से कारपोरेट और पूंजीपतियों के हवाले कर दिया है।

## सपा आज पूरे प्रदेश में जताएगी विरोध, सौंपेगी ज्ञापन

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 25 सितम्बर को समाजवादी पार्टी सभी जनपदों में शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए किसानों एवं श्रमिकों के हितों पर आघात पहुंचाने वाले कृषि एवं श्रम कानूनों के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपेगी। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी करने वाला जो कृषि विधेयक भारत सरकार लाई है उससे किसान अपनी जमीन का मालिक न रहकर मजदूर हो जाएगा। कृषि उत्पादन मण्डी की समाप्ति और विधेयक में न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना सुनिश्चित न होने से किसान अब औनेपौने दामों पर अपनी फसल बेचने को मजबूर होगा। गेहूं, धान की फसल को आवश्यक वस्तु अधिनियम से हटाये जाने से किसान को व्यापारिक घरानों की शर्तों पर अपनी फसल बेचना मजबूरी होगी।

**ARYAVART BANK** आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

**कब्ज़ा नोटिस नियम-8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आर्यावर्त बैंक** अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की धारा 13(12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित खातों में उनके नाम के समूख लिखित तिथियों को मांग सूचना पत्र जारी किये थे जिनके द्वारा ऋणियों/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी से नोटिस मे लिखित राशियां ब्याज़ सहित उक्त नोटिस के 60 दिनों के अन्दर जमा करने हेतु कहा गया था। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी ने राशि का भुगतान नही किया। अतः ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से एवं आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्तियों, जिनका विवरण निचे दिया गया है, का कब्जा उक्त एक्ट की धारा 13(4) की सहपठित रूल 8 के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों का अग्रलिखित तिथियों को कब्ज़ा प्राप्त कर लिया है। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से तथा जनता को आम रूप से चेतावनी दी जाती है कि उक्त सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार/खरीद फरोख्त न करें। सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार/खरीद फरोख्त **आर्यावर्त बैंक** के प्रभार के तहत बकाया राशि ब्याज़ सहित एवं अन्य व्यय आदि की अदायगी के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**जिन सम्पत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है उनका विवरण निम्नुसार हैं:-**

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्ज़े की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणी-: श्री राजेश सिंह पुत्र श्री हरि नाम सिंह** निवासी भवन खेड़ा, H/o अंसारी, पोस्ट- हैदरगढ़, बाराबंकी -225124 जिला- बाराबंकी। **ज़मानतकर्ता -1) श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र राम नरेश सिंह**, ग्राम- कृसिया, पोस्ट-हैदरगढ़, बाराबंकी -227301 **2) श्री हरिनाम सिंह पुत्र राम चरण सिंह**, ग्राम-भवन खेड़ा, अंसुन, पोस्ट-हैदरगढ़, बाराबंकी -227301 **शाखा-चौबीसी** | आवासीय सम्पत्ति-प्लॉट नं. 1141एम, ग्राम-अंसारी, हैदरगढ़, जिला-बाराबंकी, सेल डीड के अनुसार दिनांक-15.06.2010, **श्री राजेश सिंह पुत्र श्री हरि नाम सिंह** के नाम पर **चौहद्दी:-पूर्वः** विजय कुमार का प्लॉट, **पश्चिमः** खेत हरिकेश, **उत्तरः** रोड लखनऊ से सुलतानपुर, **दक्षिणः** खेत हरिकेश **क्षेत्रफल-125.46 वर्ग मी.,** | रु. 4,59,288.00 +ब्याज़ एवं अन्य खर्चे / 14.07.2017 / 21.09.2020 |
| **ऋणी-:मेसर्स प्रभात ट्रेडर्स, प्रो. श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र रामद्वार सिंह** निवासी 26, नंदी विहार कॉलोनी सराय शेख, चिनहट, लखनऊ -226028, जिला- लखनऊ **ज़मानतकर्ता -1) श्री अंजनी कुमार मिश्रा पुत्र बी.एन. मिश्रा,** 55, नंदी विहार कॉलोनी, सराय शेख, चिनहट, लखनऊ -226028 **2) श्री दिलीप कुमार पुत्र मुल्ला,** सराय शेख, चिनहट, लखनऊ -226028 **शाखा-चिनहट** | आवासीय सम्पत्ति- प्लॉट नं. 26 मिंज. खसरा सं. 359, ग्राम/मोहल्ला सराय शेख, परगना तहसील व जिला लखनऊ, सेल डीड के अनुसार दिनांक-03.02.2010, **श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र रामद्वार सिंह** के नाम पर **चौहद्दी:-पूर्वः** प्लॉट नं. 18, **पश्चिमः** रोड 20 फीट चौड़ी, **उत्तरः** प्लॉट नं. 25, **दक्षिणः** प्लॉट नं. 27 **क्षेत्रफल-116.17 वर्ग मी.,** | रु. 3,09,311.80 +ब्याज़ एवं अन्य खर्चे / 08.08.2019 / 22.09.2020 |
| **ऋणी:- मेसर्स बालाजी इंटरप्राइज, प्रो. श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी नीरज कुमार@नीरज गुप्ता** निवासी बंथरा बाजार, ग्राम-हमीरपुर, कानपुर रोड, लखनऊ -226401 **जमानतकर्ता/बंधककर्ता:- श्री नीरज कुमार@नीरज गुप्ता पुत्र पुत्ती लाल** निवासी बंथरा बाजार, ग्राम-हमीरपुर, कानपुर रोड, लखनऊ -226401 **जमानतकर्ता:-श्री गुलाब चंद्र जायसवाल पुत्र स्व. रामेश्वर प्रसाद,** 268/569 केए मालवीय नगर, ऐशबाग, लखनऊ-22,004 **शाखा-रकाबगंज** | आवासीय सम्पत्ति खसरा नं. 456 मिन. पर के प्लॉट की हिस्से पर बनी मकान बाउंड्री वॉल के साथ, स्थित ग्राम बंथरा सिकन्दरपुर, परगना बिजनौरा, तहसील सरोजनी नगर, जिल-लखनऊ, सेल डीड के अनुसार दिनांक-02.01.2018, **श्री नीरज कुमार@नीरज गुप्ता पुत्र पुत्ती लाल** के नाम पर **चौहद्दी:- पूर्वः** खसरा सं. 456 की शेष भाग राकेश कुमार व पुत्ती लाल, **पश्चिमः** भूमि खसरा सं. 442 राजेश सिंह व अन्य, **उत्तरः** भूमि खसरा सं. 442 राजेश सिंह व अन्य, **दक्षिणः** रास्ता उसके बाद खसरा सं. 456 की शेष भाग राकेश कुमार व पुत्ती लाल **क्षेत्रफल-568 वर्ग मी.** | रु. 26,64,073.12 +ब्याज़ एवं अन्य खर्चे / 13.01.2020 / 24.09.2020 |
| **ऋणी:-श्रीमती पिंकी तिवारी पत्नी श्री राकेश कुमार तिवारी** निवासी फाटे खेरा ककहा लखनऊ-227305, जिला- लखनऊ **शाखा-मऊ (मोहनलालगंज)** | आवासीय सम्पत्ति-गाटा नं. 246, ग्राम ककहा, परगना निगोहन, तहसील-मोहनलालगंज, सेल डीड के अनुसार दिनांक-19.01.2016, **श्रीमती पिंकी तिवारी पत्नी श्री राकेश कुमार तिवारी** के नाम पर **चौहद्दी:- पूर्वः** लखनऊ रायबरेली हाइवे, **पश्चिमः** भाटा नं. 193,194,195 भूमि ग्राम समाज, **उत्तरः** गाटा नं. 246 का शेष पोर्सन (नीलिमा पाल), **दक्षिणः** गाटा नं. 246 का शेष पोर्सन (राम सिंह) **क्षेत्रफल- .066 हेक्टे.** | रु. 20,85,475.60 +ब्याज़ एवं अन्य खर्चे / 13.01.2020 / 24.09.2020 |

दिनांकः 25.09.2020 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# महिला अपराध में तुरंत दर्ज की जाएगी एफआईआर, गिरफ्तारी

## डीजीपी ने और अधिक प्रभावी कार्रवाई के अफसरों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने महिलाओं व बच्चियों संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए और अधिक प्रभावी कार्रवाई किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि इस तरह के अपराधों में तुरंत एफआईआर दर्ज कर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाए और गुणवत्ता परक विवेचनात्मक कार्रवाई समय से पूर्ण कराई जाए।जनपदों में महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए गठित एन्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा अनवरत अभियान चलाया जाए। विशेष रूप से महिला पुलिस कर्मियों को इस स्क्वायड में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु लगाया जाए। संवेदनशील स्थानों ,हाटस्पाट पर महिला पुलिस कर्मियों के साथ निरन्तर गस्त की जाए। सार्वजनिक स्थानों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सादे वस्त्र में महिला, पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा चेकिंग की जाए तथा अवांछनीय एवं आपत्तिजनक गतिविधियां करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए।सार्वजनिक स्थानों स्कूल, कालेज, मॉल, वित्तीय संस्थानों के प्रबन्धकों से वार्ता कर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की व्यवस्था की जाए। थाना प्रभारी द्वारा अपने टीम के साथ समय व स्थान बदल बदल कर पैदल गश्त करें तथा महिला पुलिस कर्मियों के माध्यम से ऐसे स्थानों पर आने जाने वाली महिलाओं, बच्चियों से वार्ता करना सुनिश्चित करें। महिला विद्यालयों में शिकायत पेटिका लगाया जाना सुनिश्चित करें।

बालिका विद्यालय, कालेजों के प्रधानाचार्यो व अध्यापकों के साथ समय समय पर गोष्ठीकर उनसे नियमित संवाद स्थापित करें। यदि किसी प्रकार के अवॉछनीय तत्वों के बारे में सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल वैधानिक कार्रवाई कराना सुनिश्चित करें ।स्कूल-कालेजों, कोचिंग संस्थानों के खुलने व बंद होने के समय महिला पुलिस कर्मी सहित सादे वस्त्रों में पुलिस बल लगाना सुनिश्चित करें। इस कार्य हेतु जनपद में गठित एन्टी रोमियों स्क्वायड को सम्मलित किया जाए। शहर के बाहरी इलाकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी से दूर स्थित कम भीड़ भाड़ वालें स्थानों में स्थित महिला, बालिका विद्यालय, महाविद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों को जाने वाले मार्गो को चिन्हित कर नियमित गश्त एवं चेकिंग की व्यवस्था करायी जाए। यूपी.112 के पीआरवी वाहन की भी लोकेशन ऐसे मार्गो पर अवश्य रखा जाए।

## प्रदेश में अब तक एक हजार से ज्यादा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में महिलाओं व लड़कियों में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ किए जाने के उद्देश्य से गठित एण्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा की जा रही कार्रवाई में और अधिक तेजी लाई गयी है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं पर प्राथमिकता से पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रदेश के हर जिले में एण्टी रोमियो स्क्वायड सक्रिय है । अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने लोक भवन में गृह एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इस दिशा में हुई कार्रवाई की गहन समीक्षा की। प्रदेश में प्रयागराज ,आगरा, बरेली ,कानपुर ,लखनऊ , मेरठ , वाराणसी व गोरखपुर मण्डल तथा पुलिस आयुक्त लखनऊ व गौतमबुद्धनगर द्वारा इस दिशा में किये गये प्रयासों की मण्डलवार समीक्षा करते हुए अवस्थी ने कहा कि इस दिशा में ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए जनमानस में पुलिस की बेहतर छवि का प्रदर्शन किया जाए ताकि महिलाओं व बालिकाओं में पुलिस के प्रति और अधिक भरोसा भी बढ़े। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रदेश भर में स्कूल, कालेजो , सार्वजनिक स्थलों जैसे मार्केट चौराहों , मॉल , पार्क , अन्य स्थान पर अब तक 35 लाख से अधिक स्थानों पर 83 लाख से अधिक व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेक किए गए 83 लाख से अधिक व्यक्तियों में से 7,351 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया तथा 11,564 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गयी । कुल चेक किए गए व्यक्तियों में से 35 लाख से अधिक व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया । अवस्थी ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह निर्देश दिए है कि महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जाए और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

### एंटी रोमियो स्क्वायड के कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश

## पूर्वोत्तर रेलवे तीन विशेष ट्रेन चलाएगा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए 3 विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों का संचालन पहले से चलायी जा रही विशेष एवं क्लोन ट्रेनों के अलावा किया जायेगा। इन ट्रेनों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। ट्रेन संख्या 05063गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष ट्रेन 28 सितम्बर से गोरखपुर से चलायी जायेगी और प्रत्येक सोमवार को गोरखपुर से 5.30 रवाना होगी। वहीं ट्रेन संख्या 05064 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन 29 सितम्बर से प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलायी जायेगी। यह प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से शाम 5.50 बजे रवाना होगी। इसके साथ ही 05065 गोरखपुर-पनवेल विशेष ट्रेन 29 सितम्बर से प्रत्येक मंगलवार, वृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं रविवार को चलायी जायेगी। यह गोरखपुर से 5.30 बजे संचालित होगी।

ट्रेन नंबर 05066 पनवेल-गोरखपुर विशेष ट्रेन 30 सितम्बर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को चलायी जायेगी। यह शाम 5.50 बजे संचालित होगी। वहीं 05067 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनल साप्ताहिक विशेष ट्रेन 30 सितम्बर से प्रत्येक बुधवार को गोरखपुर से चलायी जायेगी। वहीं दूसरी ओर ट्रेन नंबर 05068 बान्द्रा टर्मिनल-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन 2 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को बान्द्रा टर्मिनल से रात 12.20 पर किया जाएगा।

# दिसम्बर में यूपी टीईटी कराए जाने की तैयारी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल के चलते यूपी टीईटी में हो रही देरी को देखते हुए परीक्षा नियामक प्राधिकारी इसे दिसम्बर में कराने को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहे हैं। प्रस्ताव पर अनुमोदन मिलने के बाद यूपी टेट की तिथि घोषित की जाएगी। जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद का निर्देश है कि इस परीक्षा को साल में दो बार आयोजित कराया जा सकता है। इस बार प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक बनने की अर्हता परीक्षा यानी यूपी टीईटी 2020 दिसंबर में कराने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय शिक्षा बोर्ड यह परीक्षा दो बार कराता है, वहीं यूपी में टीईटी वर्ष में एक बार होती रही है। पिछले साल की परीक्षा जनवरी 2020 को कराई गई थी। इस बार कोरोना संक्रमण के कारण प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के लिए यह परीक्षा नहीं हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में शासन को प्रस्ताव भेजा गया थाए मगर शासन की तरफ से जारी निर्देश में यूपी टेट का जिक्र नही था। इसलिए दोबारा प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

**पॉलिटेक्निक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा आज से**

**:लखनऊ।** प्रदेश भर में पॉलिटेक्निक संस्थाओं के अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं शुक्रवार से होंगी। परीक्षाओं को लेकर 185 केंद्रों बनाये गए हैं। जहाँ पर दो पालियों में परीक्षाएं सम्पन्न होगी। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव आर के सिंह ने बताया कि अंतिम वर्ष की परीक्षा में लगभग 70000 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इसके लिए प्रदेश भर में 185 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 63 परीक्षा केंद्र निजी पॉलिटेक्निक में हैं। उन्होंने बताया मुख्य परीक्षाओं के बाद बैक पेपर और विशेष बैक पेपर परीक्षाएं 12 अक्टूबर तक होंगी। पहली पाली सुबह 9 से 11.30 और दूसरी पाली 2 से 4.30 तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया की पहली बार डिजिटल प्रश्नपत्र पॉलिटेक्निक संस्थाओं को भेजे जाएंगे। संस्थाएं परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले दिए गए कोड द्वारा प्रश्न पत्र खोल सकेंगी और उसे प्रिंट कर विद्यार्थियों को वितरित करेंगी।

## नेट परीक्षा को लेकर पीजी कार्यक्रम में संशोधन

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरफ से प्रस्तावित नेट परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने पीजी परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षाओं के केंद्र और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नई तारीखों के तहत अब 30 सितंबर को एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स की होने वाली परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी। इसी दिन होने वाली एमए इकोनॉमिक्स की परीक्षा अब 6 अक्टूबर को होगी। 29 सितंबर को होने वाली एमपीएड की परीक्षा अब 3 अक्टूबर को होगी। वहीं एक अक्टूबर को होने वाली एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन की परीक्षा अब तीन अक्टूबर को होगी।

# लोकसेवा आयोग से चयनित शिक्षकों की अब ऑनलाइन नियुक्ति होगी व तबादले भी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकसेवा** आयोग प्रयागराज की तरफ से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए नियुक्त शिक्षकों की ऑनलाइन नियुक्ति पत्र पदस्थापन की जाएगी। यह काम एनआईसी की तरफ से विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा। इसमें अभ्यर्थी घर बैठे वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकता है तथा वेबसाइट में दर्शाये गये रिक्त पदों से अपने पसंद के विद्यालय का चयन कर सकता है। गुरुवार को यह जानकारी उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने दी है।उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वेबसाइट की शुरुआत शुक्रवार से होगी। वेबसाइट पर अभ्यर्थी दिशा निर्देशों आवेदन की विधि एवं रिक्तियों का विवरण देख सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा वरीयता क्रम में स्थित विद्यालयों के विकल्प का आवेदन 28 सितंबर से 8 अक्टूबर के मध्य देना होगा। जिसके बाद 12 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों द्वारा वरीयता क्रम का लाभ प्राप्त करने हेतु अपलोड किए गए प्रमाण पत्रों का सत्यापन करते हुए 16 अक्टूबर को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र, पदस्थापन आदेश निर्गत किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा तैयार किये गये मानक के अनुरूप अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम में आने पर पात्रता श्रेणी में नियुक्ति पत्र निर्गत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपना नियुक्ति पत्र भी वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकता है। प्रत्येक चरण में उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर तथा ई मेल आईडी पर संदेश भेजने की व्यवस्था की गई है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि लोक सेवा आयोग से चयनित सूची के अनुसार दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन में वरीयता दी जाएगी। इसी प्रकार वह चयनित विवाहित महिला जिनका बच्चा ऑटिस्टिक है अथवा 40 प्रतिशत दिव्यांगता है उनको वरीयता दी जायेगी। जिनके पति-पत्नी भारतीय सेना-वायु सेना-नौसेना अथवा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत हैं उनको भी वरीयता दी जायेगी। इसके पश्चात् वे चयनित विधवा-विधुर जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है तथा एकल अभिभावक हैं तथा जिनके ऊपर बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी है उनको भी वरीयता दी जायेगी। इसके अतिरिक्त जिनके पति-पत्नी बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के अन्तर्गत आने वाले राजकीय अथवा सहायता प्राप्त विद्यालयों, परिषदीय विद्यालयों, राज्य-केन्द्रीय विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों एवं राजकीय, अर्द्धशासकीय सेवा में कार्यरत हैं इनको भी पदस्थापन में वरीयता प्रदान की जाएगी।

### दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को दी जायेगी वरीयता

## सहायक अध्यापकों के 31661 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

**लखनऊ।** 69000 पदों पर सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के तहत अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार ने 31661 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश महानिदेशक, स्कूली शिक्षा सहित निदेशक को दिया है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए जारी होने वाले आदेश सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन विशेष अनुज्ञा याचिकाओं में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होंगी।अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार की ओर से जारी इस आदेश में कहा गया है कि शासन ने सुप्रीम कोर्ट के 21 मई 2020 व नौ जून 2020 के आदेश के अनुपालन में सहायक अध्यापकों 69 हजार रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षामित्रों के लिए 37339 पदों को छोड़ते हुए शेष 36661 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूर्व घोषित परिणाम के आधार पर पूर्ण करने का निर्णय लिया है। जारी शासनादेश में कहा गया है कि 69 हजार रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी और अभ्यर्थियों को जिलों में उपलब्ध रिक्त पदों के अनुसार आरक्षण नियमों का पालन करते हुए जिले आवंटित किए जा चुके हैं। इस कारण अभ्यर्थियों को पूर्व में आवंटित जिले व आरक्षण को यथावत रखते हुए 36661 पदों में से समानुपातिक रूप से जिलों को पद आवंटित करते हुए आवंटित पद के सापेक्ष मेरिट के ऊपर से उतने ही अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाए। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं सचिव बेसिक शिक्षा से कहा है कि वे हाईकोर्ट इलाहाबाद और लखनऊ खंडपीठ में तत्काल कैविएट दाखिल करें।

## फर्जीवाड़ा रोकने को पंद्रह साल पुराने आटो सरेंडर करने की प्रक्रिया में बदलाव

**लखनऊ।** 15 साल की उम्र पूरी कर चुके थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा को अब बाहर कबाड़ी के बजाए आरटीओ परिसर में ही कबाड़ घोषित किया जाएगा। अभी तक जिन ऑटो की उम्र पूरे होते थे, उनके गाड़ी मालिक बाहर से कबाड़ी के हाथों ऑटो की चेचिस नंबर काटकर जमा करके रजिस्ट्रेशन रद्द कराते थे। फिर फर्जीवाड़ा करने वाले उसी ऑटो का फर्जी कागजात बनवाकर चलाते थे।बीते दिनों पकड़े गए फर्जी कागजात पर ऑटो ट्रांसफर मामले में इस बात का खुलासा होने पर परिवहन विभाग ने ऑटो सरेंडर करने की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। जिसमें अब आरटीओ कार्यालय के परिसर में यातायात पथ निरीक्षक के सामने ऑटो को काटकर कबाड़ घोषित करने का वीडियो बनाकर रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने फर्जीवाड़े से बचने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया है। ताकि फर्जीवाड़े से बचा जा सके। राजधानी में संचालित 4343 ऑटो रिक्शा आरटीओ में पंजीकृत हैं।


## कमिश्नर प्रणाली लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**लखनऊ** व गौतम बुद्ध नगर की तर्ज पर दस लाख या इससे अधिक की आबादी वाले सूबे के दूसरे शहरों में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह मसला पूरी तरह राज्य सरकार के विवेक के आधीन है। इसमें कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकती ।जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील अभिषेक तिवारी की याचिका पर दिया है। याचिका में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 8 का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि दस लाख या इससे अधिक की जनसंख्या वाले शहरों को मेट्रोपॉलिटन शहर मानते हुए कमिश्नर सिस्टम लागू करने का प्रावधान है। इसके साथ ही ऐसे शहरों में धारा 16 व 17 के तहत मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट व अपर मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जानी चाहिए।

## खुद को चीफ जस्टिस बताकर 10 लाख की रकम मांगने वाले की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** मोबाइल पर खुद को हाईकोर्ट का चीफजस्टिस बताकर 10 लाख की रकम मांगने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम रंजन कुमार मिश्रा की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज हरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के इस अपराध को गंभीर करार दिया है। कहा है कि मुल्जिम पर एक संगठित गिरोह का सदस्य होने का इल्जाम है। जो फर्जी नाम पते से सिम हासिल कर मोबाइल के जरिए अपने अनुचित आर्थिक लाभ के लिए लोगो से पैसों की ठगी करता है। 22 जून, 2020 को इसे झारखंड के जमशेदपुर के थाना परसुडीह इलाके से गिरफ्तार किया गया था। सरकारी वकील जेपी सिंह के मुताबिक 16 अगस्त, 2019 को इसने खुद को इलाहाबाद हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बताकर लखनऊ में जेटीआरआई के अतिरिक्त निदेशक संतोष राय को उनके मोबाइल पर फोन किया था।



सीएम ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कानपुर मण्डल के विकास कार्यों की समीक्षा

# कानपुर में गंगा नदी पर बनेगा रिवर फ्रंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कानपुर मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये कानपुर नगर में गंगा जी पर रिवर फ्रण्ट का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि कानपुर में गंगा जी का काफी विस्तार है और नमामि गंगे परियोजना के तहत अच्छा कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे परियोजना के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं की व्यवहारिकता को देखते हुए, कार्य योजनाएं बनायी जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा शौचालयों का सत्यापन कराते हुए शत.प्रतिशत जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्यों में योजनाओं का नाम अंकित किया जाए। ग्राम सचिवालय व सामुदायिक शौचालय के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए भूमि चिन्हित हो। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से संवाद एवं समन्वय बनाते हुए परियोजनाओं को गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। हर स्तर पर बेहतर संवाद बनाते हुए समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाए गए प्रकरणों का समुचित निस्तारण स्थानीय स्तर पर किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्त कानपुर सहित शासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं की उपयोगिता के आधार पर निर्णय लेते हुए उन्हें समयबद्ध व चरणबद्ध ढंग से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जिससे सार्वजनिक धन का जनहित में बेहतर उपयोग किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए विकास कार्य निरन्तर संचालित रहें। उन्होंने कहा कि कोविड का खतरा बराबर बना हुआ है। कानपुर नगर में कोविड.19 का संक्रमण हर हाल में नियंत्रित किया जाए। प्रत्येक में एल-2 कोविड अस्पताल कार्यशील रहें। जनपदों में वेण्टीलेटर, हाई फ्लो नेजल कैन्युला उपलब्ध कराए गए हैं। एल-2 अस्पताल में हर बेड पर आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वेण्टीलेटर कार्यशील रहें। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद में कोविड एल-2 अस्पताल तथा कानपुर में एल-3 डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल बनाने के लिए तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीद का कार्य दिनांक 1 अक्टूबर से किया जाना है और धान क्रय केन्द्रों को संचालित किया जाना है। कोविड-19 प्रोटोकाल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए धान क्रय की सुगम व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम धनराशि न मिले।

उन्होंने स्मार्ट सिटी और अमृत योजना के कार्यों को प्रभावी व समयबद्ध ढंग से संचालित करते हुए पूर्ण किया जाए, जिससे इस योजना का लाभ जनता को प्राप्त हो सके। सड़कों को सभी सम्बन्धित विभाग त्योहारो के पूर्व, गड्ढामुक्त करें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आर्थिक पैकेज के तहत किए गए प्राविधानों के अनुसार स्ट्रीट वेण्डर्स को लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, गोदामों व कोल्ड स्टोरेज प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर का निर्माण कराया जाए।

# किसानों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रहा सहकारिता विभाग: मुकुट बिहारी

● यूपी को-आपरेटिव बैंक व जिला सहकारी बैंकों के मध्य वीडियों कांफ्रेसिंग सुविधा का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सहकारिता** मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा है कि सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश में प्रत्येक न्याय पंचायत से जुड़ा है। विभाग किसानों को कृषि कार्य के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का काम कर रहा है। किसानों को कृषि कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने का काम करते हुए सहकारिता विभाग किसानों के विकास में निरन्तर कार्य कर रहा है।

सहकारिता मंत्री बृहस्पतिवार को यूपी को-आपरेटिव बैंक लि. मुख्यालय में उत्तर प्रदेश को आपरेटिव बैंक एवं 50 जिला सहकारी बैंकों के मध्य वीडियों कान्फ्रेंसिंग सुविधा का शुभारम्भ करने के उपरान्त अपना संबोधन दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस वीडियों कांफ्रेंसिंग सुविधा के शुभारम्भ होने से सभी जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्षों व अन्य कार्मिकों तथा विभाग के जनपदों के अधिकारियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैंकों व विभागीय अधिकारियों से विभाग की प्रगति की जानकारी व समीक्षा की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा प्रारम्भ होने से अधिकारियों से सीधा संवाद किया जा सकेगा, जिससे अनेक व्यवहारिक समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण कराया जाना सम्भव होगा।

उप्र को-आपरेटिव बैंक के सभापति तेजबीर सिंह ने कहा कि उप्र को-आपरेटिव बैंक एवं 50 जिला सहकारी बैंकों के मध्य वीडियों कांफ्रेंसिंग सुविधा प्रारम्भ होने से जिला सहकारी बैंकों एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा आसानी से की जा सकेगी, जिससे बैंकों एवं विभागीय कार्यों में सुधार होगा।

अपर मुख्य सचिव सहकारिता एमवीएस रामीरेड्डी ने कहा कि सहकारिता विभाग ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों के लिए महत्वपूर्ण है। विभाग द्वारा किसानों को खाद, बीज एवं ऋण तथा कृषि कार्य हेतु विभिन्न सुविधायें प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि वीडियों कांफ्रेंसिंग सुविधा प्रारम्भ हो जाने से विभागीय एवं जिला सहकारी बैंकों की प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों का धान एवं गेहूं समयानुसार क्रय किया जाता है तथा क्रय किये गये गेहूं, धान का निर्धारित मूल्य का भुगतान समय से ही किया जाता है।

**चोरी के 13 मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार: लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने चोरी के 13 मोबाइल फोन के साथ एक शातिर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर वजीरगंज श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि उनकी टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल चोरी करने वाला शातिर बस अड्डा के काउंटर चार के पास खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख वह भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लि0, पो0 डी0एल0डब्लू0, वाराणसी। निविदा सूचना सं0–02-ET&CD, Vns/2020-21 पंजीकृत सेवाप्रदाता / टूर आपरेटर्स / ट्रैवेल एजेंसियों से विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उनके अपने लेटर पैड पर निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं0–02/2020–21, विभिन्न विद्युत उपकेन्द्रों के परीक्षण एवं परिचालन व कार्यालय आदि के कार्यो हेतु वि0परी0एवंपरि0ख0, वाराणसी के अधीन एक नग हल्का डीजल वाहन, चालक सहित मासिक किराये पर 09 माह के लिए। निविदा प्रपत्र बिक्री हेतु इस कार्यालय में 26.09.20 से 28.10.2020 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 12 बजे अपरान्ह तक रू0 200.00 + GST अतिरिक्त पर प्रतिप्रपत्र उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र, विभागीय खातें (SBI) में शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दो भागों में एक साथ प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम भागे में धरोहर धनराशि रू0 2000.00 (रूपये दो हजार) एवं निविदा शुल्क 224 (दो सौ चौबिस) मात्र जी0एस0टी0 सहित अलग–अलग 'Executive Engineer, Electricity Test & Commissioning Division] Varanasi A/C No. 10852134156] Brach - SBI, DLW Varanasi, IFSCODE&SBIN0001868' के पक्ष में केवल RTGS / NEFT के रूप में देय होगा, एवं GST Declaration Certificate, फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, पैन कार्ड व नियम एवं शर्ते होगी। दूसरे भाग में दरों का उल्लेख होगा। दोनों भागों के ऊपर निविदा संख्या, दिनांक एवं खोले जाने की तिथि व समय का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। निविदा खोलने की प्रक्रिया में प्रथम भाग पहले खोला जायेगा। इसे सही पाये जाने पर ही दूसरा भाग खोला जायेगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 28.10.2020 को 14.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15.00 बजे उन्हीं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी जो उपस्थित रहना चाहें। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस मे खोली जायेगी। सफल निविदादाता को उपरोक्त कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी के साथ एक अनुबन्ध करना होगा, अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदायें निरस्त कर देने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य नियम एवं शर्ते निविदा फॉर्म में उपलब्ध हैं, जो कि निविदादाता पर लागू होगी। **अधिशासी अभियन्ता विद्यत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, उ.प्र.पा.का.लि., हाईडिल कालोनी, पो0–डी0एल0डब्लू0 भिखारीपुर वाराणसी,** संख्या–400, दिनांक–24.09.2020, **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

# अफीम की अवैध बिक्री में लिप्त लोगों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई

● अपर मुख्य सचिव गृह ने सभी कमिश्नर, डीएम व एसपी को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अवैध मादक पदार्थों का सेवन करने तथा उसके कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की गहन जांच पड़ताल कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में की जाने वाली अफीम की खेती किसी भी प्रकार से अवैध बाजारों में बेचने का स्रोत न बनने पाए और न ही नशेड़ियों आदि को इसे बेचा जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रदेश के सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-15 से 31ए एवं गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत मादक पदार्थों (अफीम) की अवैध बिक्री के कार्यों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सख्ती से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने की गयी कार्रवाई से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि नारकोटिक्स से सम्बन्धित विभागों के साथ अतिशीघ्र बैठक भी आयोजित की जाए।


उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के राजस्व विभाग द्वारा एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अन्तर्गत अफीम की खेती के लिये लाइसेन्स प्रदान करने हेतु सामान्य शर्तें अधिसूचित की जाती है तथा केन्द्रीय स्वापक ब्यूरो द्वारा इस प्रकार की लाइसेन्स की शर्तों के नियमों के अन्तर्गत अफीम की खेती करने वालों को लाइसेन्स जारी किये जाते है। इन लाइसेन्सों को जारी करने की एक अनिवार्यता यह है कि अफीम की खेती करने वाले उत्पादकों को उनके द्वारा पैदा की गई पूरी अफीम सरकार को टैण्डर करनी होती है। परन्तु कुछ अफीम उत्पादक ऐसा करने के बजाए उनके द्वारा पैदा की गई अफीम की कुछ मात्रा दूसरे एवं अवैध कार्यों में लगाते है। इसका कारण है कि काले बाजार में अवैध अफीम के लिए बड़ी धनराशि मिलती है ए जहां से इसकी तस्करी की जाती है। तस्करों द्वारा या तो इस अफीम को इसके मूल रूप में ही नशेड़ियों को बेच दिया जाता है या इसे अन्य हानिकारक ड्रग जैसे हेराइन बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। इस प्रकार की परिस्थिति में यह सेवन करने वाले व्यक्तियों और उनके परिवारजनों के लिए कष्ट का कारण बनती है और अपराधों का सिलसिला शुरू करती है, जिससे प्राप्त आय को अन्य आपराधिक और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की वित्तीय मद् के लिये इस्तेमाल किया जाता है।

अवस्थी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार का कृत्य प्रदेश में कतई न होने पाए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## विद्युत दरों के स्लैब परिवर्तन को लेकर आयोग में हुई सुनवाई

**लखनऊ।** बिजली दरों की स्लैब में परिवर्तन को लेकर विद्युत नियामक आयोग में गुरूवार को हुई सुनवाई में बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के सवालों का जवाब नहीं दे पाई। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने जनता टैरिफ लागू करते हुए बिजली दरों में 16 प्रतिशत कमी करने की वकालत की है। गुरूवार को हुई सुनवाई में दक्षिणांचल, पश्चिमांचल व केष्कों कम्पनी के उपभोक्ताओं व सम्बन्धित कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक व निदेशकगण सहित वरिष्ठ अभियन्ता शामिल हुए। तीनों बिजली कम्पनियों द्वारा 'अपनी-अपनी कम्पनी का एक प्रस्तुतिकरण किया गया उसके बाद प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से अपनी बात रखते हुए उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा की परिषद द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 16 प्रतिशत कमी किये जाने सहित घरेलू बिजली के फि क्स चार्ज समाप्त करने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के मिनिमम गारण्टी चार्ज समाप्त करने की बात कही है। परिषद ने कहा कि जब प्रदेश की विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कम्पनियों पर लगभग 13337 करोड़ निकल रहा है ऐसे में उसका लाभ आयोग को दरों में कमी करके उपभोक्ताओं को देना चाहिए। परिषद ने बिजली कम्पनियों के स्लैब परिवर्तन को असंवैधानिक बताते हुये खारिज करने की मांग की।

## एसबीआई अध्यक्ष ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया पांच शाखाओं का उद्घाटन



**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष रजनीश कुमार के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ मण्डल के अंतर्गत 5 नई एसएमई शाखाओं का उद्घाटन किया गया। येशाखाएँ मुरादाबाद, बस्ती, फ़तेहपुर, मिर्ज़ापुर एव डिगिया तिराहा, बहराइच में स्थित हैं। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल के मुख्यमहाप्रबन्धक अजय कुमार खन्ना ने बताया कि ये शाखाएँ विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमियों की बैंकिंग आवश्यकताएं पूर्णकरेंगी। इन पांच शाखाओं के खुलने के उपरांत लखनऊ मण्डल में कार्य करने वाली लघु एवं मध्यम विशेषीकृत शाखाओं की संख्या 27 हो गई है तथा शीघ्र ही इनकी संख्या बढ़ाकर 52 की जाएगी।

## शराब कारोबारियों ने प्रदेश सरकार का जताया आभार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मासिक कोटा उठान की अनिवार्यता को खत्म किए जाने से प्रदेश के शराब कारोबारियों ने काफी राहत महसूस की है। शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन के महामंत्री कन्हैयालाल मौर्या और मीडिया प्रभारी देवेश जयसवाल ने बताया प्रदेश में घोषित लॉकडाउन में शराब की बिक्री अत्याधिक प्रभावित थी तथा लोगों को निर्धारित कोटा उठाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं से एसोसिएशन ने उच्च अधिकारियों तथा आबकारी मंत्री को भी अवगत कराया था। एसोसिएशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा आबकारी मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री, प्रमुख सचिव आबकारी संजय भूसरेड्डी तथा आबकारी आयुक्त पीगुरु प्रसाद का आभार व्यक्त किया है।

## कम्पनी सेक्रेटरी प्रवेश परीक्षा में सीएमएस के तीन छात्र चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों अंशुलिका मित्रा, गगनदीप मिश्रा एवं कृति श्रीवास्तव ने कम्पनी सेक्रेटरी प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इन मेधावी छात्रों ने इन्स्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफइण्डिया के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कम्पनी सेक्रेटरी एक्जीक्यूटिव प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित कर सीएस एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम हेतु अपना चयन सुनिश्चित किया है। अब ये छात्र देश के प्रतिष्ठित वाणिज्यिक शिक्षण संस्थानों के माध्यम से उच्च स्तरीय योग्यता प्राप्त कर अपने सफल एवं स्वर्णिम भविष्य का सपना साकार कर सकेंगे।

## निगोहां में बना नया सीओ कार्यालय

**निगोहां।** गुरुवार को निगोहां थाने के लिए एक नए सीओ के पद की तैनाती की गयी, जिसमे निगोहां थाना क्षेत्र के पहले सीओ के पद पर सीओ नैमुल हसन नईम को कार्यभार दिया गया। बतातें चलें कि 22 अगस्त को निगोहा थाने में आने वाले ग्राम प्रधानों व समाज सेवको ने आई जी लक्ष्मी सिंह के साथ बैठक कर सीओ मलिहाबाद से निगोहां की दूरी अधिक होने की बात करते हुए निगोहां में सीओ की तैनाती की बात रखी थी इस पर आईजी ने सीओ पद की जल्द नियुक्ति के लिए अस्वाशन दिया था। गुरुवार को सीओ मलिहाबाद नैमुल हसन को निगोहां थाने में सीओ के पद का कार्यभार सौंपा, पहली बार निगोहां में सीओ की तैनाती के बाद इलाके में खुशी की लहर दौड़ गयी ग्रामीणों ने बताया कि अब वह अपने मामलों को लेकर आसानी से सीओ से मिल सकेंगे। अभी तक वह लोग एक तरफ का 70 किमी की दूरी तय कर मलिहाबाद जाते थे।

## विनय मंडल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**बख्शी का तालाब।** तहसील क्षेत्र के रेवामऊ महिंगवा के रहने वाले भाजपा नेता विनय प्रताप सिंह को रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनय किया गया है। उनका कार्यकाल 1 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तह होगा ।

## कोचिंग सेंटर के जनरेटर में लगी आग

**लखनऊ।** इन्दिरानगर इलाके मे गुरुवार को शार्ट सर्किट से एक कोचिंग सेण्टर के बाहर रखे जनरेटर में अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। देखते-देखते आग बगल के दूसरे जनरेटर में भी आग लगनी शुरु हो गई थी। यह देख तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचित किया गया। मौके दमकल की गाड़ी के पहुंचने के बाद करीब आधे घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस की माने तो कोई हताहत नहीं हुआ है।

## अवैध कब्जा खाली कराए जाने से नाराज दबंगों ने युवक को पीटा

**मोहनलालगंज।** सरकारी जमीन से अवैध कब्जा खाली कराए जाने से नाराज दर्जनभर लोगों ने खेतों की देखरेख करने वाले गौरा गांव में जानकीपुरम निवासी प्रेमचन्द्रयुवक की जमकर पिटाई कर उसका मोबाइल तोड़ दिया। जान बचाने के लिए पीड़ित पड़ोस के फार्म हाउस में घुस गया तो आरोप है कि आरोपियों ने बचाने दौड़े फार्म हाउस कर्मचारियों को भी अपशब्द कहकर अपमानित किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## चना वितरण में कटौती पर हंगामा, कोटेदार ने की भरपाई

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज में ग्राम पंचायत दहियर की राशन दुकान से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत कार्डधारकों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण के दौरान एक किलोग्राम चने का ही वितरण किया गया। दूसरी पंचायतों में कार्डधारकों को दो किलोग्राम चना वितरित किए जाने की जानकारी पाकर गुरुवार को दहियर के लोगों ने हंगामा कर कोटेदार से चने की कटौती को लेकर विरोध जताया। मामला तूल पकड़ता देख कोटेदार ने चूक स्वीकार कर लोगों को एक किलोग्राम अतिरिक्त चना वितरण शुरु कर दिया। कुछ ही देर में खबर आग की तरह फैल गई और कार्डधारक भरपाई का चना लेने राशन दुकान पर पहुंचने लगे। हालांकि कार्डधारकों ने भरपाई किए गए चने की मात्रा में भी घटतौली का आरोप लगाया।

## बंद घरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना में चोरों ने एक बन्द घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं गुरुवार को वापस घर लौटने पर पीड़िता को मामले की भनक लगी। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-8-ए में रहने वाली रीना वर्मा ने बताया कि दो साल पहले उनके इंजीनियर पति संदीप वर्मा की मृत्यु हो गई थी। पीड़िता के मुताबिक बीते 21 सितंबर को वह दोनों बच्चों के साथ घर पर ताला लगाकर आलमबाग स्थित अपने मायके चली गई थी। गुरुवार सुबह जब वह वापस घर लौटी तो देखा की चोरों ने मकान का ताला तोड़कर कमरे रखे करीब चार लाख रुपए के जेवर व 80 हजार रुपए की नकदी समेत सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया है। पीड़िता रीना वर्मा ने घर में काम करने वाली नौकरानी और दूधिए पर शक जताया है। वहीं चिनहट के विकल्पखण्ड मकान संख्या 2/319 में रहने वाली रिचा तिवारी ने बताया कि वह बीती 22 तारिख को अपने घर पर ताला लगाकर परिवार संग मयके चली गई थी। बुधवार को उन्हें किरायेदार द्वारा सूचना प्राप्त हुई के उनके घर का ताला तोड़कर चोरी हो गई है। आकर देखा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला और कमरे के बेड में रखे लाखों के जेवर व करीब डेढ़ लाख की नकदी गायब है।

## नौजवानों के बाद अब किसानों को भी पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश: शशांक

**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर के नेतृत्व में दारूलशफा निकट हनुमान मंदिर से छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों, किसानों के अधिकार एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों, अत्याचार, उत्पीड़न, शोषण एवं अन्याय के विरूद्ध 'जय जवान-जय किसान सत्याग्रह' के माध्यम से किसानों, नौजवानों के अधिकारों की रक्षा हेतु अन्यायी सरकार के विरूद्ध राष्ट्रपति को मांग-पत्र सौंप कर विभिन्न मुद्दों पर विचार करने का अनुरोध किया गया है। सत्याग्रह का उद्देश्य बिना किसी राष्ट्रद्रेष, वैरभाव के सरकार की नीतियों, उत्पीड़न, अन्याय एवं तानाशाही के विरूद्ध लोकतांत्रिक सत्याग्रह के माध्यम से नौजवानों, किसानों की आवाज को बुलन्द करना था। श्री शेखर ने कहा कि यह सरकार नौजवानों के बाद किसानों को भी पूँजीपतियों का गुलाम बनाना चाहती है, जिससे जमींदारी प्रथा से बदत्तर पूँजीवादी प्रथा होगी, जिसकी जवाबदेही भविष्य में हम युवाओं की होगी।

# अब जेल कर्मी बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस होकर करेंगे ड्यूटी

● पायलट प्रोजेक्ट के तहत चार राज्यों के लिए राष्ट्रपति ने मंजूर की आवश्यक धनराशि, यूपी को मिले 80 लाख

● बंदियों की मन:स्थिति समझने में मदद मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपति** द्वारा भारत के चार राज्यों राजस्थान, तेलंगाना, पंजाब और उत्तर प्रदेश की जेलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत बॉडी वॉर्न कैमरा के लिए आवश्यक धनराशि मंजूर कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश को इस कार्य के लिए 80 लाख रुपए मिलेंगे। इस धनराशि से उत्तर प्रदेश की जेलों में विरुद्ध बन्दियों के कार्यव्यवहार की रिकॉर्डिंग के लिए वीडियो कैमरे, डिस्प्ले यूनिट्स, वीडियो प्रोडक्शन करने के उपकरण, शॉर्ट वीडियो क्लिप बनाने और उनका विश्लेषण करने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे जाएंगे। इनसे प्राप्त विजुवल्स का अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए मनोवैज्ञानिकों, मनश्चिकित्सकों, विधि फॉरेंसिक और जेल सुधार विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी।

जेल के स्टाफ यह कैमरे ड्यूटी के दौरान अपने शरीर पर धारण करेंगे और इससे प्राप्त फीड का मनोवैज्ञानिकों, मनश्चिकित्सकों, विधि फॉरेंसिक विशेषज्ञों और जेल सुधार विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण किया जाएगा। इससे जेल में निरुद्ध बंदियों की मन:स्थिति समझने में मदद मिलेगी। इन विशेषज्ञों द्वारा जेल में बन्दियों के व्यवहार का अध्ययन करके सुझाए गए उपायों का उपयोग बन्दियों को अपराध से दूर करने के लिए प्रेरित करने में किया जाएगा।

जेल में मिलने आने वाले बंदियों के परिजनों और शुभचिंतकों को इन कैमरों से प्राप्त वीडियो दिखाया जाएगा जिससे कि वे बन्दियों को अपराध की दुनिया से दूर करने के प्रयासों में जेल प्रशासन की मदद कर सकें और बन्दियों को अपराध से दूर रहने हेतु प्रेरित और उत्साहित कर सकें।

चूंकि जेल का स्टाफ बॉडी वॉर्न कैमरा धारण करके ऐसे सभी स्थानों पर ड्यूटी करेगा जहां पर बंदीगण उपस्थित रहते हैं और विभिन्न कार्य करते हैं। जैसे कि जेल की फैक्ट्रियां, जेल के मुलाकात स्थल, जेल अस्पताल बैरकें आदि। ऐसे में ये कैमरे जेल में बन्दियों द्वारा की गई हिंसक आपराधिक कार्रवाई उपद्रव, नशे की समस्या आत्महत्या और जेल की सुरक्षा संबंधी समस्याओं का निदान सुझाने और रोकने में बेहद मददगार साबित होंगे।

जेल स्टाफ ड्यूटी पर आने के बाद इन कैमरों को धारण करेगा और तत्काल ऑन कर लेगा एक बार ऑन होने के बाद ये बॉडी वॉर्न कैमरे उस कर्मचारी की ड्यूटी समाप्ति के समय ही बंद किए जाएंगे। विशेष परिस्थितियां जबकि बन्दियों या कर्मचारी को निजता की आवश्यकता हो जैसे वाशरूम जाने के लिए ही थोड़ी देर को कैमरे बंद कर सकते हैं किन्तु इसकी सूचना जेल के कर्मचारी को कंट्रोल रूम को देनी पड़ेगी।

बॉडी वॉर्न कैमरे के कुशल संचालन और स्टोरेज और सॉफ्टवेयर के उपयोग और रख रखाव के लिए जेल के बंदी रक्षकों और अधिकारियों की ट्रेनिंग साथ साथ होगी। बीडब्ल्यू से कैमरे के संचालनए मॉनिटरिंगए रिकॉर्डिंग, स्टोरेज आदि के लिए एक कंट्रोल रूम की स्थापना संबंधित जेल में की जाएगी जेल के किसी वरिष्ठ अधिकारी को इस कंट्रोल रूम का इंचार्ज बनाया जाएगा।

**यह** महत्वाकांक्षी योजना जेल में निरूद्ध बंदियों द्वारा जेल में किए गए कार्य व्यवहार की विजुअल रिकॉर्डिंग और उनकी विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन करके बंदियों को अपराध से दूर रखने के उनके सुझाव के क्रियान्वयन से संबंधित होने के कारण अपनी ऐतिहासिक और उपयोगी पहल साबित होगी।

**आनंद कुमार, महानिदेशक कारागार**

# अफसर करते रह गए तैयारी, बारिश से बस्ती जलमग्न

संवाददाता। मोहनलालगंज





**प्रशासन** पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलाकर संकट मोचन मंदिर के आसपास की बस्ती में जलभराव और गन्दगी की समस्या का समाधान कराने की तैयारी ही करता रह गया। बुधवार की रातभर हुई बारिश के बाद उफ्नाया पानी बस्ती के घरों की दहलीज तक पहुंच गया। गंदा पानी भर जाने से आवागमन का रास्ता डूब गया लिहाजा गुरुवार को दिन भर सैकड़ों की आबादी अपने घरों में ही कैद होकर रह गई ।

मोहनलालगंज के संकट मोचन मंदिर बस्ती में सैकड़ों लोगों की आबादी पिछले एक वर्ष से लगातार जलभराव और गन्दगी की समस्या झेल रही है। जल निकासी के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी बस्ती के जर्जर खड़ंजे पर भरकर लोगों के आवागमन में बाधा बना रहता है। पायनियर में इसे लेकर खबरें छपने के बाद ब्लाक अधिकारियों ने जहां लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर नाला निर्माण कराने में लापरवाही बरतने का ठीकरा फेड़ कर किनारा कर लिया। वहीं तहसील प्रशासन पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलाकर समस्या का समाधान कराने की रणनीति ही तैयार करते रह गया ।

बुधवार की रात से लगातार बारिश के बाद उफनाया पानी बस्ती के लोगों की चौखट तक पहुंच गया। बस्ती के रास्ते जलमग्न हो गया और आवागमन का प्रमुख खड़ंजा भी गंदे पानी में गुम हो गया। साल भर में भी समस्या का समाधान नहीं कराए जाने से नाराज लोगों ने स्थानीय प्रशासन के लापरवाह रवैये को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर न्याय मांगा है।

**कोतवाली परिसर भी तालाब:** जल निकासी का नाला चोंक होने की वजह से गुरुवार की सुबह मोहनलालगंज कोतवाली परिसर बारिश के पानी से लबालब नजर आया। प्रवेश द्वार से लेकर समूचा आफिस तक जलभराव से फरियादियों और पुलिसकर्मियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की कार्ययोजना बनाने को लेकर बैठक

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला की अध्यक्षता में आज यहां योजना भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर विचार विमर्श कर क्रियान्वयन की कार्ययोजना विकसित करने के संबंध में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु गठित कार्य समूह के सदस्यों द्वारा क्रमवार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत कार्य कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण पर व्यापक विचार विमर्श के उपरान्त अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा द्वारा अनुरोध किया गया कि जिन कार्य समूह ने समेकित प्रस्तुतिकरण न करके विषयवस्तु के आधार पर पृथक पृथक प्रस्तुतीकरण किये हैं उनके द्वारा पुन: विचार कर समेकित रूप में क्रियान्वयन बिन्दु चिह्नित किये जायें। साथ ही प्रस्तुति में क्रियान्वयन के ठोस बिन्दुओं को रेखांकित कर स्पष्ट एवम् समयबद्ध अल्पकालिक एवम् दीर्घकालिक कार्ययोजना निर्मित की जाये।

**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव**

पत्रांक–720 / ठेका–नीलामी / 2020–21 दिनांक–24 सितम्बर, 2020

**ठेका नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में पूर्व में वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु नीलाम किये समस्त ठेकों की नीलामी अवधि 31 मार्च, 2019 को स्वतः समाप्त हो गयी है। कोविड–19 के संक्रमण के चलते लॉकडाउन के कारण वर्तमान समय तक नीलामी नहीं की जा सकी है।

अतः पुनः वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु समस्त ठेको (टैम्पो स्टैण्ड, हडडी, चमड़ा, कांजी हाउस पेड़ो की 01 वर्ष तथा अवशेष तालाबों की 05 वर्षो हेत) की नीलामी दिनांक 28.09.2020 को समय 12.00 बजे अपरान्ह कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव में की जायेगी। उक्त दिनाक को समुचित बोली न आने पर दिनाक 29.09.2020 तथा 30.09.2020 की तिथियाँ पूर्व से ही निर्धारित की जाती हैं। नीलामी बोली में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित शर्ते तथा औपचारिकतायें पूर्णकर उपरोक्त नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल सहायक से देखी जा सकती है। बोली मे भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को कार्यालय न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव में समय दो बजे तक सम्बन्धित ठेको से जमानत धनराशि जमा कर दें।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नवाबगंज उन्नाव।

(दिलीप कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नवाबगंज उन्नाव।

# तेज बरसात से हुआ किसानों को भारी नुकसान

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**हवा** के साथ हो रही बरसात से धान की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। किसानों की धान की फसल पूरी तरह से गिर गई है। यदि बरसात बंद हो जाए तो पानी में डूबी धान की फसल सड़ने से बच सकती है। मौसम का मिजाज दो दिन से बदला हुआ है। रुक रुक कर हो रही बरसात से किसानों की फसल चौपट होती जा रही है। बरसात होने की वजह से इस बार किसानों को अच्छी फसल की उम्मीद थीए लेकिन बरसात की वजह से किसानों के अरमान पानी फिरता नजर आ रहा है। तेज बारिश और हवा की वजह से धान की फसल पूरी तरह से गिर गई है। खेतों में बिछी हुई फसल पानी में डूब रही है। इससे धान की फसल के सड़ने के आसार बन गए हैं। गोकुला, पाराधमथुआ, पूरवागांव, सिधौना, कालीगंज, नेवाज का पुरवा, उधुई, बेनी दत्त, ज्वाला सुबेदार, सथरी आदि क्षेत्रों में यही हाल है। किसानों का कहना है कि फसल में लागत लगाने के बाद अब काटने का समय आया तो मौसम की मार की वजह से धान की फसल गिर गई। धान की फसल चौपट होने के चलते किसानों के चेहरे से रौनक गायब होती नजर आ रही है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मानसून वैज्ञानिक सीताराम मिश्रा ने बताया कि 25 सितंबर दोपहर बाद मौसम साफ होने की संभावना दिख रही है। यदि किसान भाइयों के खेत में धान की फसल गिर गई है और जल भरा हुआ है तो जल निकास का प्रबंध कर ले फसल नुकसान होने से बच जाएगी।



**कोंछाबाजार प्रतिनिधि के अनुसार**-कई दिनों तक हुई धूप व भीषण गर्मी के बाद बुधवार को शुरु हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आयी एक भैंस की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम लगभ 4 बजे गरज चमक के साथ बीकापुर तहसील क्षेत्र में हो रही बारिश के दौरान ग्राम सभा असकरनपुर के मजरे ससौली में आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से गांव निवासी राम प्रताप यादव की हजारों रुपये की कीमती भैंस की मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई। उक्त घटना के संबंध में उप जिलाधिकारी बीकापुर ने बताया कि लेखपाल की जांच रिपोर्ट के अनुसार हुई किसान की छति का उचित मुआवजा दिया जायेगा। **खंडासा प्रतिनिधि के अनुसार**-विकासखंड अमानीगंज क्षेत्र के अंतर्गत आज बुधवार और बृहस्पतिवार को हुई रुक रुक के बारिश से एक तरफ कुछ किसानों को लाभ मिला है तो दूसरी तरफ इस बारिश से कुछ किसानों को भारी नुकसान भी हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड अमानीगंज में निवास करने वालेकिसानों को उक्त बारिश से कहीं लाभ मिला है तो कहीं हानि उठानी पड़ी है स्पष्ट है की जिन किसानों ने पीछेते धान की रोपाई किया था उनके धान के पौधे इस बारिश से नहीं गिरे जिससे उन्हें लाभ मिला तथा जिन किसानों ने आगेती धान की खेती कर रखा था तथा उनके धान खेतों में कटे पड़े थे उनको धान के पौधों से व आनाज से हाथ धोना पड़ा यही नहीं जिन किसानों ने उड़द की खेती कर रखा था ऐसे समय में हुई बारिश से भारी नुकसान हुआ है क्योंकि उड़द की खेती में इस समय फूल और पराग बन रहे थे ऐसे उड़द की खेती में फल आने के कम सम्भावनाएं है। दूसरी तरफ जिन किसानों ने सब्जी की खेती किया था जिसमें टमाटर गोभी बैंगन पालक जैसी अन्य सब्जियां बो रखी थी उनमें नुकसान हुआ है। गन्ना चरी अरहर की खेती को भरपूर लाभ मिला है तथा कुछ किसानों के बिना बाली निकले धान लेट गये है, उनको नुकसान हुआ है।

# एटीएम बदलकर जनता का पैसा हड़पने वाले अंतरजनपदीय शातिर अपराधी गिरफ्तार

## ● नगदी समेत कई एटीएम कार्ड व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान बरामद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



गिरफ्तारी के सम्बन्ध में जानकारी देते एसपी आलोक प्रियदर्शी पायनियर

**जलालपुर** पुलिस व स्वाट पुलिस टीम द्वारा अर्न्तजनपदीय आनलाइन फ्राड व ए0टी0एम0 बदलकर धोखाधड़ी के साथ जनता का पैसा हड़पने वाले दो आरोपियों को इलेक्ट्रानिक उपकरण के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये धर्मेंद्र राजभर पुत्र सुमिरन राजभर निवासी करुइ थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ व विशाल राजभर पुत्र रामजतन निवासी सुरहन मार्टिनगंज थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ को हैदराबाद बाजार थाना जलालपुर से गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि यह लोग स्वैप मशीन व अन्य मशीनों का इस्तेमाल करके किसी ऐसे व्यक्ति को टारगेट करते थे जो एटीएम से पैसे निकालने में असमर्थ होते थे। उनकी मदद करने के बहाने वे उनका एटीएम डी एक्स -5 मशीन द्वारा स्कैन करके उसका सारा डेटा कापी कर लेते थे यह सब पीड़ित को पता भी नही चलता था। फिर इस डेटा को लेपटाप मे डालकर मैग्नेटिक स्ट्रिप रीडर मशीन में ट्रांसफर करके एटीएम कार्ड का क्लोन बना कर पीड़ित का सारा डाटा एटीएम में ट्रांसफर करके वे पैसा निकालने के कार्य को अंजाम दिया करते थे।इनके पास भारी तादत में इलेक्ट्रानिक सामान व कैश बरामद हुआ। इसमे एक लैपटाप , एक अदद चार्जर ,एक अदद की बोर्ड , एक अदद स्कैनर मशीन, एक अदद रीड/राइट स्वैप मशीन, तीन अदद डाटा केबल, आठ अदद अलग-अलग बैंको के एटीएम कार्ड व 52000- रुपये नगद बरामद हुआ ।

# सातों दिन और चौबीस घंटे हो जांच : मंडलायुक्त

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि सप्ताह के सातों दिन कोरोना संक्रमण की जांच के लिए कैम्प का आयोजन सुनिश्चित किया जाये तथा कैम्प स्थल एवं जांच की समय के बारे में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों की जांच सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सातों दिन चौबीसों घंटे जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मण्डलायुक्त ने डाटा इन्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कोरोना संक्रमितों की जांच की इन्ट्री समय से करायी जाये इसके लिए आवश्यकतानुसार और भी कंप्यूटर आपरेटरों की तैनाती करते हुए प्रतिदिन की जांच की रिपोर्ट ससमय पोर्टल पर फीड करायी जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लक्षण वाले व्यक्तियों की एन्टीजन जांच के साथ साथ आर.टी.पी.सी.आर. जांच भी करायी जाये तथा सारी/आई.एल.आई. के मरीजों की पुन: जांच करायी जाये। मण्डलायुक्त ने प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कोरोना जांच के लिए आयोजित होने वाले कैम्पों में अन्य विभाग का भी सहयोग लिया जाये तथा नगर आयुक्त कैम्प स्थलों का सेनेटाइजेशन की भी करायें तथा सभासदों के साथ बैठक कर उनका भी सहयोग लें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आगनवाड़ी कार्यकत्री, ए.एन.एम. तथा आशा को कार्य में सहयोग करें।

# चौपाल में विधायक ने सुनीं समस्याएं

## ● अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।



चौपाल में समस्याएं सुनती विधायक संजू देवी पायनियर

**टांडा** विधायक संजूदेवी ने गुरुवार को हंसवर मण्डल के तीन सेक्टर जैनुद्दीनपुर,सिंहपुर, मेढ़ी सुलेमपुर में मण्डल अध्यक्ष सुग्रीम कन्नौजिया की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में भाग लिया। मण्डल महामंत्री शुभम सिंह पालीवाल के संचालन में दर्जनों ग्राम बासी व कार्यकर्ताओं की बातों को सुनकर निस्तारण के लिए उपस्थित विभागों के अधिकारियो को आदेशित किया गया। विधायक ने कहा कि सरकारी कर्मचारी जनता के हितों को ध्यान में रखतें हुए काम करें । सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए हमेशा प्रयासरत है। इसमे किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए ताकि सरकार की मंशा जमीन पर दिखाई दे।

विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू ने कहा कि सरकार नवयुवको को रोजगार देने के लिए लगातार काम कर रही है। अभी हाल में रिक्त पदों को भरने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है जिसका लाभ पात्र नवजवानों को शीघ्र मिलेगा। भाजपा प्रदेश को आतंकित व भय में जीने के लिए प्रदेशबासियों को मजबूर करने वाले गुंडों पर कानूनी चाबुक चला कर प्रदेश को भयमुक्त बनाए जाने की तरफ बढ़ रही है।

किसान को खुशहाल रखने के लिए नित नई योजनाओं से लाखों लोगों को लाभान्वित हो रहे है । किसी गरीब बेटी का हाथ पैसे की कमी के नाते पीले न हो सके, उसकी तरफ भी सरकार ने चिंता किया और अनुदान को 35000 से बढ़ाकर 51000 रुपये किया। प्रदेश में खर्च होने वाले बजट को अब तक इस काम मे खर्च होने वाले सबसे बड़े बजट 250 करोड़ की घोषणा की ताकि अधिक से अधिक बहनो के हाथ पीले हो और गरीब भी शान से अपनी बेटियों की शादी कर सके ।

इस कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं और आमजनमानस में भाजपा सरकार के प्रति लगाव बढ़ा है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा सुमित तिवारी नारद विश्वकर्मा पारसनाथ चौधरी सेक्टर संयोजक अशोक मौर्या राममूर्ति पांडे मनोज बारी वीरू कनौजिया प्रहलाद गौतम अंकित मिश्रा बूथ अध्यक्ष सुभाष यादव विक्रम बहादुर राधेश्याम पाल कमलेश मौर्य सुरेंद्र जी मनोज बारी, सुमित तिवारी, अभिषेक गुप्ता, विजयपाल,दान बहादुर यादव, अमित पटेल,मोहम्मद अफ्जल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दीवार गिरने से छप्पर के नीचे सो रही महिला की मौत

**जानाबाजार, अयोध्या।** विकासखंड तारुन अंतर्गत ग्रामसभा थरियाकला के हारीपुर गांव में छप्पर के नीचे सो रही महिला पर दीवाल सहित छत पर गिर गया। जिसके नीचे दबकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचा दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य गंगाराम वर्मा के प्रतिनिधि राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि हारीपुर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह 7 बजे के आसपास कलौता पत्नी रामलाल उम्र लगभग 39 वर्ष अपने मिट्टी के दीवाल के सहारे बने छप्पर के मकान के नीचे सोई हुई थी। इसी दौरान दीवाल सहित छप्पर उसके ऊपर गिर पड़ा। चिल्ल गुहार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने गिरे छप्पर और दीवाल के मलबे के नीचे से कलौता को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल कलौता को ग्रामीण प्राइवेट वाहन से तत्काल जिला अस्पताल फैजाबाद ले गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका के घर पर तीन बच्चे हैं जिनमें बड़ी लड़की सुशीला उम्र लगभग 20 वर्ष, राहुल 18 वर्ष और अनीता 17 वर्ष है। वहीं मृतका का पति कमाई के सिलसिले में लुधियाना में है। पत्नी की मौत की सूचना पाकर पति लुधियाना से घर पहुंचने के लिए निकल भी पड़ा है।

### प्रदेश व्यापी भारत बंद में वामदल भी करेगा प्रदर्शन

**अयोध्या।** किसान संगठनों के देशव्यापी भारत बंद के आह्वान पर वामदल भी 25 सितंबर को शहर के गांधी पार्क में विरोध प्रदर्शन करेंगे और संसद द्वारा पारित किसान विरोधी काला कानून वापस लेने की मांग करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी और भाकपा ; मालेद्ध जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि जिस तरीके से संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाकर यह काला कानून पास किया गया है जो किसानों और आम जनता के लिए गुलामी के दस्तावेज से कम नहीं है जिसे देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी और इसे रद्द करने की लड़ाई जारी रखेगी। इसी क्रम में कल होने वाले ऐतिहासिक भारत बंद को पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए पूरी ताकत के साथ वामदल आंदोलन में भाग लेंगे।

### जिला कारागार में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई की गयी

**गोरखपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार आज जिला न्यायालय से जिला कारागार में वीडियों कान्फ्रेसिंग से सुनवाई की गयी। जेल चिकित्सक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में लगभग सभी बंदी, अधिकारी एवं कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट कराया जा चुका है। आज भी 20 बन्दियों का कोरोना टेस्ट कराया गया। सभी बन्दियों की रिपोर्ट निगेटिव है। उनके द्वारा बताया गया कि जो बंदी कोरोना पॉजिटिव हैं उनका इलाज जिला कारागार में किया जा रहा है। कुछ बन्दियों से वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बात किया गया। परन्तु किसी के द्वारा कोई समस्या नही बताई गयी। उपस्थित बन्दियों को कोरोना वायरस जैसी संक्रमित महामारी से बचाव के लिए जागरूक किया गया व समझाया गया कि वे हमेशा मास्क लगाकर रहें और दूसरे बन्दी को भी मास्क लगाये रहने को कहें तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने एवं समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहने को सलाह दिया गया। इसी क्रम में बन्दियों को यह भी बताया गया कि 25 सितम्बर को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया है जो भी बन्दी अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण कराना चाहते है वे अपना प्रार्थना पत्र तैयार कराकर वरिष्ठ जेल अधीक्षक के माध्यम से अग्रसारित कराते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध करा दें जिससे उसके मामलें का निस्तारण हो सके।

### भारी बरसात से धान की फसलों को नुकसान

**अम्बेडकरनगर।** बीते दो दिनों से हो रही बरसात से तापमान में काफी गिरावट आ गई है। जगह-जगह जलभराव हो जाने से आवागमन की समस्या फिर उठ खड़ी हुई है। बरसात से धान व गन्ने की फसलों को जबरदस्त नुकसान हुआ है। धान की तैयार फसल भारी बरसात से गिर गई है। धान की अगेती फसल कट रही थी लेकिन बरसात ने उस पर ग्रहण लगा दिया। कई जगहों पर धान की कटी फसलें खेतों में पड़ी हुई हैं और उसके ऊपर जलभराव हो गया है। इस बार बरसात अच्छी होने के कारण धान की पैदावार ठीक होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन अचानक हुई बरसात से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर जाने की उम्मीद है। निचले इलाकों में अभी भी खेतों में पानी भरा हुआ था।

### वांछित अभियुक्त असलहे के साथ धराया

**गोरखपुर।** अपराध की रोकथाम, अपराधियों के धर-पकड़ में पुलिस के उच्चाधिकारियों ने निर्देश पर लगी सिकरीगंज थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त फ्हीम अंसारी पुत्र जहीर अंसारी निवासी बरौली थाना सिकरीगंज, हालमुकाम इमलीडीह खुर्द थाना सिकरीगंज को भूमिधर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 94,000 रुपया नकद बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध जनपद समेत बस्ती के विभिन्न थानों में कई मामलों में गंभीर आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

### दो मानव तस्कर गिरफ्तार सात नाबालिग बरामद

**गोरखपुर।** रेलवे स्टेशन, के प्लेटफार्म सं. 4 से गुरुवार की देर रात्रि दो मानव तस्करों को एएचटीयू प्रभारी उप निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने गिरफ्तार किया। अपर पुलिस महानिदेशक महिला सम्मान प्रकोष्ठ/एएचटीयू लखनऊ, द्वारा चलाए गए नो चाइल्ड लेबर अभियान को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र भ्रमण में लगी टीम को सूचना मिली कि कटिहार, राज्य बिहार से कुछ नाबालिग बच्चों को जरिए ट्रेन न. 02407 (कर्मभूमि न्यू जलपाईगुडी) मानव तस्करी कर बालश्रम कराने हेतु अमृतसर, राज्य पंजाब ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर विश्वास करके प्लेटफार्म सं. 04 पर उक्त ट्रेन का इंतजार करने लगे एवं ट्रेन के प्लेटफार्म पर 21.40 बजे पहुँचने पर प्राप्त सूचना के आधार पर बोगी की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 02 मानव तस्करों के चंगुल से 07 नाबालिग बच्चों को बरामद कर आवश्यक वैधानिक कर्यवाही हेतु चाइल्ड लाईन को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुमोद सिंह पुत्र स्व. हियालाल सिंह निवासी श्रीपुर अमघट्टा वार्ड न. 01 पोस्ट मनियामोर नौगछिया जिला भागलपुर, राज्य बिहार, सुजेन कुमार दास पुत्र सिमोन्तो दास निवासी मानिकपुर वार्ड न. 06 फ्तेहपुर, बरसोईघाट जिला-कटिहार, राज्य बिहार शामिल हैं।

# फौव्वारा तिराहा से शहजादपुर पुलिस चौकी तक सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रारम्भ

## ● नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



निर्माण कार्य का शुभारम्भ करतीं अध्यक्ष सरिता गुप्ता पायनियर

**जिला** मुख्यालय के जुड़वा कस्बे शहजादपुर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं सौन्दर्यीकरण किये जाने की प्र्क्रिया प्रारम्भ हो गई है। शहजादपुर फौव्वारा तिराहा से दोस्तपुर तिराहा होते हुए शहजादपुर पुलिस चौकी तक 1.88 किलोमीटर लम्बी सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। इस सड़क पर बीच में डिवाइडर होगा जिसमें फूल-पौधे लगाये जायेंगे। पांच करोड़ 87 लाख 98 हजार रूपये की लागत से होने वाले चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्य को कार्यदायी संस्था प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा। 14वें व 15वें वित्त आयोग की धनराशि से होने वाले इस कार्य का शुभारम्भ गुरूवार को फौव्वारा तिराहे पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि नई सड़क पर कराये जा रहे इस कार्य से जहां लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी वहीं शहर का स्वरूप भी बदल जायेगा। इस दौरान प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता शंकर्षण लाल, अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्या के अलावां मनोज गुप्ता, बृजेश तिवारी, रामआशीष मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीजेएम न्यायालय ने बसपा सांसद की मां व अन्य के विरुद्ध दर्ज किया परिवाद

## ● इकरारनामा की शर्तो का उल्लंघन कर बैनामा कराने का मामला

**अम्बेडकरनगर।** धोखाधड़ी के एक मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने बसपा सांसद की मां व अन्य के विरुद्ध परिवाद दर्ज कर लिया है । न्यायालय ने परिवाद दर्ज करने के बाद 3 अक्टूबर को पत्रावली को दोबारा तलब किया है। प्रकरण जिला मुख्यालय के शहजादपुर कस्बे की नई सड़क का है। संतोष कुमार सिंह ने हरीश चंद्र से 26 अक्टूबर 2012 को गाटा संख्या 446 रकबा 1064 वर्ग फुट का 3 साल के लिए एग्रीमेंट कराया था। उप निबंधक कार्यालय अकबरपुर में किए गए रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के तहत हरीश चंद्र पुत्र ननकू निवासी शहजादपुर को दो लाख रुपये दिए गए थे। संतोष कुमार सिंह का आरोप है कि हरिश्चंद्र ने तारा देवी पत्नी सूरज लाल निवासी तुलसीपुर महमूरगंज वाराणसी से मिलकर 20 अगस्त 2013 को इकरारनामा की शर्तो का उल्लंघन करते हुए बैनामा कर दिया। एक माह बाद ही तारा देवी ने 21 सितंबर 2013 को शांति देवी पत्नी दयाराम वर्मा निवासी लखैचनपुर थाना अहिरौली के नाम उसी संपत्ति का बैनामा कर दिया है । संतोष कुमार सिंह का आरोप है कि राम शिरोमणि वर्मा ने जानबूझकर इकरारनामा की शर्तो का उल्लंघन करते हुए पहले तारा देवी के नाम जमीन का बैनामा करवाया तथा एक माह बाद ही उसी जमीन को अपनी मां के नाम बैनामा करा दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए परिवाद संख्या 22 26 दर्ज करने का आदेश दिया है तथा आगामी तीन अक्टूबर को पत्रावली दुबारा तलब की है।

# फायरिंग कर व्यक्ति को घायल करने व दहशत फैलाने वाले सात गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर







**थाना कैण्ट** क्षेत्र में फायरिंग कर एक व्यक्ति को घायल कर सड़क पर सरेराह दहशत फैलाने वाले 7 शातिर अपराधियों को कैंट थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त एक अदद तंमचा 315 बोर एवं दो अदद बलैनो कार, एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद भी किया है। बतातें चलें कि 21 सितंबर को विशुनपुरा मोड़ व आर.के.बी.के. मारुति शोरुम के पास बदमाशों ने सड़क पर सरेआम फायरिगं करते हुए दहशत फैलाने का कार्य किया। इस दौरान एक व्यक्ति घायल भी हो गया।

एसएसपी ने मुकदमा दर्ज कर घटना के अनावरण एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया था। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक कैण्ट के नेतृत्व में कई टीमें बनाकर कर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण हेतु लगायी गयी थी। जिसके क्रम में गुरूवार को टीम ने सरदार ढाबा तिराहा के पास से सुमित चन्देल पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गरुण नगर जटहा रोड थाना पडरौना जनपद कुशीनगर हा.मु. श्रीराम नगर कालोनी मोहद्दीपुर थाना कैण्ट, शुभम राव पुत्र तहसीलदार राव निवासी नटवनियाँ थाना हाटा जनपद कुशीनगर हा.मु. रानीडिहा म.न. 252 एफ गत्ता फैक्ट्री के बगल में थाना कैण्ट, अविनाश सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम भैरोपुर थाना बाँसगाँव हा.मु. अवास विकास कालोनी कूड़ाघाट थाना कैण्ट, प्रज्जवल सिंह पुत्र कुवर प्रताप सिंह निवासी गिदहा धनहा थाना कोतवाली हाटा कुशीनगर हा.मु. बलदेपुरम कालोनी शुभम अस्पताल के पास थाना कैण्ट, विक्रान्त पासवान पुत्र कमलेश पासवान निवासी गिरधरगंज बाजार कूड़ाघाट थाना कैण्ट, प्रिन्स शाही पुत्र केशरी नन्दन शाही निवासी सिरौरा विसेन थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज (बिहार) हा.मु. म.न. 88आवास विकास कालोनी थाना कैण्ट, आदर्श शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला निवासी आवास विकास कालोनी कूड़ाघाट, को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी एसएसपी जोगिंद कुमार ने पत्रकार वर्ता में दी। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमा राय, उ.नि. में अक्षय कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी रेलवे कालोनी, अरविन्द कुमार सिंह चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर, घनश्याम सिंह यादव, हे.कां. पत्तू गौतम आदि शामिल रहें।

## पहले रेस्टोरेंट में हुआ विवाद

बताया जाता है कि 20 सितंबर को दोपहर में पैड़लेगंज स्थित पासा रेस्टोरेन्ट में दो गुटो में विवाद हुआ। विवाद की सूचना पर पैड़लेगंज चौकी की फोर्स द्वारा मौके से दोनो पक्ष जिसमें एक पक्ष का लीडर अविनाश सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम भैरोपुर थाना बाँसगाँव गोरखपुर हा.मु. अवास विकास कालोनी कूड़ाघाट थाना कैण्ट व दूसरे पक्ष का लीडर शुभम सिंह पुत्र भगवन्त सिंह निवासी जयनगर थाना बरहज जनपद देवरिया था। उक्त दोनो पक्षों से एक-एक व्यक्ति क्रमश: आदर्श शुक्ला व शुभम सिंह उपरोक्त को पकड़कर थाने लाया गया था, शेष मौके से फरार हो गये थे। दोनों पक्षों द्वारा विवाद के संबंध में थाने पर आपसी सुलहनामा दिया गया। जिसके आधार पर दोनों को थाने से छोड़ा गया था। विवाद के दौरान प्रवीन राय निवासी धनौड़ा छोटी थाना बासगाँव पासा रेस्टोरेन्ट पर मौजूद था, जो दोनो पक्षों के विवाद के दौरान बीच बचाव किया था। यह बात शुभम सिंह उपरोक्त पक्ष को नागवार लगा था। रात्रि करीब 10 बजे चम्पारण रेस्टोरेन्ट के पास प्रवीन राय खाना पैक कराने गया था। उसी समय शुभम सिंह उर्फसिघाड़ा, प्रज्वल सिंह व जाकिब खान व अन्य व्यक्तियों ने मारा पीट कर गम्भीर चोट पहुचाई। जिसके संबंध में प्रवीन राय द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत कराया गया। जांच के दौरान घटना में मिले साक्ष्यों के आधार पर एनसीआर को 7 सीएलए एक्ट में तरमीन किया गया। पुलिस घटना में प्रयुक्त बलैनो कार की खोजबीन शुरु किया। तब अभियुक्त प्रज्जवल द्वारा सोची समझी साजिश के तहत घटना में प्रयुक्त बलैनो को सर्विस कराने के नाम पर मारुति एजेन्सी गुलरिहा में 21 सितंबर को खड़ी कर दिया गया। 21 सितंबर को दोपहर में अविनाश एवं शुभम सिंह दोनों अपर्ने-अपने साथियों के साथ अवैध असलहा व डण्डा एवं राड से लैस होकर मौजूद थे। जिसमें एक पक्ष द्वारा फायरिंग की घटना की जा रही थी। जबकि दूसरे पक्ष द्वारा गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया जा रहा था। उसी समय प्रवीन राय अपने मित्र जीतेन्द्र यादव के साथ तरकुलहा देवी मन्दिर से वापस लौट रहा था। प्रवीन राय को अचनान देख घटना के संबंध थाना कैण्ट पर पंजीकृत मुकदमे की रंजिश वश व एक राय होकर प्रवीन राय व उसके दोस्त जितेन्द्र यादव को जान से मारने की नियत से रोक कर हमला व फायरिंग किया। जिस पर प्रवीन राय अपने दोस्त के साथ जान बचाते हुए शहर की तरफभागा। उक्त सभी अभियुक्त बिना नम्बर की बलैनो व अन्य गाड़ियों से इन दोनों लोगों का पीछा करते दशहत फैलाते हुए आर.के.बी.के. के पास सड़क सरेआम फायरिंग उन दोनों को घेरकर कई राउण्ड फायरिंग किये। जिस पर प्रवीन राय के दोस्त जितेन्द्र यादव को गोली लग गयी और गम्भीर रुप से घायल हो गया । जिसका इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है।

# सदन में विपक्षी एकता

## जमीनी कार्रवाई पर सवाल

**जमीनी** स्तर पर बदलाव न लाने पर नैतिक विजय महत्वहीन होती है। हालांकि, विपक्ष ने कृषि विधेयकों पर राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार द्वारा संसदीय प्रक्रियायें उलटने की शिकायत की तथा राज्य सभा में ध्वनि मत से प्रस्ताव पास कराए, पर अब नए कानूनों को कैसे रोका जा सकता है? राष्ट्रपति से विधेयकों को रोकने या उनको वापस भेजने की उम्मीद नहीं है। यदि थोड़ी देर के मान लिया जाए कि वे ऐसा करते तो भी संशोधनों या बिना संशोधनों के इनको फिर पास कर दिया जाता क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा के पास लोकसभा में पूर्ण बहुमत है और बिना चर्चा या सहमति के ध्वनि मत से विवादास्पद विधेयक पास करने का उदाहरण स्थापित हो गया है। राष्ट्रपति किसी समय-सीमा में कार्रवाई के लिए बाध्य नहीं हैं। इसके अलावा पूरे विपक्ष द्वारा विरोध में सदन का बहिष्कार करने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने कई विधेयक पास कराए। इसलिए विपक्षी सदस्य चाहे जितना चीखें-चिल्लाएं पर उनको संसदीय प्रक्रियाओं से कोई राहत नहीं मिल सकती है। जहां तक सड़कों पर संघर्ष का सवाल है, पिछले साल के आम चुनाव ने दिखा दिया है कि व्यापक भाजपा-विरोधी गठबंधन स्वार्थी व क्षेत्रीय हितों में कैसे बिखर जाता है। जब तक यह एकजुट आंदोलन में नहीं बदलता है, तब तक विपक्ष को कोई उम्मीद नहीं करनी चाहिए। चिन्ता की बात है कि उच्च सदन ने तीन प्रमुख श्रम सुधार विधेयक भी पास कर दिए हैं जिनकी संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए उन पर बहस व चर्चा होनी चाहिए थी। तीन विधेयकों का संबंध औद्योगिक संबंधों, सामाजिक सुरक्षा तथा पेशेवर सुरक्षा के बारे में नई श्रम संहिता से है। संभवत: बिजनेस सुगमता के नाम पर कामगारों के अधिकार कमजोर हो रहे




हैं। किसी को उम्मीद नहीं थी कि सरकार वैश्विक महामारी के बाद वाली अर्थव्यवस्था में बहुत अधिक कल्याणकारी उपाय करेगी, पर उसने बिना सरकारी अनुमति के 300 कामगारों वाली कंपनियों को कर्मचारियों को निकालने की अनुमति दे दी है। सरकार को लगता है कि इससे सेवायोजक ज्यादा लोगों को काम पर रखने के लिए प्रेरित होंगे जिनकी संख्या पहले 100 निर्धारित थी। लेकिन संकट के समय सेवायोजकों से उदारता की उम्मीद नहीं की जाती है। देश के कार्यबल में असंगठित श्रमिकों की बड़ी संख्या है जो पहले ही बाजार शक्तियों के सामने असहाय हैं। राज्यसभा ने फारेन कांट्रीब्यूशन रेग्युलेशन अमेंडमेंट बिल, 2020 भी पास कर दिया है जो भारत में काम कर रहे संगठनों को विदेशी स्रोतों से धन प्राप्त करने व उसके नियमन की व्यवस्था करता है। आशंका है कि सरकार इस कानून के अंतर्गत ऐसे एनजीओ, शाध संगठनों, थिंक टैंकों व सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों पर निगरानी रख सकती है जो उसके पक्ष में न हों। कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि विदेशी स्रोतों से की जाने वाली गतिविधियों में ज्यादा पारदर्शिता होनी चाहिए, पर इसका प्रयोग चयनित ढंग से 'राष्ट्र-विरोधी' एनजीओ के खिलाफनहीं होना चाहिए। धन प्राप्ति के लिए आधार व एसबीआई बैंक खातों को अनिवार्य बना कर विधेयक नियंत्रण कठोर करना चाहता है, पर इससे लेनदेन का खर्च बढ़ेगा तथा बाधायें खड़ी होंगी। कृषि संबंधी विधेयक भी सुधारवादी लगते हैं तथा वे कृषि उत्पादन मंडी समितियों-एपीएमसी में मौजूद बड़े कार्टेलों व बिचौलियों का सफाया कर किसानों को आवागमन व व्यापार की स्वतंत्रता देना चाहते हैं। लेकिन किसानों के पास अपनी भौगोलिक सीमाओं से बाहर पहुंचने के लिए विशेषज्ञता कैसे आएगी और उनको 'व्यापारियों' या निगमों पर निर्भर होना पड़ेगा। उनको डर है कि खुले प्रतियोगी बाजार में वे एमएसपी से वंचित हो सकते हैं, हालांकि सरकार ने इसे बनाए रखने का वादा किया है। विधेयक में कहीं पर जोर नहीं दिया गया है कि 'व्यापारी' या 'प्रायोजक' कृषि उत्पाद खरीदते समय एमएसपी देने को बाध्य होंगे। ऐसे में अगले चुनावों में किसानों का गुस्सा सामने आ सकता है।

# संकट में फंसे शी जिनपिंग

चीनी राष्ट्रपति आर्थिक लक्ष्य पूरा करने में विफल रहे हैं और उनको भारी चुनौती मिल रही है। ऐसे में पीएलए के पीछे हटने को पराजय तथा मजबूत सेना का लक्ष्य विफल होने के रूप में देखा जाएगा।

**अनिल गुप्ता**
(लेखक सुरक्षा व रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)





**मॉस्को** में पांच बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद पहली बार सैनिक कमांडर स्तर की वार्ता 12 घंटे चली। लेकिन सारे संकेत हैं कि इसकी समाप्ति भी गतिरोध में हुई है। भारत ने अपनी ओर से 29-30 अगस्त को शानदार पूर्व-नियोजित कार्रवाई करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के अपनी ओर पैंगांग सो के दक्षिणी किनारे के ऊंचे रणनीतिक स्थानों पर उपस्थिति मजबूत की है। इसके बाद उत्तरी किनारे पर रक्षा व्यवस्था मजबूत की गई तथा फिंगर क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित किया जहां चीनियों ने घुसपैठ की थी और वे यथास्थिति बहाल नहीं करना चाहते थे। भारतीय सेना के इन कदमों से भारतीय वार्ताकारों की स्थिति मजबूत हुई और वे शक्तिशाली दृष्टिकोण से बात कर सकते थे। लेकिन चीन अपने मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स व अपने नियंत्रण वाले मीडिया के माध्यम से यह स्थिति स्वीकार करने से इनकार करते हुए उल्टा भारत पर गतिरोध का आरोप लगाता रहता है। चीनी दावों के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति व शक्तिशाली नेता शी जिनपिंग को दुनिया भर में आक्रामक समझा जाता है जो दुनिया के सबसे मजबूत व शक्तिशाली नेता बनना चाहते हैं।

भारत का दृष्टिकोण अब तक प्रतिबद्ध, सुसंगत तथा कठोर रहा है। भारत ने 'आधे रास्ते तक आने' का चीनी सुझाव एकदम अस्वीकार कर दिया। उसने लगातार 'पहले आए, पहले जाओ' पर जोर दिया है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए सैनिकों ने स्थापित समझौतों व प्रोटोकालों का उल्लंघन कर मई की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख के हमारे क्षेत्र में बहुआयामी घुसपैठ की थी। पीएलए ने 5 जून को कार्पर्स कमांडरों की पहली बैठक में तनाव घटाने तथा सैनिक पीछे हटाने के बारे में लिए निर्णयों का पालन नहीं किया जिससे गलवान में संकट की स्थिति पैदा हुई। गलवान टकराव से दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए। इससे भारत तथा दुनिया ने समझ लिया कि यह चीनी सैनिकों का सुनियोजित आक्रमण था जिसे शी जिनपिंग के नेतृत्व वाले केन्द्रीय सैनिक आयोग-सीएमसी की स्पष्ट अनुमति प्राप्त थी। इसके बाद चीन द्वारा दिखाई जिद से स्पष्ट है कि निसंदेह इस मामले में अंतिम निर्णय शी जिनपिंग के अलावा किसी अन्य ने नहीं लिया था जिनका 'चीनी सपना' और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा दांव पर लगी है।

शी एक कॅरियर राजनेता हैं जो अपने मुंह में 'लाल चम्मच' लेकर पैदा हुए थे। उनके पिता शी झोंगशुन 'लाल शाही' समूह के नायक और कम्युनिस्ट क्रांतिकारी थे जिसका माओत्से तुंग के बाद पतन हो गया। पिता को पद से हटाए जाने के बाद शी जिनपिंग बीजिंग की विशिष्ट जीवनशैली छोड़ कर ग्रामीण क्षेत्र में रहने पर मजबूर हुए। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी की युवा शाखा में शामिल होने के लिए संघर्ष किया और बाद में पार्टी ने उनको स्वीकार किया। इस प्रकार 'लाल शाही' में पैदा होने के बावजूद उनको सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करना पड़ा। इससे वे जिद्दी और महत्वाकांक्षी बन गए। उन्होंने अपनी शक्ति बढ़ानी शुरू की और अंतत: उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीसी की 'सामूहिक नेतृत्व' व्यवस्था समाप्त कर दी। वे न केवल चीन के तीन सर्वोच्च पदों पर कब्जा करने, बल्कि संविधान में राष्ट्रपति कार्यकाल की सीमा समाप्त कर अनन्त काल तक शासक बनने में सफल हुए। इससे सीपीसी के अनेक नेताओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है और वे सर्वोच्च पद तक नहीं पहुंच सकते हैं। सभी तानाशाहों की तरह शी के भी अपने देश में ही बड़ी संख्या में विरोधी हैं।

अपनी सत्ता मजबूत करते समय शी ने विचारधारा और राष्ट्रवाद पर जोर दिया। उनका विश्वास है कि चीनी जनता में अन्य चीजों पर कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभुत्व बना रहेगा। पीएलए की 'थ्री डब्लू' रणनीति का लक्ष्य इस विचारधारा का प्रोत्साहन सुनिश्चित करना है। इस प्रकार पीएलए राष्ट्रीय सेना के बजाय सीपीसी की सेना है। कॅरियर राजनयिकों के बजाय संयुक्त मोर्चा कार्य विभाग द्वारा शिक्षित कार्यकर्ताओं पर शी की निर्भरता के कारण दक्षिण एशिया व अन्य लक्षित देशों में नियुक्त राजनयिक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। शी ने राजनयिकों को 'वुल्फ वैरियर' बता कर चीनी राजनय को आक्रामक बनाया है। वे स्वयं को अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्चस्व को चुनौती देने वाले सर्वाधिक शक्तिशाली चीनी नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं। अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति तथा राष्ट्रवाद को समाहित करते हुए शी ने 'चीनी सपने' का रोडमैप पेश किया है।

सेवानिवृत्त कर्नल व लेखक लियू मिंगफू के अनुसार, 'राष्ट्रपति शी का सपना मजबूत सेना वाला मजबूत देश' है। 'चीनी सपने' के पीछे विचार पूर्व-मध्यवर्ती साम्राज्य की गरिमा बहाल कर विस्तारवाद के माध्यम से चीन का वर्चस्व स्थापित करना है। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय एकता के माध्यम से आंतरिक विरोध को न्यूनतम करना है। शी चीन को न केवल मजबूत, बल्कि आक्रामक भी बनाना चाहते हैं। यह वर्ष 2049 तक 'चीनी सपना' पूरा करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना का शताब्दी वर्ष होगा। इसमें 2021 व 2025 भी महत्वपूर्ण वर्ष हैं। 2021 में सीपीसी की सौवीं वर्षगांठ होगी। शी ने वादा किया था कि 2020 तक देश सभी चीनियों को गरीबी रेखा से ऊपर ला कर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व सशस्त्र सेनाओं को मजबूत कर गरीबी उन्मूलन कर देगा।

लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था में 2019 में ही गिरावट दिखने लगी थी और यह लगभग तीन दशक में सबसे धीमी हो गई थी। कोविड-19 महामारी के बाद शी समझ गए हैं कि वे 2020 के आर्थिक लक्ष्य पूरे नहीं कर सकेंगे। चीन के बड़बोलेपन के बावजूद निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था संकट में है। बैंकिंग पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ा है, बेरोजगारी बढ़ रही है तथा वैश्विक सप्लाई श्रृंखला टूटने से दबाव बढ़ा है। चीजें स्वाभाविक स्थिति में होने पर कामों का केन्द्रीकरण ठीक रहता है। लेकिन संकट के समय में अनेक विरोधी विचार भी सामने आते हैं। अपने देश में शी को इसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चीन में बिना उनकी सहमति या अनुमति के कुछ भी नहीं चलता है। अत: शी स्पष्ट रूप से गरीबी उन्मूलन का अपना लक्ष्य पाने में विफल रहे हैं और उनकी सत्ता को भारी चुनौती मिल रही है। ऐसे में पीएलए के पीछे हटने को चीन की पराजय के रूप में देखा जाएगा तथा मजबूत सेना का दूसरा लक्ष्य संदिग्ध हो जाएगा।

शी इस मोड़ पर जोखिम लेकर पीछे नहीं हट सकते हैं। इसी कारण चीनी मीडिया जाड़े में 'लांग हाल' की बात कर रहा है। शी का गणित इस अनुमान पर आधारित है कि लंबी सैनिक तैनाती का चीनी अर्थव्यवस्था के बजाय भारतीय अर्थव्यवस्था पर ज्यादा प्रभाव पड़ेगा। लेकिन उनकी सोच गलत है। भारत अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए एकजुट है और वह घुसपैठ वाले क्षेत्रों से चीन के पीछे हटने तक शांत नहीं होगा। दूसरी ओर शी को अपने देश में बढ़ते विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

पीएलए की अजेयता के बारे में राज्य-नियंत्रित चीनी मीडिया के प्रचार के बावजूद शी विजय के बारे में आश्वस्त नहीं हैं। एक गतिरोध को भी भारत की विजय तथा चीन की विफलता के रूप में देखा जाएगा। चीन में ऐसे विरोधियों की कोई कमी नहीं है जो उनकी विफलता की प्रतीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनको दूसरा मौका न मिले। शी के सामने झुकने या पीछे हटने का द्वंद्व है। महत्वाकांक्षी व्यक्तित्व को देखते हुए स्पष्ट है कि शी आसानी से अपने विरोधियों के सामने नहीं झुकेंगे। इस्तीफा देने के लिए मजबूर किए जाने के बजाय वे उपयुक्त समय पर झुकने व पीएलए को पीछे हटने का आदेश देना ज्यादा पसंद करेंगे। वार्ताओं और समय पर निर्भर है कि यह कैसे और कब होगा। इस बीच भारत को किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होना होगा।

# संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनरीक्षण की आवश्यकता

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार एवं स्तम्भकार हैं)



**अगले** महीने संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के 75 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। यह सापेक्षत: एक युवा संगठन है लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण जन्मदिन अर्थ है कि अब इसके पुनरीक्षण का समय आ गया है। अक्टूबर 1945 में सैन फ्रांसिस्को में इसकी संरचना को अंतिम रूप दिए जाने के उपरांत यह अस्तित्वमान हुआ था, जिसमें भारत समेत 50 देशों ने भाग लिया था। तब से यह फला-फूला है और आज संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की संख्या 193 है। इसके अतिरिक्त, आज का संयुक्त राष्ट्र 75 वर्ष पूर्व के संयुक्त राष्ट्र की तुलना में व्यापक रूप से भिन्न है। बड़ा सवाल यह है कि क्या इस विश्व निकाय ने अपनी भूमिका का उचित ढंग से निर्वहन किया है अथवा यह अप्रासंगिक हो गया है? संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव स्वर्गीय डैग हैमर्सकजोल्ड, जिनका एक कथन बड़ा प्रसिद्ध है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन, ''मनुष्य को स्वर्ग ले जाने के लिए नहीं बल्कि मानवता को नरक से बचाने के लिए हुआ है।''

रोचक ढंग से, जो लोग संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करते हैं उनका मानना है कि इस विश्व निकाय ने कुल मिलाकर अपना उद्देश्य पूर्ण किया है। तथ्य यह है कि उतार-चढ़ावों के बावजूद यह कायम हे, सफलता को दर्शाता है। वे उल्लेख करते हैं कि पिछले 75 वर्षों के दौरान कोई नाभिकीय युद्ध नहीं हुआ है। अन्य लोग संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना मिशनों की सराहना करते हैं। वे इसके सतत विकास कार्यक्रमों की भी सराहना करते हैं। लेकिन विविध कारणों से प्रभावी न हो पाने के कारण संयुक्त राष्ट्र की आलोचना भी होती है। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में कुछ स्वेच्छाचारी शासकों ने निरपराध नागरिकों के खिलाफ परम्परागत हथियारों का प्रयोग किया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव अबाध्यकारी होते हैं। विश्व निकाय से संघर्षों व युद्ध को रोकने की अपेक्षा की जाती हे और फिर भी उसके प्रादुर्भाव के बाद से 80 संघर्ष हो चुके हैं। पिछले तीन दशकों में, बुश से लेकर ट्रंप तक, अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली को लेकर उसकी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र संसाधनों के अभाव से भी जूझ रहा है क्योंकि अमेरिका समेत सभी सदस्य समय से अपना योगदान नहीं देते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के साथ भारत का जुड़ाव उल्लेखनीय है। संस्थापक सदस्य के तौर पर, संयुक्त राष्ट्र अधिकार प्रपत्र के लक्ष्यों व कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में नई दिल्ली का योगदान प्रचुर मात्रा में रहा है। यह बहुत से संयुक्त राष्ट्र निकायों में संलिप्त रहा है और भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्यकारी समिति का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत अब महिला प्रस्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का सदस्य 2021 से 2025 तक बना है।



भारत जून में दो वर्षों के लिए शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य चुना गया था और दो वर्ष के आठ कार्यकाल पहले भी पूर्ण कर चुका है। नई दिल्ली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए लाबीइंग कर रही है और उसमें स्थान प्राप्त करने का दावा भी पेश किया है। कई वर्षों से, जब कभी भी हमारे किसी प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा की अथवा किसी राज्य के प्रमुख भारत आए, तो एक मुद्दा जो हमेशा उठाया जाता रहा है वह है विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के अभ्यर्थन का समर्थन प्राप्त करना। हालांकि, सुधारों का आगाज़ विविध कारणों से नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के लिए, प्रथम पांच सदस्य अपनी वीटो शक्ति को खोने के लिए तैयार नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने शांति सेनाओं में भारत के योगदान की सराहना की है क्योंकि यह उपनिवेशवाद एवं रंगभेद के अंत एवं वैश्विक निशस्त्रीकरण एवं आतंकवाद की समाप्ति जैसे बहुत से मुद्दों के पीछे एक वाहक शक्ति बनकर काम करता रहा है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुधारों का प्रबल हिमायती है। शुरुआत में नई दिल्ली का परिषद का सदस्य बनने की कोई इच्छा नहीं थी। हालांकि, जब, महासभा ने 1992 में संयुक्त राष्ट्र सुधारों के लिए कदम बढ़ाया, जापान, जर्मनी और ब्राजील ने विस्तारित सुरक्षा परिषद में सदस्यता की मांग की। भारत भी इस मांग का हिस्सा बन गया। हालांकि, कई यूरोपीय सदस्यों ने जर्मनी के दावे पर आपत्ति जताई, अर्जेंटीना ने ब्राजील का और पाकिस्तान ने भारत का विरोध किया, आदि। उसके पश्चात, चार देशों ने मिलकर काम करने के लिए ब्रिक्स का गठन किया।

एक सवाल जो आज की परिस्थितियों में बार-बार पूछा जा रहा है वह यह कि संयुक्त राष्ट्र का भविष्य क्या है? कुछ देश चाहते हैं कि संयुक्त राष्ट्र विश्व के मामलों में बड़ी भूमिमा अदा करे, जबकि अन्यों की इच्छा है कि उसकी भूमिका विशिष्ट रूप से मानवीय कार्यों पर केंद्रित रहे। व्यवस्था को सुधारना एवं व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं धन प्राप्त करना संयुक्त राष्ट्र के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीजें हैं। लगभग नब्बे के दशक के पूर्वाद्ध से, सुधारों की बातें की जाती रही हैं मगर इस बाबत कोई प्रगति नहीं हुई है, जो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। दूसरे, संयुक्त राष्ट्र को आधुनिकीकृत किए जाने की आवश्यकता है। बहुत से लोगों को लगता है कि वर्तमान ढांचा दोषपूर्ण है और बहुत से कार्यक्रम प्राय: बनावटी होते हैं। तीसरे, यह भावना बढ़ती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र को मजबूत किया जाना चाहिए। विश्व निकाय में गलत काम करने वाले सदस्यों से निबटने के लिए और अधिक शक्तियां समाहित की जानी चाहिए।

चौथे, संयुक्त राष्ट्र के वित्त पोषण को किसी भी वजह से रोका नहीं जाना चाहिए क्योंकि विश्व निकाय को स्वतंत्र रहने दिया जाना अनिवार्य है। संयुक्त राष्ट्र नकदी, वस्तुएं एवं सेवाओं के लिए अपने सदस्य देशों द्वारा किए जाने वाले वित्तीय एवं मदद पर आश्रित है। कर्मचारियों की संख्या को कम करने की आवश्यकता है। जैसा कि दि गार्जियन समाचार पत्र ने कुछ समय पूर्व उल्लेख किया था, ''85,000 नौकरशाह, 40 अरब डॉलर के वार्षिक खर्चे, जो 1946 में संगठन के बजट का 2,000 गुना है। पिछले 20 वर्षों में खर्च चौगुना बढ़ गया है और अभी भी, कुछ अभिकरण इस बात संघर्ष में लगे हैं।'' हालांकि, सभी शिकायतों एवं आलोचनाओं के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र वर्तमान समय में एकमात्र ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था संस्था है जहां राज्यो के मुखिया महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हो सकते हैं तथा विश्व की समस्याओं का निराकरण करने हेतु सदस्य देश एकजुट होकर काम कर सकते हैं। कुलमिलाकर संयुक्त राष्ट्र एक मिश्रण है और उसके सदस्यों का काम है उसे प्रभावी बनाना। इस स्थिति में, संयुक्त राष्ट्र को ध्वस्त करने के बजाए उसे सुधारने की जरूरत है।

## आप की बात

### दिल्ली में बढ़ता संक्रमण

**एक** समय कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने की मिसाल बन रही दिल्ली इस समय फिर संक्रमण की तेज रफ्तार की चपेट में है। लगातार बढ़ रहे मामलों से सरकार सतर्क और निश्चिंत हैं, तो वह सामुदायिक संक्रमण की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही हैं। अगर जल्द ही इस ओर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ी चिंताएं बढ़ सकती हैं। कभी कोरोना को पछाड़ने और देश-विदेश में मॉडल बनी दिल्ली फिर कोरोना वायरस के गड्ढे में गिरती दिख रही हैं। प्रतिदिन आ रहे संक्रमण के बड़े आंकड़ों से सरकार की नींद हराम होती जा रही हैं। उस पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का बयान कि जिस तरह से दिल्ली में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ रहा हैं, उसे देखते हुए सामुदायिक संक्रमण से इंकार नहीं किया जा सकता निश्चित रूप से यह बयान ताजा हालातों में ठीक ही हैं। दिल्ली के प्रति 100 में से 10 व्यक्ति संक्रमित निकल रहे हैं। अब तक दिल्ली में 2,38828 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें 21प्रतिशत मृत्यु दर हैं जो देश की मृत्यु दर से 1.6 अधिक हैं। दिल्ली में बढ़ी हुई मृत्यु दर भी चिंता का विषय हैं। राज्य के साथ केंद्र सरकार भी ठोस उपाय करे जिससे हालात बिगड़ने से रोका जा सके।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

### दोषियों को सजा मिले

**ऐसा** कहा जाता रहा है कि फिल्में हमारे समाज का आईना होती है और उसमें कार्य करने वाले कलाकार अपने किरदार से समाज के लोगों को प्रभावित करते हैं। परन्तु पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो बालीवुड में जिस तरह की फिल्में अब बनती है, फूहड़ता और अश्लीलता की जो चरम सीमा का चित्रण फिल्मों में किया जाता है, वो समाज का आईना नहीं बल्कि समाज को एक गलत दिशा में ले जाने का एक दूषित प्रयास है। भारत में एक बहुत बड़ा वर्ग है जो बड़ी भावुकता से इन कलाकारों के साथ हृदय से जुड़ जाता है, उन कलाकारों को अपना आदर्श तक समझने लगता है। परन्तु वहीं कलाकारो के जब वास्तविक जीवन के चरित्र का खुलासा होता है तो वह दर्शक अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। जब से सुशांत राजपूत के केस में ड्रग्स के काले बाजार का एक नया मोड़ आया है और जिस तरह से आये दिन ड्रग्स के सेवन करने वालों की कड़ी दिन पर दिन खुलती जा रही है मानो लगता है पूरा का पूरा बालीवुड ही इस नशे की चपेट में हैं, वो फिर चाहे नये कलाकार हो या पुराने, कोई भी इससे अछूता नहीं है। खुलासा निष्पक्ष होकर करना चाहिए जिससे सभी की असलियत समाज को पता हो सके और इन सभी को उचित दण्ड मिले।

– **अभिनव दीक्षित,** बांगरमऊ

### विरोध का दमन

**आज** की व्यवस्था में किसी भी मुद्दे या समस्या पर विरोध करना या आवाज उठाना भारी पड़ता जा रहा है। नोएडा में सफाई कर्मियों को हटाने के नोटिस दिए जाने के बाद सभी सफाई कर्मियों द्वारा शांतिपूर्ण विरोध करने व उनकी समस्याओं को सुनने की बजाय सफाई कर्मियों को पुलिस की लाठियां खाने को मिली। नौकरी से निकाले जाने के भय से एक सफाई कर्मी ने खुदकुशी कर ली। बिल के विरोध में किसान सड़क पर है तो उन्हें भी लाठियों से ठोका पीटा गया यानी बातचीत व संवाद का उपक्रम इस कोरोना काल में बंद हो गया है या जमींदोज कर दिया गया है। पिछले कुछ समय से यह ट्रेंड देखने में आया है कि बहुमत में मगरूर हो कर जो भी करना है वो कर दो लेकिन विरोध करने वालों की एक ना सुनो। अगर ज्यादा विरोध करते हैं तो पुलिस की लाठियां तैयार है । आजकल तो बिना वर्दी वाले बाउंसर भी मोर्चा संभालने लगे हैं । चाहे जो हो सरकार का फर्ज है कि वह जो भी कानून बनाए, नियम बनाएं जनता को पूरी तरह संतुष्ट करना चाहिए लेकिन नहीं किया जा रहा है।

– **विषधर खरा,** उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**हमें** यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि विकासशील जगत बर्बादी, निर्धनता वृद्धि एवं ऋणग्रस्तता के भंवर में न डूबने पाए।

– **एंटोनियो गुटेरस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**हम** वैक्सीन बांटेंगे, हम वायरस को हराएंगे, महामारी को खत्म करेंगे और अभूतपूर्व समृद्धि, सहयोग एवं शांति के एक नए युग में प्रवेश करेंगे।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**अर्थव्यवस्था** की तरह स्वास्थ्यरक्षा के क्षेत्र में भी अब हमें साझीदारी संबंधों में आने वाले अवरोधों को समाप्त करने की आवश्यकता है।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति

# सड़क निरीक्षण करने पहुंचे राज्यमंत्री ने अनियमितताओं पर लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**उत्तर प्रदेश के** स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्यमन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गड्ढामुक्त सड़कों की वास्तविकता जांचने के लिए पूरे प्रशासनिक अमले को सड़क पर चलकर आईना दिखाया। विगत दिनों मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने मंडलीय सभागार में कमिश्नर व जिलाधिकारी के साथ बैठक में शहर की खराब सड़कों को तत्काल दुरुस्त किए जाने हेतु निश्चित समय देकर स्वयं मौके पर चलकर सड़कों की स्थिति जांचने के निर्देश दिया था। जिसके पश्चात जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में उपजिलाधिकारी व मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चार टीमें गठित की थी। गुरुवार को राज्यमंत्री सर्किट हाउस से एडीएम सिटी, एसीएम, पीडब्लूडी, नगर निगम के अधिकारियों के साथ सेंट्रल जेल रोड़ सिकरौल, भीम नगर, कुंज विहार, शिवपुर बाजार, अतुलनानंद बाईपास, भोजूबीर सिंधौरा रोड़, सब्जी मंडी भोजूबीर, सरसौली, मीरापुर बसही आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि पीडब्लूडी और नगर निगम के आपसी तालमेल की कमी के कारण सिकरौल में अतिक्रमण का बहाना बनाकर नाली निर्माण नही कराकर ठेकेदारों को कार्य मे बिलंब का मौका दिया जा रहा है ताकि समय के साथ आगणन की धनराशि बढ़ाई जा सके, वही भोजूबीर सिंधौरा रोड़ पर सब्जी मंडी के निकट आईपीडीएस के द्वारा 8 माह पूर्व कार्य पूर्ण होने पर भी सड़क को नगर निगम के द्वारा बराबर नही किया गया, नगर निगम के अधिशासी अभियंता को 24 घंटे में बराबर करने को कहा। वही मीरापुर बसही में बने गड्ढे को देखकर मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने पीडब्ल्यू के सुग्रीव राम समेत सभी अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस के दौरान 80 लाख खर्च होने के बाद भी इतने बड़े गढ़े बने हैं, जिसके निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री प्रयोग की जा रही है, इसके साथ ही एडीएम सिटी को सभी की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने को कहा और स्पष्ट किया कि बहुत अकर्मण्यता हो चुकी है अब इन दोषी अधिकारियों को कार्यवाही के लिए तैयार रहना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री रविन्द्र जायसवाल के साथ दिनेश यादव पार्षद, सुनील सोनकर पार्षद, मैदान दुबे, जितेंद्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अरविंद सिंह पिंकू, महानगर आईटी विभाग से कुणाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम व कमिश्नर ने अस्पताल का दौरा कर मरीजों से की बात


पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कमिश्नर दीपक** अग्रवाल एवं जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने गुरुवार को ईएसआईसी हास्पिटल का निरीक्षण कर आक्सीजन सिलिंडरों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कमिश्नर को बताया गया गया कि सिलिंडर मरीजों के लिए पर्याप्त हैं। मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने बताया कि वर्तमान में एल1 के 24 मरीज भर्ती हैं। आक्सीजन सप्लाई के सिस्टम तथा रिफिलिंग व्यवस्था के विषय में पूछताछ की गई। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने अस्पताल में आने वाले मरीजों के बैठने के स्थान, काउण्टर सहित सभी जगहों पर सेनिटाइजेशन तथा औषधियों की उपलब्धता के बारे में मेडिकल सुपरिटेंडेंट से पूछा। उन्होंने अस्पताल में इलाज के पर्याप्त संसाधनों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि किसी तरह की कोई भी समस्या हो, तो उसका तत्काल निदान किया जाये और जिला प्रशासन की जानकारी में लायें।जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण करने के दौरान वहां टोकन वेंडिग मशीन के बारे में पूछा कि जिसे मशीन की जानकारी न हो तो वह कैसे टोकन लेता है तो बताया गया कि ड्यूटी पर तैनात गार्ड उसे मदद करते हैं टोकन निकाल कर देते हैं। टोकन वेंडिंग मशीन से 4 रजिस्ट्रेशन काउंटर के लिए टोकन दिए जाते हैं जिससे लोगों में फिजिकल डिस्टेंस बना रहे और भीड़ न इकट्ठा हो। दोनों अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कक्ष में स्थापित सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पूछा कि डाक्टरों के वार्ड में ड्यूटी पर तैनात रहने तथा मरीजों के इलाज पर किस तरह नजर रखी जाती है। इस दौरान कमिश्नर ने जानना चाहा कि वार्ड में भर्ती मरीज से बात हो सकती है क्या, तत्पश्चात् कंट्रोल रूम से ही मौके पर मौजूद स्टाफ द्वारा वार्ड में भर्ती मरीज गौरव सोनकर से उनकी से बात करायी गयी। कमिश्नर ने मेडिकल सुपरिटेंडेंट को निर्देशित किया कि मरीजों के अटेन्डेंट को मरीज की स्थिति की सही जानकारी भी दें जिससे वे संतुष्ट रहें और इलाज के बारे में किसी प्रकार की कोई भ्रांति न हो।

# बीपीसीएल नैनी ने ओएनजीसी के लिए दिए दो पंप

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




पम्पों को रवाना करते बीपीसीएल नैनी के अधिकारी

**भारत पम्प एण्ड** कम्प्रेसर लिमिटेड बीपीसीएल नैनी ने ओएनजीसी मेहसाणा को दो प्लंजर पंपों की पहली खेप देकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गुजरात के उत्तरी संथाल में ओएनजीसी मेहसाणा एसेट में स्थापित किये जाने वाले पम्पों को आज बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्य महाप्रबंधक रतन प्रकाश ने हरी झंडी दिखायी। प्लंजर पम्प की आपूर्ति का आर्डर दिसम्बर 19 में मिला था। जो पहले एक निजी क्षेत्र के पम्प निर्माता पर था। इस आर्डर को रद्द किये गये मूल्य से अधिक कीमत पर 291 लाख रूपये में बीपीसीएल पर रखा गया था। जो बीपीसीएल उत्पाद की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। यह आदेश मेसर्स तोशिबा वाटर सॉल्यूशंस से प्राप्त हुआ। जो ओएनसीजी के एक एलएसटीके ठेकेदार हैं। कोविड 19 प्रभाव के बावजूद पहले दो पम्पों को रिकार्ड समय में आपूर्ति की गयी। ताकि ग्राहक अपने उत्पादन को अधिकतम कर सकें। बैलेंस दो पम्प भी एक महीने में भीतर भेज दिए जाएंगे। मुख्य महाप्रबंधक ने कोविड 19 महामारी के बावजूद पम्पों की समय पर आपूर्ति के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सीएमडी बीपीसीएल सुनील परवानी ने इंजीनियरों और कामगारों के प्रयासों के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है। उनसे उसी भावना और उत्साह को बनाये रखने की अपील की। जो निश्चित रूप से बीपीसीएल को नयी उंचाइयों पर ले जायेगा।

# वैश्य चेतना महासभा के प्रदीप जायसवाल को प्रदेश की कमान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय वैश्य** चेतना महासभा मंडल वाराणसी के तत्वाधान में पंचक्रोशी स्थित श्रीराम कॉमर्स पीजी कॉलेज में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी वरिष्ठ नेताओं ने समाजवादी व्यापार के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्षए हरिश्चन्द्र महाविद्यालय वाराणसी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पद वाराणसी के युवा नेता प्रदीप जायसवाल को भारतीय वैश्य चेतना महासभाए उ0प्र0 युवा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया।जहां भारतीय वैश्य चेतना महासभा के सभी पदाधिकारियों ने युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की अगुवाई में पूरे प्रदेश में संघ संगठन को मजबूत करने के लिए उम्मीद जताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केराकत के चेयरमैन एवं प्रदेश महासचिव संगठन विनोद गुप्ता ने कहा कि वह समाज को एकजुट होकर राजनीतिक रूप से चैतन्य होना नितांत आवश्यक है।मुख्य वक्ता व संरक्षक पारसनाथ जायसवाल ने कहा कि वैश्य समाज ने देश की आजादी की अगुआ महात्मा गांधी बापूजी को दिया तथा समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया को दिया।भारतीय वैश्य चेतना महासभा युवा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि वैश्य एवं व्यापारियों के सम्मान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और पूरे प्रदेश में दौरा कर भारतीय वैश्य चेतना महासभा के संगठन का विकास राजनीतिक रूप से चैतन्य कर योग्य नौजवानों व व्यापारियों को जोड़कर करूंगा।

# मोनिरबा प्लेसमेंट ड्राइव में 11 छात्र उप प्रबंधक पद पर चयनित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** विश्वविद्यालय के प्रबंधन संस्थान मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन मोनिरबा में आईसीआईसीआई बैंक की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का ऑनलाइन आयोजन हुआ। कंपनी के अधिकारियों ने विभिन्न चरणों की प्रक्रिया में विद्यार्थियों की योग्यता दिमागी कौशल आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं का बारीकी से आंकलन किया। इस दौरान छात्रों से कोरोना को लेकर कई सवाल भी पूछे गए। उधर कोरोना काल में जहाँ एक ओर कंपनियों द्वारा छटाई चल रही है।

## ● अपनी प्रतिभा और काबिलियत के बल पर छात्रों ने आईसीआईसीआई बैंक में बनाई है जगह

वहीं अपनी प्रतिभा और काबिलियत के बल पर छात्रों ने आईसीआईसीआई बैंक में जगह बनाई है। जिसमें संस्थान के ग्यारह छात्रों का चयन डिप्टी मैनेजर पद के लिए हुआ है। जिसका औसतन सालाना पैकेज 6 लाख 54 हजार तय हुआ है। मोनिरबा की प्लेसमेंट अधिकारी डॉक्टर एकता वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जिन छात्रों का चयन हुआ है उनमें आदित्य विश्वकर्मा ऐश्वर्या केसरी अंजलि राजन हर्षित जायसवाल मनीषा कनौजिया परिज्ञा सिंह रोहित जुयाल शिवम तिवारी श्रेष्ठ जायसवाल श्रेया श्रीवास्तव और तुषार गुप्ता आदि शामिल हैं। डॉक्टर एकता वर्मा ने बताया कि चयनित छात्रों को देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानांतरित किया जाएगा। आने वाले सेमेस्टर में और भी प्लेसमेंट आयोजित होते रहेंगे। मोनिरबा के निदेशक एवं हेड प्रोफेसर अंजनी मालवीय ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## क्विक न्यूज

### सैकड़ों किसानों को वितरित किया गया मास्क, सेनिटाइजर

**प्रयागराज।** मौजूदा मुश्किल समय में भी देश के किसान अथक परिश्रम कर रहे हैं। उनकी मेहनत के चलते ही देश में हर रोज लाखों लोगों के लिए भोजन सुनिश्चित हो रहा है। कोविड 19 महामारी से जारी लड़ाई में पेप्सीको इंडिया ने आज उत्तर प्रदेश के आगरा में किसान समुदाय को हाईजीन किट्स प्रदान करने की घोषणा की। चुनौतीपूर्ण समय में भी साहस से काम करने वाले किसानों की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वितरित की जाने वाली हाई?ीन किट में मास्क और सैनिटाइजर है। यह एक जागरूकता अभियान भी है। जो कोविड 19 के खिलाफल?ाई के लिए बहुत ही जरूरी हो चला है। इसके अलावा किसानों के बीच सर्वश्रेष्ठ विधियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष ऑनग्राउंड प्रोग्राम भी चलाया रहा है। जो हाथ धोने उचित तरीके से मास्क पहनने तथा सोशल डिस्टैंसिंग जैसे प्रिवेंटिव उपायों का पालन करने पर केंद्रित है। प्रताप बोस एग्रो निदेशक ने कहा कि वह किसानों के आभारी हैं। जो भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोविड 19 महामारी के दौरान भी मेहनत से काम करते रहे हैं। किसान ही भारत के असली नायक हैं। चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद वो सराहना पाए जाने की इच्छा के बगैर निरंतर काम करते रहे।

### प्रयागराज मंडल पर चलाया गया स्वच्छ नीर अभियान

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज अमिताभ की अगुवाई में गुरुवार को प्रयागराज मंडल पर स्वच्छता पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। प्रयागराज मंडल पर आज स्वच्छता अभियान का नौवां दिन था। आज भी मंडल के विभिन्न छोटे बड़े स्टेशनों पर स्वच्छ नीर अभियान चलाया गया। बुधवार और आज चले सफाई अभियान के अंतर्गत स्टेशनों के विभिन्न प्लेटफार्म ऊपर लगे वाटर बूथों नलों वाटर हाइड्रेंट पंप हाउस पानी की टंकियों की गहन सफाई की गई। पीआरओ केशव त्रिपाठी ने बताया कि जगह जगह पानी के सैंपल लिए गए और उन्हें गुणवत्ता की जांच के प्रयोगशालाओं में भेजा गया। प्रयागराज जंक्शन पर संपूर्ण जल वितरण प्रणाली की जांच की गई। पंप हाउस से प्लेटफार्म पर लगे नल तक पूरे सिस्टम की गहन सफाई की गई। छिवकी में वाटर हाइड्रेंट की सफाई की गई तो वही फतेहपुर में जीरो 5483 कोविड 19 महानंदा एक्सप्रेस की पैंट्री मैं रखे पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के रेट और मात्रा की जांच की गई। स्टेशनों से पेयजल के नमूने इकट्ठे किए गए और उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया ताकि पानी की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके।

### किशोरी से अधेड़ ने की छेडछाड़, केस दर्ज

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरीमऊ निवासी एक किशोरी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने चाची के घर में बैठी थी। तभी गांव का रहने वाला एक अधेड़ आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। चीखने चिल्लाने पर आसपास के मौजूद लोग आ गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मांखी व सफीपुर कोतवाली एसपी ने किया निरीक्षण

**उन्नाव।** एसपी ने बुधवार की देररात मांखी व सफीपुर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया है। जहां खामियां मिलने पर दोनो थाना प्रभारियों को सुधार करने के निर्देश दिए है। एसपी आनंद कुलकर्णी बुधवार की रात अचानक माखी थाने पहुंच गए। एसपी को थाने में देख पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसपी ने थाना कार्यालय , सीसीटीएनएस कार्यालय आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर थाना प्रभारी पवन सोनकर को फटकार लगाते हुए सुधार करने के निर्देश दिए है। अभिलेखों के रखरखाव के लिए संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। एसपी के रवाना होने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद एसपी सफीपुर कोतवाली पहुंच गए। जहां उन्होनें बनाए गए कोविड-19 हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया।

### हॉस्पिटल संचालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हसनगंज,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मोहान-लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्लोब हॉस्पिटल में 14 सितंबर को डिप्टी सीएमओ व एसडीएम ने छापा मार हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। जहां मौके पर कोई भी डॉक्टर नहीं मिले और न ही कोविड-19 के तहत नियमों का पालन किया जा रहा था। जिस पर सीएचसी प्रभारी डा. गौरव सिंह ने कोतवाली में संचालक के खिलाफ फर्जी तरीके से हॉस्पिटल चलाने के तहत केस दर्ज कराया था। गुरूवार को कोतवाली पुलिस ने संचालक सुशील कुमार पुत्र राजाराम निवासी भरहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में कोई भी डाक्टर नही मिला था। जबकि हॉस्पिटल के बाहर लखनऊ के नाम के डाक्टर का बोर्ड लगा हुआ था और फर्जी तरीके से संचालक चला रहा था। जिसपर कार्रवाई की गई।

# राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की मजबूती बेहद जरूरी: गुरुदेव

पाययनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

## ● गुरुदेव ने की चीन के बने सामानों के बहिष्कार की अपील

**धार्मिक संस्था** ओम नमः शिवाय के गुरुदेव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की मजबूती बेहद जरूरी हो चली है। भारत देश के जो लोग हैं उनको चीन से सीख लेना चाहिए। चीन ने एकता और राष्ट्रधर्म के कारण सभी को एकजुट कर रखा है और वह दिन दूना रात चौगुना तरक्की भी कर रहा है। गुरुदेव ने कहा कि हमारे भारत देश के कुछ लोग आपस में द्वेष पैदा कर रहे हैं। ऐसे में चीन से कैसे ल? सकते हैं। ऐसे में चीन से लड़ना तो दूर वह अपनों से ही लड़ने में दिन रात लगे हुए हैं। जहां एक ओर इससे सेना के जवानों का मनोबल भी गिर रहा है। जबकि ऐसा नही होना चाहिए। बल्कि सभी लोगों को मिलकर देश को मजबूत करना चाहिये। जिससे कि सेना का मनोबल और मजबूत हो और वह सीमा पर चीन से सख्ती से निपट सके।ओम नमरू शिवाय के गुरुदेव ने यह बातें गुरूवार को बलुआघाट स्थित आश्रम में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि जिस देश को प्रजा और राजा मिलकर चलाते हैं उस देश से कोई जीत नही सकता। न ही उस देश को कोई क्षति ही पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय सबसे अहम यह बात है कि देश में इतने विभीषण हो गये हैं कि उनको चीन से सीख लेना चाहिए। क्योंकि विभीषण के कारण ही लंका का समूल नाश हुआ था। यही कारण है कि लोग अपने बच्चों का नाम विभीषण नही रखते। क्योंकि उसका ऐसा कृत्य था कि उससे प्रजा और राजा सभी दुरूखी थे। गुरुदेव ने कहा कि यहां देर है अंधेर नही। हमारी मातृभूमि हमे यश अपयश देती और जन्मभूमि हमे जन्म। उन्होंने सभी से अपील की है कि सब को त्याग कर राष्ट्रधर्म का पालन करना चाहिए और देश को मजबूत करना चाहिए तभी देश के साथ जनता की की समृद्धि होगी। उन्होंने शिष्यों और भक्तों से चीन में बने हुए सामानों के बहिष्कार की भी अपील की। जिससे कि चीन आर्थिक रूप से कमजोर हो सके।



# धूमधाम से मनाई गई पंडित प्रताप नारायण मिश्र की 165वीं जयंती

संवाददाता। उन्नाव

**स्वतंत्रता संग्राम** के प्रथम कवि पंडित प्रताप नारायण मिश्र की 165वीं जयंती के अवसर पर गुरूवार को उनके पैतृक गांव बेथर में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर जिले के साहित्यिक सामाजिक, व राजनैतिक लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता समर में अपनी लेखनी के माध्यम से निराश भारतीय जनमानस में नए उत्साह का संचार करने वाले महान कवि व साहित्यकार पण्डित प्रताप नारायण मिश्र की जन्मभूमि की मिट्टी का चरण वंदन करने का अवसर पाकर धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि जब हमे गर्व होता है कि हम उस जनपद की मिट्टी में पैदा हुए। जहां पंडित प्रताप नारायण मिश्र, निराला, सुमन जैसी साहित्य जगत की महान हस्तियों ने जन्म लिया। सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर ने प्रताप नारायण मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बचपन मे हाईस्कूल की किताब से मिश्र जी के विषय मे जानकारी हुई थी कि वह भी हमारे उन्नाव जनपद की मिट्टी के सपूत हैं। आज उनके जन्म भूमि की मिट्टी को प्रणाम करने का अवसर पाकर मेरा जीवन धन्य हो गया। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकरिणी के सदस्य आनन्द अवस्थी ने भी अपने सम्बोधन द्वारा पंडित प्रताप नारायण को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा कार्यक्रम को ट्रष्ट के अध्यक्ष शिवसहाय मिश्र, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सोनी शुक्ल, केडी त्रिवेदी, ब्राह्मण महा सभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश मिश्र, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष भानू मिश्र, शिवम आजाद, नीरज बाजपेई, प्रकाश चन्द्र मिश्र, आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम संयोजक जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरिसहाय मिश्र मदन ने आए हुए लोगो का आभार प्रकट किया। इस मौके पर बीडीसी गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य अंकित मिश्र, राजकुमार सिंह, छोटेलाल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# कंपोजिट ग्रांट घोटाले में संलिप्त जौनपुर की फर्म के जरिए दिया गया खेल को अंजाम

संवाददाता। पाटन/उन्नाव

## ● शिक्षक बोले कार्रवाई की धमकी देकर बनाया गया था दबाव

**जिले के** बहुचर्चित कंपोजिट ग्रांट घोटाले में ईओडब्लू की जांच में फंसी जौनपुर की फर्म द्वारा सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र में भी जमकर धांधली की गई। खेलकूद किट की खरीद में जिम्मेदारों द्वारा 1500 व 2500 रुपए कीमत की सामग्री के लिए विद्यालयों को 5 व 10 हजार रुपये की धनराशि का भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया। सभी दिशा निर्देशों को ताक पर रखते हुए भ्रष्टाचार के खेल में विद्यालय प्रबंध समिति की व्यवस्था को भी धता बता दिया गया। शिक्षकों का आरोप है कि खेलकूद किट के नाम पर आधी अधूरी घटिया सामग्री देकर उन्हें मनमानी दरों वाला लंबा चौड़ा बिल थमाया गया। वहीं सूत्रों पर विश्वास करें तो कुछ विद्यालयों को किट उपलब्ध कराए बिना ही भुगतान करा लिया गया। सेन्टलाइज व्यवस्था के तहत एक फर्म द्वारा ली गयी सामग्री किसी बड़े खेल की ओर इशारा कर रही है। परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी खेलें इसी मंशा से सरकार ने खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के खातों में पूर्व में क्रमशः 5 व 10 हजार की धनराशि भेजी थी। खरीद मानकों व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा की जानी थी। किंतु विभागीय जिम्मेदार यहां भी नहीं चूके। आरोप है कि बीईओ द्वारा प्रधानाध्यापकों पर दबाव बनाकर आधी अधूरी व घटिया खेल सामग्री कम्पोजिट ग्रांट मामले में ईओडब्लू जांच में फंसी जौनपुर की मां वैष्णो एजेंसी से मनमाने दरों पर खरीदने के लिए मजबूर किया गया। जिन शिक्षकों ने नाफरमानी की कोशिश की उन्हें कार्यवाही का खौफदिखाकर मुंह बंद करा दिया गया। शिक्षकों का कहना है कि उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री चंद दिन भी नहीं चली।

### तिगनी-चौगुनी दरों पर बेची गई आधी अधूरी किट

**पाटन।** शिक्षकों ने बताया जौनपुर की फर्म के माध्यम से प्राथमिक स्कूलों में बामुश्किल 1500 रुपए कीमत की किट के लिए 5000 पांच हजार वहीं जूनियर स्कूलों में 2500-3000 कीमत की खेलकूद किट के लिए 10 हजार की धनराशि दिलाई गई।

### न्याय पंचायत स्तर पर की गई आपूर्ति

**पाटन।** विभागीय गाइड लाइन के अनुसार खेलकूद किट की खरीद विद्यालय स्तर पर प्रबंध समिति के नेतृत्व में होनी थी। इसकी आपूर्ति न्याय पंचायत स्तर पर कराई गई। किट को संबंधित प्रधान शिक्षकों को उपलब्ध करा कर उनसे चेक के रूप में प्राप्त भुगतान राशि को फर्म अथवा बीईओ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संकुल प्रभारियों को दी गई थी।

# दरोगा पर युवती ने लगाया छेडछाड़ का आरोप, एसपी ने किया लाइन हाजिर

संवाददाता। औरास,उन्नाव

**थाने में** तैनात दरोगा के खिलाफ क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बुधवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह एक मुकदमे को लेकर मां के साथ दरोगा से मिलने गई थी। जहां दरोगा ने मां को फोटोकॉपी कराने के लिए भेज दिया। उसके बाद उससे छेड़खानी की। उधर, मां के लौटने पर उसने घटना की जानकारी दी। जिसकी शिकायत एसओ से की, लेकिन एसओ ने कोई ध्यान नहीं दिया। मजबूरन महिला ने बुधवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर एसपी ने सीओ व महिला इंस्पेक्टर को थाने भेज कराई। जांच–पड़ताल, कर दरोगा व युवती के बयान दर्ज किये गए। जिसकी रिपोर्ट सीओ ने एसपी को सौंपी थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने दरोगा नरेंद्र कुमार को बुधवार देर रात ही लाइन हाजिर कर दिया था। औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बुधवार एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि वह बीती 12 सितंबर को मां के साथ औरास थाने गई थी। जहां एक मुकदमे से संबंधित दरोगा ने उसे कमरे में शाम करीब 7 बजे बुलाया। जहां दारोगा ने उसकी मां को प्रार्थनापत्र की फोटोकॉपी कराने भेज दिया। मां के जाने पर दरोगा ने उससे छेड़छाड़ की। मां के लौटने पर उसने घटना की जानकारी उसे दी। जिस पर दरोगा ने उसे कहीं शिकायत न करने की धमकी देते हुए मुकदमें में फंसाने की भी बात कही। इसके बाद उसने एसओ से शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी सुनवाई नहीं की। जिस पर पीड़िता बुधवार एसपी कार्यालय पहुंची और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की गुहार एसपी से लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बांगरमऊ सीओ अंजनी कुमार राय व महिला इंस्पेक्टर अर्चना गौतम को औरास थाने भेजा और गहनता से जांच कराई। इस बारे में सीओ ने बताया कि महिला इंस्पेक्टर ने युवती और उन्होंने दरोगा से बयान लिये थे। गुरुवार को महिला दरोगा पर मुकदमा दर्ज कराने पर अडी रही, लेकिन मौके पर जांच करने पहुंचे सीओ बांगरमऊ अंजानी राय व महिला इंस्पेक्टर अर्चना गौतम ने पीड़िता व उसकी मां को समझाते हुए कहा कि हर पहलू पर छानबीन की जा रही है। जांच रिपोर्ट एसपी को सौंप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपित दरोगा ने आरोपों को बताया निराधार

**छेड़छाड़ मामले** में आरोपित दरोगा ने बताया कि उन पर लगे आरोप निराधार हैं। युवती के स्वजन एक मुकदमे में धारा बढ़ाने को कह रहे थे। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ शिकायत की गई है।

# दिशाहीन हो गई है विपक्ष की राजनीतिः जावड़ेकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र में** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों की राजनीति को दिशाहीन ठहराते हुए संसद में पारित कुछ अहम विधेयकों को लेकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिकायत करने पर उन्हें आड़े हाथों लिया। संसद में बोलने के अपने अधिकार को छोड़कर विपक्षी दल बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और शिकायतें कर रहे हैं। जावड़ेकर ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए श्रम संहिता संबंधी क्रांतिकारी विधेयकों को पारित किया जा रहा था तब उन्होंने संसद का बहिष्कार किया और जब रास में कृषि सुधार संबंधी विधेयकों पर मत विभाजन के लिए उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह उन्हें अपनी सीट पर लौटने का आग्रह कर रहे थे तो उन्होंने इसे अनसुना कर दिया।

गत रविवार को कृषि सुधार से संबंधित विधेयकों के पारित होने के दौरान राज्यसभा में विपक्षी दलों के रुख की आलोचना करते हुए जावड़ेकर ने कहा, जिस तरह से विपक्ष राज्यसभा में पेश आया, वह लज्जा का विषय है। रास को शर्मसार कर दिया। विपक्ष मत विभाजन चाहिए था। उपसभापति ने उन्हें अपनी सीट पर लौट जाने को कहा तो उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब ये जाकर सब जगह शिकायतें कर रहे हैं। ये तो चोरी और सीनाजोरी का मामला हो गया। विपक्षी दलों की राजनीति दिशाहीन हो गई है। जब उनका अधिकार था संसद में बैठने का, बोलने का और अपनी राय देने का तो वह अधिकार उन्होंने छोड़ दिया, वाकआउट किया। सदन से बाहर जाकर प्रदर्शन किया, राष्ट्रपतिजी से मिलने गए।

जावड़ेकर ने कहा कि इसके लिए तो 300 दिन है जबकि संसद का सत्र 70-80 दिनों का ही होता है। संसद में बोलने से विपक्षी दलों को किसी ने रोका नहीं था। रविवार को उच्च सदन में कृषि संबंधी विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान भारी हंगामा हुआ था। किसान उत्पादन व्यापार एवं वाणिज्य (प्रोत्साहन एवं सुविधा) विधेयक 2020 तथा किसान (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) मूल्य आश्वासन का समझौता एवं कृषि सेवा विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया था। अगले ही दिन अमर्यादित व्यवहार के कारण विपक्षी दलों के आठ सदस्यों को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसके विरोध में आठों निलंबित सदस्य संसद भवन परिसर में ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए थे।

इन विधेयकों के पारित होने को असंवैधानिक बताते हुए विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की थी और उनसे आग्रह किया था कि वे इन पर अपने हस्ताक्षर ना करें। जावड़ेकर ने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से देश के किसानों को एक वरदान मिला है। विपक्ष की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और कृषि उत्पाद विपणन समितियां (एपीएमसी) समाप्त कर दिए जाने के दावे भी झूठे साबित हुए। श्रम सुधार कानूनों को क्रांतिकारी बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि इनमें ऐसे सुधार हैं जिनसे देश को मजदूरों को आजादी के बाद 73 सालों से वंचित रखा गया।

सबको न्यूनतम मजदूरी, सबको नियुक्ति का पत्र, सबको समय पर तनख्वाह, पुरूष महिलाओं को समान वेतन, हर मजदूर का मुफ्त चेकअप, साल में एक बार घर जाने के लिए प्रवासी मजदूर को भत्ता, सबको ईएसआई की सुविधा का समावेश इस श्रम संहिता में किया गया है। ए क्रांतिकारी पहल है। संसद ने बुधवार को श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए श्रम संहिता संबंधी तीन विधेयकों उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को पारित कर दिया था। जावड़ेकर ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, विपक्षी दलों ने इन महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होते समय संसद का बहिष्कार किया।




चित्तूर में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी तिरूमाला में भगवान वेंकटेश्वर की मूर्ति का स्मृति चिन्ह देते हुए।

## बलों को आंतरिक सुरक्षा जिम्मेदारियों से पूरी तरह मुक्त करने की योजना बना रही सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार सीमा की सुरक्षा करने वाले बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे सुरक्षा बलों को चरणबद्ध तरीके से आंतरिक सुरक्षा जिम्मेदारियों से मुक्त करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य देश की विभिन्न सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना है। पिछले साल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई इन बलों की बैठक में पहली बार इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी। गृह मंत्रालय एक नए मॉडल पर काम कर रहा है, जिसके तहत चुनाव कराने समेत आंतरिक सुरक्षा जिम्मेदारियों का अधिकतम भार देश का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल उठाएगा। तीन लाख 25 हजार सुरक्षाकर्मियों वाले सीआरपीएफ को पहले ही देश के अग्रणी आंतरिक सुरक्षा बल के तौर पर चिन्हित किया जा चुका है।

सीआरपीएफ के अधिकारियों ने प्रस्ताव के हवाले से बताया कि आगामी बिहार विस चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के दौरान एक नया प्रयोग किया जाएगा, जिसके तहत इन चुनावों में राज्य के पुलिस बल और सीआरपीएफ को 70:30 के अनुपात में तैनात किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, चुनाव के दौरान सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सीआरपीएफ के हाथों में होगी। सीमा की सुरक्षा करने वाले बल जैसे सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल को चरणबद्ध तरीके से चुनाव जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाएगा।

अधिकारी ने कहा, गृह मंत्रालय ने तय किया है कि इन तीनों बलों को चुनाव और कानून-व्यवस्था बरकरार रखने में राज्य के पुलिस बलों की मदद जैसी नियमित आंतरिक सुरक्षा जिम्मेदारियों से अगले कुछ वर्षो में पूरी तरह मुक्त किया जाए। प्रतिवर्ष, इन बलों के हजारों सैनिकों को सीमा से हटाकर चुनाव और विभिन्न राज्यों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद के लिए भेज दिया जाता है।

## ऑक्सीजन का स्तर गिरने के कारण तरुण गोगोई आईसीयू में

**गुवाहाटी।** कोविड-19 के बाद की जटिलताओं के कारण वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के शरीर में ऑक्सीजन का स्तर गिरने के चलते बृहस्पतिवार को उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने यह जानकारी दी। 85 वर्षीय गोगोई 25 अगस्त को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे, जिसके बाद उन्हें गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया था। संक्रमणमुक्त होने के बाद भी गोगोई अस्पताल में भर्ती रहे। अस्पताल के अधीक्षक अभिजीत सरमा ने कहा कि गोगोई पहले से ही कई बीमारियों की चपेट में हैं और फेफड़ों में कुछ परेशानी होने के साथ ऑक्सीजन का स्तर कम होने के बाद उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती किया गया। उन्होंने कहा, हालांकि, गोगोई की हालत स्थिर है और हम लगातार उनकी सेहत की निगरानी कर रहे हैं।

## मप्र के गृह मंत्री ने मास्क नहीं पहनने वाले बयान के लिए सार्वजनिक तौर पर खेद व्यक्त किया

**भाषा।** भोपाल

**किसी** भी कार्यक्रम में मास्क नहीं पहनने संबंधी बयान देने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अपनी गलती के लिए बृहस्पतिवार को सार्वजनिक तौर पर खेद व्यक्त किया। मिश्रा ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, मास्क के बारे में मेरा बयान पूर्णतः गलत और माननीय प्रधानमंत्री जी की भावनाओं के विपरीत था। अपने शब्दों को लेकर मुझे भी बेहद आंतरिक पीड़ा महसूस हुई है। मैं खेद प्रकट करते हुए सभी से मास्क पहनने और कोविड-19 से बचाव के नियमों का पालन करने की अपील करता हूँ।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, मास्क पहनने के बारे में मेरे बयान से कानून की अवहेलना महसूस हुई है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी की भावना के अनुरूप नहीं था। मैं अपनी गलती मानते हुए खेद प्रकट करता हूँ। मैं स्वयं भी मास्क पहनूंगा। समाज से भी अपील करूंगा कि सभी मास्क पहनें और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें।

दरअसल मिश्रा ने इंदौर में बुधवार को उनके मास्क नहीं लगाने के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा था, "मैं किसी भी कार्यक्रम में (मास्क) नहीं पहनता। इसमें क्या होता है? हालांकि बाद में बुधवार शाम को ही उन्होंने भोपाल में संवाददाताओं को इस पर सफाई देते हुए कहा, ऐसा नहीं है, लगाता हूं, आवश्यकता होती है तो लगाता हूं। दरअसल लम्बे समय तक नहीं लगा पाता। उसके पीछे कारण है। मुझे पॉलिप्स है (नाक के भीतर नेजल पैसेज या साइनस में कोमल, बिना दर्द वाली, गैर कैंसर वाली गांठ को नेजल पॉलिप्स कहा जाता है), मास्क लगाने पर घुटन होती है। लेकिन उसके बाद भी मैं कई कार्यक्रमों में, कई स्थानों जहां आवश्यकता होती है, (मास्क) लगाता हूं। गृहमंत्री के बृहस्पतिवार को खेद व्यक्त करने से पहले कांग्रेस ने बुधवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा था कि जिस प्रदेश में एक लाख से अधिक लोग संक्रमित हो , दो हज़ार से अधिक मौतें हो चुकी हो , जहां मास्क नहीं पहनने पर जनता पर जुर्माना लगता हो , वहाँ के गृह मंत्री कहते है कि मैं मास्क नहीं पहनता।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने गृहमंत्री की माफी पर व्यंगात्मक ट्वीट किया, सुबह - मैं मास्क नहीं पहनता। शाम - मुझे साँस संबंधी (पालीपस) तकलीफ़ है। अगले दिन - मैं गलती मानता हूँ , खेद व्यक्त करता हूँ। मेरा बयान प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप नहीं है।अब मैं मास्क पहनूँगा। जो भी सच्चाई हो लेकिन गृह मंत्री जी देर आए- दुरुस्त आए।

## क्विक न्यूज

### बीरेन ने तीन मंत्रियों को कैबिनेट से बाहर का रास्ता दिखाया

**इम्फाल।** मणिपुर में मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को तीन मंत्रियो को अपनी मंत्रिमंडल से हटा दिया। मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र के अनुसार, राज्यपाल नजमा हेप्तुल्ला ने इस संबंध में सिंह की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट से बाहर गए मंत्री हैं.... कृषि और पशुपालन मंत्री वी. हंगखालियान, सामाजिक कल्याण और सहकारिता मंत्री नेमच किमजेन और शिक्षा, श्रम और रोजगार मंत्री राधेश्याम सिंह। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एस. टिकेन्द्र सिंह हाल मे दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित कई पार्टी नेताओं से मुलाकात की थी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस दौरान मंत्रिमंडल मे फेरबदल और विधानसभा उपचुनाव सहित तमाम मुद्दो पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि60 सदस्ईय विधानसभा के पांच सीट हाल मे विधायको के इस्तीफे और उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के कारण रिक्त हो गई है।

### निलंबित आईएएस शिवशंकर एनआईए के सामने पेश हुए

**कोच्चि।** केरल मे सोने की तस्करी में मामले मे भारतीय प्रशासनिक सेवा के निलंबित अधिकारी एम शिवशंकर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सामने पेश हुए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे दो महीने पहले भी एजेंसी ने इस सनसनीखेज मामले के संबंध में उनसे पूछताछ की थी। मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश को भी पूछताछ के लिए यहां एनआईए कार्यालय में लाया गया। समाचार चैनलो पर दिखाई जा रही खबर में शिवशंकर को एनआईए कार्यालय पहुंचते देखा गया। इस मामले में सुरेश के साथ संबंध उजागर होने के बाद तीसरी बार अधिकारी को एनआईए के सामने पेश होना पड़ा है। सीमा शुल्क विभाग पहले ही उनसे पूछताछ कर चुका है।

### सिक्किम के मुख्यमंत्री के बेटे और नौ अन्य की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि

**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा और परिवार के कुछ अन्य सदस्यो के कोरोना वायरस की चपेट में आने के कुछ दिन बाद अब उनके बेटे विधायक आदित्य के भी कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव पेमा टी भूटिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री निवास मे नौ और लोगो की जांच मे संक्रमण की पुष्टि हुई है। सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्राथमिक तौर पर उनके संपर्क मे आने वाले लोगों की निश्चित अंतराल पर कोविड-19 जांच की जा रही है। आदित्य, सोरेंग-चखूंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। उन्होंने 21 सितंबर को विधानसभा सत्र मे भाग लिया था। बुधवार को उनकी जांच मे संक्रमण की पुष्टि हुई।

### लॉकडाउन के दौरान देश में संस्थागत प्रसव में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आईः केंद्रीय मंत्री अश्वनि चौबे

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान अप्रैल से जून महीने के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में देश में संस्थागत प्रसव में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने 18 सितंबर को लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे यह जानकारी दी। निचले सदन मे अपराजिता सारंगी ने पूछा था कि क्या लॉकडाउन लागू करने के बाद देश मे अस्पतालो मे कराए जाने वाले प्रसव मे कमी आई है। चौबे ने बताया कि स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) पोर्टल के अनुसार, मार्च से अगस्त 2020 तक कुल 10,96,048 प्रसव पूर्व जांच किए गए। कोविड महामारी के परिप्रेक्ष्य मे अप्रैल से जून 2020 मे पिछले वर्ष की तुलना मे देश मे संस्थागत प्रसव मे 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### परभणी में लाखों रुपए के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के परभणी जिले मे एक टैपो से करीब 16 लाख रुपए मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टैपो को तलाशी के लिए रोका जोकि पथरी रोड से होते हुए परभणी शहर की तरफ जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें करीब 16 लाख रुपए की कीमत वाले प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद मिले। पुलिस ने वाहन चालक समोल ढोबले (26) और तुकाराम वास्के (32) को हिरासत मे लिया है। संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पर्यटकों को अब नहीं दिखानी होगी कोविड-19 जांच रिपोर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों को कोविड-19 के कारण लगे प्रतिबंधो मे ढील देते हुए राज्य सरकार ने उन्हें आगमन पर अपनी आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनिवार्यता से छूट दे दी है। इस संबंध मे जारी संशोधत दिशानिर्देशो मे प्रदेश मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा है कि उत्तराखंड में किसी होटल या होमस्टे मे ठहरने से पहले पर्यटकों को अब अनिवार्य रूप से अपनी कोविड-19 जांच रिपोर्ट देने की जरूरत नही है।



कोच्चि के चेलनाम में समुदी दीवार के निर्माण की मांग करते हुए प्रदर्शन करते स्थानीय निवासी।

## हर दुर्गा पूजा समिति को 50-50 हजार रुपए देंगी ममता बनर्जी

**भाषा।** कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की प्रत्एक दुर्गा पूजा समिति को पचास-पचास हजार रुपए उपलब्ध कराने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। राज्य की करीब 37 हजार दुर्गा पूजा समितियों के लिए कई तरह की राहत की घोषणा करते हुए बनर्जी ने कहा कि दमकल विभाग, कोलकाता नगर निगम, अन्य नगर निकाय और पंचायत अपनी सेवाओं के लिए पूजा समितियों से किसी तरह का कर या शुल्क वसूल नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, कोविड महामारी के चलते यह हम सभी के लिए कठिन समय रहा है। हमने राज्य की प्रत्एक दुर्गा समिति को पचास-पचास हजार रुपए उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। हमने यह भी निर्णय किया है कि कलकत्ता विद्युत आपूर्ति निगम और राज्य विद्युत बोर्ड पूजा समितियों को 50 प्रतिशत छूट उपलब्ध कराएंगे। बनर्जी ने समितियों से कहा कि वे महामारी के मद्देनजर खुले पंडाल लगाने की तैयारी करें और सुनिश्चित करें कि पंडालों में लोग मास्क लगाकर आएं। मुख्यमंत्री ने राज्य के 75 हजार हॉकरों को दो-दो हजार रुपए की मदद देने की भी घोषणा की क्योंकि लॉकडाउन की वजह से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

दूसरी ओर माकपा नीत वाम मोर्चे और कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संसद से पारित किसान विरोधी और श्रमिक विरोधी विधेयकों पर चर्चा के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। नेता विपक्ष अब्दुल मन्नान और वाम मोर्चा विधायक दल के नेता सुजान चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री को लिखे संयुक्त पत्र में कहा कि वे जनहित में इन मुद्दों पर विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस द्वारा लाए जाने वाले किसी भी प्रस्ताव का हिस्सा बनने को तैयार हैं।

## महाराष्ट्र में धार्मिक स्थल न खोलने के राज्य सरकार के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेगी अदालत

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सरकार के उस निर्णय में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया जिसमें कोविड-19 के मद्देनजर धार्मिक स्थलों को जनता के लिए बंद रखने को कहा गया था। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्त और न्यायमूर्ति जी एस कुलकर्णी की पीठ ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार होती वृद्धि को देखते हुए अदालत, राज्य सरकार के निर्णय में दखलंदाजी नहीं करना चाहती।

महाधिवक्ता आशुतोष कुम्भकोणी ने अदालत में कहा कि धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति अभी नहीं दी जा सकती। कुम्भकोणी ने कहा, दुर्भाग्य से प्रतिदिन कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए अभी धार्मिक स्थलों को खोला नहीं जा सकता। पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें धार्मिक स्थलों को जनता के लिए खोले जाने की याचना की गई थी। एक स्थानीय गैर सरकारी संगठन ने वकील दीपेश सिरोया के माध्यम से याचिका दाखिल की थी जिसमें कहा गया था कि सरकार धार्मिक स्थलों में एक समय में प्रवेश लेने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सीमित कर सकती है।

पिछली सुनवाई में राज्य ने कहा था कि श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करना संभव नहीं होगा और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि धार्मिक स्थलों में प्रवेश की अनुमति मिलने के बाद जनता सारे नियम कायदे मानेगी। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य के तर्क को स्वीकार किया और सहमति जताई कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक स्थिति है।

## मौजूदा सरकार के आलोचक नेताओं, कार्यकर्ताओं को पुलिस फंसाने की कोशिश कर रही हैः भाकपा

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस फरवरी में हुए दंगों के मामले में उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है, जो भाजपा नीत सरकार की जन-विरोधी नीतियों की आलोचना कर रहे हैं। मामले की जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हुए भाकपा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की जांच एक साजिश है, जिसका लक्ष्य हिंसा के असली गुनहगारों को पकड़ने के बजाय उन लोगों को अपराधी साबित करना है जो मानवाधिकार हनन और अन्याय के खिलाफ बोल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी में हुए दंगों के मामलों में दिल्ली पुलिस ने हाल ही में अपने एक पूरक आरोपपत्र में माकपा महासचिव सीताराम एचुरी, स्वराज अभियान के नेता योगेंद्र यादव, अर्थशास्त्री जयती घोष और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक अपूर्वानंद का नाम लिया गया है। उनका नाम कथित रूप से संशोधित सीएए प्रदर्शनकारियों को उकसाने और लामबंद करने के कारण इसमें आया है। भाकपा के बयान में कहा गया है, पार्टी उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की जांच में दिल्ली पुलिस की भूमिका की निंदा करती है, जिसमें भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य और महासचिव, नेशनल फेडरेशन ऑफ इडियन वूमन एनी राजा सहित नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया है कि सीएए के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक प्रदर्शन कानून के खिलाफ लोगों की असहमति का वैध और संवैधानिक अधिकार है। ए प्रदर्शन इतने प्रभावी थे कि इसने भाजपा को हिला कर रख दिया, जो प्रदर्शनों को दंगों की साजिश के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रही है। भाकपा ने कहा , यह स्तब्ध कर देने वाला है कि दिल्ली पुलिस मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है।

भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा कि भाकपा नेता एनी राजा के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भी मामले में गिरफ्तार लोगों के बयान के आधार पर आरोपपत्र में नामजद किया गया है। इनमें सलमान खुर्शीद, वृंदा करात, कविता कृष्णन और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण, कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज, योगेंद्र यादव, हर्ष मंदर, राहुल रॉय, अपूर्वानंद और सबा दीवान के नाम भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है, इन सभी लोगों ने मुस्लिम महिलाओं के नेतृत्व में हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के प्रति एकजुटता दिखाई थी और अब इसे एक बड़ी साजिश बताया जा रहा है।

## कृषि विधेयकों के समर्थन में चौहान ने कहा, किसानों के भगवान हैं प्रधानमंत्री

**भाषा।** इंदौर

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों का भगवान बताया और कहा कि संसद से पारित कृषि सुधार संबंधी विधेयकों से अन्नदाताओं की आय दोगुनी होगी। चौहान ने इन विधेयकों के विरोध में उतरे विपक्षी दलों को "किसानद्रोही करार दिया और आरोप लगाया कि वे बिचौलियों की पैरवी कर रहे हैं। चौहान ने बुधवार रात यहां संवाददाताओं से कहा कि दूरदृष्टि से फैसले करने वाले प्रधानमंत्री किसानों के भगवान हैं। कृषि सुधारों से संबंधित तीनों विधेयक किसानों के लिए वरदान हैं जिनसे किसानों की आय दोगुनी होगी। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध कर रहे विपक्षी दल अन्नदाताओं के शुभचिंतक नहीं, बल्कि किसानद्रोही हैं। वे किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उनकी ए कोशिशें सफल नहीं होने दी जाएंगी।



नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह रेल राज्यमंत्री स्वर्गीय सुरेश अंगड़ी को श्रद्धांजलि देते हुए। सुरेश का एम्स में कोरोना के चलते निधन हो गया था

# दक्षेस को आतंकवाद, कारोबार बाधा और संपर्क के मुद्दे का निपटारा करना चाहिए: जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दक्षेस को आतंकवाद तथा कारोबार एवं सम्पर्क में बाधा उत्पन्न करने से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण चुनौतियों का निपटारा करने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने यह बात दक्षेस समूह की डिजिटल माध्यम से हुई अनौपचारिक बैठक में कही जिसे पाकिस्तान की आलोचना के रूप में देखा जा रहा है।

दक्षेस विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने आतंक का पोषण, समर्थन और प्रोत्साहित करने वाली ताकतों सहित आतंकवाद की बुराई को परास्त करने के लिए सामूहिक संकल्प की जरूरत बताई। विदेश मंत्री ने पड़ोस प्रथम की भारत की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की और एक दूसरे से जुड़े, समन्वित और समृद्ध दक्षिण एशिया की कामना की। इस बैठक में अन्य लोगों के अलावा पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भी हिस्सा लिया। इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर इस समूह के विदेश मंत्रियों के बीच विचारों के अनौपचारिक आदान प्रदान की परंपरा को जारी रखते हुए किया गया था। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा का 75वां सत्र अभी जारी है। जयशंकर ने कहा कि दक्षेस ने पिछले 35 वर्षों में काफी प्रगति की है लेकिन सामूहिक सहयोग और समृद्धि की दिशा में प्रयास, आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे से जुड़ी गतिविधियों के कारण प्रभावित हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने उनका हवाला देते हुए कई ट्वीट के जरिए यह बात बताई। जयशंकर ने कहा कि ऐसे माहौल में पूर्ण क्षमता के अनुरूप हमारे सामूहिक प्रयास के जरिए साझा उद्देश्य हासिल करने में रूकावट आती है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम आतंक का पोषण, समर्थन और प्रोत्साहन करने वाली ताकतों सहित आतंकवाद की बुराई को परास्त करने के लिए सामूहिक संकल्प लें।

विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे पहल से जरूरी विश्वास और भरोसा कायम होगा और मजबूत एवं समृद्ध दक्षेस का निर्माण किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दक्षेस को सीमापार आतंकवाद, कारोबार एवं संपर्क में बाधा उत्पन्न करने से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण चुनौतियों का निपटारा करने की जरूरत है। इसके बाद ही हम दक्षिण एशिया में टिकाऊ शांति, समृद्धि और सुरक्षा देख सकेंगे। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने छह वर्ष पहले दक्षेस ढांचे के तहत महत्वपूर्ण सम्पर्क पहल तथा समूह के सदस्य देशों के बीच कारोबार के मार्ग को बाधित कर दिया था। दक्षेस 2016 के बाद से उतना प्रभावी नहीं रहा है और इसकी अंतिम बैठक 2014 में काठमांडो में हुई थी।



नई दिल्ली में एशिया में बातचीत और विश्वास निर्माण उपायों पर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की विशेष मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेते विदेश मंत्री एस जयशंकर

# एनएसएस का कार्य सराहनीय: रामनाथ कोविंद

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के समय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि इनका सेवा के माध्यम से शिक्षा तथा चरित्र का निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास का कार्य अनुकरणीय है।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं ने कोविड-19 के कारणों और उसकी रोकथाम के सम्बन्ध में जानकारी का प्रचार-प्रसार करने में सरकार एवं गैर सरकारी संगठनों को अनेक प्रकार से सहायता प्रदान की है। इन स्वयंसेवकों ने जनसेवा की नई मिसाल प्रस्तुत की है। यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के विरुद्ध संघर्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सामाजिक दूरी के निर्देशों का पालन करने तथा मास्क के प्रयोग को लेकर जागरूकता का प्रसार किया। पृथक-वास के दौरान लोगों तक खाद्य-सामग्री एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं पहुंचाने में योगदान दिया है।




कोविंद ने कहा कि भूकम्प और बाढ़ जैसी राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और कार्यकर्ता समाज की सहायता के लिए सदा तत्पर रहे हैं। विगत कुछ वर्षों में उन्होंने बाढ़ एवं जलभराव के दौरान राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा, इन्होंने यह सिद्ध किया है कि हमारी बेटियां भी राष्ट्र-सेवा में अमूल्य योगदान देती हैं। हमारी ए बेटियां उस परंपरा की याद दिलाती हैं जिसमें सावित्री बाई फुले, कस्तूरबा गांधी और मदर टेरेसा जैसे सेवा-भावना के महान और प्रेरक उदाहरण मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है सेवा के माध्यम से शिक्षा। सेवा के द्वारा युवा स्वयंसेवकों के चरित्र का निर्माण तथा व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस योजना का आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप है। इसका भाव है, अपने हित की जगह दूसरे के हित पर ध्यान देना। कोविंद ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि अनेक तकनीकी संस्थानों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के लगभग 40 लाख युवा विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर, समाज और राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। अब तक लगभग सवा चार करोड़ विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपना योगदान दे चुके हैं।

उन्होंने वर्ष 2018-19 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने केवल मानवता ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और प्रकृति के प्रति भी सेवा और करुणा की भावना पर बल दिया था और अपना सम्पूर्ण जीवन, सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि बापू ने कहा था, ईश्वर की पहचान सेवा से ही होगी, यह मानकर मैंने सेवा-धर्म स्वीकार किया था। राष्ट्रपति ने कहा, गांधी जी के आदर्शों से युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए, राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत, उनकी जन्म-शताब्दी के उपलक्ष्य में स-1969 में की गई थी। यह योजना, आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी पांच दशक पहले थी। उन्होंने कहा कि यह तथ्य विशेष रूप से संतोषप्रद है कि वर्ष 2018-19 के 42 पुरस्कार विजेताओं की सूची में 14 बेटियों के नाम भी शामिल हैं।

## सीबीएसई ने न्यायालय को बताया

# 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा के नतीजे 10 अक्टूबर तक होंगे घोषित

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि छात्रों के हितों को देखते हुए 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षाओं के नतीजे 10 अक्टूबर तक या इससे पहले ही घोषित कर दिए जाएंगे।

न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भी सूचित किया कि स्नातक छात्रों के लिए नया सत्र 31 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा और उस समय तक पूरक परीक्षाओं में शामिल होने वाले लगभग सभी दो लाख छात्रो के नतीजे आ चुके होंगे। पीठ की टिप्पणियों के परिप्रेक्ष्य में सीबीएसई और यूजीसी के वक्तव्य काफी महत्वपूर्ण हैं। पीठ ने दोनों संस्थाओं को परस्पर तालमेल से काम करने पर जोर देते यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि पूरक परीक्षा में शामिल हो रहे छात्रों का साल बर्बाद नहीं हो। न्यायालय ने कहा था कि सीबीएसई को पूरक परीक्षाओं के नतीजे यथाशीघ्र घोषित करने चाहिए और यूजीसी को यह देखना चाहिए कि कालेजों में छात्रों को प्रवेश मिल जाए।

कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए न्यायालय ने कहा था कि यह असाधारण समय है और ऐसी स्थिति में प्राधिकारियों को छात्रों की मदद करनी चाहिए। पीठ ने इसके साथ ही अनिका संवेदी की याचिका का निस्तारण कर दिया। इस याचिका में प्राधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि 12वीं की पूरक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का साल बर्बाद नहीं हो।

# भ्रष्टाचार में शुआट्स के दो प्रोफेसर निलंबित, चार रडार पर

- भ्रष्टाचार, अनियमितता धर्मांतरण के दुष्प्रचार और शांति भंग करने की कोशिश के आरोपों में पाए गए दोषी
- संस्थान की आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद की गई कार्रवाई से हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**संस्थान** के खिलाफ धर्मांतरण के दुष्प्रचार समेत कई संगीन आरोपों से घिरे शुआट्स के दो प्रोफेसरों को गुरुवार को निलंबित कर दिया गया। कमोवेश इसी तरह की गतिविधियों में संलिप्त चार अन्य लोगों के खिलाफ जांच चल रही है। जिनके खिलाफ भी निलंबन की तलवार लटक रही है। शुआटस् प्रशासन ने दोनों निलंबित प्रोफेसरों की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित समिति से जांच कराने की अनुशंसा की है। एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय शुआट्स के दो प्रोफेसर संस्थान के वाटर रिसोर्स में कार्यरत डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव और इंजीनियरिंग कालेज के डीन डॉक्टर अशोक त्रिपाठी पर भ्रष्टाचार अनियमितता और संस्थान के खिलाफ धर्मांतरण का दुष्प्रचार करने समेत कई संगीन आरोप लगे थे। इनके अलावा संस्थान के चार और लोग हैं जो अभी जांच समिति के राडार पर हैं। इन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। शुआट्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर रमाकांत दुबे ने बताया कि दोनों प्रोफेसरों के खिलाफ शिकायत मिली थी। जिसकी जांच के लिए आंतरिक जांच समिति गठित की गई थी। गठित आंतरिक जांच समिति ने अपनी जांच में दोनों को आपराधिक साजिश रचने घोर कदाचार सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने का प्रयास संस्थान के भीतर शांति भंग करने का प्रयास धर्मांतरण गतिविधियों की खबरें फैलाने का षड्यंत्र संस्थान के नाम और प्रतिष्ठा को बदनाम करने की साजिश संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ साजिश करके उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर्मचारियों को गुमराह करने अशांति और रुकावट पैदा करने के लिए उकसाने की साजिश रचने के कृत्य में प्रथम दृष्टतया दोषी पाया था। जिसके बाद दोनों को निलंबित करने की सिफारिश की गयी थी। जिसके आधार पर दोनों को निलंबित कर दिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति के निर्देशन में न्यायिक जांच कराने हेतु एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉक्टर रमाकांत दुबे ने बताया कि अन्य चार अन्य लोगों की अभी जांच चल रही है। शुआट्स के निलंबित प्रोफेसर डॉक्टर संतोष श्रीवास्तव और डॉक्टर अशोक त्रिपाठी वर्ष 2017 से संस्थान की प्रशासनिक विंग से खिलाफ काम कर रहे थे। जिसको लेकर लगातार शिकायतें मिल रहीं थी। एक हफ्ते पहले संस्थान की प्रशासिनक विंग को एक आडियो व कुछ दस्तावेज मिले। जिसमें करीब छह घंटे की आडियो रिकार्डिंग थी। जिनमें अधिकांशतः डॉक्टर संतोष श्रीवास्तव और डॉक्टर अशोक त्रिपाठी की बातचीत संस्थान के अंदर और बाहर के कई लोगों से हैं। इस आडियो और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर हफ्ते भर पहले हीएक आंतरिक जांच कमेटी गठित की गई ?थी। कमेटी के सदस्यों ने आडियो और दस्तावेजी साक्ष्य में मिले सभी नामों के लोगों से बातचीत की। जांच कमेटी ने इन पर कार्रवाई की संस्तुति की थी। जिसके बाद दोनों प्रोफेसर को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### प्रोफेसर की बाबू पत्नी को बनाया असिस्टेंट प्रोफेसर

**प्रयागराज।** शुआट्स के निलंबित दोनों प्रोफेसर एक समय संस्थान के मालिकानों के बेहद करीबियों में गिने जाते थे। सूत्रों की माने तो एक प्रोफेसर की पत्नी जो कि संस्थान में बाबू थी। उसे प्रमोट करके असिस्टेंट प्रोफेसर बना दिया गया था। जिसका तत्कालीन कुलपति ने विरोध किया था। बाद में विरोध करने वाले कुलपति को ही गंभीर आरोप लगने की वजह से निलंबित कर दिया गया।

# रिश्वत लेते हुए नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सहित दो लोग गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर

**भ्रष्टाचार** निरोधक ब्यूरो ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग कार्रवाई कर जयपुर के पावटा में कार्यरत नवोदय विद्यालय के प्राचार्य और श्रीगंगानगर के आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी को कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ब्यूरो महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया कि जयपुर के पावटा में कार्यरत आरोपी प्रिंसिपल अशोक कुमार वर्मा को परिवादी से कमीशन के रूप में 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवादी को नवोदय विद्यालय पावटा में भवन रखरखाव का कार्यादेश मिला हुआ है और उसके 4 लाख 70 हजार के बिल मंजूर करने की एवज में आरोपी प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने उससे पांच प्रतिशत कमीशन के रूप में रिश्वत की राशि मांगी थी। अंत में बात तीन प्रतिशत कमीशन के राशि के रूप में तय हुआ। उन्होंने बताया कि अशोक कुमार वर्मा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्यूरो ने एक अन्य कार्वाई में श्रीगंगानगर के उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी को परिवादी से वेतन निर्धारण की एवज में 15,000 रूपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। ब्यूरो के उपाधीक्षक वेद प्रकाश लखोटिया ने बताया कि आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरोपी पवन कुमार शर्मा ने परिवादी गोवर्धन लाल शर्मा से उनकी जून 2018 में लगने वाली एसीसी (वित्तीय उन्नयन) लगाने व वेतन निर्धारण की एवज में 18,000 रूपए की मांग की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने इस मामले में परिवादी से रविवार को 3,000 रूपए अग्रिम प्राप्त कर लिए थे। आरोपी को बृहस्पतिवार को परिवादी से 15,000 रूपए की रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच की जा रही है।

# मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र से बिचौलिओं को खत्म किया है: मुख्यमंत्री रावत

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने कृषि क्षेत्र में बिचौलिओं को 2393ीत्म कर दिया और किसानों को मंडी से आज़ाद कर दिया। कृषि विधेयकों के प्रशंसा करते हुए रावत ने यहाँ संवाददाताओं को बताया कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए अब तक सबसे ज़्यादा अभूतपूर्व काम किए हैं। उन्होंने कहा, किसान अब मंडी से आजाद है। उसे कोई भी मंडी शुल्क नहीं देना पड़ेगा और इसी प्रकार सभी तरह के बिचौलिओं को भी खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों को सात घंटे बिजली दी जबकि उसकी मांग केवल दो घंटे की थी। रावत ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि संप्रग सरकार ने 10 साल स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में रखा और कहा कि अगर किसी ने स्वामीनाथन रिपोर्ट पर काम किया तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के ज़रिए किसानों को 92,000 करोड़ रुपए दिए। उन्होंने कहा कि संप्रग के समय किसानों को आठ लाख करोड़ रुपए का कर्ज किसानों को मिलता था लेकिन आज किसानों को 15 लाख करोड़ रुपए का ऋण दिया जा रहा है।

# परमाणु वैज्ञानिक शेखर बसु का कोविड-19 से निधन

**भाषा।** कोलकाता

**विख्यात** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शेखर बसु का यहां एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के चलते निधन हो गया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बसु, तीन दिन पहले ही 68 वर्ष के हुए थे। अधिकारी ने कहा, डॉ बसु कोविड-19 और किडनी संबंधित अन्य रोग से पीड़ित थे। सुबह चार बजकर पचास मिनट पर उनका निधन हो गया।

मैकेनिकल इंजीनियर डॉ बसु को देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। भारत की परमाणु ऊर्जा से संचालित पहली पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत के लिए बेहद जटिल रिएक्टर के निर्माण में बसु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डॉ बसु के निधन पर शोक प्रकट किया और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया, विख्यात परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ शेखर बसु के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। उनके सहकर्मियों और परिजनों को मेरी सांत्वना। प्रख्यात भौतिकविद और पद्म विभूषण से सम्मानित विकास सिन्हा ने कहा कि डॉ. बसु के निधन से भारी क्षति हुई है। सिन्हा ने कहा कि देश ने एक महान इंजीनियर और अच्छा इंसान खो दिया। साहा परमाणु भौतिकी संस्थान तथा वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रोन सेंटर के पूर्व निदेशक सिन्हा ने कहा, मैं कहूंगा कि वह हमें कम उम्र में छोड़ कर चले गए। उन्हें अभी और योगदान देना बाकी था। वह एक निपुण इंजीनियर थे जिन्होंने हमारे परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए बहुत कठिन परिश्रम किया था। उन्होंने कहा, बसु ने परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी के लिए बहुत काम किया था। हमने एक अच्छा इंसान खो दिया। बसु का जन्म 20 सितंबर 1952 को हुआ था। उन्होंने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लंबे समय तक काम किया था और 2012 में वह केंद्र के निदेशक भी बने। बसु ने तमिलनाडु में भारतीय न्यूट्रिनो वेधशाला के विकास में भी अहम भूमिका निभाई थी।



फाइल फोटो

### सुदर्शन टीवी मामले में कांग्रेस के दो नेताओं के परिवारों ने न्यायालय में आवेदन दायर किया

**नई दिल्ली।** एक टीवी कार्यक्रम में बहस में हिस्सा लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने से जान गंवाने वाले कांग्रेस के नेता राजीव त्यागी की पत्नी और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा की पत्नी ने उच्चतम न्यायालय में लंबित सुदर्शन टीवी के मामले में हस्तक्षेप की अनुमति के लिए आवेदन दायर किए हैं। इन दोनों ने अपने आवेदन में कहा है कि कुछ न्यूज ऐंकरों और नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों को अभिव्यक्ति की आजादी का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। दिवंगत राजीव त्यागी की पत्नी संगीता त्यागी और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा ने अपने आवेदन में चार प्रमुख ऐंकरों के चार प्राइम टाइम कार्यक्रमों का उल्लेख किया है और आरोप लगाया है कि इनके अधिकांश कार्यक्रम सांप्रदायिक किस्म के और सत्तारूढ़ दल के पक्ष वाले होते हैं। अपने आवेदनों पर जल्द सुनवाई का अनुरोध करते हुए इन आवेदकों ने देश में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्थिति की तुलना नाजी की जर्मनी से की है।

# पेज एक का शेष

## कृषि बिलों...

एसोसिएशन ने किसानों का समर्थन करने का फैसला किया है तथा शुक्रवार को वे वाहन नहीं चलाएंगे। इस बीच, कई सोशल मीडिया यूजर्स इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि एनसीबी ने ड्रग मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को 25 सितंबर को बुलाया है और उसी दिन किसान देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। सोशल मीडिया में ये अटकलें जोरों पर हैं कि यह कदम लोगों को ध्यान भटकाने का एक तरीका हो सकता है। बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर रेलवे ने 26 जोड़ी विशेष ट्रेनों और नौ पार्सल ट्रेनों का संचालन 24 से 26 सितंबर तक के लिए रोक दिया है जबकि 20 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया और पांच की गंतव्य से पहले ही यात्रा समाप्त कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जो ट्रेनें नहीं चलेंगी उनमें गोल्डन टेंपल मेल (अमृतसर-मुंबई सेंट्रल), जनशताब्दी एक्सप्रेस (हरिद्वार-अमृतसर), नई दिल्ली-जम्मू तवी, कर्मभूमि (अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी), सचखंड एक्सप्रेस (नांदेड़-अमृतसर) तथा शहीद एक्सप्रेस (अमृतसर-जयनगर) शामिल हैं। कई माल और पार्सल ट्रेनों का भी समय बदला गया है। मौजूदा वक्त में आमतौर चलने वाली यात्री ट्रेनों को कोविड-19 महामारी के कारण नहीं चलाया जा रहा है। गुरुवार की सुबह किसान मजदूर संघर्ष समिति तथा भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान बरनाला, संगरूर, फिरोजपुर तथा अमृतसर में रेल ट्रैकों पर बैठ गए। उन्होंने रेल ट्रैकों पर टेंट लगा दिया है। फजिल्का और अबोहर में उन्होंने ट्रैक्टर रैलियां निकाली। उन्होंने भाजपा नेताओं का घेराव करने तथा कृषि बिलों के पक्ष में मतदान करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करने का फैसला किया है। किसान नेताओं के मुताबिक 100 से अधिक किसान और आढ़ती संगठन राष्ट्रव्यापी बंद में भाग लेंगे। संगठनों के एक प्रतिनिधि ने कहा कि पूरे पंजाब में सड़क और रेलवे ट्रैकों को 125 जगहों पर अवरुद्ध किया जाएगा। सभी किसान यूनियनों के एक प्रतिनिधि बिनोद पांडेय ने कहा ' पूरे राज्य से मिली जानकारी के मुताबिक बंद के आह्वान पर ट्रक, बस, टैंपों, कर्मचारियों, युवा छात्रों, मजदूरों तथा अन्य विभिन्न संगठनों सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हरियाणा में इनेलो और कांग्रेस ने कई जिलों में प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने कहा कि राष्ट्रव्यापी बंद के मुद्दे पर कई किसान संगठन जैसे भारतीय किसान यूनियन, ऑल इंडिया किसान यूनियन, ऑल इंडिया किसान महासंघ, ऑल इंडिया किसान संघर्ष कोऑर्डिनशन कमेटी संयुक्त रूप से एक मंच पर आ गए हैं। घटनाक्रमों से परिचित नेताओं ने कहा कि हरियाणा में किसान नेता राज्य के विभिन्न जिलों में रेल और सड़क यातायात को अवरुद्ध करने पर विचार कर रहे हैं। बीकेयू (चारुनी) और बीकेयू (टिकैत) समेत किसान यूनियन के नेता आढ़तिया एसोसिएशन, ट्रांसपोर्टर और दुकानदारों के विभिन्न संगठनों के साथ बैठक कर सुबह 10 से शाम 4 बजे दुकानों को बंद कर भारत बंद का समर्थन करने के लिए तैयार कर रहे हैं। उनका दावा है कि राज्य में सभी मंडियां शुक्रवार को बंद रहेंगे तथा इस दिन कोई कारोबार नहीं होगा। पश्चिम बंगाल में किसान सड़क और हाईवे को बाधित करेंगे जबकि उत्तर प्रदेश में किसान अपने अपने गांवों, कस्बों तथा राजमार्गों पर जाम लगाएंगे। रेलवे ने गुरुवार को कहा कि कृषि बिलों पर पंजाब में रेल रोको आंदोलन से अनाजों तथा अन्य जरूरी सामानों के लदान के साथ साथ आपात स्थिति में विशेष ट्रेनों से यात्रा कर रहे लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होगी। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब ने इस साल अगस्त में एफसीआई की 990 रैक अनाज की लदाई की थी और 23 सितंबर तक 816 रैक लद चुके थे। एफसीआई पंजाब में प्रतिदिन 35 से ज्यादा रैको की लदाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजबा कंटेनरों में प्रतिदिन 9-10 रैक खाद, सीमेंट, ऑटो, विभिन्न मालों की लदाई करता है। राज्य को प्रतिदिन 20 रैक कोयला, अनाज, कृषि उत्पाद, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पाद, आयातित खाद आदि भी मिलती है।

## बिल छोटे...

तक ले जाने के लिए परिवहन का भाड़ा भी वहन करना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि हमने उन्हें इस बात की आजादी दी है कि वे अपने उत्पादों को मंडी के बाहर बेच सकते हैं, जहां पर उनसे केंद्र या राज्य सरकार द्वारा टैक्स नहीं वसूला जाएगा। सिंह ने कहा, 'किसान अपनी उपज को लेकर मंडी जाते हैं। इन मंडियों में 25-30 लाइसेंस वाले लोग होते हैं। वे उपज की बोली लगाते हैं। कीमत बोली के जरिये तय की जाती है, किसान उसी कीमत पर अपनी उपज को बेचने पर मजबूर होते हैं चाहे वे खुश हो या दुखी क्योंकि यदि वे अपनी उपज लेकर घर जाते हैं और फिर वापस आते हैं तो उन्हें इसे लाने और ले जाने का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है।' इस दौरान तोमर ने कृषि सुधार विधेयकों का विरोध कर रही कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के विरोध की तुलना 'हाथी के दांत' से करते हुए विपक्षी दल को चुनौती दी कि उसे इन विधेयकों के विरोध से पहले अपने घोषणापत्र से मुकरने की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद कृषि से संबंधित तीनों विधेयक आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020, कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक 2020 तथा कृषक (सशक्तीकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन एवं कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 को संसद से पारित कर दिया गया था। इन विधेयकों के पारित होने को 'असंवैधानिक' बताते हुए विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की थी और उनसे आग्रह किया था कि वह इन पर अपने हस्ताक्षर नहीं करें। तोमर ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के दांत खाने के और तथा दिखाने के और हैं। वह दोमुंही राजनीति कर रही है। वह देश में झूठ बोलने की राजनीति करती है। कांग्रेस किसानों को गुमराह करने का प्रयत्न कर रही है, इसमें उसे सफलता नहीं मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस अगर इन विधेयकों का विरोध कर रही है तो उसे पहले अपने घोषणा पत्र से मुकरने की घोषणा करनी चाहिए, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के लिये अपने घोषणा पत्र में उसने कहा था कि एपीएमसी (कृषि उत्पाद विपणन समितियां) कानून को बदलेंगे, किसान के व्यापार पर कोई कर नहीं होगा और अंतरराज्यीय व्यापार को बढ़ावा देंगे। यही चीज संसद से पारित विधेयकों में है।' उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्रियों की उच्चाधिकार समिति की बैठक में कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा था कि आवश्यक वस्तु अधिनियम अपने उद्देश्य को प्राप्त कर चुका है, उसे अब तत्काल समाप्त कर देना चाहिए। तोमर ने देशभर के किसानों को भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार खेती और किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है और पहले ही दिन से उसने किसानों के लिए काम करना प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान विपक्ष के किसी भी सदस्य ने विधेयकों के किसी प्रावधान का विरोध नहीं किया बल्कि उनका भाषण उन सब बातों पर केंद्रित रहा जो विधेयक में नहीं थे और विधेयक से संबंध नहीं था। उन्होंने कहा, 'इससे ये सिद्ध होता है कि विधेयक में जो प्रावधान हैं वो किसान हितैषी हैं। इन विधेयकों के माध्यम से किसान नई प्रौद्योगिकी से भी जुड़ेगा। इसके कारण किसान अपनी उपज का सही मूल्य बुआई से पूर्व भी प्राप्त कर सकेगा।'

## भारत में...

इलाज जारी है, जो कुल मामलों को 16.86 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख के पार, 23 अगस्त को 30 लाख के पार, पांच सितम्बर को 40 लाख के पार और 16 सितम्बर को 50 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 23 सितंबर तक कुल 6,74,36,031 नमूनों की जांच की गई, इनमें से 11,56,569 नमूनों की जांच बुधवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 1,129 लोगों की मौत हुई, उनमें से सबसे अधिक 479 लोग महाराष्ट्र के थे। इनके अलावा उत्तर प्रदेश के 87, पंजाब के 64, तमिलनाडु के 63, पश्चिम बंगाल के 61, आंध्र प्रदेश के 45, मध्य प्रदेश के 42, कर्नाटक के 38 और दिल्ली के 36 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अभी तक कुल 91,149 लोगों की मौत हुई है, इनमें सर्वाधिक 33,886 लोग महाराष्ट्र के हैं। वहीं, तमिलनाडु के 9,010, कर्नाटक के 8,266, आंध्र प्रदेश के 5,506, उत्तर प्रदेश के 5,299, दिल्ली के 5,087, पश्चिम बंगाल के 4,544, गुजरात के 3,367 , पंजाब के 2,990 और मध्य प्रदेश के 2,077 लोग शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण से मरने वाले 70 प्रतिशत से अधिक मरीज दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित थे। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हमारे आंकड़ों का मिलान आईसीएमआर से किया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ , शुक्रवार, 25 सितंबर , 2020



## इन परिस्थितियों में लंबी पारी खेलने में मुश्किल हुई: रोहित शर्मा

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि संयुक्त अरब अमीरात की परिस्थितियों में लंबे समय तक बल्लेबाजी करने में मुश्किल हो रही थी इसलिए उन्हे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजई पारी खेलने के बाद थोड़ी थकान महसूस हुई। कप्तान रोहित ने 54 गेंद में 80 रन की पारी खेलकर गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में 49 रन से जीत दिलाई। रोहित ने मैच के बाद कहा, यहां लंबी पारियां खेलना आसान नही है। इन परिस्थितियों में खेलने में काफी मुश्किल होती है। अंत में शायद मै थोड़ा थका था और हमारे लिए यह सबक था कि क्रीज पर जमे हुए बल्लेबाजों को अंत तक बल्लेबाजी करने की जरूरत होती है।

## महज एक मैच के बाद कमिंस की आलोचना करना अनुचित: कार्तिक

**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि महज एक खराब प्रदर्शन के बाद उनके मुख्य तेज गेंदबाज पैट कमिंस की आलोचना किया जाना अनुचित है क्योंकि वह अपना पृथक्वास पूरा करने के बाद सीधा ही खेले थे। सभी की निगाहे कमिंस पर लगी थी जो विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा राशि में खरीदे गए थे लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने उनकी गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा दी और तीन ओवर में 49 रन जुटा लिए। इससे केकेआर को बुधवार को 49 रन से हार का सामना करना पड़ा। कार्तिक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कमिंस की अभी आलोचना करना अनुचित है। वह अभी पृथक्वास से निकला है और साढ़े तीन-चार बजे के करीब ही उसे मैच में खेलने की अनुमति मिली। उसके टीम में होने से हम खुश है और मुझे नही लगता कि इस मैच मे हमें उसकी बिलकुल भी आलोचना करने की जरूरत है। वह विश्व चैम्पियन गेंदबाज है, मैने जो कुछ भी सुना है और देखा है कि वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। मुझे उस पर भरोसा है और मुझे पूरा भरोसा है कि वह अच्छा करेगा।

## पेयर को कोविड–19 पॉजिटिव आने के बावजूद हैम्बर्ग में खेलने की अनुमति दी गई

**हैम्बर्ग।** फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी बेनो पेयर का कहना है कि कोरोना वायरस की जांच में दो बार पॉजिटिव पाए जाने के बावजूद उन्हें हैम्बर्ग ओपन में खेलने की अनुमति दी गई। पेयर बुधवार शुरूआती दौर के मैच में रिटायर हो गए जब वह कैस्पर रड से पिछड़ रहे थे और एटीपी टूर ने कहा कि चक्कर आने की वजह से उन्होंने हटने का फैसला किया। पेयर ने कोविड-19 पॉजिटिव आने के बाद अमेरिकी ओपन से हटने का फैसला किया था और एक हफ्ते से ज्यादा का समय पृथक्वास में बिताया।

# राहुल के शानदार शतक से पंजाब जीता

## ●रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 97 रनों से रौंदा




**भाषा।** दुबई,

कप्तान केएल राहुल के रिकार्ड शतक से किंग्स इलेवन पंजाब ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 97 रन से बड़ी जीत दर्ज करके अपना खाता खोला। राहुल ने विराट कोहली से मिले दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और 69 गेंदों पर नाबाद 132 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर भी है। राहुल ने अपनी पारी में 14 चौके और सात छक्के लगाए जिससे पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाली किंग्स इलेवन की टीम तीन विकेट पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाने में सफल रही। इसके जवाब में आरसीबी का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया जिससे वह उबर नहीं पाया और उसकी टीम 17 ओवर में 109 रन पर ढेर हो गई। कोच अनिल कुंबले से गुर सीख रहे किंग्स इलेवन के दोनों लेग स्पिनरों मुरूगन अश्विन (21 रन देकर तीन) और रवि बिश्नोई (32 रन देकर तीन) ने प्रभावित किया जबकि शेल्डन कोटरेल (17 रन देकर दो) ने शीर्ष क्रम झकझोरा। किंग्स इलेवन की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। उसने पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर में गंवाया था जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर शानदार शुरुआत करने वाला आरसीबी विजय अभियान जारी नहीं रख पाया। किंग्स इलेवन ने रनों के लिहाज से आईपीएल में अपनी दूसरी बड़ी जीत भी हासिल की। राहुल आईपीएल में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले भारतीय बने। इससे पहले का रिकार्ड ऋषभ पंत (नाबाद 128) के नाम पर था। वह जब 83 और 89 रन पर थे तब कोहली ने उनके कैच छोड़े थे जिसका फायदा उठाकर उन्होंने आखिरी दो ओवरों में 49 रन जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। कोहली (एक) बल्लेबाजी में भी नहीं चले। कोटरेल ने पिछले मैच में छाप छोड़ने वाले देवदत्त पडिक्क्ल (एक) को आउट करने के बाद कोहली को भी पवेलियन भेजा जबकि मोहम्मद शमी ने इस बीच जोश फिलिप को पगबाधा आउट किया। आरसीबी ने तीन विकेट चार रन पर गंवा दिए थे। एबी डिविलयर्स (18 गेंदों पर 28, चार चौके, एक छक्का) और सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच (21 गेंदों पर 20) ने चौथे विकेट के लिए 49 रन जोड़े, लेकिन बड़े लक्ष्य का दबाव उन पर साफ दिख रहा था। बिश्नोई ने फिंच को विकेट के पीछे कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। डिविलियर्स भी तुरंत पवेलियन लौट गए। उन्होंने दूसरे लेग स्पिनर मुरूगन अश्विन की गुगली पर कवर पर कैच दिया जिससे आरसीबी की उम्मीदें भी समाप्त हो गई। वाशिंगटन सुंदर (27 गेंदों पर 30) के योगदान से हार का अंतर कुछ कम हुआ।

### स्कोर

किंग्स इलेवन पंजाब : केएल राहुल नाबाद 132,मयंक अग्रवाल बो चहल 26,निकोलस पूरण का डिविलियर्स बो दुबे 17,ग्लेन मैक्सवेल का फिंच बो दुबे 05,करूण नायर नाबाद 15,अतिरिक्त (बाई 02, लेग बाई 04, नोबाल 01, वाइड 04) 11,कुल (20 ओवर मे, तीन विकेट पर) 206,विकेट पतन :1-57, 2-114, 3-128 ,गेंदबाजी:उमेश 3-0-35-0,स्टेन 4-0-57-0,सैनी 4-0-37-0,चहल 4-0-25-1,सुंदर 2-0-13-0, दुबे 3-0-33-2

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** : पडिक्कल का बिश्नोई बो कोटरेल 01, फिंच का राहुल बो बिश्नोई 20,फिलिप पगबाधा बो शमी 00, कोहली का बिश्नोई बो कोटरेल 01, डिविलियर्स का सरफराज बो अश्विन 28, सुंदर का अग्रवाल बो बिश्नोई 30, दुबे बो मैक्सवेल 12, यादव बो बिश्नोई 00,सैनी बो अश्विन 06,स्टेन नाबाद 01,चहल पगबाधा अश्विन 01,**अतिरिक्त** (लेग बाई 02, वाइड 07) 09,**कुल** (17 ओवर मे, सभी आउट) 109,**विकेट पतन** :1-2, 2-3, 3-4, 4-53, 5-57, 6-83, 7-88, 8-30, 9-106, **गेंदबाजी** : कोटरेल 3-0-17-2,शमी 3-0-14-1,बिश्नोई 4-0-32-3,एम अश्विन 3-0-21-3,नीशाम 2-0-13-0,मैक्सवेल 2-0-10-1

# बल्लेबाजी क्रम में धोनी के स्थान पर विचार करेगी चेन्नई

## ● अश्विन की चोट पर फैसला करेगी दिल्ली


**भाषा।** दुबई

चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने तीसरे मुकाबले से पहले बल्लेबाजी क्रम में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के स्थान पर विचार करना चाहेगी। शारजाह की बल्लेबाजी की मुफीद पिच पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के लिए उनके स्पिनरों के खराब प्रदर्शन और निराशाजनक 20वें ओवर को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है लेकिन बल्लेबाज खुद को पूरी तरह से इससे दोषमुक्त नहीं कर सकते विशेषकर मुरली विजय, केदार जाधव और खुद कप्तान धोनी।धोनी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने सैम कुरेन, जाधव और रूतुराज गायकवाड़ को खुद से पहले बल्लेबाजी से भेजा लेकिन यह रणनीति उनके लिए बुरी तरह से विफल रही जिससे फाफ डु प्लेसिस पर कम समय में काफी ज्यादा रन बनाने का दबाव बढ़ गया। धोनी के प्रशंसक उनके छक्के जड़ने की काबिलियत के अब भी मुरीद हैं लेकिन करीब से देखा जाए तो वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से नहीं खेल पाए और जब मध्यम गति के गेंदबाज टॉम कुरेन गेंदबाजी करने उतरे तो ही धोनी आक्रामक हो सके। और वह भी मैच में तब हुआ जब मुकाबला ही खत्म हो चुका था। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरूआती मैच में जीत से उसके खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है, हालांकि रविचंद्रन अश्विन कंधे की चोट के कारण अनुपस्थित हो सकते हैं जिससे उन्हें अपने गेंदबाजी लाइन अप में कुछ फेरबदल करना पड़ सकता है। टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मोहम्मद कैफ ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम आज के अभ्यास सत्र के बाद अश्विन पर फैसला करेंगे। वह ट्रेनिंग के लिए आ रहा है। हमारे फिजियो पैट्रिक फरहार्ट फैसला करेंगे। अगर अश्विन नहीं खेल पाते हैं तो सीनियर स्पिनर अमित मिश्रा को अक्षर पटेल के जोड़ीदार के तौर पर उतारने का विकल्प हो सकता है। कैफ ने आईपीएल के दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले स्पिनर के बारे में कहा, यह अच्छी चीज है कि हमारे पास अमित मिश्रा जैसा गेंदबाज उनकी जगह लेने के लिए तैयार है जिन्हें काफी अनुभव है। बड़ी बाउंड्री से कलाई के स्पिनरों को गेंद को और अधिक उछालकर आक्रमण करने में मदद मिल सकती है। एक अन्य पहलू तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के प्रदर्शन का होगा। मोहित ने शुरू में किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल को आउट किया था लेकिन अंत में उनकी लूज गेंदों से कैपिटल्स के लिए चीजें मुश्किल हो गई, हालांकि कागिसो रबाडा ने अंत में काफी कसी गेंदबाजी की। चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीम अंतिम 10 ओवरों में आक्रमण करना पंसद करती है तो कैपिटल्स हर्षल पटेल को आजमा सकते हैं जो किसी भी स्थान पर एक बल्लेबाज के तौर पर भी काम आ सकते हैं क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में पारी का आगाज कर चुके हैं। ऐसा तभी होगा जब इशांत शर्मा पर फैसला हो जाएगा जो अब भी टखने की चोट से उबर रहे हैं। कैफ ने कहा, इशांत ने कल दौड़ लगाई थी लेकिन गेंदबाजी नहीं की थी। वह आज भी ट्रेनिंग करेंगे और फिर हम फैसला करेंगे। एनरिच नोर्ट्जे आईपीएल के अपने पहले मैच में इतने खराब नहीं रहे लेकिन बाएं हाथ के डेनियल सैम्स कुछ मुश्किल कोण में गेंदबाजी कर सकते हैं जो बल्लेबाजों को नापसंद होता है। शिमरोन हेतमेयर को एक और मौका मिलने की संभावना है, अगर रिकी पोंटिंग एलेक्स कैरी के रूप में कुछ स्थिरता लाने के बारे में नहीं सोचते हैं। दिल्ली की टीम में पृथ्वी साव, शिखर धवन, ऋषभ पंत, कप्तान श्रेयस अय्यर और पिछले मैच के नायक मार्कस स्टोइनिस जैसे बिग हिटर हैं जो पीयूष चावला और रविंद्र जडेजा को चुनौती देना चाहेंगे।





# जोन्स के असामयिक निधन से क्रिकेट जगत स्तब्ध



**भाषा।** नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डीन जोन्स का गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से अचानक निधन हो गया जिससे क्रिकेट जगत सकते में आ गया तथा क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि खेल को हमेशा उनकी कमी खलेगी। जोन्स इंडियन प्रीमियर लीग के लिए स्टार स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम का हिस्सा थे और मुंबई में थे। वह 59 बरस के थे। भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया, डीन जोन्स के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। एक शानदार व्यक्ति काफी जल्दी चला गया। आस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे के दौरान उनके खिलाफ खेलने का मौका मिला। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उनके प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाए हैं। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने लिखा, डीन डीन्स के निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। उनके परिवार और मित्रों के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी उनके निधन पर शोक जताया।आस्ट्रेलिया के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने भी उनके निधन पर शोक जताया। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की अगुआई कर रहे आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने ट्वीट किया, मुझे इस खबर पर विश्वास ही नहीं हो रहा। इस बारे में सुनकर काफी दुखी हूं। भगवान डीनो (जोन्स) की आत्मा को शांति दे, आपकी कमी खलेगी। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेल रहे आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने कहा, डीनो के निधन की खबर सुनकर अब भी स्तब्ध हूं।

## अंकिता फ्रेंच ओपन क्वालीफायर से बाहर

**पेरिस।** भारत की अंकिता रैना गुरुवार को यहां दूसरे दौर में जापान की कुरुमी नारा के खिलाफ सीधे सेटों में हार के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट क्वालीफायर से बाहर हो गईं।भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता को दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटे और 21 मिनट में 3–6 2–6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।अंकिता ने मैच के बाद कहा, मुकाबला बुरा नहीं था। मुझे अपनी सर्विस पर मौके मिले लेकिन आज उसने काफी अच्छा रिटर्न किया। अगर मैं उन गेम को जीतने में सफल रहती जो स्थिति अलग हो सकती थी। साथ ही आज काफी हवा भी चल रही थी। अंकिता की हार का मतलब है कि कोई भी भारतीय एकल खिलाड़ी क्ले कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में हिस्सा नहीं लेगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफायर में सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन और प्रजनेश गुणेश्वरन को हार का सामना करना पड़ा था। रोहन बोपन्ना और दिविज शरण अपने अपने साथियों के साथ पुरुष युगल स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

# छह महीने बाद क्रीज पर समय बिताकर अच्छा लगा : रोहित

**भाषा।** अबुधाबी



मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहली जीत दर्ज करने पर राहत की सांस ली और साथ ही वह छह महीने के बाद क्रीज पर पर्याप्त समय बिताकर भी खुश दिखे। रोहित ने पुल शॉट का अच्छा प्रदर्शन करके 80 रन बनाए जिससे मुंबई पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 195 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) नौ विकेट पर 146 रन ही बना पाया। रोहित ने मुंबई की 49 रन से जीत के बाद कहा, मैंने पुल शॉट खेलने का अच्छा अभ्यास किया था। मेरे सभी शॉट बहुत अच्छे थे इसलिए यह नहीं कह सकता कि मेरा कौन सा शॉट सबसे अच्छा था। मैंने पिछले छह महीने से ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली थी और मैं क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहता था। पहले मैच में मैं अच्छा नहीं खेल पाया लेकिन खुशी है कि आज मैंने ऐसा किया। मुंबई की यूएई में यह छह मैचों में पहली जीत है। इससे पहले वह 2014 में अपने पांचों मैच गंवा बैठा था जबकि इस सत्र में वह पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स से हार गया था। मैन आफ द मैच रोहित ने कहा, जिस टीम ने 2014 में यहां पांच मैच गंवाए थे उसके केवल दो खिलाड़ी (असल में तीन रोहित, कीरेन पोलार्ड और जसप्रीत बुमराह) वर्तमान टीम में हैं। हमने आज अपनी रणनीति पर अमल करने पर ध्यान दिया। विकेट अच्छा था और ओस भी पड़ रही थी।

## ओएनजीसी के हजीरा संयंत्र में आग से आपूर्ति प्रभावित, दूसरे क्षेत्रों से गैस आपूर्ति शुरू की

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी के गुजरात, सूरत के समीप गैस प्रसंस्करण इकाई में बृहस्पतिवार तड़के आग लगने के कारण बिजली और उर्वरक कंपनियों को ईंधन की आपूर्ति बाधित हुई। लेकिन कंपनी ने दूसरे उत्पादक क्षेत्रों से आपूर्ति शुरू कर इसकी कमी को दूर किया।ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के हजीरा गैस प्रसंस्करण संयंत्र में आग तड़के तीन बजे लगी। इसके बाद बचाव कार्य तुरंत शुरू कर सुबह 7.30 बजे काबू आगे पर काबू पा लिया गया। ओएनजीसी ने कहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हजीरा संयंत्र में लगी आग को पूरी तरीके से बुझा दिया गया है। कामकाज यथाशीघ्र शुरू करने को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। हजीरा संयंत्र को गैस ओएनजीसी के पश्चिमी तट के पश्चिमी अपतटीय बेसेइन फील्ड और पन्नाामुक्त और ताप्ती फील्ड से मिलती हैं। यहां 3.2 से 3.3 करोड़ घन मीटर गैस प्रतिदिन का प्रबंधन होता है। ओएनजीसी ने कामकाज सुरक्षित तरीके से शुरू करने को लेकर निदेशक (अपतटीय) राजेश कक्कर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हजीरा भेजा है। व्यवस्था शुक्रवार से सुचारू होने की संभावना है।

## रेफ्रिजरेटर बाजार में उतरी हैवेल्स

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल सामान कंपनी हैवेल्स रेफ्रिजरेटर बाजार में उतर गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को अपनी टिकाऊ उपभोक्ता सामान इकाई लॉयड के जरिए देश के रेफ्रिजरेटर बाजार में उतरने की घोषणा की। इस कदम के साथ लॉयड एक पूर्ण टिकाऊ उपभोक्ता सामान ब्रांड बन जाएगा। यह ब्रांड पहले से एयर-कंडीशनर, एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन खंड में मौजूद है। कंपनी ने कहा कि उसने 25 नए इन्वर्टर प्रौद्योगिकी आधारित डायरेक्ट कूल (डीसी), फ्रॉस्ट-फ्री और साइड–बाय–साइड रेफ्रिजरेटर मॉडल पेश किए हैं। कंपनी का इरादा दिवाली तक 25 और नए मॉडल उतारने का है। इसके अलावा लॉयड की योजना नवंबर में डिशवॉशर खंड में भी उतरने की है। लॉकडाउन के दौरान लोग अपने घर से काम कर रहे हैं। ऐसे में डिशवॉशर जैसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। लॉयड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि अरोड़ा ने कहा, आज हम डीसी, साइड–बाय–साइड, फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर की श्रृंखला पेश कर रहे हैं। मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप कंपनी अपने रेफ्रिजरेटर की समूची श्रृंखला का उत्पादन भारत में ही करेगी। लॉयड के रेफ्रिजरेटर 190 से 587 लीटर क्षमता में उपलब्ध होंगे। इन मॉडलों की शुरुआती कीमत 10,000 रुपए से 84,990 रुपए होगी। इनमें ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के 2020 रेटिंग नियमों का अनुपालन किया जाएगा। एसी के बाजार में लॉयड शीर्ष तीन ब्रांड में है। हैवेल्स ने मई, 2017 में लॉयड का अधिग्रहण किया था।

## महामारी समाप्त होने के बाद बाद भी घर से काम करने की व्यवस्था रहेगी जारी : गिल गेट्स

**मुंबई।** जानेमाने उद्योगपति और परामार्थ कार्यों से जुड़े बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि घर से काम करने की संस्कृति बेहतर तरीके से काम कर रही है और कई कंपनियां कोरोना वायरस महामारी समाप्त होने के बाद भी यह व्यवस्था जारी रखेंगी। गेट्स ने कहा, यह देखना अद्भुत है कि कैसे घर से काम करने की व्यवस्था काम कर रही है और मुझे उम्मीद है कि महामारी के समाप्त होने के बाद यह कार्य संस्कृति बनी रहेगी। उन्होंने इस साल अब तक काम के सिलसिले में यात्रा नहीं की।

# शेयर बाजारों में छठे दिन भी गिरावट

## ●सेंसेक्स 1,115 अंक गिरा, निवेशकों के डूबे 3.95 लाख करोड

**भाषा।** मुंबई

शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच यहां भी सेंसेक्स में।,115 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई। एनएसई का निफ्टी 10,800 के करीब पहुंचा।
प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कोविड–19 संक्रमण का दूसरा दौर शुरू होने की आशंका के बीच वैश्विक बाजारों में जमकर बिकवाली का सिलसिला चला। केंद्रीय बैंकों की ओर से अर्थव्यवस्था की सुस्ती दूर करने के लिए किसी तरह के नए प्रोत्साहनों की घोषणा नहीं होने से बाजारों की धारणा प्रभावित हुई। घरेलू मोर्चे पर रुपए में भारी गिरावट तथा शेयर बाजार में वायदा एवं विकल्प खंड में निपटान कारोबार की वजह से भी बाजार में जबर्दस्त गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कमजोर रुख के साथ खुलने के बाद और नीचे गया। अंत में यह।,114.82 अंक या 2.96 प्रतिशत के नुकसान से 36,553.60 अंक पर बंद हुआ। चार मई के बाद यह सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन सेंसेक्स 2,000 अंक से अधिक अंक टूटा था।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 326.30 अंक या 2.93 प्रतिशत टूटकर 10,805.55 अंक रह गया। पिछले छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,749.25 अंक नीचे आ चुका है। इस दौरान निफ्टी में 799 अंक की गिरावट आई है। इस बीच, बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.95 लाख करोड़ रुपए घटकर।,48,76,217.22 करोड़ रुपए रह गया। बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को 3.95 लाख करोड़ रुपए की पूंजी का नुकसान हुआ है। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर अन्य सभी में नुकसान रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर 0.36 प्रतिशत के लाभ में बंद हुआ। इंडसइंड बैंक के शेयर में सबसे अधिक 7.10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टीसीएस और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख के बीच अमेरिका से चिंताजनक आंकड़ों की वजह से बाजारों में गिरावट आई। इसके अलावा कोविड–19 संक्रमण फिर उबरने की चिंता से यूरो क्षेत्र के बाजार टूट गए।

भारतीय बाजारों में टीसीएस और इन्फोसिस की अगुवाई में जबर्दस्त नुकसान रहा। इन दोनों कंपनियों के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले पांच माह के दौरान बाजार में सुधार लाने में मुख्य योगदान दिया। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 2.28 प्रतिशत तक का नुकसान रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 32 पैसे टूटकर 73.89 प्रति डॉलर पर आ गया।




## निवेश सलाहकारों के लिए सलाहकार सेवाओं, वितरण गतिविधियों को अलग रखने के दिशानिर्देश जारी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेश सलाहकारों के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। बाजार नियामक ने निवेश सलाहकारों को ग्राहकों के स्तर पर सलाहकार सेवाओं और उत्पाद वितरण गतिविधियों को अलग रखने को सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावा सेबी ने निवेश सलहाकारों द्वारा ग्राहकों से लिए जाने वाले शुल्क की अधिकतम सीमा भी तय की है। उसने लेखा परीक्षा और रिकॉर्ड रखने से संबंधित एक प्रक्रियात्मक रूपरेखा भी पेश की है। नियमों के तहत, एक व्यक्तिगत निवेश सलाहकार, गैर–व्यक्तिगत निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करेगा और उसके पास 150 ग्राहक होने चाहिए जिन्हें वह सेवा देगा। निवेश सलाहकार को अपने ग्राहकों के साथ निवेश सलाहकार समझौता करना होगा। नियामक ने कहा कि निवेश सलाहकारों को सलाहकार और वितरण गतिविधि सेवाओं के मामले में ग्राहक के स्तर पर अलगाव के संबंध में अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। ग्राहक के स्तर पर सेवाओं के मामले में पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए जो मौजूदा ग्राहक सलाहकार सेवाएं लेना चाहते हैं वह उसी निवेश सलाहकार के समूह अथवा पारिवारिक इकाइयों से वितरण सेवाएं लेने के लिए पात्र नहीं होंगे।

## बोडाफोन, एयरटेल ने जून में खोए 59 लाख से अधिक ग्राहक, वहीं जियो ने जोड़े 45 लाख: ट्राई

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार उद्योग में दो पुरानी कंपनियों वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) और एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में लगातार गिरावट जारी है, जबकि रिलायंस जियो के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि का क्रम बरकरार है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, जून में वीआईएल और एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में क्रमश: 48.2 लाख और 11.3 लाख की गिरावट आई। हालांकि, इस दौरान जियो के ग्राहकों की संख्या में करीब 45 लाख की वृद्धि हुई।

## रुपया 32 पैसे टूटकर करीब एक माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कोविड–19 के मामलों में निरंतर वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं और घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली की घटनाओं के बाद विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे की भारी गिरावट के साथ करीब एक माह के निम्न स्तर 73.89 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इसके अलावा प्रमुख वैश्विक मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा घरेलू बाजार से विदेशी निधियों की भारी धन निकासी से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर रुख के साथ 73.82 पर खुला तथा कारोबार के दौरान 73.75 से 73.96 रुपए के दायरे में घूमने के बाद अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे की भारी गिरावट को दर्शाता 73.89 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।




## भारतीय आने वाले समय में खर्च को लेकर सतर्क, 10 में से 9 ने जताई चिंता: सर्वे

**मुंबई।** कोरोना वायरस संक्रमण में लगातार बढ़ते मामलों के साथ रोजगार और आर्थिक पुनरूद्धार को लेकर एक अनिश्चितता पैदा हो रही है और इसका असर खर्च पर भी दिख रहा है। एक सर्वे में देश में 10 में से 9 लोगों ने इसको लेकर चिंता जताई और आने वाले समय में खर्च को लेकर सतर्कता बरतने की बात कही। ब्रिटेन के स्टैंर्डर्ड चार्टर्ड बैंक ने इस संदर्भ में वैश्विक स्तर पर एक सर्वे किया है। बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा, सर्वे में 90 प्रतिशत भारतीय प्रतिभागियों ने कहा कि महामारी ने उन्हें खर्च को लेकर सतर्क बना दिया है। सर्वे के अनुसार 76 प्रतिशत भारतीय प्रतिभागी यह महसूस करते हैं कि महामारी ने उन्हें अपने खर्चों के बारे में सोचने को मजबूर किया है।

## तोमर ने खाद्य प्रसंस्कणरण उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का पदभार संभाल लिया। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल के पिछले सप्ताह कृषि क्षेत्र से जुड़े विधेयकों के विरोध में मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद तोमर को इस मंत्रालय की नई जिम्मेदारी दी गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार तोमर का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने मंत्रालय मे स्वागत किया। इस मौके पर सचिव पुष्पा सुब्रमणियम भी मौजूद थी।

## डिजिटल बैंकिंग को अपना रहे लोग, यह रुख स्थाई है: एसबीआई चेयरमैन

**मुंबई।** भारतीय स्टैट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने बुधवार को कहा कि बड़ी संख्या मे ग्राहक अब शाख स्तर पर लेन-देन से बच रहे है और डिजिटल तौर-तरीकों को अपना रहे है तथा यह बदलाव स्थाई होने जा रहा है। फिलहाल 100 लेन-देन मे केवल सात एसबीआई शाखाओं के जरिए हो रहे है जबकि तीन साल पहले 100 लेन-देन मे 20 होते थे। ग्लोबल बिजनेस समिट मे कुमार ने कहा, ...हम यह देख रहे है कि शाखाओ और यहां तक लोग एटीएम से भी दूर हो रहे है।

## मोदी पांच को करेंगे कृत्रिम मेधा पर शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अक्टूबर को कृत्रिम मेधा (एआई) पर आयोजित शिखर सम्मेलन रेज 2020 का उद्घाटन करेंगे। ऑनलाइन होने वाले इस सम्मेलन का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा नीति आयोग संयुक्त रूप से कर रहे है। आधिकारिक बयान के अनुसार सामाजिक सशक्तिकरण के लिए जवाबदेह एआई 2020 (रेज 2020) विषय पर आयोजित यह सम्मेलन वैश्विक होगा।




यांग पियांग आइस लैंड पर दक्षिण कोरिया का जहाज। सियोल के अनुसार यहां से उनका एक अधिकारी मछली मारते समय गायब हो गया था जो उत्तर कोरियाई क्षेत्र में मृत मिला था

# व्यापक मतभेदों के चलते सुरक्षा परिषद विस्तार के लिए पैकेज समाधान की आवश्यकता: चीन

**भाषा।** बीजिंग

**सुरक्षा परिषद** में भारत के प्रवेश को लेकर अड़ंगा लगाते रहे चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की इस शक्तिशाली इकाई के विस्तार संबंधी सुधारों को लेकर व्यापक मतभेद हैं तथा इसके लिए ऐसे पैकेज समाधान की आवश्यकता है जिसमें सभी पक्षों के हित और चिंताएं समाहित हो सकें।

भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील की सदस्यता वाले जी-4 समूह ने सुरक्षा परिषद के लंबे समय से लंबित सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सार्थक कदमों की कमी को लेकर बुधवार को चिंता जताई और मुद्दे के तत्काल समाधान की मांग की।विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित जी-4 देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र से इतर एक डिजिटल बैठक की और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार किए जाने की आवश्यकता पर गहन चर्चा की। जयशंकर ने बुधवार को बैठक के बाद ट्वीट किया, तय समयसीमा में विषय वस्तु आधारित चर्चा के लिए सर्वसम्मत आह्वान। जी-4 विदेश मंत्रियों के आह्वान के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि सुरक्षा परिषद में सुधार एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो दीर्घकालिक विकास और इसके सदस्यों के सभी तात्कालिक हितों से जुड़ा है। उन्होंने कहा, मुद्दे पर व्यापक मतभेद रहे हैं और सुधार के लिए प्रबंधन पर व्यापक सर्वसम्मति की कमी है। चीन पैकेज समाधान प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के अन्य सदस्यों के साथ काम करने की इच्छा रखता है जिसमें वार्ता और चर्चा के माध्यम से सभी पक्षों के हित और चिंताएं समाहित की जा सकें। जी-4 देशों ने बुधवार को प्रेस को जारी संयुक्त बयान में समकालीन मामलों को बेहतर ढंग से रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र और इसकी मुख्य निर्णयकारी इकाइयों में तत्काल सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया।भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने इस (सुधार) प्रक्रिया को पटरी से उतारने के प्रयासों पर निराशा व्यक्त की और संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस विषय पर जल्द ही सार्थक कदम उठाने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। संयुक्त राष्ट्र के 75वें वर्ष में भारत अगले साल एक जनवरी से सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य के रूप में अपने दो साल के कार्यकाल की शुरुआत करेगा। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रयासों का दशकों से नेतृत्व करता रहा है। उसका कहना है कि 1945 में गठित इकाई 21वीं सदी की समकालीन हकीकतों को नहीं दर्शाती और यह वर्तमान चुनौतियों से निपटने में अधिक सक्षम नहीं है।सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता का भारत प्रबल दावेदार रहा है और उसे स्थाई सीट के लिए इस इकाई के पांच स्थाई सदस्यों में से चार-अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस तथा रूस सहित व्यापक समर्थन प्राप्त है। परिषद के पांच स्थाई सदस्यों में चीन भी शामिल है जिसे वीटो शक्ति प्राप्त है। वह स्थाई सदस्यता के भारत के प्रयासों में वर्षों से अड़ंगा लगाता आ रहा है।

# ट्रम्प ने सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताने से किया इनकार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार की स्थिति में सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताते से इनकार कर दिया और ईमेल या डाक के जरिए मतदान (मेल-इन-बैलेट) को लेकर संदेह व्यक्त करते हुए इसे अनर्थ करार दिया।

व्हाइट हाउस में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में ट्रम्प से सवाल किया गया कि चुनाव में हार मिलने की स्थिति में क्या वह व्हाइट हाउस शांतिपूर्वक छोड़ देंगे? इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है।ट्रम्प ने कहा, मैं ईमेल या डाक के जरिए मतदान को लेकर लगातार शिकायत करता रहा हूं और यह अनर्थ है..।

उनसे पूछा गया था, राष्ट्रपति जी, चुनाव के परिणाम चाहे जो भी हो, भले ही जीत हो, हार हो या मुकाबला बराबरी का रहे, क्या आप चुनाव के बाद सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण का आज यहां वादा करते हैं? ट्रम्प के जवाब से संतुष्ट ना होने पर पत्रकार ने फिर पूछा, क्या आप सत्ता के शांतिपूर्ण



हस्तांतरण का वादा करते हैं?

इसके जवाब में, ट्रम्प ने सत्ता में दोबारा आने का विश्वास जाहिर किया। राष्ट्रपति ने कहा, हम ईमेल या डाक के जरिए मतदान की व्यवस्था से छुटकारा चाहते हैं। सब शांतिपूर्ण रहेगा। सत्ता का कोई हस्तांतरण नहीं होगा। सच कहूं तो यही सरकार बरकरार रहेगी। ट्रम्प ने उनसे इस संबंध में सवाल करने वाले पत्रकार के और प्रश्नों के उत्तर देने से इनकार कर दिया।सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता संबंधी ट्रम्प की टिप्पणी के बारे में पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा, हम किस देश में हैं? उन्होंने सबसे तर्कहीन बात की है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं इस पर क्या कहूं? इससे पहले भी ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार के दौरान चुनाव परिणाम स्वीकार करने को लेकर प्रतिबद्धता नहीं जताई थी और कहा था, मुझे देखना होगा।

## ट्रम्प ने कहा, मैं मेगन का प्रशंसक नहीं, हैरी को दी शुभकामनाएं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नागरिकों से मतदान की अपील को लेकर टाइम द्वारा बनाई 100 वीडियो में ससेक्स ऑफ डचेस मेगन मर्केल और प्रिंस हैरी द्वारा भाग लिए जाने के बाद बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मर्केल पर निशाना साधा। वीडियो के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि मैं उनका (मर्केल) प्रशंसक नहीं हूं......मैं प्रिंस हैरी को शुभकामनाएं देना चाहूंगा, उन्हें इसकी जरूरत पड़ने वाली है। मूल रूप से अमेरिकी मेगन ने वीडियो में चार साल में आने वाले चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, जब हम मतदान करते हैं, तो हमारे मूल्यों पर अमल होता है और हमारी आवाज सुनी जाती है। ससेक्स ऑफ ड्यूक प्रिंस हैरी ने अमेरिकियों से अभद्र भाषा, गलत सूचना और ऑनलाइन नकारात्मकता को अस्वीकार करने की अपील की।

मेगन और हैरी में से किसी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन का नाम नहीं लिया लेकिन कुछ लोगों ने ऐसा अंदाजा लगाया है कि वे अपने बयान से ट्रम्प पर निशाना साध रहे थे। व्हाइट हाउस में इस वीडियो के संबंध में सवाल किए जाने पर ट्रम्प ने कहा, मैं उनका प्रशंसक नहीं हूं और उन्होंने (मेगन ने) यह सुना भी होगा। लेकिन मैं हैरी को शुभकामनाएं देना चाहूंगा। उन्हें इसकी जरूरत पड़ने वाली है।

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पोते हैरी ने लॉस एंजिलिस में पली-बढ़ी अमेरिकी अभिनेत्री मेगन मर्केल से 2018 में एक शाही समारोह में शादी की थी। जनवरी में इस दम्पत्ति ने शाही परिवार छोड़ने और उत्तरी अमेरिका में बसने की घोषणा की थी।

# ट्रंप चीन के साथ निष्पक्ष व संतुलित संबंध चाहते हैं: पोम्पिओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ एक निष्पक्ष और संतुलित संबंध चाहते हैं, जहां एक देश दूसरे देश के लिए अथवा अन्य देशों की आजीविका के लिए खतरा नहीं बने।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू किया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ गए। ट्रंप ने चीन से व्यापार घाटे को कम करने के लिए कहा था जो कि 2017 में 375.6 अरब अमेरिकी डॉलर था। कोविड-19 महामारी के बाद से चीन और अमेरिका के संबंध और भी बिगड़ गए। ट्रंप बार-बार कोरोना वायरस को चीनी वायरस बता रहे हैं और उनका कहना है कि चीन इस महामारी से सही तरह से नहीं निपट पाया, हालांकि चीन इस आरोप से इनकार करता रहा है।विस्कोन्सिन स्टेट कैपिटोल में बुधवार को विस्कोन्सिन के सीनेटर रोगर रोथ के साथ चर्चा के दौरान पोम्पिओ ने कहा कि अमेरिका के पास जो



भी रास्ते हैं, उसे उसका इस्तेमाल करना है और इसमें अमेरिका चीन से निष्पक्ष और परस्पर संबधों की मांग कर सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चीन के साथ एक निष्पक्ष और संतुलित संबंध चाहते हैं, जहां एक देश दूसरे देश के लिए अथवा अन्य देशों की आजीविका के लिए खतरा नहीं बने।

# भारतीय-अमेरिकियों को ट्रम्प की ओर खींच रहे हैं 12 कारण : सर्वेक्षण

**भाषा।** वॉशिंगटन

**अमेरिका में** राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय-अमेरिकी 12 कारणों से देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थन में आगे आ रहे हैं, जिनमें से एक कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मित्रता है। ट्रम्प के चुनाव प्रचार अभियान में लगे एक दल द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह दावा किया गया है। ट्रम्प विक्ट्री इंडियन अमेरिकन फाइनेंस कमेटी के सह अध्यक्ष अल मैसन और उनके दल के सर्वेक्षण के अनुसार देश के पूर्व राष्ट्रपतियों और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के विपरीत ट्रम्प प्रशासन भारत के आंतरिक मामलों, खासकर कश्मीर जैसे मामलों से दूर रहा है। इसके अलावा वैश्विक मंच पर भारत का दर्जा उंचा करने में ट्रम्प की स्पष्ट भूमिका एक अन्य अहम कारण है।

सर्वेक्षण में कहा गया है, यह

**● भारत व अमेरिका के संबंध मजबूत हैं भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों का श्रेय ट्रम्प और मोदी को जाता है**

मुख्य रूप से ट्रम्प-मोदी फैक्टर के बारे में है। इसमें कहा गया है कि भारतीय-अमेरिकियों का काफी हद तक यह मानना है कि आगामी चार साल में मोदी और ट्रम्प के मिलकर काम करने से वैश्विक मंच पर चीन को रोकने में मदद मिलेगी।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि इनके अलावा, चीन के खिलाफ ट्रम्प के कड़े रवैए, देश को युद्ध की स्थिति में ले जाने के बजाए शांति कायम करने की कोशिश करने , कोविड-19 से पहले अमेरिका का आर्थिक पुनरुद्धार और वैश्विक महामारी से उचित तरीके से निपटने आदि के कारण भारतीय-अमेरिकी ट्रम्प की ओर आकर्षित हो रहे हैं।इसमें कहा गया है, ट्रम्प ने वैश्विक मंच पर भारत का दर्जा बढ़ाया है। निस्संदेह, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका को लेकर दक्ष नीति को जाता है। भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हैं। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों का श्रेय ट्रम्प और मोदी को जाता है।

सर्वेक्षण में कहा गया है, भारत में हर भारतीय-अमेरिकी के माता-पिता, भाई, बहन, मित्र हैं या कोई कारोबार है। वे चाहते हैं कि भारत का सम्मान हो और उसकी चीन से रक्षा हो। ट्रम्प ऐसा कर सकते हैं। उन्हें डर है कि ट्रम्प की गैरमौजूदगी में, चीन भारत के साथ युद्ध शुरू कर सकता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि संभावित भारतीय अमेरिकी मतदाताओं में से 50 प्रतिशत मतदाता ट्रम्प के पक्ष में मतदान करेंगे।




सियोल में प्रेसवार्ता के दौरान दक्षिण कोरिया के सेना के उच्चाधिकारी

## दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर लगाया अधिकारी की हत्या का आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर उसके एक अधिकारी की हत्या का आरोप लगाया और उत्तर कोरिया से दोषियों को सजा देने की अपील की। अंतर-कोरियाई समुद्री सीमा में अनधिकृत रूप से मछली पकड़ने की घटनाओं पर नजर रखने के लिए तैनात दक्षिण कोरियाई नौका से सोमवार को एक सरकारी अधिकारी लापता हो गया था। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लापता अधिकारी मंगलवार दोपहर उत्तर कोरियाई तट पर था। अधिकारी वहां कैसे पहुंचा इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है और बृहस्पतिवार को मंत्रालय की ओर से जारी अद्यतन जानकारी में भी यह नहीं बताया गया कि उसकी मौत कैसे हुई। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम विभिन्न खुफिया जानकारियों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यह उत्तर कोरिया की नृशंस हरकत है और दक्षिण कोरिया इसकी कड़ी निंदा करता है।

# हमारे क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे आतंकवाद की समस्या की जड़ तक पहुंचने की जरूरत है : गनी



संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में आम चर्चा में अपने रिकॉर्डेड संदेश में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी गनी

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**अफगानिस्तान** के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने बुधवार कहा कि अफगानिस्तान में स्थाई शांति कायम करने के लिए, हमारे क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे आतंकवाद की समस्या की जड़ तक पहुंचने और इससे एक वैश्विक खतरे के तौर पर निपटने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में आम चर्चा में अपने रिकॉर्डेड संदेश में गनी ने उन मुद्दों पर चर्चा की, जिससे उनका युद्धग्रस्त देश पिछले कई वर्षों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, युद्ध और हिंसा के तरीकों में बदलाव आया है, जिसे हमने झेला है और अब भी झेल रहे हैं। वैश्विक आंतकवाद का एक नया रूप सामने आया है जिसमें हम जी रहे हैं और मर रहे हैं, जिसमें वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क, वैश्विक आपराधिक नेटवर्क के साथ निकटता से जुड़ा है, जिससे युद्ध पूरी तरह से गैर परम्परागत हो गए हैं तथा शांति-निर्माण और चुनौतीपूर्ण बन गया है। गनी ने कहा कि एक देश और समाज के तौर पर अफगानिस्तान ने तालिबान के साथ सीधी शांति वार्ता शुरू करने जैसा कठोर निर्णय लेने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा, यह काफी नहीं होगा। अफगानिस्तान में स्थाई शांति कायम करने के लिए , हमारे क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे आतंकवाद की समस्या की जड़ तक पहुंचने और इससे एक वैश्विक खतरे के तौर पर निपटने की जरूरत है।

## वैश्विक महामारी से निपटने के लिए समन्वय नहीं होने पर संरा चिंतित

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व के नेताओं ने दुनिया भर में करीब 10 लाख लोगों की जान ले चुकी और आर्थिक गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित करने वाली कोरोना वायरस वैश्विक महामारी से निपटने में अंतरराष्ट्रीय समन्वय नहीं होने पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली उच्चस्तरीय डिजिटल बैठक में विश्व के नेताओं के पहले से रिकॉर्ड भाषणों में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और उसके परिणामों पर बुधवार को चिंता जताई गई।कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट टोकाएव ने इसे वैश्विक सहयोग का बुरी तरह ध्वस्त हो जाना करार दिया और घाना के राष्ट्रपति नाना अकुफो अडो ने कहा, हमारी दुनिया ही पलट गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में विभिन्न सदस्य देशों ने अंतरराष्ट्रीय समन्वय के अभाव के कारण इस महामारी से निपटने में पेश आ रही चुनौतियों एवं संघर्षों का उल्लेख किया। फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो ने कहा, वैश्विक महामारी एक वैश्विक चुनौती होती है और इससे निपटने के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, लेकिन कोविड-19 ने यह खुलासा कर दिया है कि हम इन खतरों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ही काम करना चाहते हैं।

## पाकिस्तान सरकार ने शाहबाज शरीफ और उनके परिवार के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज कराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने नेता प्रतिपक्ष शाहबाज शरीफ और उनके परिवार के खिलाफ सात अरब रुपए के धनशोधन का मामला दर्ज कराया है। शाहबाज (69) पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं और 2008 से 2018 के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री रहे हैं।समाचार पत्र डॉन की खबर के मुताबिक गृह और जवाबदेही मामलों के लिए प्रधानमंत्री के सलाहकार शहजाद अकबर ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पीएमएल-एन के अध्यक्ष शाहबाज और उनके बेटे हम्जा तथा सलमान फर्जी खातों के जरिए धनशोधन के मामलों में संलिप्त हैं लेकिन वह (शाहबाज) हमेशा यह कहते रहे हैं बेटों के कारोबार से उनका कोई-लेना देना नहीं है। अकबर ने कहा, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने एक मामला दर्ज किया है, जिसमें शाहबाज शरीफ और उनके बच्चों के खिलाफ लाहौर की एनएबी अदालत में सात अरब रुपए के धनशोधन का आरोप लगाया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र ने बाल विवाह, जबरन विवाह रोकने के लिए भारत की पहलों और नीतियों का संज्ञान लिया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**बाल विवाह** एवं जबरन विवाह पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की एक रिपोर्ट में भारत में लिंग एवं बच्चों के प्रति संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करने संबंधी राष्ट्रीय नीतियों और क्षमता निर्माण की पहलों का संज्ञान लिया गया है। जून 2018 से मई 2020 की अवधि के लिए बाल, समय पूर्व और जबरन विवाह का मुद्दा पर महासचिव एंतोनियो गुतारेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों ने विवाह की न्यूनतम आयु बढ़ाने के लिए विधाई एवं नीतिगत उपाय लागू किए हैं और बाल, सही उम्र से पहले एवं जबरन विवाह को रोकने के लिए समग्र रणनीतियां अपनाई हैं। रिपोर्ट में बाल विवाह, सही उम्र से पहले विवाह और जबरन विवाह को रोकने के लिए विश्वभर में की गई प्रगति की समीक्षा की गई है।इसमें कहा गया है, इथियोपिया, घाना, भारत, मोजाम्बिक, नाइजर और युगांडा ने बाल विवाह,सही उम्र से पहले विवाह और जबरन विवाह झेलने वाली लड़कियों



**● रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएनएफपीए-यूनीसेफ ग्लोबल प्रोग्राम टू एक्सेलरेट एक्शन टू एंड चाइल्ड मैरेज ने भारत में पश्चिम बंगाल के कन्याश्री प्रकल्प कार्यक्रम को समर्थन दिया**

समेत लिंग एवं बच्चों के प्रति संवेदनशील स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सेवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय नीतियां विकसित कीं, दिशा-निर्देश जारी किए और क्षमता निर्माण पहलें शुरू कीं। रिपोर्ट में विवाहित लड़कियों एवं महिलाओं संबंधी नीतियों की भी बात की गई है। इसमें कहा गया है कि भारत में लाडली सम्मान मुहिम के तहत महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजना और परामर्श देने की व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएनएफपीए-यूनीसेफ ग्लोबल प्रोग्राम टू एक्सेलरेट एक्शन टू एंड चाइल्ड मैरेज ने भारत में पश्चिम बंगाल के कन्याश्री प्रकल्प कार्यक्रम को समर्थन दिया। इसके तहत बाल विवाह रोकने और शिक्षा जारी रखने के लिए सशर्त नकद हस्तांतरण को प्रोत्साहित किया गया।भारत में स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान ने विवाहित लड़कियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया और उन्हें स्वास्थ्य, शैक्षणिक, आर्थिक एवं कानूनी सहायता तक पहुंच का मौका मिला। यूनीसेफ के अनुसार पिछले एक दशक में दुनिया भर में लड़कियों की शिक्षा की दर बढ़ने और बाल विवाह के नुकसान और इसकी अवैधता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा किए जाने के कारण दो करोड़ 50 लाख बाल विवाह रोके गए।

# ट्रेंड बाजार

## भूमि पेडनेकर ने की अपनी फिल्म की 'स्पेशल सिस्टर स्क्रीनिंग'



**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर अपनी नई फिल्म 'डॉली किटी और वो चमकते सितारे' अपनी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ देखना चाहती हैं और वो इसे स्पेशल 'सिस्टर स्क्रीनिंग' बताती हैं। भूमि बताती हैं, 'समीक्षा और मैं इसी सप्ताह रिलीज़ होने वाली इस फिल्म को साथ बैठकर देखना चाहते हैं। हमने पहली बार साथ में फिल्म बूसान में देखी थी और मेरी फिल्मी यात्रा मेरी बहन के साथ के बिना नहीं हो सकती थी। वहां हमारा अच्छा समय बीता था। इस बार भी हमनें साथ में फिल्म देखने का निर्णय लिया है और ये मेरे लिए 'स्पेशल सिस्टर स्क्रीनिंग' होगी।'

## गुरमीत कौर को कोविड-19 का भय



गुरमीत चौधरी का कहना है कि 'द वाईफ' नाम की फिल्म को इस महामारी के दौर में पूरा करना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती थी। हमारी प्रमुख चिंता ये थी कि यदि हममें से किसी को कोविड-19 संक्रमण हो जाता है तो शेष लोगों को 21 दिन का पृथक वास व्यतीत करना होगा और फिर फिल्म की शूटिंग को रोकना पड़ेगा। यदि कोविड-19 संक्रमण के प्रकरण बढ़े तो ये चक्र तो चलता ही रहेगा।'

## रणवीर सिंह बहिर समुदाय की मदद को आए आगे



सुपरस्टार रणवीर सिंह संबंधित अधिकारियों से 'इंडियन साइन लैंग्वेज' अर्थात भारतीय संकेत भाषा को भारत की 23वीं आधिकारिक भाषा का स्थान देने पर विचार करने का आग्रह करते रहे है। हाल ही में उन्होंने इस लक्ष्य के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए एक याचिका पर हस्ताक्षर किये हैं। रणवीर का अपना रिकॉर्ड लेबल 'इंकइंक' जो उन्होंने नवज़ार ईरानी के साथ मिलकर बनाया है, ने साइन लैंग्वेज में एक म्यूज़िक वीडियो भी रिलीज़ किया। इस अभिनेता के इन प्रयासों के समर्थन में भारतीय बहिर समुदाय ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए एक वीडियो बनाकर उनकी प्रशंसा की।

## एली गोल्डिंग में थी आत्मविश्वास की कमी




एली गोल्डिंग वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय गायक हैं और उन्हें दो ब्रिट अवार्ड मिल चुके हैं तथा ग्रैमी तथा गोल्डेन ग्लोब अवार्ड के लिए भी अतीत में उनका नामांकन किया जा चुका है। उनके लिए सिलेब्रिटी बनना सरल नहीं रहा। वो पहले भी बता चुके हैं कि उनमें पहले वो आत्मविश्वास नहीं हुआ करता था जो आज दिखता है।

एली ने बताया, 'मैं 14 साल की आयु से ही गायक बनना चाहता था। मुझे लगता है कि मैं सदा से गाता, गिटार बजाना, संगीत लेख तथा स्वयं को परफॉर्म करते हुए कल्पना लोक में खोया रहा हूं। लेकिन मुझमें उन दिनों उतना आत्मविश्वास नहीं हुआ करता था और मुझे बस इसी पर काम करना शेष था। हमें इतना सम्मान और चर्चा मिलने से पहले स्वयं पर काफी काम करना पड़ता है।'

# 'अ प्रॉमिस्ड लैंड' में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक़ ओबामा ने बताई अपनी कहानी

**अपनी पहचान की तलाश करते एक युवा से लेकर स्वतंत्र दुनिया के नेता बनने तक बराक ओबामा ने राष्ट्रपति के रूप में अपने जीवन वृतांत 'अ प्रामिस्ड लैंड' में अपनी राजनीतिक शिक्षा से लेकर अपने पहले कार्यकाल के अविस्मरणीय क्षणों का उल्लेख किया है जो उनके अनुसार नाटकीय परिवर्तन तथा अशांति का समय था।**




बराक़ ओबामा अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति थे और उनके इस जीवन वृतांत को दो खंडों में प्रकाशित किया जाएगा। पहले खंड का शीर्षक 'अ प्रामिस्ड लैंड' रखा गया है और इसका प्रकाशन पेंग्विन रैंडम हाउस द्वारा किया जाएगा और इसे 25 भाषाओं में निर्गत किया जाएगा। इसके दूसरे खंड के प्रकाशन के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा।

इसमें ओबामा ने अपनी उस असंभव सी लगने वाली लंबी यात्रा की कहानी कही है। अपनी पहचान की तलाश करते एक युवा से लेकर स्वतंत्र दुनिया के नेता बनने तक बराक ओबामा ने इसमें अपनी राजनीतिक शिक्षा से लेकर अपने पहले कार्यकाल के अविस्मरणीय क्षणों का उल्लेख किया है जो उनके अनुसार नाटकीय परिवर्तन तथा अशांति का समय था।

उन्होंने इस व्यक्तिगत विवरण में उस इतिहास का वर्णन किया है जो उस समय बन रहा था। इसके साथ ही उन्होंने इसमें अपने राजनीतिक जीवन के प्रारंभिक क्षणों से लेकर लोवा कॉकस विजय जिसने जमीनी कार्य की शक्ति को निरूपित किया और इसके बाद 4 नवंबर 2008 का वो क्षण आया। वो अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति चुने गए और इस प्रकार वो अमेरिका के राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद तक पहुंचने वाले पहले एफ्रो-अमेरिकी बने।

अपने कार्यकाल के बारे में बताते हुए उन्होंने राष्ट्रपति की अभूतपूर्व शक्तियों तथा अमेरिका की भेदभावपूर्ण राजनीति तथा अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का भी विवरण दिया है। एक प्रकार से ओबामा ने इस प्रकाशन के माध्यम से अमेरिका के राष्ट्रपति भवन के ओवल कार्यालय, वाइट हाउस के सिचुयेशन कक्ष से लेकर मास्को, काइरो, बीजिंग तथा और आगे लेकर जाते हैं। उन्होंने किस प्रकार अपने कैबिनेट का चयन किया, वैश्विक वित्तीय संकट पर उनके विचार तथा व्लादिमिर पुतिन के साथ व्यवहार के बारे में भी इसमें गहन विवेचना की गई है। उन्होंने किस प्रकार अफोर्डेबल केयर ऐक्ट पास कराया, अफगानिस्तान के बारे में अमेरिकी रणनीति को लेकर सेना के जनरलों से संघष, वॉल स्ट्रीट सुधार, डीप वॉटर होराइज़न से लेकर ऑपरेशन नेप्ट्यून्स स्पीयर के बारे में भी अंतदृष्टि प्रस्तुत की है जिसके कारण ओसामा बिन लादेन को मारने में सफलता मिली।

ये जीवन वृतांत अंतरंग और अंतर्मनन से परिपूर्ण दिखता है। इसमें एक व्यक्ति की इतिहास से संघर्ष की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। सामुदायिक स्तर पर काम करने वाले एक संगठनकर्ता की निष्ठा का किस प्रकार वैश्विक धरातल पर परीक्षण किया गया, के बारे में विवरण दिया गया है। ओबामा ने बड़े साहस से इसे स्वीकार किया है कि उन्होंने उस चुनाव में स्वयं को ब्लैक अमेरिकी के रूप में प्रस्तुत कर चुनाव में एक विजेता संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया था। और किस प्रकार उनका नारा 'आशा और परिवर्तन' चुनावों में चर्चा और परिचर्चा का हिस्सा बना। उन्होंने इसका भी उल्लेख इसके प्रथम खंड में किया है कि अमेरिका और बाहर की शक्तियों ने किस प्रकार उनके चुनाव में विरोध किया था। वाइट हाउस में रहते हुए उनकी पत्नी और पुत्री के जीवन का जीवन किस प्रकार प्रभावित हुआ, के बारे में भी इसमें विवरण है। लेकिन इसके बावजूद उनका ये विश्वास अडिग रहा कि इस अमेरिकी महाप्रयोग में भी प्रगति और विकास सदा संभव हैं।

इस पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'किसी पुस्तक को पूर्ण करने जैसी भावना का अस्तित्व नहीं होता लेकिन मुझे इसपर गर्व है। मैंने पिछले कुछ वर्ष राष्ट्रपति के अपने कार्यकाल के बारे में सोचने में बिताए हैं और इस पुस्तक 'अ प्रॉमिस्ड लैंड' में मैंने राष्ट्रपति चुनाव अभियानों, अपने कार्यकाल, महत्वपूर्ण घटनाओं तथा उन्हें आकार देने वालों, अपने सही निर्णयों के संबंध में विचार और उन त्रुटियों के बारे में जो मुझसे हुईं, उन राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक शक्तियों जिनसे मुझे और मेरी टीम को जूझना पड़ा, के बारे में बताया है। मैंने इस पुस्तक में अपने पाठकों को अपनी और मिशेल की व्यक्तिगत यात्रा के बारे में भी बताने का प्रयास किया है। और अंत में आज जब अमेरिका एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है, इसमें मैंने अपने कुछ वृहद विचारों को समाहित किया है जिनसे आज अपने देश में हो रहे विविध विभाजनों को समाप्त किया जा सकता है ताकि लोकतंत्र का लाभ हर व्यक्ति को मिल सके। ये वो कार्य है जो केवल किसी एक राष्ट्रपति तक ही सीमित नहीं है बल्कि हम सभी नागरिकों को भी इसमें जुटना होगा। मुझे विश्वास है कि इसकी कंटेंट सूचनात्मक और रोचक होने के साथ ही विश्व भर के युवाओं को कम से कम दायित्व अपने हाथ में लेने, आवाज उठाने और विश्व को श्रेष्ठ स्थान बनाने के लिए प्रेरित अवश्य करेगी।'

(इस पुस्तक 'अ प्रॉमिस्ड लैंड' का प्रकाशन 17 नवंबर को होना है)

# आयुष्मान खुराना टाइम मैगजीन के प्रभावशाली लोगों की सूची में



**अभिनेता** आयुष्मान खुराना को अभिनेता के रूप में उनके योगदान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए अमेरिका की टाइम मैगजीन ने प्रशंसा की है। 2020 में सर्वाधिक प्रभावशाली 100 लोगों की सूची में पांच भारतीयों- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, लंदन आधारित भारतीय मूल के चिकित्सक रवीन्द्र गुप्ता जिन्होंने एड्स के उपचार के लिए काम किया तथा बिलकीस दादी, जो सीएए के विरोध में शाहीनबाग में अग्रणी भूमिका में रहीं।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता को कलाकार की श्रेणी में रखा गया जिसमें उनके साथ ऑस्कर विजेता कोरियाई फिल्म निर्माता बॉन्ग जून हो, लीबैग बनाने वाले तथा स्टार फेएब, वॉलर ब्रिज तथा हॉलिवुड स्टार माइकल बी जॉर्डन तथा पॉप म्यूज़िक सुपरस्टार सेलेना गोमेज़, जे बॉल्विन तथा जेनिफर हड्सन भी इस सूची में रखे गए थे।

आयुष्मान ने कहा, 'मैं वास्तव में विनीत भाव से इस सम्मान को स्वीकार करता हूं। एक कलाकार के रूप में मैंने सिनेमा के माध्यम से समाज में सदा एक सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देने का प्रयास किया है। इस क्षण मुझे विश्वास दिला रहा है कि मेरा ऐसा करना और मेरी अब तक की यात्रा सही दिशा में थी।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं हमेशा से मानता रहा हूं कि सिनेमा समाज और लोगों में सही विमर्श को प्रारंभ करने की शक्ति रखता है। आशा है कि कंटेंट के प्रति अपने चयन के माध्यम से मैं अपने देश और देशवासियों के प्रति योगदान देने में समर्थ हुआ हूं।'

# इफ्फी के 51वें संस्करण का आयोजन अब अगले साल 16 से 24 जनवरी को होगा : जावडेकर

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के 51वे संस्करण का आयोजन इस साल 20 से 28 नवम्बर की जगह अगले साल 16 से 24 जनवरी तक किया जाएगा। इसका आयोजन मिश्रित यानि डिजिटिल और प्रत्यक्ष दोनों तरीके से होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने एक बयान में बृहस्पतिवार को कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से इस विषय पर चर्चा करने के बाद इफ्फी का आयोजन टालने का फैसला किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया।

जावडेकर ने कहा, अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिशा-निर्देश और नियमों के अनुरूप गोवा में 16-24 जनवरी 2021 तक संयुक्त रूप से महोत्सव का आयोजन करने का फैसला किया गया है। उन्होंने एक बयान में कहा, डिजिटल और प्रत्यक्ष यानी मिश्रित तरीके से महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सर्किट में हाल में आयोजित महोत्सवों के अनुरूप कोविड-19 से जुड़े सभी नियमों का पालन किया जाएगा।

इफ्फी के पिछले साल स्वर्ण जयंती समारोह के शुभारंभ में अभिनेता अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने एक साथ शिरकत की थी। फ्रांस की नामी अदाकारा इसाबेल हुपर्ट को लाइटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। चर्चित गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने भी पिछले साल शुरुआती समारोह में अपनी प्रस्तुतियों के जरिए प्रशंसकों का मनोरंजन किया था। पिछले साल के समारोह में विभिन्न देशों की करीब 250 फिल्में दिखाई गई थी।

# राणा सफवी को मिला यमीन हजारिका पुरस्कार




**नई दिल्ली।** इतिहासकार राणा सफवी को यमीन हजारिका की स्मृति में स्थापित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यमीन हजारिका पूर्वोत्तर से केंद्रीय पुलिस सेवा में आने वाली पहली महिला थीं। संस्कृति, इतिहास और भारत के स्मारकों पर कई किताबें प्रकाशित कर चुकीं सफवी को भारतीय संस्कृति में उनके समन्वयात्मक योगदान के लिए चुना गया।

असम से आने वाली हजारिका का चयन 1977 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, दमन और दीव और दादरा नगर हवेली पुलिस सेवा (दानिप्स) में हुआ था। वह चाणक्यपुरी (दिल्ली) की सहायक पुलिस आयुक्त रहीं और बाद में राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस उपायुक्त (महिलाओं के खिलाफ अपराध) का पद भी संभाला। दिल्ली में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान वह तीन प्रमुख थानों की प्रभारी थीं। उसके बाद वह संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक मिशन पर बोस्निया चली गई थीं।

1999 में 43 वर्ष की उम्र में कैंसर से उनका निधन हो गया था। सम्मान समारोह डिजिटल रूप से हुआ जिसमें हजारिका की बेटी हुमा ने दिल्ली में सफवी को रजत स्मृति चिन्ह दिया। इस मौके पर असम के पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत विशिष्ट अतिथि थे। यह पुरस्कार 2015 से हर वर्ष महिला पेशेवरों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है।

# मानव कौल, आनंद तिवारी कोरोना वायरस से संक्रमित

## अर्जुन रामपाल ने स्वयं को पृथक किया



**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभिनेता मानव कौल और आनंद तिवारी के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उनकी आगामी फिल्म नेल पॉलिश की शूटिंग तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। रामपाल ने कहा कि वह अपनी जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं और इस समय घर में पृथक-वास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, मैं घर पर पृथक-वास में हूं। नेल-पालिश के सेट पर कल मानव कौल और आनंद तिवारी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। प्रोडक्शन ने तत्काल शूटिंग रोक दी है और हर व्यक्ति की दोबारा जांच की जा रही है।

अभिनेता ने कहा, मैं घर में पृथक-वास में हूं और जांच के परिणाम का इंतजार कर रहा हूं। हर किसी से दूर रह रहा हूं। लड़कों जल्दी ठीक हो जाओ। बग्स भार्गव कृष्ण द्वारा निर्देशित नेल पालिश जी5 पर रिलीज की जाएगी। मुंबई में संक्रमित लोगों की संख्या बुधवार को 1,90,138 हो गई। शहर में 52 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 8,601 हो गई।

# अभिनेता भूपेश पांड्या का फेफड़ों के कैंसर से निधन

भाषा। मुंबई



**विक्की** डोनर और परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोकरण जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय के लिए आलोचकों की भी सराहना बटोरने वाले अभिनेता भूपेश पांड्या का निधन हो गया। उनकी आयु 45 के करीब थी। अभिनेता एवं पांड्या के सहयोगी राजेश तैलंग ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से स्नातक पांड्या फेफड़े के कैंसर से पीड़ित थे, गुजरात के अहमदाबाद के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था और इलाज के लिए उन्हें आर्थिक मदद की जरूरत थी। एनएसडी में पांड्या के वरिष्ठ रह चुके तैलंग ने बताया कि कुछ साथियों ने अभिनेता की आर्थिक मदद के लिए ऑनलाइन चंदा करके 20 लाख रुपए जुटाए थे लेकिन पांड्या की बुधवार को मौत हो गई। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, वह एनएसडी में मेरा कनिष्ठ था और हमने एक साथ बहुत काम किया। जब मुझे उसकी सेहत और इलाज में आने वाले खर्च के बारे में पता चला तो मैंने इसे लोगों के साथ साझा करने का सोचा। तैलंग ने कहा, चंदा एकत्र करने की साइट कीटो के जरिए करीब 21 से 22 लाख रुपए इकट्ठा हो गए और कुछ लोगों ने सीधे उनकी पत्नी के खाते में पैसे डाले, लेकिन यह दुखद है कि गुजरात के अपोलो अस्पताल में कल उनका निधन हो गया।

पांड्या ने शुजीत सरकार की 2012 में आई फिल्म विक्की डोनर में चमन का किरदार निभाया था। उन्होंने हज़ारो ख्वाहिशें ऐसी और गांधी टू हिटलर जैसी फिल्मों में भी काम किया था। एनएसडी में उनके सहयोगियों और अभिनेता मनोज वाजपेई, गजराज राव और कास्टिंग डायरेक्टर-फिल्म निर्माता मुकेश छाबड़ा जैसे अन्य सहयोगियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। ड्रामा स्कूल के आधिकारिक अकांउट से ट्वीट किया गया, भूपेश कुमार पांड्या के (पूर्व छात्र, एनएसडी, 2001 बैच) मौत की खबर बेहद दुखद है। एनएसडी परिवार हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे। मनोज बाजपेई ने ट्वीट किया, भगवान भूपेश पांड्या की आत्मा को शांति दे। एनएसडी के अनुसार, पांड्या का अंतिम संस्कार उनके पैतृक आवास राजस्थान के बांसवाड़ा में किया जाएगा। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं।

# आशा नेगी और अंश बागरी साथ होंगे कामेडी शो लव का पंगा में



**लोकप्रिय** कलाकार आशा नेगी और अंश बागरी जल्द ही हंगामा प्ले के आगामी ओरिजिनल रोमांटिक कॉमेडी शो लव का पंगाष् में एक साथ नजर आएंगे। पवित्र रिश्ता और अभय 2 जैसे हिट टेलीविजन और वेब शो में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध आशा नेगी अपने इस नए शो में नेहा का किरदार निभाती नज़र आएंगी जो कि दिल्ली की एक मॉडर्न लड़की है तथा छुट्टियों का अकेले ही शांतिपूर्ण आनंद उठाने के लिए निकल पड़ी है। वेल्लापंती दिल तो हैप्पी है जी और डेज ऑफ तफरी में प्रमुख भूमिकाएं निभाने वाले अंश बागरी इस कॉमेडी में सुमित बने दिखाई देंगे जो कि एक देसी और बिंदास हरियाणवी छोरा है। मनाली की खूबसूरत जगहों पर फिल्माया गया यह शो प्यार और रोमांस को आधुनिक नज़रिए से देखता है।

शो के बारे में बात करते हुए अंश बागरी ने कहा, लव का पंगा आपको इन दो किरदारों के साथ मनाली की ख़ूबसूरत सैर कराता है। यह ऊंचे दर्ज़े के मनोरंजन वाला हल्का फुल्का शो है जो दर्शकों को अपने किरदारों के साथ यकीनन गहरे जुड़ाव का अहसास कराएगा। आशा के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा। वह बेहद समर्पित व सहज.स्वाभाविक अभिनेत्री है और मनाली में शूटिंग करते वक्त हमने खूब धमाल मचाया है। मैं उम्मीद करता हूं कि दर्शक भी इस शो का उतना ही आनंद उठाएंगे जितना कि हमने इसकी शूटिंग करने में उठाया है। नितेश सिंह द्वारा निर्देशित और एबज ओरिजिनल द्वारा निर्मित लव का पंगा स्ट्रीम करने के लिए जल्द ही हंगामा प्ले और भागीदार नेटवर्क पर उपलब्ध होगा।

### तेज हवाओं के साथ बरसात से बर्बाद हुई धान की फसल

# किसानों पर बारिश का कहर

संवाददाता। सेउता सीतापुर

**यूं तो** किसान तमाम तरह की मार लगातार सहता ही है लेकिन धान की फसल पक कर तैयार हो चुकी है लेकिन तेज हवाओं के साथ लगातार हुई बारिश ने किसाने की खूनपसीने की कमाई बर्बाद हो रही है। खेतों मे पानी भरा हुआ है। धान गिरा न होता तो काटा जा सकता था और ज्यादा समय तक लगा  रहने पर पूरा धान बर्बाद होने की कगार पर है। सेउता के किसान छोटे लाल बताते है कि सात बीघे धान लगाया था सब पक कर तैयार था लेकिन लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं ने सरी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। लड़कियों की शादी करनी थी हमारे पर दुखों का पहाड टूट गया है। सेवता निवासी किसान राम खेलावन यादव बताते हे कि धान काटने वाला था लेकिन बारिश के कारण सब गिर कर बर्बाद हो गया है। किसान बैजनाथ मौर्य बताते हैं कि धान की फसल बर्बाद हो चुकी है सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये।



बरसात से गिरी धान की फसल — पायनियर



किसान — पायनियर

## नेरी फाटक के पास बने अंडर पास से राहंगीर परेशान

संवाददाता। सीतापुर

**नेरी** के फाटक 37 के निकट मिश्रिख मार्ग पर बना अंडर पास राहगीरों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। जल निकासी का इंतजाम न हाने के कारण अंडर पास में पानी भरा रहता है। ऐसे में लोगों ने मानव रहित क्रासिंग से जान जोखिम में डालकर निकलना शुरू कर दिया है। राजू मिश्रा, रविंद कुमार सिंह, सुनील शुक्ल, विकाश भारती, विजय कुमार मिश्रा, पियूष मिश्रा, सौरभ मिश्रा, राधेश्याम विद्यार्थी आदि ने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन नतीजा शून्य है। रेलव मंडी मुरादाबाद के निरीक्षक महेन्द्र यादव ने बताया कि जल्द ही कार्यदाई संस्था से समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## एसपी ने किए तबादले

संवाददाता। सीतापुर

**एसपी** आरपी सिंह ने एक बार फिर पुलिस महकमे में तबादले की गाड़ी दौड़ा दी और इस बार गाड़ी पर दरोगा व सिपाहियों को सवार किया गया है। लम्बे समय से थानों में जमे 12 दरोगा व 10 आरक्षियों का तबादला कर दिया गया है।

# तेंदुए से दहशत, रातभर पहरेदारी



तेंदुए की जानकारी के बाद मौजूद पुलिस बल व ग्रामीण — पायनियर

संवाददाता। कमलापुर सीतापुर

**कमलापुर** के नवागांव में बुधवार को तेंदुआ देखे जाने के बाद से क्षेत्र के लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। रात में युवा लाठी डंडा लेकर रखवाली कर रहे हैं। वन विभाग के जिम्मेदार सिर्फ पग चिन्ह मिलान तक ही सीमित हैं। तेंदुआ देखे गए 3 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक पिंजरा नहीं लग पाया है। वन अधिकारी सिधौली रेंज एमपी सिंह, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रामसेवक यादव, फॉरेस्टर जितेंद्र कुमार व मोहनलाल, वनरक्षक अनिरुद्ध कुमार, माली शुभम और वाचर जय बिंद व मनोज कुमार नवागांव पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देने के साथ ही जल्द पिंजरा लगाने का भरोसा दिया है। वेद सिंह, युवराज सिंह, जयकरण सिंह, विनोद सिंह, विनीत सिंह, रमा पाल सिंह आदि ग्रामीण क्षेत्र को तेंदुआ की दहशत से निजात दिलाने के लिए वन विभग की मदद में लगे हैं।

## सियार के हमले में ग्रामीण घायल

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**रेउसा** क्षेत्र के भानीपुर गांव में सियार ने हमला करके कई लोगों को जख्मी कर दिया है। खेत मे काम कर रहे सुशील पर पागल सियार ने हमला कर दिया, षोरगुल सुनकर लोग दौड़े, भीड़ आती देख सियार भाग गया। आबादी की तरफ भागे सियार ने रामवाती, आरती व मीना कुमारी पर हमला करके घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी रेउसा ले जाया गया, यहां सिर्फ मरहम पट्टी ही हो सकी, एण्टी रैबीज का टीका न होने चलते ग्रामीणों को प्राइवेट दुकान से खरीदकर टीका लगवाना पड़ा।

## गन्ना समिति पहुंचे विधायक



गन्ना समिति पहुंचे विधायक — पायनियर

संवाददाता। महोली सीतापुर

**गन्ना** समिति कार्यालय महोली पर विधायक शशांक त्रिवेदी अचानक पहुंच गए। विधायक ने एक-एक करके समिति की सभी गतिविधियों को निरीक्षण किया। कंप्यूटर कक्ष में उन्होंने गन्ना किसानों के घोषणा पत्रों को देखा और सचिव एमपी सिंह से फर्जी घोषणा पत्रों पर विशेश गौर रखने का निर्देश दिया। विधायक ने उपस्थिति रजिस्टर चेक करने के साथ ही क्रय केन्द्रों की भी जानकारी ली।

### ज्वैलरी की दुकान से 5 किलो चांदी चोरी

**कमलापुर सीतापुर।** कमलापुर कस्बा में गुरुवार को एनएच 24 पर स्थित मदन ज्वैलर्स एवं बर्तन भंडार पर चोरों ने धावा बोला। 5 किलो चांदी, बर्तन व नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित अंकुर गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया चोरों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, पुलिस जल्द ही खुलासा करेगी।

## कोरोना से अब 38 की मौत, 500 एक्टिव केस




**बीते 24 घंटो में मिले 25 नए मामले 3403 कुल संक्रमित**

**सीतापुर।** पिछले 4 दिनों के आंकड़ों को देखें तो लगता है कि अब जनपद को कोरोना से राहत मिलती नजर आ रही है। गुरूवार को आई रिपोर्ट में 25 नए कोरोना के मरीज मिले हैं। सर्वाधिक 7 केस बिसवां में निकले हैं। शहर के मुंशीगंज में 2, कृष्णानगर व विजयलक्ष्मी नगर में 1-1 केस निकला है। हरगांव में 3, परसेंडी में 2 और गोंदलामऊ, कसमंडा, महमूदाबाद, महोली, मिश्रिख, रामपुर मथुरा व सिधौली में 1-1 केस मिला है। 2 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जनपद में कोरोना के 3,403 हो गए हैं।

# किसान बिल के खिलाफ आज होगा प्रदर्शन

- भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर तय की रणनीति
- चक्का जाम, प्रतिरोध मार्च व सभा करने की योजना

संवाददाता। सीतापुर

**सरकार** द्वारा पारित तीन कृषि बिलों के खिलाफ 25 सितंबर को सी तापुर में भी आंदोलन होगा। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन व अन्य संगठनों ने बैठक कर रणनीति तैयार की है। किसान नेताओं का कहना है कि देश की खेती किसानी और खाद्य सुरक्षा को कारपोरेट का गुलाम बनाने संबंधी तीन कृषि बिलों के खिलाफ पूरे देश के किसान संगठन आंदोलित हैं। ये संगठन 25 सितम्बर को देश भर में बंद व चक्का जाम तथा प्रतिरोध मार्च करेंगे। इसी क्रम में सीतापुर के विभिन्न किसान संगठन- भारतीय किसान यूनियन, भारती किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन, किसान मंच व संगतिन किसान मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों ने बैठक की है। इस बैठक में 25 सितम्बर को प्रतिरोध की रणनीति बनायी गई। किसान नेताओं ने कहा कि तीनो विधेयक आवश्यक वस्तु कानून 1925 में संशोधन, मंडी समिति, पीमसी कानून का अध्यादेश कृषि उपज,वाणिज्य, एवं व्यापार संवर्धन एवं सुविधा अध्यादेश 2020, ठेका खेती पर मूल्य आश्वासन पर बंदोबस्ती और सुरक्षा समझौता कृषि सेवा अध्यादेश 2020 का विरोध करते हुए सभी ने यह बात रखी कि सरकार सरकारी मंडी या प्रायवेट हर जगह फसल की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करे। सरकारी मंडी से दिक्कते है ं, उसमें सुधार की आवश्यकता है, लेकिन इस तरह तो किसान कारपोरेट के गुलाम हो जायेंगे और यह हम किसानों को किसी भी हालत में मंजूर नहीं है। ऐसे ही अन्य दोनो विधेयक भी किसानों को बर्बादी की ओर ही ले जा रहे हैं। मिश्रिख, पिसावां, महोली, ऐलिया, मछरेहटा के लगभग 50 गांवों में प्रतिरोध करते हुए संगठन के प्रतिनिधि साथी 25 सितम्बर को मंडी समिति के गेट पर एकत्र होंगे। किसान छोटी जनसभा करते हुए अपनी बात रखेंगे। जिसके बाद जीआईसी से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। यहां पर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन, किसान मंच, संगतिन किसान मजदूर संगठन से उमेश पांडे, श्रीष त्रिवेदी, वीरेंद्र यादव, शिवप्रकाश सिंह, सुरेश सिंह, दुर्गेश सिंह, ऋचा सिंह बैठक में शामिल रहीं।



बैठक करते किसान पदाधिकारी — पायनियर

### लॉक-अनलॉक के बीच कोरोना की पाबंदी के 6 माह पूरे होने के बाद छलका व्यापारियों का दर्द

# बाजारों में रौनक की राह तक रहे व्यापारी




सीतापुर-बाजार में दिख रही भीड़ — पायनियर



सीतापुर-कपड़े की दुकान पर सन्नाटा — पायनियर



बाजार के व्यापारीगण — पायनियर

- व्यापार का गिरा ग्राफ, त्योहारों से आस

संवाददाता। सीतापुर

**लॉक और** अनलॉक के छह माह के सफरनामे में व्यापारियों की कमर टूट गई है। 'पायनियर' की पड़ताल में व्यापारियों का दर्द छलक पड़ा। 23 मार्च को देश में एक साथ लॉकडाउन के ऐलान के बाद सबकुछ थम सा गया था। धीरे-धीरे जिन्दंगी में शामिल हुई कोविड की सावधानियों के साथ हालात सामान्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित हुए कारोबारियों का दर्द अब भी बरकरार है, बाजारों में रौनक लौटने की राह व्यापारी अभी भी तक रहे है। व्यापारियों का कहना है कि कोरोना से पहले वाली बात अभी देखने को नहीं मिल रही है, व्यापारी विजय गोयल, त्रिकोलीनाथ धवन ने बताया कि लोग भीड़-भाड़ में आने से बच रहे है, व्यापारी राबिन टण्डन, अंकुर अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है, व्यापारी ऋषि गुलाटी, अभिषेक मेहरोत्रा बताते है कि दुकानदारी अच्छी नहीं चल रही है, बहुत कम ग्राहक आ रहे हैं, खर्चा निकालना मुश्किल है, अब त्योहारों से ही उम्मीद है।

## जहरीले पानी में तड़पती मछलियों ने तोड़ा दम

**सीतापुर।** जिम्मेदारों की लापरवाही महर्षि दधीचि कुंड की निरीह मछलियों पर भारी पड़ रही है। जलनिकासी न होने के चलते कुंड का जल दूषित हो गया है और मछलियां मर रही हैं। गुरूवार को भी हजारों मछलियां मर गईं। तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा, सूरज शर्मा, धनीराम, कन्हैया, शिवकुमार, सूरज आदि ने बताया कि जलनिकासी की समस्या पुरानी है, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, ऐसे में हर वर्ष मछलियां मरती हैं। पुरोहितों ने बताया कि अब तो वाटर पम्प भी खराब हो गया है, ऐसे में समस्या और बढ़ गई है।

## पुलिस के हत्थे चढ़े ऑटो लिफ्टर

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली पुलिस ने चोरों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अंतर्जनपदीय ऑटो लिटर गैंग का पर्दाफाश किया है। कोतवाल रामप्रकाश ने बताया की गैंग में इलाके के ही गांव बीबीपुर के करन रावत, झखरावां के पिंटू, अहमदपुर जट के जावेद और तुलसीनगर निवासी सोनू शमिल हैं, आरोपियों से एक कार के साथ ही 6 बाइक, 2 गत्ता सूखा दूध व दवाइयां बरामद की गई हैं, अपराधी लखनऊ से बाइक चोरी करके सीतापुर में बेंचते थे। धरपकड़ टीम में एसआई विपिन यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव, आरक्षी जनारायण, टीकम सिंह, प्रिंस तोमर, प्रशांत सिंह, मोमिन अहमद, सचिन कुमार व सोनू रावत शामिल रहे।

## गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर इलाके मंगोलपुर के इतवारी लाल ने 18 वर्षीय बेटे दिलीप की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि दिलीप मंगलवार सुबह 11 बजे बिना बताए बहनोई की होंडा सीडी डीलक्स गाड़ी व 20 हजार रुपए लेकर निकला था और घर वापस नहीं आया। जब उसकी तलाश की गई तो उसकी बाइक व मोबाइल शेख टोला निवासी फहम के पास मिली। फहम का कहना कि उसने बाइक गिरवी रखी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक व मोबाइल कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## 23 शोहदों को लगा 'ऑपरेशन शक्ति' बाण



युवकों से पूछताछ करती प्रभारी — पायनियर

- एसपी के निर्देश पर चला अभियान, महंगी पड़ीं फब्तियां

संवाददाता। सीतापुर

**बालिकाओं** व महिलाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत जिले भर में सार्वजनिक स्थलों पर निरीक्षण किया गया। महिला पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन शक्ति के तहत 23 शोहदों को कार्रवाई का बाण लगा। वहीं दर्जनों लोगो को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। पकड़े गए शोहदो में थाना रामकोट के ब्रम्हावली निवासी राजन मिश्रा, कस्बा निवासी अक्षय लाल, कुतुबापुर निवासी लवकुश व साकिर, शहर कोतवाली के तिवारीपुर चौराहा निवासी वीरपाल, थाना अटरिया के बगहिया निवासी अंकित, सरौरा निवासी रधुवीर, गढ़ी निवासी भानू रावत, सलेमपुर निवासी प्रदीप, नीलगांव निवासी भानू रावत, कोतवाली सिधौली के बहादुरपुर निवासी विजय कुमार, मंझा निवासी संतराम, थाना मछरेहटा के मिर्जापुर निवासी ज्ञानेन्द्र, थाना सकरन के सुकेटा निवासी कल्लू गुप्ता, थाना मानपुर के भिमरी निवासी संदीप, पसिगवां खुर्द निवासी सुशील, कोतवाली महमूदाबाद के सरौगीटोला निवासी रिजवान, थाना थानगांव के भदेवा निवासी आरिफ, थाना सदरपुर के जंगलपुरवा निवासी विशुन कुमार, कोतवाली मिश्रिख के काशीसरायं निवासी रमेश, थाना पिसावां के सतनापुर निवासी वीरेन्द्र मिश्रा, थाना संदना के भरौना निवासी हीरा लाल व भानू प्रकाश, कोतवाली लहरपुर के ठठेहरीटोला निवासी याकूब व महताब शामिल।

## ट्रक बाइक की टक्कर, एक की मौत

संवाददाता। थानगांव सीतापुर

**थाना** थानगांव इलाके के गांव जोगापुर के पास रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर एचटी लाइन की चपेट में एक ट्रक आ गया और अनियंत्रित ट्रक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चकाई बहोरी बहराइच के शिवकुमार पांडे व अनूप शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों की माने तो इलाज के दौरान अनूप शुक्ला की मौत भी हो गई है। घायलों को सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया था।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई स्कूटी, शिक्षिका की मौत

**मानपुर सीतापुर।** थाना मानपुर इलाके के गांव सरैयासानी के पास ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका अनुपमा की मौत हो गई। मृतका जूनियर हाई स्कूल बन्नी बाजार में तैनात थी और पति विनोद चतुर्वेदी के साथ स्कूल से वापस लौट रही थी।

# न्याय दिलाने उतरी वाल्मीकि सेना

- सभी अपराधियों को पकड़ने व पीड़िता का सरकारी खर्च पर इलाज कराने की मांग
- परिवार को एक करोड़ की सहायता व सुरक्षा मुहैय्या कराने की मांग

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**हाथरस जिले** के थाना चन्दपा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलघड़ी में उच्च जाति के नशे में चूर दबंगों द्वारा वाल्मीकि समाज की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार कर जान से मारने की नीयत से किए गए हमले के बाद लड़की का शरीर पूरी तरह निष्क्रिय हो जाने और होश में आने पर हैवानों के नाम बताने पर भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि सेना अटल उग्र हो गई है। सेना के पदाधिकारियों ने सीए को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए अपराधियों व उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सेना के प्रदेश सचिव राज वाल्मीकि ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि 14 सितम्बर को वाल्मीकि समाज की बेटी के साथ सवर्ण जाति के दबंगों द्वारा सामूहिक बलात्कार के बाद जान से मारने की नीयत से गर्दन पर प्रहार किए गए। इस हमले में पीड़िता के गले की हड्डी भी टूट गई। पूरे शरीर ने काम करना भी बंद कर दिया। होश में आने पर पीड़िता ने दुष्कर्मियों के नाम का खुलासा भी किया। लेकिन पुलिस द्वारा उन अपराधियों के नाम बढ़ाए ही नहीं गए। केवल एकमात्र अपराधी रामू पुत्र राकेश को पकड़कर इतिश्री कर ली गई। अभी भी संदीप सिंह पुत्र श्री गुड्डू, रवि पुत्र अतर सिंह व लवकुश पुत्र समवीर सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस इन्हें खुलासा संरक्षण दे रही है जिससे ये दबंग कभी भी पीड़िता के साथ किसी अप्रिय घटना का अंजाम दे सकते हैं। सेना ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने, सरकारी खर्च पर पीड़िता का निजी अस्पताल में इलाज कराने, परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने, पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष गौरव बाली भी मौजूद रहे।

**भूलघड़ी बलात्कार मामला**

# भाजपा नेता ने बच्चों को दी ड्रेस

**संवाददाता।** तिकुनियां-खीरी

**उच्च प्राथमिक** विद्यालय जसनगर में आज भाजपा नेता आशीष मिश्र मोनू ने नि:शुल्क ड्रेस बच्चो के अभिवावकों को प्रदान की।उच्च प्राथमिक विद्यालय जसनगर में 438 बच्चें नामांकित है और 431 बच्चों का पैसा आया है। आज विद्यालय में भाजपा नेता आशीष मिश्र मोनू ने ड्रेस वितरण करते हुए कहा कि कोरोना का संकट सामने है। शिक्षक, पुलिस और पत्रकार समाज को जागरूक कर रहे है। कोरोना से बचने के लिए मास्क लगाए और सामाजिक दूरी का पालन करें। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से शिक्षकों की मदद करने एवं बच्चों की शिक्षा पर जोर देने की बात भी कही।इस अवसर पर मोहित त्रिवेदी, पंकज कुमार, शोभित वर्मा,अरविंद अग्रवाल, छविलाल सोनकर, टीपी यादव, सूर्यभान पांडे, परगट सिंह, राजू खत्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## इस साल की दंगल प्रतियोगिता हुई रद्द

**तिकुनियां-खीरी।** सांसद के पैतृक गांव बनवीरपुर में 2 अक्टूबर को होने वाली दंगल प्रतियोगिता इस वर्ष कोविड 19 के चलते निरस्त कर दी गई है।बनवीरपुर गांव में साठ वर्षो से होती आ रही दंगल प्रतियोगिता इस वर्ष नहीं होगी। देश में फैल चुके कोरोना वायरस के चलते आयोजको ने इस वर्ष प्रतियोगिता न कराने का निर्णय लिया है। यंग टाइगर्स क्लब इस दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कराता आ रहा था। रविवार को हुई बैठक के बाद क्लब के अध्यक्ष आशीष मिश्र मोनू ने बताया कि कोविड 19 के चलते इस वर्ष 2 अक्टूबर को होने बाली दंगल प्रतियोगिता को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दंगल में दूर-दराज से पहलवान और जनता आती है जिससे सामाजिक दूरी को बना पाना मुश्किल काम है इसलिए इसे इस वर्ष निरस्त करना ही उचित रहेगा।

## चौथे दिन मंडी समिति परिसर में व्यापारियों का जारी रहा विरोध प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पं. श्याम बिहारी मिश्र (पूर्व सांसद ) के आवाहन पर मंडी शुल्क के विरोध में 6 दिवसीय आंदोलन के चौथे दिवस गोला मंडी समिति के गल्ला व सब्जी व्यापारियों ने प्रदर्शन कर मंडी सचिव से उनके कार्यालय में पहुंच कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र मंडी सचिव को दिया। जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की भावनाओं का आदर करते हुए अविलम्ब मंडी शुल्क को समाप्त करने की घोषणा करना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष पटेल अशोक कनौजिया ने युवा व्यापारियों का आवाहन करते हुए कहा कि प्रदेश का युवा व्यापारी जाग चुका है, अब वह किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दास्त नही करेगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से वीरेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह, सोमेश गुप्ता, कपिल मिश्रा, राम शरण गुप्ता, सुखदेव प्रसाद, पंकज सिंह सभासद जमाल अहमद राइन, सुभाष गुप्ता, गुंजन मिश्र, विनोद गुप्ता, शिवम गुप्ता, आकाश वर्मा, प्रमोद गुप्ता, दिलीप जायसवाल, गुंजन गुप्ता , मनोज गिरी, बेंचेलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

# एसडीएम ने की स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** उप जिलाधिकारी के कार्यालय में आज उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में अवगत कराया गया। यह अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसमें उपजिलाधिकारी ने विकास खंड अधिकारी को पत्र के माध्यम से अपने स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी साफ-सफाई और मच्छरों की रोकथाम के लिए प्रधानों के साथ बैठक कर संचारी रोग पूर्व के लिए बैठक कर सभी का सहयोग लेने का निर्देश दिया है। इस बैठक में अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग के और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या

### भाई की तहरीर पर नौ आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

**संवाददाता।** फतेहपुर

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के दरबेशपुर गांव में बुधवार की अर्द्धरात्रि टीनशेड के नीचे सो रहे एक युवक की कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरबेशपुर गांव में बुधवार/गुरुवार की रात पौने दो बजे घर के बाहर टीन शेड के नीचे सो रहे प्रेमशंकर उर्फ मौना 35 वर्ष पुत्र विजय बहादुर की कुछ लोगों ने रुपयों के लेनदेन के विवाद में गोली मार कर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन उठे तो खून से लथपथ शव देख हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के छोटे भाई गोविंद पुत्र विजय बहादुर की तहरीर पर गांव के ही नौ लोगों के खिलाफआईपीसी की धारा-302, 307, 147, 148, 149 समेत विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्यवाहक कोतवाल/वरिष्ठ उप निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम ने छापामारी शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## सहायक निबंधक की भूमिका संदिग्ध

**फतेहपुर।** सहकारिता विभाग की इकाई सहकारी संघ गाजीपुर में यूरिया वितरण में व्यापक धांधली की शिकायत की जांच जिला कृषि अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई जिसमें एक एक ट्रक यूरिया एक एक किसान के नाम दिए जाने का मामला प्रकाश में आने की खबर है। जांच के बाद जिला कृषि अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई। बताते हैं कि डीएम द्वारा सहकारी संघ गाजीपुर के सचिव मान सिंह यादव के खिलाफप्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए, बावजूद इसके आज तक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। इस संदर्भ में बताते हैं कि सहायक निबंधक खुद इस मामले में फंस सकते हैं, क्योंकि उन्हीं के द्वारा सहकारी संघ गाजीपुर में भारी मात्रा में यूरिया भेजी गई थी जबकि अन्य सहकारी समितियों में तगड़ी डिमांड के बावजूद यूरिया की आपूर्ति नहीं की गई। सूत्रों की माने तो यूरिया वितरण धांधली के बावजूद भी सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा सहकारी संघ गाजीपुर में धान खरीद केंद्र भी बनवा दिया गया जबकि गत वर्ष धान खरीद केंद्र किसान सेवा सहकारी समिति गाजीपुर में स्थापित किया गया था, इतना ही नहीं समितियों में यूरिया भेजवाना सहायक निबंधक ने बंद करवा दिया गया है जिससे किसान परेशान हैं। तमाम किसानों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों

# पत्रकार संघ की बैठक हुई संपन्न



**ढखेरवा-खीरी।** पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में पत्रकार पहुंचे और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कुछ पुलिस एवं अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के किए जा रहे उत्पीड़न व झूठे मामलों में फंसाए जाने की निंदा करते हुए आगामी रणनीति तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होन होगा। अनावश्यक तौर पर अगर किसी अधिकारी या राजनेता द्वारा किसी पत्रकार के मान-सम्मान से खिलवाड़ किया जाता है तो हम सभी पत्रकार बंधु एक होकर आंदोलन करेंगे। इसके लिए हमें चाहे जिस भी स्तर पर क्यों न जाना पड़े। वरिष्ठ पत्रकारों ने निवेदन किया कि अपनी गरिमा बनाए रखें। अनावश्यक तौर पर किसी को परेशान न करें। जहां सच्चाई हो वहां किसी से भी डरने की जरूरत नहीं। निष्पक्ष एवं साफ-सुथरी छवि के तौर पर खबर को प्रकाशित करें। बैठक में तिकुनिया, निघासन, पलिया, रमियाबेहड़ से अनेक पत्रकार बंधु बैठक में शामिल हुए। ढखेरवा चौराहा मीटिंग में उपस्थित शैलेंद्र कुमार अवस्थी, संपादक अंकित अवस्थी, ब्यूरो चीफ अरविंद अवस्थी, बुद्धेश पांडे, बिजेंन्द्र कुमार शुक्ला, कमर अहमद, विमल शुक्ला, पुनीत मिश्रा, घनश्याम, मनदीप कौर, जसवंत कुमार, राहुल सिंह, राकेश वर्मा, दीपक, सुंदरम सिंह, युसूब अंसारी, राजू मिश्रा सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुलिस का कटरी में चल रही असलाह फैक्ट्री पर छापा

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस आनंद के ड्राइव अरेस्टेड क्रिमनल्स के तहत पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। पुलिस ने कच्छा -बनियान पहनकर ग्रामीणों का वेश धारण पर रामगंगा नदी को पार कर दूसरे किनारे कटरी में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में शस्त्र व उपकरणों के साथ दो शस्त्र तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया थाना कलान की रामगंगा की कटरी में अवैध शस्त्र फैक्ट्री की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम ने ग्रामीणों की वेश भूषा में रामगंगा की नदी को पार करते कर फैक्टरी पर छापा मारा तो अवैध शस्त्र का भंडार मिला है। इस फैक्ट्री से राइफल बंदूके, तमन्चे और शस्त्रो को बनाने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह दोनों शातिर शस्त्र तस्कर शिवजी पुत्र आशाराम निवासी ग्राम सिऊडी थाना कलान और श्याम सिंह पुत्र चन्नी निवासी ग्राम उमरपुर थाना कलान बहुत ही कम दामों में इन मौत के सामान की सप्लाई इलाके में कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं, एसपी एस.आनंद ने शस्त्र फैक्ट्री पकड़ने वाली कलान पुलिस टीम को नगद इनाम देने की घोषणा की है।



### 48 घन्टे विद्युत गुल, बोल गये इन्वर्टर

**फतेहपुर।** उपभोक्ताओं को विद्युत संकट खून के आंसू रूला रहा है। लगभग 48 घन्टें पहले आबूनगर पुलिस चौकी के बगल में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर धूं-धूंकर जल गया था। तब से आबूनगर के उपभोक्ता अन्धेरे में हैं। ट्रांसफार्मर बदला तो गया लेकिन वह जल्द ही खराब हो गया और क्षेत्र में फिर अन्धेरा कायम हो गया। हालात यह है कि इन्वर्टर बोल गये हैं। मोबाइल चार्जिंग के लिए भी लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार समस्या अवगत कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को फोन लगाया जा रहा है। घन्टी जा रही है लेकिन फोन रिसीव नहीं किया जा रहा। जबकि बिजली संकट के चलते दिनचर्या प्रभावित है और पानी संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट से जूझ रहे आबूनगर वासियों में बब्लू, मोनू, शमी, संजय, फारूक, मो0 सलाम, अबरार अहमद, संजू व शानू आदि ने ट्रांसफार्मर के पास नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। उक्त लोगों का कहना रहा कि दो दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। 24 घन्टें बाद बदला गया और जल्द ही वह भी बोल गया। कर्मचारी रात में देखकर गये थे। अभी तक नहीं आये हैं। कहना रहा कि विभाग सिर्फबिल वसूल करने में सक्रियता दिखाता है। जबकि उपभोक्ताओं की समस्या निस्तारण में पीछे रहता है। लम्बे बिजली सकंट से इन्वर्टर भी बोल गये हैं और पानी संकट गहरा गया है। मोबाइल चार्जिंग के लिए दूसरे इलाकों की परेड करनी पड़ रही है। बताया कि सीयूजी नम्बर पर काल करने पर विभागीय अधिकारी फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं।

### करंट से युवक झुलसा

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बा में देर शाम करंट की चपेट में आ जाने से एक लगभग 25 वर्षीय युवक झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हथगाम कस्बा निवासी अंसार का पुत्र मो. अनीस कल शाम घर की बिजली न आने पर वह खम्भे में चढ़ लाइन जोड रहा था। तभी करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह झुलस गया। उधर परिजनों ने आनन-फानन सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा झुलसे युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया है।

### कर्ज में डूबे अधेड़ ने फांसी लगा जान दी

**किशनपुर** (फतेहपुर)। थाना क्षेत्र के नरैनी गांव में गुरूवार की सुबह एक किसान ने जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की माने तो किसान ने बीते जून माह में बड़ी बेटी की शादी में समूहों से तो कर्ज ले ही रखा था, साथ ही बैंक से लोन भी लिया था। समय की मार से टूटे किसान के पास कर्ज अदा करने का कोई रास्ता नहीं दिखा तो उसने मौत को गले लगा लिया। हलांकि पुलिस इस बात की जानकारी से इंकार कर रही है। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव में निवासी महेंद्र कुमार पुत्र रमाशंकर सविता 37 वर्ष गुरूवार की सुबह 9 बजे के लगभग जंगल गया और जंगल में आम के पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गये और भाग कर जंगल पंहुचे। मृतक की पत्नी रन्नो देवी दहाड़ मार कर रोने लगी। पत्नी ने बताया कि बड़ी बेटी सानिया की शादी इसी वर्ष जून माह में किया था।

## पात्रों को लाभ न मिलने से गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक खफा

**असोथर (फतेहपुर)।** गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के साथ संगठन की महिलाएं असोथर ब्लॉक के बंगेरन डेरा मजरे कोर्रा कनक पहुंची। जहां बीते मंगलवार को वृद्ध मेवालाल निषाद पुत्र रघुनाथ की मौत कच्ची दीवार के ढहने से हो गयी थी। पुलिस ने पहुँच कर मृत शरीर का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार करा दिया था। पुलिस द्वारा वृद्ध की मौत का कारण कच्ची दीवार का ढहना बताया गया था। घटना की जानकारी गुरुवार को पीड़ित परिवारीजनों ने अध्यक्ष को दी एवं अपनी व्यथा बताते हुए सहयोग की अपील की। इस दौरान प्रीती, राजरानी, विमला, आशा, रिंकी, साधना, सुमन, पुष्पा, रामश्री आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## भीम आर्मी ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें निजीकरण एवं किसान विरोधी बिल को वापस लेने की पुरजोर मांग की गयी है।

# सत्ता के अलंबरदारों ने ढहाई दुकानें, लाखों का नुकसान

- बड़े-बड़ों की विस्तारवादी मानसिकता से योगीराज की हो रही किरकिरी
- सिस्टम के जिम्मेदारों पर भी उठ रहे सवाल
- स्टाम्प ड्यूटी बचाने के लिए ढहाई गई दुकानें
- भवन के अवशेष हिस्से को खंडहर दिखा जबरन दो सगे भाइयों से कराया गया बैनामा

**संवाददाता।** फतेहपुर



**जनपद में** सत्ता के अलंबरदारों का कहर जारी है, समूचा प्रशासनिक/पुलिसिया सिस्टम इनके आगे जैसे नतमस्तक है। पिछ्ले दिनो शहर के अति चर्चित पटेल नगर इलाके में स्थित एक भवन के एक हिस्से का सूबे की योगी सरकार में काबिज एक असरदार अलंबरदार माननीय के गुर्गों द्वारा सबल बैनामा करवाया गया था, जिसमें मारपीट और फिर मुकदमेबाजी भी हुई थीं, मामला अभी शान्त भी नहीं हो पाया था कि बैनामे वाले हिस्से के साथ साथ उपरोक्त भवन के अन्य दो हिस्सो के अधिकांश अगले भाग को आज सुबह भारी तामझाम के साथ ढहा दिया गया। मौके पर डेढ़ दर्जन के करीब असलहाधारी पहुंचे और दुकानदारों को बगैर किसी नोटिस एवं सूचना दिए जेसीबी लगाकर अचानक हुई तोड़फोड़ से यहां पर दशकों से काबिज बुक सेंटर, परचून की दुकान, क्लीनिक आदि का कीमती सामान नष्ट हो गया, जिनका लाखो का नुकसान अनुमानित है।गौरतलब है कि सत्ता के अलंबरदारों ने कोरोना संक्रमकाल को माकूल अवसर मानते हुए शहर की बेशकीमती जमीनों पर हाथ साफ करना जारी रखा है। सबसे पहले पटेल नगर चौराहे के भूखण्ड पर सबल कब्जा किया गया। उसके बाद पूर्व मंत्री एवं बसपा नेता के मैरिज लान की विवादित जमीन पर सिस्टम के जिम्मेदारों ने पूरी रात काम चलवाकर कब्जा दिलवा दिया। उसके बाद कुछ एक और मामलों में सत्ता के अलंबरदारों ने दम दिखाकर कब्जा कर लिया। आज फिर वही कहानी दोहराते हुए संगीनों के साए में कायदे-कानून को मुंह चिढ़ाते हुए बलात कब्जे की एक और पटकथा लिख दी गई।सवाल यह उठता है कि योगी राज में नियम-कानून के कुछ मायने बचे भी है या नहीं! आखिर प्रशासन और पुलिस के उच्च पदस्थ जिम्मेदार ऐसी अंधेरगर्दी होने कैसे दे रहें हैं! कौन है जिम्मेदार! अंत्वोगत्वा सवाल वहीं पर आकर सहम जाता है कि कौन कहे और किससे कहे! वैसे आज की घटना को लेकर लोगों में काफी रोष है और सत्ता से ही जुड़े अन्य लोग सरकार की हो रही तगड़ी फजीहत को ऊपर तक ले जाने की बात कह रहें हैं!उधर सूत्रों की माने तो स्टाम्प ड्यूटी बचाने के लिए ही आज सुबह ये दुकानें ढहाई गई। दोपहर को बैनामा कार्यालय पहुंच कर सत्ता से जुडे दो नामचीन सगे भाईयो ने भवन के अवशेष हिस्से को खंडहर दिखा कर जबरन भवन स्वामी दो सगे भाईयों (अरुण कुमार व विजय कुमार) से बाकायदे बैनामा भी करा लिया गया। ऐसा अनुमान है कि जिस तरीके से आज सुबह पहले संबंधित भवन का अगला हिस्सा तोड़ा गया उसके बाद दोपहर को बैनामा कराया गया, उसमे लाखो की स्टाम्प चोरी की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता है। मामला सत्ता से जुड़ा हाई प्रोफाइल होने के कारण इस सन्दर्भ में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, माल बरामद किया

- बरेली में सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ट्राली लूटने का ममाला



**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**पुलिस अधीक्षक** के आदेश पर जिले के सभी थानों में अपराधियों की धार पकड़ जारी है इसी के तहत बुधवार को बंडा पुलिस ने बरेली से चोरी किए ट्रैक्टर ट्राली से 40 बोरी सीमेंट व अन्य सामान से साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने गैंग से सदस्यों से इंट्रोगेशन में कई घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल भी की ।अपर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गौतम ने जानकारी देते हुए मीडिया को बताया थाना बंडा पुलिस ने मुखबिर की गुप्त सुचना के आधार पर बरेली कैंट इलाके के लाल फाटक के पास से 18 सितंबर की रात चोरी ट्रैक्टर-ट्राली बरामद कर लिया ।पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली पर 40 बोरी सीमेंट और अन्य सामान के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार लोगों के पास से चोरी का ट्रैक्टर-ट्राली और सीमेंट बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी बंडा के भांभी पुल के पास से पुलिस ने जाल बिछाकर पोथीराम, ओमप्रकाश, तेजराम निवासी पीलीभीत को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक ट्रैक्टर 40 बोरी सीमेन्ट, सीमेन्ट बिक्री के 24 हजार रुपये, तमंचे, जिन्दा कारतूस और तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा रामतीर्थ, लेखराज और गोधन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को दो सौ बोरी सीमेंट के साथ बरेली के लाल फाटक ओवरब्रिज के नीचे से चुरा लिया था। पुलिस ने लूटेरों को गिरफ्तार कर इनसे क्षेत्र में हुए अन्य घटनमाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी हासिल कर सभी को जेल भेजा।

## छत ढही, अधेड़ घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बदलुवापुर में बीती रात बारिश के दौरान छत ढह जाने से 45 वर्षीय युवक मलबे में दबकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बदलुवापुर गांव निवासी स्व. राजाराम का पुत्र गंगाचरण रात लगभग दस बजे खाना खाकर अपने कमरे में सो रहा था। रिमझिम बारिश के दौरान देर रात कच्ची छत ढह गयी। जिसके मलबे के नीचे वह दब गया। शोर शराबा सुनकर परिजन व पास पडोस के लोगों ने आनन-फानन मलबा हटाकर घायल गंगाचरण को निकाल तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया है।

# बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन करें अधिकारी: इंद्र विक्रम सिंह



**शाहजहांपुर ।** जिला अधिकारी इंद्र विक्रम ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में कहा है कि साठा धान की रोपाई पर रोक लगाने के बाद भू-गर्भ जल में क्या वृद्धि हुई है के बारे में एक सप्ताह के अन्दर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा है कि निषुल्क बोरिंग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में खुली बैठक के उपरान्त 451 लाभार्थियों का चयन किया गया है। धनराषि प्राप्त होने पर लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि बाढ़ से हुई क्षति का आकलन कर प्रस्तावित संख्या का उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा है कि मिट्टी, खनिज आदि खनन आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गयी है जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है 121 नहरों में से 114 नहरों का पानी टेलों तक पहुंचा है। अवषेष पर कार्यवाही करना सुनिष्चित किया जाए। विघुत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा है कि जिन विभाग द्वारा विघुत का भुगतान नहीं किया गया है। वह विभाग अपना भुगतान अविलम्ब करें।

श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 77 सड़कें चयनित की गयी है तथा 78 सड़कें प्रस्तावित है। उन्होंने कहा है कि जिन सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जो प्रगतिषील है। उन सड़कों का सत्यापन ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा एवं नगरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारियों द्वारा किया जाए। उन्होंने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पात्रता सत्यापन कराने के निर्देष दिए है तथा कहा है कि कृषि विभाग जागरूकता की होर्डिग्स लगवाए एवं जनसुविधा केन्दों पर सर्तक निगाह रखें। उन्होंने फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा है कि अनुमति प्राप्त पात्र किसानों की संख्या खोली जाए तथा जिनका भुगतान नहीं किया गया हो तो उसका कारण प्रस्तुत करते हुए सम्बन्धित बीमा कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करने हेतु षासन को प्रस्ताव भेजा जाए।

### सीएम ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कानपुर मण्डल की समीक्षा में दिया मंत्र, पेंच भी कसे

# कोरोना से लड़ते हुए बढ़ते रहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** कानपुर देहात

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानपुर मण्डल के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध ढंग पूर्ण किये जायें। यदि कहीं भी निर्माणध्विकास कार्यों के प्रति लापरवाही पायी जाती है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के तहत चयनित उत्पादों को बढ़ावा दिया जाये उत्पादों के सम्बन्ध में हस्तशिल्पों को प्रशिक्षित करें तथा प्रदर्शनी व मार्केटिंग के माध्यम से उन्हें बढ़ावा दें। खाद्यान्न भण्डारण हेतु गोदामए कोल्ड स्टोरेज निर्माण आदि पर जोर दिया जाये तथा बेरोजगारों व कामगारों को आत्मनिर्भर योजना में सम्मिलित कर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाये। राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को लाभांवित करें जिसके लिए सरकार लगातार प्रतिबद्ध है यही नहीं लापरवाही व उदासीनता बरते जाने पर जवाबदेही तय की जायेगी। कोरोना से लड़ना भी है और तेजी से विकास कार्य संचालित करने हैं। इसके दृष्टिगत वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए पूरी सतर्कता व सावधानी अपनाते हुए तथा कोविड.19 गाइडलाइन का पालन करें तथा कोविड कन्ट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों को त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कन्टेनमेन्ट जोन को प्रभावी ढ़ंग से रखें। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था के बारे में कहा कि हर घटना की सूचना पर तत्काल जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे और पीड़ितों की मदद करें। घरेलू हिंसा या महिला उत्पीड़न तथा अन्य महिलाओं से जुड़े मामलों में पुलिस अत्यधिक गम्भीर रहे वरिष्ठ नागरिकों का पुलिस तन्त्र सम्मान करें। अवैध शराब कारोबार पर सख्ती बरती जाये और आमजन मानस को बेहतर सुख सुविधाओं व सुरक्षा के बीच रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रह पर विशेष ध्यान दिया जायेए जीएसटी के तहत व्यापारियों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाये। उन्होंने जिलाधिकारियों को राजस्व संग्रह की विभागवार पाक्षिक समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के खिलाफसख्त कार्यवाही करते हुए उर्वरक आपूर्ति की प्रभावी देख रेख की जाये। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन कराते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिये।

## योगी ने दिए दिशा-निर्देश

**घटना की सूचना पर तत्काल जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे और पीड़ितों की मदद करें विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जाये खाद की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के खिलाफसख्त कार्रवाई करते हुए प्रभावी देख रेख की जाये-कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन कराते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने की हिदायत**

जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद कानपुर देहात में 253.07 करोड़ की 10 परियोजनायें हैं जिसमें नगरीय विकास विभाग की 02ए न्याय विभाग की 01ए लोक निर्माण विभाग की 02ए सेतु निगम की 3, समाज कल्याण की 1, गृह विभाग की 01 परियोजनायें सम्मिलित हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृत लागत 253ण्07 करोड़ है जिसके सापेक्ष 122ण्20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गयी अब 100ण्80 करोड़ की धनराशि का कार्य भी कराया जा रहा है। जिसमें नगर विकास विभाग द्वारा आई0एच0एस0डी0पी0 की नगर पालिका झींझक में सी0एण्ड0डी0एस0 11 संस्था द्वारा 41 आवासीय ब्लॉकों के माध्यम से 492 आवास बनाये गयें। वहीं अकबरपुर नगर पंचायत सीमा अन्तर्गत रूरा.अकबरपुर मार्ग पर आसरा आवास योजना के तहत सी0एण्ड0डी0एस0 11 संस्था द्वारा 74 आवासीय ब्लॉकों के माध्यम से 888 मकान तैयार किये गये। जनपद में 10 करोड़ से 50 करोड़ की लागत की परियोजनाओं में 6 विभाग सम्मिलित है। जनपद न्यायालय के आवास के



अतिरिक्त कार्य न्यायिक अधिकारियों के आवासों में गेस्ट रूम एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु आवास तथा 14 न्यायायिक अधिकारियों के आवास का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम इकाई प्रथम द्वारा 11.99 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। ओ0डी0ओ0पी0 योजना के तहत उद्यम को बढ़ावा दिये जाने व जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों व कान्हा गौशालाओं में कैद गौवंशों की समुचित व्यवस्थाओं एवं दाना हरा चारा देकर पौष्टिक चीजों के माध्यम से गौवंशों को स्वस्थ्य रखने आदि का कार्य किया जा रहा है। पंचायत घरों के भी निर्माण कार्य के कार्य प्रगति पर हैं। वहीं डेरापुर मंगलपुर मार्ग का चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा 23ण्02 करोड़ की लागत से कराया गया। रायपुर गजनेर मार्ग ब्लाक सरवनखेड़ा हेतु दो लेन जोड़ने हेतु चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी लोक निर्माण विभाग द्वारा 19ण्06 करोड़ की लागत से कराया जायेगा। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम सम्पार संख्या 94बी रूरा रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे उपरिगामी सेतु उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम संस्था द्वारा 35ण्67 करोड़ की लागत से कराया जायेगा निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम सम्पार संख्या 01बी झींझक रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे उपरिगामी सेतु उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम संस्था द्वारा 26ण्23 करोड़ की लागत से कराया जायेगा निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। जनपद में औरैया.कंचैसी रेलवे स्टेंशन के निकट सम्पार संख्या 5सी पर उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर.टूण्डला रेल सेक्शन के किमी 1091ध्7.9 डीएफसीसी रूट पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा 40 करोड़ की लागत से कार्य कराया जा रहा है। विकास खण्ड सरवनखेड़ा क्षेत्र में नवीन आश्रम पद्धति विद्यालय व आवासों भवनों का निर्माण 24ण्16 करोड़ की लागत से यूपी कन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। पुलिस लाइन में भी ट्रांजिट हास्टल का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश आवास निगम इकाई द्वारा 16ण्75 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवासीय योजना ग्रामीण के तहत 189 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शहरीय क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत 6274 कुल आवासों के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं।

# हादसों में तीन की जान गई

## छह लोग घायल

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पूठन सकरौली चौकी के पास दुकान से सामान खरीदने के लिए रुके बाइक सवार 34 वर्षीय अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह निवासी पूठन सकरौली को पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। उनको मेडिकल कालेज सैफई में भर्ती कराया गयाए जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। स्वजनों के मुताबिक अभिषेक अपनी दो माह की पुत्री की जन्मपत्री बनवाकर इटावा से अपने गांव लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार तीन युवक भी घायल हो गए। चचेरे भाई अभय प्रताप सिंह ने बताया कि अभिषेक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसकी चार वर्ष पहले ही जैतपुर बाह की रजनी से शादी हुई थी। वह प्राइवेट जॉब करके गृहस्थी चलाता था। फ्रेंड्स कालोनी थाना अंतर्गत मैनपुरी हाईवे पर 28वीं वाहिनी पीएसी के सामने रहने वाले राकेश यादव पुत्र गौरीशंकर सिविल लाइन थाना से चंद कदमों की दूरी पर सेंट मेरी इंटर कालेज के सामने बाइक से जाते समय कार की टक्कर से घायल हो गए। आगरा.कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर डीपीएस के सामने पुलिया के पास ट्रक की टक्कर से रामबेटी पत्नी श्याम सिंह और गीता देवी पत्नी भजन लाल निवासीगण सैदपुर नगला पीर सिविल लाइन घायल हो गईं। जिला अस्पताल से सैफई भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चौपला बंबा से ऊसराहार मार्ग पर गांव नगला पीपल के पास तेज रफ्तार डीसीएम की सामने से टक्कर से बाइक सवार दो पीआरडी जवान सुरेंद्र सिंह पाल पुत्र पातीराम पाल निवासी करवा थाना ऊसराहार व लाखन सिंह निवासी हिंदूपुर वैदपुरा थाना ऊसराहार घायल हो गए। दोनों चौपला की तरफ जा रहे थे। वे इटावा के थाना सिविल लाइन में ड्यूटी करके अपने गांव जा रहे थे। दुर्घटना में अनियंत्रित डीसीएम पलटने से बाल.बाल बची।नगरिया बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका दोहरे निवासी बरेला अजीतमल से रोज की तरह स्कूटी से विद्यालय जा रही थी। बारिश के चलते मुगल रोड पर उझियानी के पास स्कूटी फिसलने से वह और उनकी बहन इतिशा की सात माह की बेटी एनी गंभीर घायल हो गई।

## ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

इटावा। जीआरपी थाना अंतर्गत जंक्शन के पास ट्रेन से गिरकर 65 वर्षीय कटोरी देवी पत्नी मोहकम सिंह निवासी शिवराजपुरए रोहतल दौसा राजस्थान की मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सेन्ट्रल जेल में 15 बंदी और कोरोना पॉजिटिव फर्रुखाबाद में 47 केस

फर्रुखाबाद। सेन्ट्रल जेल में भी कोरोना का कहर तेजी के साथ शुरू हो गया है। लेकिन उसके बाद भी जेल में लापरवाही जारी है। गुरुवार की देर शाम 15 बंदी और कोरोना संक्रमित निकले। जिससे जेल प्रशासन में हड़कंप है। जबकि पूरे जिले की बाद करें तो 47 मरीज कोरोना के नये मिले है। बुधवार देर रात आयी रिपोर्ट लोहिया कैम्पस निवासी 34 वर्षीय युवक, ग्राम कीरतपुर निवासी 50 वर्षीय ग्रामीण, शमसाबाद के ग्राम रजलामई निवासी 2 युवक, बेबर रोड भोलेपुर निवासी 25 वर्षीय युवक, नुनहाई कटरा निवासी 52 वर्षीय पुरुष, न्यू कचेहरी सिबिल लाइन निवासी 36 वर्षीय युवक, मोहम्मदाबाद के किदवई नगर निवासी 46 वर्षीय पुरुष, जेएनवी रोड़ निवासी 26 वर्षीय युवक और 2 महिला, मठिया देवी फर्रुखाबाद निवासी 38 वर्षीय महिला, थाना मऊदरवाजा के बरौन निवासी 17 वर्षीय किशोरी, शहर के शमशेरनगर निवासी 26 वर्षीय युवक, मसेनी चौराहा निवासी 2 युवक, बरगदियाघाट फतेहगढ़ निवासी 45 वर्षीय युवक, सेन्ट्रल जेल में सजायाफ्ता 15 बंदी, लोहाई रोड़ निवासी 35 वर्षीय युवक, राजानगला रम्पुरा निवासी 25 वर्षीय युवती, आफिसर्स कालोनी निवासी 54 वर्षीय महिला, मछली टोला फतेहगढ़ निवासी 63 वर्षीय वृद्ध, नेकपुर क्रासिंग निवासी 55 वर्षीय पुरुष, तलैया लेंन फतेहगढ़ निवासी 70 वर्षीय महिला व 50 वर्षीय पुरुष आदि कुल 47 केस पॉजिटिव निकले है। जिले में अब तक कुल 2216 मरीज पॉजिटिव निकल चुके है। कुल 37 की मौत हो चुकी है। 500 सक्रिय केस है। होमआईसोलेशन व ठीक हो चुके मरीज कुल 1669 है। सेन्ट्रल जेल में लगभग दो दर्जन एक आस-पास मरीज निकल चुके है। लेकिन इसके बाद भी जेल अधीक्षक के लाख प्रयास करने पर भी डियूटी पर तैनात कर्मी लापरवाही से बाज नही आ रहे। जेल गेट के बैरियर पर तैनात बंदी रक्षक भीतर जाने वाले का नाम तो अंकित करते है लेकिन वह बिना मुंह में मास्क लगाये लोगों के प्रवेश पर पाबंदी नही लगा रहे है।

# चोरी की दो कारों सहित तीन बदमाश दबोचे गए असलाह भी हुए बरामद



**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसओजी व थाना फ्रेण्डस कॉलोनी पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से आईटीआई चौराहे से कोकपुरा पुल की तरफसंदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चैकिंग की जा रही थी । तभी मुखविर द्वारा बताया गया कि कोकपुरा की ओर से मु0अ0सं0 469ध्20 धारा 379 भादवि से संबंधित चोरी की गई सेन्ट्रो कार व एक अन्य चोरी की ईको गाडी से कुछ बदमाश आ रहे हैं । जिनके के पास अवैध असलाह भी बरामद किए गए हैं । मुखबिर की सूचना पर कोकपुरा मटर मील के सामने पुलिस टीम द्वारा सघनता से चैकिंग की जाने लगी तभी कुछ देर बाद दो गाडी कोकपुरा की तरफसे आती दिखाई दीए जिन्हे टार्च की रोशनी दिखाकर रोकने का इशारा किया गया तो गाडी चालको द्वारा गाडियों को तेजी से भगाने का प्रयास किया जिन्हे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये पकड लिया गया पुलिस टीम द्वारा दोनो गाडियों की तलाशी ली गयी तो दोनो गाडियों के अन्दर 03 व्यक्ति सवार थे जिनका नाम पता पूछते हुए पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी उनके पास 02 तमंचा 315ध्12 बोर तथा 02 कारतूस जिन्दा तथा 01 चाकू बरामद हुया । गाडी के संबंध में पुलिस टीम द्वारा जरुरी प्रपत्र मांगने पर अभियुक्तगण प्रपत्र दिखाने में अक्षम रहे तथा अभियुक्तों द्वारा बताया गया यह गाडी चोरी की है । पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा चोरी की गयी सेन्ट्रो कार यूपी नं0 83 एच 6557 को विक्रम कुमार पुत्र स्व0 मुरारीलाल वर्मा निवासी चौहान कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा के घर से दिनांक 22ण्09ण्2020 को चोरी करना बताया गया । उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना फ्रेण्डस कालोनी पर निम्न अभियोग पंजीकृत किए गए है। पकड़े गए अपराधियों में खान पुत्र बाबूद्दीन नि0 बैलमपुरी जसराना जिला फिरोजाबाद ।सोनू उर्फ छविराम दिवाकर पुत्र राकेश कुमार दिवाकर नि0 मो0 ऊचा सब्जी मण्डी के पास जसराना रिजवान पुत्र मो0 रियाजुद्दीन नि0 शीशपुरी जसराना फिरोजाबाद इनके पास से 01 सेन्ट्रो कार यूपी नं0 83 एच 6557 ;चोरी की हुयी द्ध 01 ईको कार यूपी नं0 83 एएफ 3809 ;चोरी की हुयी द्ध1 तमंचा 315 बोरए1 तमंचा 12 बोरए1 जिन्दा कारतूस 315 बोरए1जिन्दा कारतूस 12 बोरए1 अवैध चाकू ।

# नगर पालिका अक्टूबर में चार सड़कें बनवाएगी: ईओ

फर्रुखाबाद। नगर पालिका चार नई सड़को व कई गलियों का निर्माण करायेगी। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के नवागन्तुक अधिशाषी अभियन्ता रवीन्द्र कुमार ने बताया कि विगत 16 जुलाई को पालिका बोर्ड की बैठक में 107 करोड़ के प्रस्ताव पास हुए थे जिसके टेन्डर होते ही सड़को का निर्माण अक्टूबर माह में आरम्भ करा दिया जायेगा ।उन्होंने बताया कि चार सड़को में नाला मरट्टा दृगुदड़ी होते हुए पक्का पुलए रकाबगंज पश्चिम , तिकोना चौकी से नगर पालिका तक जर्जर सड़क तथा मदारबाड़ी चौराहा से आई टी आई चौराहा तक सड़क व अन्य गलियों , नालियों का निर्माण कराया जायेगा । नाला मछरट्टा से पक्का पुल तक लोहे के जाल को हटाकर पहले नालो की सफाई कराई जायेगी ,लोहे के जाल के स्थान पर सीमेंट की पटिया डालकर फिर सड़क का निर्माण कराया जायेगा । उन्होंने बताया की मेरे आने पर 78 में से 72 वाटर कूलर खराब थे जिनकी मरम्मत जारी है एक माह में सभी वाटर कूलर काम करने लगेगे । उन्होंने बताया कि 14वें वित्त आयोग से पटेल पार्क के निर्माण हेतु 31.82 लाख का बजट मिला है जिससे पार्क की वौऊनडरी कराकर उसमे नगर पालिका पार्क की तर्ज पर चारो ओर पेपर ब्रिक से फुटपाथ बनबाया जायेगा । पार्क के चारो तरफमरम्मत कराकर बौऊनडरी पर पलस्तर कराकर उसमे पुताई कराई जायेगी । पटेल प्रतिमा व पूर्व में बने फब्बारे के चारो ओर रेलिग लगाई जायेगी । पार्क में पानी न भरे इसके लिए पार्क का समतलीकरण कराया जायेगा । उन्होंने बताया कि जल्द ही लाल गेट फब्बारे के मोटर की मरम्मत कराकर फब्बारे को चालू कर दिया जायेगा । चौक पर इलैक्ट्रानिक्स घड़ी की मरम्मत कराकर घड़ी को चालू कराया जायेगा ।

## व्यापार मंडल मिश्र गुट के व्यापारियों ने मंडी सचिव को मांग पत्र ज्ञापन सौंपा

जसवंतनगर। यहां उद्योग व्यापार मंडल श्याम बिहारी मिश्र गुट की ओर से मंडी सचिव को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया है कि मंडी के अंदर ढाई परसेंट मंडी शुल्क लग रहा है उसे एक परसेंट किया जाए। नगर अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडी समिति कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन कृषि उत्पादन मंडी सचिव जसवंतनगर को सौंपा जिसमें मांग की गई है कि पूरे भारत में मंडी शुल्क समाप्त कर दिया गया है केवल मंडी परिसर में जो कृषि उपज खरीदा जाएगा उस पर ढाई परसेंट मंडी शुल्क लगाने की व्यवस्था की गई है।

# हंसिये से घायल करने की घटना सीसीटीवी में कैद

## हमलावर गिरफ्तार

**इटावा।** इकदिल थाने के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ के पास रहने वाले दो पड़ोसियों में मामूली विवाद के बाद केले व्यापारी राकेश ने पड़ोस में रहने वाले कृष्णपाल के ऊपर ताबड़तोड़ केले काटने वाले हँसिये से कई वार कर मरनासन्न हालात में पहुँचा दिया। घटना की सारी वारदात सी सी टी वी में कैद हो गई। घटना 22 सितंबर की बताई जा रही है । बताया जा रहा है कि 22 सितंबर की सुबह कृष्णपाल के घर के बाहर बंधी हुई भैंस को पड़ोसी राकेश जो कि केले का व्यापारी है उसके चार पहिया ठेले की टक्कर से कृष्णपाल की भैंस की पूंछ घायल हो गई। जिसकी शिकायत कैलाश ने राकेश से की पहले तो राकेश मानने को तैयार नही हुआ। जब कैलाश ने सी सी टी वी का हवाला दिया तो राकेश आग बबूला हो गया और पीछे से आकर हँसिये से कृष्णपाल के ऊपर कई वार कर दिए। राकेश यही नही रुका जब कृष्ण पाल् भागकर अपने घर मे पहुँचा तो राकेश ने कृष्णपाल के घर मे घुसकर भी कई वार किए। यह सब देखकर कृष्णपाल की बेटी भागकर आई और राकेश को डंडे से भगाने की कोशिश की लेकिन राकेश नही रुका तभी पड़ोसी इकट्ठा हो गए और किसी तरह हिम्मत कर राकेश को काबू में किया। बाद में गंभीर रूप से घायल कृष्ण पाल् को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से हालात गंभीर देख सैफई पी जी आई रिफर कर दिया गयाए वही राकेश को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।





## पत्नी के मायके से ना आने पर फांसी के फंदे पर झूला

फर्रुखाबाद। बीते लगभग दो महीने पूर्व पत्नी के मायके जाने के बाद वापस ना आने से क्षुब्ध मजदूर नें फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम करथिया निवासी 30 वर्षीय सनी दिवाकर पुत्र नरेश चन्द्र का विवाह कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम सराह निवासी दुर्गादेवी के साथ हुआ था। सनी के एक 5 वर्षीय पुत्र राज और एक 7 माह की पूर्व बाबू है। सनी के चाचा सोनपाल नें बताया कि दुर्गा बीते रक्षाबंधन को अपने पुत्र और पुत्री को लेकर मायके चली गयी थी। तब से वह मायके में ही है। वापस ना आने से सनी काफी परेशान था।

# डीएम को निरीक्षण में गायब मिले एआरटीओ और चार कर्मचारी

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमे उन्हें एआरटीओ सहित पांच कर्मी गायब मिले। डीएम नें गायब सभी को स्पष्टीकरण एवं नियामानुसार विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय नेकपुर कला बेबर रोड पंहुचे डीएम नें कहा कि जनसुनवाई समय 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एआरटीओ कार्यालय नही छोड़े। जनसुनवाई के पश्चात चेकिंग कार्य करें। कर्मचारी पत्रावलियों को अ।ाविधिक कराने के उन्होंने निर्देश जारी किये। आरआई द्वारा बताया गया कि तीन स्लॉट में होता है लर्निंग टेस्ट, टेस्ट में पास होने पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी होता है।उन्हें निरीक्षण में एआरटीओ एवं पंकज कुमार गुप्ता लेखाकार,राजेन्द्र कुमार प्र0 सहायक, भीम नारायण आर्य, क0 सहायक,अभिषेक द्विवेदी क0 सहायक अनुपस्थित मिले। जिनसे उन्होंने स्पष्टीकरण तलब कर नियामानुसार विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



**29 व 30 को तीन केंद्रों पर होगी प्रयोगात्मक परीक्षा:**फर्रुखाबाद। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा 29 व 30 सितंबर को शहर के तीन परीक्षा केंद्रों पर होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद के उप सचिव ने परीक्षकों की तैनाती दी कर दी है। राजकीय बालक इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में भौतिक विज्ञानए जीव विज्ञानए जीजीआइसी फतेहगढ़ में गृह विज्ञान और स्वामी रामानंद बालक इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में कृषि जंतु विज्ञान की कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। जीआइसी फतेहगढ़ में अनिल कुमार गंगवारए देवेंद्र सिंह गौरए जीजीआइसी फतेहगढ़ में संध्या मिश्रा और स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज में निमिषा देवी की ड्यूटी अनुदानित परीक्षक के रूप में लगाई गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉण् आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा में आठ परीक्षार्थियों को भाग लेना है।

# 45 फीट गहरे बोरबेल में दबे मजदूर, चार घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला, एक की मौत

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को सुबह 45 फीट गहरे बोरबेल में ईंटे निकालने के लिए घुसे दो वृद्ध अचानक दब गये। जिसके बाद उनको निकालने का रेस्क्यू आपरेशन किया गया। बड़ी संख्या में भीड़ मौके पर एकत्रित है। कई घंटे बाद दोनों को निकाल गया। जिसके बाद एक को लोहिया अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम अलेपुर पीत धौलेश्वर निवासी 65 वर्षीय असरफअपने 45 फुट गहरे बोरबेल में गाँव के ही 60 वर्षीय नंदन राजपूत के साथ ईंटे निकालने के लिए घुसे थे । कुल 6 लोग ऊपर थे। अचानक ईंटे निकालने के दौरान बोरबेल की मिट्टी धस गयी। जिससे दोनों असरफऔर नन्दन मिट्टी में दब गये। दोनों के दबने से चीखपुकार मच गयी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर आ गयी।सूचना तहसीलदार कायमगंज प्रदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर आ गये। जेसीबी रेस्क्यू आपरेश लगायीं गयी थी। थी। लगभग चार घंटे चले बचाव कार्य के बाद आखिर दोनों को निकाला गया। उन्हें तत्काल 108 एम्बुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा गया। लोहिया अस्पताल में नंदन राजपूत को डॉ0 प्रदीप नने मृत घोषित कर दिया गया। जबकि असरफकी हालत गंभीर है।

**मृतका के पिता की सूचना पर पंचनामा भरने पहुंची पुलिस**

कायमगंज फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र शमशाबाद के गांव डुमरी निवासी लालाराम पुत्र भोले लाल ने कोतवाली कायमगंज आकर पुलिस को बताया कि उसने लगभग 6 साल पहले अपनी बेटी मालती की शादी कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी बलवीर जाटव पुत्र मैकूलाल जाटव के साथ की थी ।पिता के अनुसार आज उसकी बेटी मालती ने किसी कारणवश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैप मृतका के पिता ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी मृतक बेटी के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम कराने हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा मजिस्ट्रेट को सूचित कर उक्त कार्यवाही कर दी जाए ।

# बारिश में मकान ढहा, महिला पुत्र और पुत्रियों समेत घायल



**घाटमपुर**- थाना सजेती क्षेत्र के गांव बीरबल का अकबरपुर में गुरुवार सबेरे बारिश के बीच एक कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया जिससे ग्रह स्वामी की बिवाहिता पुत्री और उसके तीन पुत्र-पुत्रियाँ दब गये जिन्हें गांव वालों ने निकाला तथा इलाज के स्वास्थ्य बिभाग की गाड़ी बुलाकर सीएचसी घाटमपुर में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंम्भीर होने के चलते डाक्टरों ने उसे उर्सला कानपुर के लिये रिफर कर दिया है। गृह स्वामी मूलचंद्र पुत्र छोटा निषाद ने सजेती पुलिस को बताया कि आज सबेरे साढ़े 8 बजे के करीब उसकी ब्याहता पुत्री फूलकली ( 50 ) व उसके तीन बच्चे शारदा ( 16 ) श्रद्धा ( 11 ) व पुत्र चमन ( 5 ) दब गये लेकिन कोई कार्यवाही नही चाहता केवल सूचना दे रहा हूँ। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पंहुचा घटना के बावत लोंगों पूछतांछ की।

**पीड़ित ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार:**कायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी अनिल कुमार पुत्र अजय पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है की वह अपने घर से खुद की बैठक पर जा रहा था। उसी समय रास्ते में गांव के ही निवासी मुकेश अमित व दुर्गेश ने मुझे घेर कर गाली गलौज करते हुए बेलचे तथा लात ण् घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया है। उसने आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# घाटमपुर में 5 और निकले नये पॉजिटिव



**घाटमपुर।** कोराना वायरस का कहर जारी है बीते दिनो के अंन्दर धाटमपुर सीएचसी और भीतरगांव के लैब टेक्नीशियन पॉजिटिव पाये जाने के बाद गुरुवार को भी घाटमपुर सीएचसी की मेडिकल टीम ने 164 संदिग्दों की जाँच की जिसमें 5 कोराना वायरस संक्रमित पाये गये। चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि 5 संक्रमितों में एक पावर प्लांट का है जबकि कस्बे के अशोक नगर उत्तरी, बारा दौलतपुर, इस्माइलपुर, आनूपुर का भी एक-एक है। बीते कई दिनों की तरह पतारा सीएचसी की मेडिकल टीम की जाँच में सभी निगेटिव मिल रहे है। भीतरगांव सीएचसी में आज 14 की जांज में सभी निगेटिव पाये गये ।

# सरकारी विभाग नहीं दे रहे जीएसटी
# हर माह हो रहा करोड़ों का नुकसान

## ● वाणिज्यकर अधिकारी ने कई विभागों को लिखा कड़ा पत्र, सालों से कर रहे है अनदेखी

**हमीरपुर।** जिले में ज्यादातर सरकारी विभागो में वस्तुओ की खरीदारी करने के पहले वाणिज्यकर विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना तो दूर विभाग को दो फीसदी जीएसटी भी नही जमा करते है जिससे हर माह शासन को करोडो रुपये का राजस्व का नुकसान हो रहा है, वाणिज्यकर अधिकारी ने इस मामले में दो दर्जन विभागो को कड़ा पत्र लिखा है। सरकारी, अर्धसरकारी, व कार्यदायी संस्थाओं को वस्तुओ की खरीदारी करने के पहले विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होता है यही नही संबंधित कंपनी को भुगतान करने के पहले वाणिज्यकर का दो फीसदी काट कर विभाग के खाते में जमा करना अनिवार्य होता है मगर यहा पर मुख्य चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जल निगम, विद्युत, एनआरएलएम, कृषि बिभाग, सिचाई विभाग, उद्यान विभाग,पंचायती राज विभाग समेत एक दर्जन विभाग ऐसे है जो शासन से सीधे बजट मिलने के बाद करोडो रुपये की खरीदारी करते है मगर नियमानुसार वाणिज्यकर विभाग को दो फीसदी जीएसटी टीडीएस जमा नही करते है जिससे कई सालो से राजस्व का बराबर नुकसान हो रहा है, यादव ने बताया कि इसके लिये समय समय पर पत्र लिखने के साथ साथ यह मामला मीटिंग मे उठाया जाता है मगर विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही देतेहै। इधर लोनिवि चार साल से टीडीएस जमा कर रहा है,इसके पहले यह भी जमा नही करता था। वाणिज्यकर अधिकारी डीएन यादव का कहना् है कि कोविड 19 में स्वास्थ्य विभाग हर माह लाखों रुपये की खरीदारी कर रहा है मगर उसमें टीडीएस एक धेला का जमा नही किया जाता है जिससे राजस्व का बराबर नुकसान हो रहा है यही हाल बेसिक शिक्षा विभाग व अन्य विभागो का है। यादव ने इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है, उनका कहना है कि इसके पहले भी विभाग में अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को राजस्व नुकसान की जानकारी देते रहे है मगर विभागाध्यक्ष को कोई ध्यान नही देते रहे है जिससे स्थितयां खराब होती जा रही है। मगर राजस्व हानि बराबर होने की बजह से वह शीघ्र ही जिलाधिकारी से चर्चा कर कार्यवाही करनेके लिये कहेगे। बताया जाता है कि ज्यादातर विभागों को इस नियम कानून की जानकारी पूरी तरह है मगर विभागाध्यक्ष जानबूझकर सहयोग नही करते है और सरकार को करोडो़ का चूना लगा रहे है। मामला सरकारी गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### न सुधरे तो दस हजार रुपए ठोंका जाएगा जुर्माना

**हमीरपुर।** वाणिज्य कर अधिकारी डीएन यादव ने बताया कि जो विभाग टीडीएस नही जमा करते है उनके खिलाफदस हजार रुपये जुर्माना ठोकने का प्राविधान है फिल हाल अभी नोटिस देकर चेतावनी दे दी गयी है यदि कोई सुधारनही होता तो जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी यही नही उप्र जीएसटी 2017 की धारा के तहत की जाने वाली जांच आईपीसी के तहत न्यायिक कार्यवाही समझी जायेगी। समय से सूचना न देना भी विधिक कार्यवाही के अन्तर्गत आता है। वाणिज्यकर विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही करने से विभागो में हड़कंप मच गया है।

# राशन न मिलने से परेशान महिलाओं ने हाइवे जाम किया

## ● डीएसओ डीएम को बराबर कर रहे है गुमराह

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** मशीन खराब बताकर कुछ कोटेदारो द्वारा राशन न वितरण किये जाने से कार्ड धारक परेशान है। राशन न मिलने से परेशान महिलाओ ने नेशनल हाइवे में जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया ष्टपुलिस के आने के बाद ही जाम खुल सका। कस्बा सुमेरपुर के वार्ड नम्बर 3 में कोटेदार आशा देवी द्वारा राशन न वितरण किये जाने की शिकायते कई महीनो से आ रही है। मगर कोटेदार अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा है। कोटेदार के खिलाफ महिलाएं नेशनल हाइवे पर आ गयी और जाम लगा दिया।

राशन कार्ड धारक महिलाओ का कहना था कि कोटेदार राशन देने में चक्कर कटवाता है और मशीन खराब तथा सर्वर का बहाना करके अनावश्यक परेशान करता है महिलाएं करीब आधा घण्टा तक राष्टीय राज्यमार्ग पर जाम लगाए रही। सूचना पाकर पुलिस मौके पर आयी और महिलाओ को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। उधर चाँद मुहाल के राशन कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार कलावती पिछले दो दिनों से दुकान बंद किये है।राशन लेने के लिए लोग रोज चक्कर काट रहे लेकिन राशन नही मिल रहा है। कोटेदार का कहना है 23 सितम्बर को मशीन में खराबी आ गयी थी इसलिए राशन नही बांटा जा सका है मशीन ठीक कराई जा रही है ठीक होते राशन वितरण शुरू हो जाएगा। कुछ भी हो लोग राशन न मिलने से परेशान है तथा राशन दिलाने की मांग कर रहे है वही ग्रामीणों का कहना हैकि पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त है मगर डीएसओ जेआर यादव जिलाधिकारी को बराबर गुमराह करते आ रहे है जिससे डीएम वास्तविक स्थिति को भाप नही पा रहे है।

## क्विक न्यूज

### एबीवीपी ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सरीला (हमीरपुर)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न संस्थानों के 27 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही सफलता व सम्मान दिलाती है। कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य मुख्य अतिथि व नगर सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने कहा कि शिक्षा ही सफलता का मूल मंत्र है। शिक्षा ही सफलता व सम्मान दिलाती है। समारोह में राजकीय इंटर कॉलेज के इंटर में टॉपर रहे कपिल सिंह, रानी, सपना, अदिति, रविंद्र कुमार, शैलेश्वर इंटर कॉलेज के जयनारायण, सौरभ, दीपेंद्र, राधा, पूर्वी आलोक हाई स्कूल की परीक्षा में अव्वल रहे अनूप, अनिल, काजल, रूबी, पुष्पेंद्र, बर्षा, रेशमा, प्रशांत, विपिन, दिनेश, मुस्कान, संतोष, मोहिनी, साक्षी, पीयूष, रवि, मरजीना सहित 27 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### महिला ने जहर खाकर जान दी

**बिवाँर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के हिमौली गाँव में पच्चीस वर्षीय महिला अर्चनादेवी पत्नी रवीन्द्र कुमार ने कल रात जहर खा लिया परिजन जिसको इलाज के लिए मौदहा सीएचसी ले गए जहाँ उसकी मौत हो गई। एसआई ने बताया कि हिमौली मृतका का मायका था शादी मुस्करा थाना क्षेत्र के गुंदेला गाँव मे हुई थी। मृतका के एक चार वर्ष का पुत्र भी है, जो बीते तीन सालों से अपने मायके में रह रही थी और उसका पति दिल्ली में मजदूरी करता है। पति दो-तीन दिनों पहले ही दिल्ली से लौटा था और घटना के दौरान पत्नी के पास उसके मायके में ही था। महिला के जहर खाने का कारण नहीं पता चल सका है, कहा कि महिला की ओर से पति व उसकी ससुराल के खिलाफकभी कोई तहरीर भी नहीं आई, जिससे किसी झगड़ा या विवाद की भी बात सामने नहीं आती। बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ और कहा जा सकता है।

### धन दूना करने के झांसे में गरीब ने गवाएं जेवरात व नगदी

**हमीरपुर।** सुंमेरपुर क्षेत्र में एक युवक को जेवरात के साथ धन दूना करने का लालच देकर टप्पेबाजों ने एक लाख के जेवरात व 28 हजार की नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए। क्षेत्र के ग्राम इगोहटा निवासी रविकरण ने पुलिस को बताया कि वह कल साइकिल से सुमेरपुर जा रहा था तभी ब्लॉक के पास दो अज्ञात लोग बाइक से उसके पास आए और उसे रोककर धन व जेवरात दूना करने का लालच देकर उसके पास से 3 हजार रुपये ले लिए इसके बाद जेवरात व नगदी लाने के लिये ठगों की बाइक में सवार होकर उनके साथ घर गया और किसी को को बताए पत्नी के एक लाख के जेवरात व 25 हजार की नगदी लेकर उसके पास आ गया इसके बाद ठगों ने उससे जेवरात व नगदी ले ली और उसे आंख बंद कर सड़क से नीचे उतर कर जाने तथा पीछे मुड़कर न देखने को कहा मगर कुछ देर बाद सभी लोग गायब हो गये।

### दीवार गिरने से मासूम घायल

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली में कल रात हुई बारिश से घर की दिवार गिरने से सात वर्षीय मासूम दब कर घायल हो गया। ग्राम रतौली में रात् में हुई तेज बारिश चलते अमित के घर की दिवाल ढह गई जिसमें उसका सात वर्षीय पुत्र रोहन दब गया गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा आनन-फानन में मौदहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सको ने सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या की।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**कोंच(जालौन)।** नगर के मुहल्ला पटेल नगर में एक 52 बर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पटेल नगर में चन्दकुआँ के समीप रहने वाले 52 बर्षीय कृष्णकुमार उर्फपप्पू पुत्र राम दयाल ने गुरुवार को सुबह के समय अपने घर के बगल में लगे नीम के पेड़ से लटककर फाँसी लगा ली।कुछ समय के बाद परिजनों ने छत पर जाकर देखा तो सभी दंग रह गए और आनन फानन में शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और घटना की सूचना पुलिस को दी।वहीं सूचना मिलने पर क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम व सागर चौकी प्रभारी संजीव कटियार ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक जांच पड़ताल कर परिजनों से पूंछताछ की और शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जा रहा है। परिजनों ने बताया की कृष्णकुमार काफी समय से बीमार चल रहा था।

### दहेजलोभियों ने की विवाहिता की हत्या, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज लोभी ससुराली जनों द्वारा विवाहिता का उत्पीड़न व अभद्रता करते हुए मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को पड़ोसी थाना छिबरामऊ के ग्राम खोजीपुर निवासी सलीम पुत्र समसुद्दीन द्वारा कोतवाली में दी गई। तहरीर में कहा गया है कि उसने अपनी पुत्री नाजरीन की शादी मुरादगंज निवासी शरीफपुत्र सहमीर के साथ की थी। ससुरालीजनों द्वारा शादी में दहेज कम बता कर अतिरिक्त दहेज में दो लाख रूपये, एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। पूरी न होने पर उसकी पुत्री का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया था। बीती रात पति शरीफ, सास बानो बेगम, ननंद रुखसार, आशिक पुत्र कमरुद्दीन आदि ने अभद्रता व मारपीट करते हुए उसकी पुत्री की हत्या कर दी। तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। जबकि पुलिस ने एक आरोपी को पकड लिया है।

### मानकविहीन कार्य कराने वाले सीएनडीएस के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: पाण्डेय

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण कार्य कार्यदायी संस्थाओं की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप्स योजना पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण करने की समय सीमा तय की गई है उसी के अनुसार कराए जाएं जो कार्य पूर्ण हो गए हैं तो उसका उपभोग प्रमाण पत्र दे अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि तकनीकी टीम गठित कर कार्यो की जांच कराई जाए। जिन कार्यों पर अभी तक वन विभाग से एनओसी नहीं मिली है तत्काल उपलब्ध कराई जाए राजकीय महाविद्यालय पाही के निर्माण में राजकीय निर्माण निगम ने बताया कि दिसंबर माह में मुख्य भवन को पूर्ण कर लिया जाएगा इस पर अर्थ एवं संख्या अधिकारी को जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यदाई संस्था को एक पत्र बनाकर यह लिखा जाए कि आपके द्वारा धनराशि के सापेक्ष अभी तक कार्य में प्रगति नहीं की गई है। फैसिलिटी सेंटर का भी कार्य अभी तक नहीं किया गया उसमें जवाब तलब किया जाए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित कर स्वदेश दर्शन के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच कराई जाए अगर कही पर कमी पाई जाए तो इनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिए के कार्यों को देख कर कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा कराएं प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर तक चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र के कार्य पूर्ण हो जाए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मानिकपुर के जो कार्य कराए गए हैं वह मानक विहीन है तथा धनराशि का दुरुपयोग किया गया है इसमें कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के खिलाफसख्त कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के निर्माण की धनराशि प्राप्त हो गई है उन्हें तत्काल गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं तथा जो कार्य पूर्ण हो गए हैं तो उनकी ई-फाइल फोटोग्राफ्स के साथ बनाकर उपलब्ध करायें।

# मौरंग पट्टाधारकों को अब हर माह जमा करनी होगी किश्त

## ● डीएम की अध्यक्षता में खनन कार्यों की बैठक संपन्न

संवाददाता। हमीरपुर

**जनपद** के स्वीकृत खनन क्षेत्रों में एक अक्टूबर से शुरू होने वाली खनन गतिविधियों के संबंध में डीएम ने कहा कि एक अक्टूबर से शुरू होने वाली मोरम खनन गतिविधियों को नियमानुसार किया जाए ,जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि खनन के संबंध में एनजीटी, खनन निदेशालय व जनपद स्तर से जो निर्देश दिए जा रहे हैं उनका पूरी तरह पालन किया जाए। खनन गतिविधियां जलधारा से निश्चित दूरी पर ही की जाय, नदी की जलधारा में खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । इस बार खनन स्थल पर 360 डिग्री का कैमरा लगाया जाना अनिवार्य होगा, इसका कंट्रोल सीधे कमांड सेंटर से होगा। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्रों में आने जाने का एक ही मार्ग होना चाहिए । किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन नहीं चलने दिया जाएगा । जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लैकमेल करने वाले दबाव बनाने वाले लोगों के बारे में अवगत कराएं उन पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि समय से किस्त जमा करने पर ही खनन गतिविधियां चालू की जा सकेगी। पहले यह किस्त जमा करने की त्रैमासिक व्यवस्था थी अब प्रत्येक माह किस्त जमा करनी होगी। उन्होंने खनन पट्टाधारकों से अपेक्षा की कि खनन प्रक्रिया में लगने वाली जेसीबी अन्य मशीन जीपीएस इंस्टाल किया जाय।

### हमीरपुर में मिले सात नए कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** गुरुवार को जिले में 13 लोगों ने कोरोना की जंग जीतते हुए अपने घर वापसी की। वहीं जिले के अलग अलग स्थानों में सात नए कोरोना मरीज मिले हैं। जिन्हें कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया है। इन मरीजों के साथ कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 978 पहुंच गई है। गुरुवार को मिले सात मरीजों में तीन मरीज राठ के रहने वाले हैं। इनमें 22 व 26 वर्षीय युवक है। जबकि चौबट्टा मोहल्ला का 51 वर्षीय अधेड़ भी कोरोना पॉजिटिव है। बिवांर के करगांव गांव का 35 वर्षीय युवकए सुरौली बुजुर्ग की 45 वर्षीय महिला व अतरार का 65 वर्षीय वृद्ध भी कोरोना पॉजिटिव है। कुरारा के वार्ड संख्या चार मुख्य बाजार निवासी 45 वर्षीय महिला में कोरोना की पुष्टि हुई है। सीएमओ डाण्आरके सचान ने बताया कि सात नए मरीजों के साथ कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 978 पहुंच गई है। गुरुवार को 13 मरीजों की अस्पतालों से छुट्टी की गई है।

# डीएम ने कुरारा ब्लाक के बदनपुर गांव में कुपोषित परिवार को दान में गाय दी



गाय को चारा खिलाते जिलाधिकारी व सीवीओ

**हमीरपुर।** कुरारा ब्लाक के बदनपुर गांव के कुपोषित बच्चों को जिलाधिकारी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की मौजूदगी में कुपोषित बच्चों के परिजनों को एक-एक गाय सौंपी गई। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा बदनपुर के प्राइमरी स्कूल में आयोजित गऊदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि गाय का महत्व वैदिक काल से रहा है। गाय का दूध, गोबर, मूत्र सबमें औषधि तत्व पाए जाते है। धार्मिक रूप से भी गाय अत्यंत महत्वपूर्ण पशु है, जिसमें देवी-देवताओं का वास होता है। इसीलिए गाय को मां का दर्जा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने में गाय का दूध रामबाण का काम करेगा। लाभार्थी गायों का सही से ख्याल रखें। समय से चारा-पानी दें तो घर में भी खुशहाली आएगी। गायों के रखरखाव को लेकर शासन द्वारा प्रति लाभार्थी को हर माह नौ सौ रुपए की धनराशि भी दी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि जनपद में कुपोषित बच्चों की संख्या 1053 है। 97 कुपोषित बच्चों के अभिभावकों ने गाय लेने की इच्छा जाहिर की थी। सातों ब्लाकों ने इन कुपोषित बच्चों को आज से दुधारू गाय प्रदान की जानी शुरू की गई है।

### टीसी काटने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूली पर भड़के अभिभावक

**कदौरा ( जालौन )।** परिषदीय स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों की टीसी काटने के बदले सुबिधा शुल्क की मांग करने पर अभिभावकों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम नजीरपुर के दो दर्जन अभिभावकों सुरेश दयाशंकर सुनील चरन सिंह लाल सिंह ओम प्रकाश राम जी महेश संतोष कुमार अखिलेश संजय सिद्ध गोपाल धर्मेंद्र सिंह बलबीर वीरसिंह आदि लोगो ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उनके बच्चे प्राथमिक विधालय में कक्षा 5 पास कर चुके है जब कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए उन्हें टीसी की जरूरत है जब भी वो प्रधानाचार्य विवेक त्रिपाठी के पास टीसी मांगने जाते है तो वो पांच सौ रुपये की सुविधा शुल्क की मांग करते है सुबिधा शुल्क न देने पर वो टीसी नही दे रहे है जिससे बच्चो का दाखिला नही हो पा रहा है ।

### कोरोना संक्रमितों को घर बैठे मिलेगी जांच रिपोर्ट: सीएमओ

**चित्रकूट।** कोरोना जांच रिपोर्ट पाने को संबंधित व्यक्ति को कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर या अस्पताल जाने की भागदौड़ खत्म हो गई है। यह रिपोर्ट मोबाइल पर ही वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) डालकर देखी जा सकती है। गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि कोरोना की जांच के बाद कई दिन बाद उसकी रिपोर्ट आने से जांच कराने वाले परेशान रहते थे। अब कोविड की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन संबंधित के मोबाइल फोन पर मिलेगी। नमूना कराने वाले व्यक्ति अपनी रिपोर्ट घर बैठे अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। इस रिपोर्ट को आसानी से सेव या प्रिंट करवाया जा सकता है। नई व्यवस्था से उन लोगों को ज्यादा सहूलियत होगी जो कोविड पॉजिटिव होने के बाद रिपोर्ट प्राप्त नहीं कर पाते हैं। किसी के हस्ताक्षर या मुहर की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि पहले कोरोना का सैंपल देने के बाद तीन से चार दिन तक का इंतजार करना पड़ता था।

# अनिल प्रधान की मेहनत लाई रंग, विद्युत सुधार के लिए 32 लाख का पैकेज मंजूर

संवाददाता। चित्रकूट

**बुन्देलखण्ड** किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की मेहनत रंग लाई। न्यू कलेक्टेव्रट फीडर से देवांगना घाटी होकर बरुई तक 14 किमी रैकून कंडक्टर डालने को एमडी आगरा ने 32 लाख का पैकेज मंजूर किया।

जिलाध्यक्ष की जुलाई माह से ही पाठा क्षेत्र में लो-वोल्टेज फाल्ट से हमेशा विद्युत आपूर्ति ठप रहती थी। बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष अनिल प्रधान ने तमाम जनान्दोलन कर जर्जर विद्युत लाइन को दुरुस्त कराने की कवायद की। उनकी मांग पर रैकून कंडक्टर डालने को विद्युत विभाग ने एमडी आगरा के पास पैकेज भेजा था। जिलाधिकारी ने एमडी आगरा व मुख्य अभियंता से पत्राचार कर पैकेज मंजूरी का अनुरोध किया था।



जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान।

कल 32 लाख का पैकेज मंजूर हो गया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही न्यू कलेक्ट्रेट फीडर से देवांगना बरुई तक 14 किमी विद्युत लाइन पर रैकून कंडक्टर डालने का काम शुरु होगा। इससे 70 फीसदी लो-वोल्टेज एवं फाल्ट में कमी आयेगी। पूरे क्षेत्र में एक साथ विद्युत आपूर्ति सम्भव होगी। पैकेज मंजूर होने पर अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी व एमडी आगरा तथा मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जालौन में बनाया जाएगा प्रदेश का पहला अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा पार्क

## उरई के गांव में स्थापित होने पर लगी मुहर

**उरई**(जालौन)। उत्तर प्रदेश का पहला अल्ट्रा-मेगा सौर ऊर्जा पार्क बुंदेलखंड क्षेत्र में जालौन जिले में आएगा। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 1,200 मेगावाट के सौर पार्क के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जो कि सबसे बड़े आधा दर्जन से अधिक क्षेत्र में फैले अल्ट्रा-मेगा अक्षय ऊर्जा ऊर्जा पार्क ल में स्थापित किया जाना है। जालौन में उरई तहसील के अंतर्गत आने वाले गाँव।

नवीन और नवीकरणीय विकास एजेंसी (छम्क।), जो नवीकरणीय शक्ति के लिए यूपी की नोडल संस्था है, को सोमवार को स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ। ''हम पहले 1,200 अल्ट्रा-मेगा सौर पार्क के लिए प्रमुख अनुमोदन प्राप्त कर चुके हैं और अब जल्द से जल्द पार्क स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी,'' नेडा के निदेशक और प्रमुख सचिव, भवानी सिंह खगरावत ने कहा। सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए, केंद्र ने बुंदेलखंड सौर उर्जा लिमिटेड से कहा है कि वह सौर ऊर्जा पार्क विकासकर्ता को परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (क्त्) सौर पार्क की समय-सीमा के अनुसार जल्द से जल्द प्रस्तुत करे। योजना ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा द्वारा निर्देशित, 24 अगस्त को खगरावत ने केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को एक पत्र लिखा, जिसमें 1,200 मेगावाट के सौर पार्क की मंजूरी मांगी गई। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि संयुक्त उपक्रम ने पहले ही जालौन के गांवों में 6 हजार एकड़ भूमि की पहचान कर ली थी। डीएम, जालौन, मन्नान अख्तर ने 4 सितंबर को एक पत्र के माध्यम से बताया कि अल्ट्रा-मेगा सोलर पार्क के लिए चिन्हित 6,000 एकड़ भूमि काफी हद तक बंजर थी और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (वित्त और राजस्व) के तहत एक समिति का गठन किया गया था, किसानों के साथ बातचीत करने और 27 साल के लिए उनकी जमीन को लीज पर लेने के लिए। सूत्रों के अनुसार, सरकार संबंधित किसानों को प्रति वर्ष 17,000 रुपये प्रति एकड़ के पट्टे का भुगतान कर सकती है एक सौदा जो किसानों को अत्यधिक लाभान्वित कर सकता है क्योंकि वर्तमान में उन्हें बंजर भूमि से कुछ भी नहीं मिलता है। जालौन में स्थापित किया जाने वाला 1,200 मेगावाट का सौर पार्क, यूएमआरईपीपी मोड के तहत सबसे बड़ा और पहला सौर पार्क होगा और इस शब्द के वास्तविक अर्थों में सौर पार्क होगा।

# उफनाती नदी में डूबे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव, परिजनों में कोहराम



सान्त्वना देते पूर्व विधायक।

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कंठीपुर गांव में बाइक से चेकडैम पार करते समय लवकुश उर्फ चुन्नू पिपरावल नदी में बह गया। 24 घंटे बाद उसका शव स्थानीय गोताखोरों ने बरामद किया। बुधवार को कंठीपुर गांव में मोटरबाइक से चेकडैम पार करते समय लवकुश कोटार्य पिपरावल नदी में बह गया था। पिता ने बताया कि गांव जाते समय उफनाती नदी के रपटे को पार करते समय मोटरबाइक बेकाबू होने से नदी में गिर गया। उसके साथ गांव की एक महिला बैठी थी जो गहरे पानी में गिर गई थी। उसे बचाने के फेर में लवकुश नदी में कूद गया था। महिला को बाहर निकालते समय खुद पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना स्थल पर तहसीलदार पहुंचे। गोताखोर न होने से युवक का पता नहीं चल सका। गोताखोर को बुलवाकर युवक के शव की खोज की गई। प्रधान चंचलचित्त पटेल ने बताया कि जिला प्रशासन के पास युवक की खोज को व्यवस्था न होने से परिजनों व ग्रामीणों में गुस्सा था। वहीँ पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव,वरिष्ठ नेता मो गुलाब खान,पवन सिंह पटेल आदि के साथ घटना स्थल पहुँच कर पीड़ित परिजनों को ढाढंस बंधा कर शासन -प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया था। एसडीएम सदर रामप्रकाश ने राजापुर से गोताखोरों को बुलाकर युवक के शव की खोज कराई। शव मिलने पर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। युवक के परिजनों में कोहराम मचा है।

# आईटीआई खुलवाने के नाम पर 75 लाख की ठगी

**जालौन ( उरई )।** प्राइवेट आईटीआई खुलवाने के नाम पर 75 लाख रुपये की ठगी करने एवं रुपया वापस मांगने पर दलित के साथ गाली, गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरयाना निवासी अरूण कुमार वर्मा ने न्यायालय में वाद दायर कर आरोप लगाया था कि उन्हें नगर में छात्रों को शिक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट आईटीआई विद्यालय खोलना था। जिसके लिए उन्होंने साईंराम आईटीआई कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अवनीश दुबे निवासी भगवतीगंज दिबियापुर जिला औरैया से सलाह मशवरा किया और 16 अक्टूबर 2015 को स्टॉम्प पर लिखा पढ़ी कर तय किया गया कि वह अरूण कुमार वर्मा के मौजा प्रतापपुरा में सारंगपुर बाईपास के पास स्थित खेत में आईटीआई खोलेंगे।

जिसमें अरूण कुमार वर्मा व डॉ.अवनीश के बीच क्रमश: 80 और 20 फीसदी की साझेदारी रहेगी। इसके बाद मान्यता दिलाने के नाम पर डॉ. अवनीश ने उनसे 25 लाख रुपये ले लिए। मान्यता लेने में जो एनजीओ की कॉपी लगाई गई उसमें धोखाधड़ी कर डॉ. अवनीश ने अपने परिचितों को विभिन्न पद आवंटित कर दिए और स्वयं संस्था के प्रबंधक बन बैठे। इसके बाद उन्होंने अपने खास व्यक्तियों को प्राचार्य और कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त कर दिया। जिसमें संस्था के सामान और फर्नीचर के नाम पर पुन: उन्होंने 20 लाख रुपये उनसे लिए। लेकिन संस्था में पुराना और टूटा फूटा सामान व फर्नीचर भेज दिया।

उन्होंने राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश की बेबसाइट पर संस्था के कागजातों में हेराफेरी कर प्राचार्य करन सिंह की फोटो प्रबंधक के रूप में प्रदर्शित करवाई। तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता लगा। लेकिन तब तक उक्त अवनीश व उनके खास व्यक्ति प्राचार्य करन सिंह निवासी ग्राम पनेहरा, क्लर्क अरिमर्दन सिंह निवासी पुरानी नझाई, विनोद कुमार व राजू निवासीगण ग्राम फरीदपुर थाना औरैया, विजय गुप्ता निवासी राणानगर दिवियापुर ने मिलकर उनके लगभग 75 लाख रुपये धोखाधड़ी कर हड़प लिए। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी होने पर उन्होंने डॉ. अवनीश से जब रुपये वापस मांगे तो बीती 18 सितंबर को डॉ. अवनीश व उनके उक्त सभी साथी उनके यहां आए और धमकी दी कि उन्होंने उनके रुपये हड़प लिए हैं।

आइंदा यदि वह विद्यालय में दिखाई दिए अथवा रुपये मांगे तो वह जान से मार देंगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त सभी ने जातिसूचक गालियां देकर उनके साथ मारपीट भी कर दी। इसके बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली व पुलिस अधीक्षक से भी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उक्त मामले में न्यायालय ने कोतवाली जालौन पुलिस को आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे। उक्त संदर्भ में कोतवाल रमेशचंद्र मिश्र ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर का डीपीएम ने किया निरीक्षण



निर्माण कार्य का निरीक्षण करती जिला प्रोग्राम अधिकारी।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कचरे के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर) का निरीक्षण करने पहुंची जिला प्रोग्राम मैनेजर ने निर्माण कार्य का जायजा लेने के उपरांत संबंधित ठेकेदार को समय से मानक के अनुरूप निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश देनें के उपरान्त कहा कि इससे शहर में कूड़ा निस्तारण की समस्या हल हो जाएगी।

गुरुवार को जिला प्रोग्राम मैनेजर कु0 हर्षिता गोयल ने नगर के मोहल्ला राम किशन नगर निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर) का निरीक्षण करनें के उपरान्त उन्होंने ठेकेदार को मानक के अनुरूप निर्माण कार्य अक्टूबर माह में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा कूड़ा छंटाई एवं एवं मटेरियल रिकवरी हेतु करीब 35 लाख की लागत से एमआरएफ सेंटर का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन लगभग 4 टन कचरे का निस्तारण किया जाएगा। यहां गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग किया जाएगा। प्लास्टिक, पॉलिथीन, लकड़ी, लोहा, एल्युमीनियम आदि को अलग-अलग करके निस्तारित कर बिजली, जैविक खाद और प्लास्टिक व पॉलिथीन को अलग कर रिसाइकिल किया जा सकेगा।

# घरेलू विवाद में पति ने लगाई फांसी

**कन्नौज।** पत्नी से विवाद के बाद पति ने पेड़ पर फांसी का फन्दा डालकर खुदकुशी कर ली। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर फांसी के फन्दे पर लटके शव को देखा तो सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल युवक के परिजनों औश्र पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। इसी बीच पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस टीम ने जांच पड़ताल के बाद शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी ससुराल में रह रहा था और पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जदेपुरवा गांव निवासी संतोष की शादी सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मधुपुर निवासी मलखान सिंह की पुत्री नीरज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही सन्तोष अपनी ससुराल में घर जमाई बनकर रह रहा था। बुधवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान पत्नी ने पति को फटकार लगा दी थी। नाराज होकर युवक ने पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया।

# पत्रकार की बेटी हत्याकांड में दो गिरफ्तार

### ● अभियुक्त को पकड़ने के लिए हरियाणा रवाना हुई पुलिस

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी पायनियर

**थाना** क्षेत्र के टडरसा मजरे ऐंजर गांव में पत्रकार की बेटी हत्या मामले के नामजद दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां दो दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि विगत 21 सितंबर को स्थानीय थाना क्षेत्र के टडरसा मजरे ऐंजर गांव निवासी पत्रकार प्रदीप सिंह की बेटी श्रद्धा सिंह को सुबह करीब आठ बजे केरोसिन डालकर जला दिया था। गंभीर रूप से झुलसी श्रद्धा की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतका ने मीडिया के समक्ष चार लोगों को जला देने का बयान दिया था। जिस पर मृतका की मां अर्चना सिंह ने चार लोगों को नामजद करते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। घटना में शामिल अभियुक्त जयकरन चौहान पुत्र दान बहादुर सुभाष सिंह पुत्र स्वर्गीय कुंवर सिंह निवासी ग्राम परसौली थाना बल्दीराय को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना में नामजद दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है इसकी जांच क्राइम ब्रांच कर रही है शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी जल्दी ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम में निष्पक्ष जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस घटना में नामजद एक अभियुक्त जो मौके पर हरियाणा प्रदेश में रह रहा है उसे पुलिस लेने के लिए रवाना हो चुकी है।

#### ग्रामीणों संग मृतका की मां ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**मृतका** श्रद्धा सिंह की मां व वादी मुकदमा अर्चना सिंह ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। उन्होंने एसपी को ज्ञापन देकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। साथ में सपा जिला उपाध्यक्ष अयूब उल्ला खान भी पीड़िता की मदद के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। पुलिस अधीक्षक शिव हरि मीणा ने साथ गए ग्रामीणों से भी घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने मजिस्ट्रेटी बयान के आधार पर जांच करने का आश्वासन दिया था।

# कौशल विकास में अभिनव पहल

संवाददाता। रायबरेली



**ऊंचाहार** एनटीपीसी अपने नैगम सामाजिक दायित्व बोध को धरातल में उतार कर नये नये प्रयोग करके जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने में प्रयासरत है स एनटीपीसी के सामाजिक कार्य से नित नये बच्चे कीर्तिमान गढ़ रहे है इसी क्रम में भारत सरकार के कौशल विकास मिशन से प्रेरणा लेकर आस पास के गाँव की बालिकाओं की प्रियदर्शिनी महिला क्लब के सहयोग से ब्युटिशीयन का 3 महीने का प्रशिक्षण प्रधान किया गया स प्रशिक्षण के उपरांत प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला मिश्रा , श्रीमती सरवरी दत्ता उपाध्यक्षा , श्रीमती शर्वनी बनेर्जी , श्रीमती वंदना चतुर्वेदी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन के हाथों ब्युटिशीयन से संबन्धित किट प्रदान किया गया स इस दौरान कोविड -19 के सभी मानक का पालन किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती चंद्रकला मिश्रा ने कहा आप सभी अपने कौशल के माध्यम से नये ऊंचाई को छूये स आपके विकास के लिए प्रियदर्शिनी महिला क्लब के साथ ही एनटीपीसी भी खड़ा है बच्चियों को ब्यूटीशियन ट्रेनिंग कोर्स करवाने के पीछे उद्देश्य है कि प्रशिक्षित हो जाने बाद युवती आत्मनिर्भर हो सकें और अपना व्ययसाय शुरू कर सके इस अवसर पर वंदना चतुर्वेदी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने भी युवतियो के आत्म निर्भर होने के साथ ही उनके घर वाले को भी शुभकामनाये दी, जिंहोने इन बच्चिओ के हौसले को बढ़ाया तथा आगे बढ्ने का जज्बा दिया इस अवसर पर ए एन सिंह वरिष्ठ प्रबन्धक, अनीता सिंह वरिष्ठ प्रबन्धक, के एन मिश्रा प्रबन्धक सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# बारिश से फसलों का हो रहा भारी नुकसान

संवाददाता। सुलतानपुर


बारिश से खेत में गिरी धान की फसल पायनियर

**मौसम** में हुए बदलाव ने एक बार फिर किसानों की मुश्किलों को बढ़ा दिया। पिछले तीन दिनों से तेज हवाओं के साथ हो रही लगातार बरसात के बाद किसान के माथे पर धान की तैयार फसल बर्बाद होने की चिता सताने लगी है। गुरूवार को भी पूरे दिन काले बादलों की आवाजाही लगी रही और देर शाम तेज बरसात हुई। सितंबर के अंतिम सप्ताह में अपेक्षा से अधिक बरसात किसानों की कमर तोड़ रही है। खरीफ सत्र की सबसे महत्वपूर्ण फसल धान को हो रहे नुकसान से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरने की आशंका है। जिले में तकरीबन 96 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान का आच्छादन किया गया है। तेज हवाओं से जहां खेतों में खड़ी फसलें गिर गई। वहीं पानी भरने से धान की बालियां सड़ने के कगार पर है। फसल को बचाना किसानों के लिए चुनौती बना है। बीती फरवरी में रबी की मुख्य फसल गेंहू व अन्य फसलों के पकने की अवधि में शीतकालीन वर्षा और ओला गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। वहीं इस साल धान की रोपाई के समय से ही अपेक्षित वर्षा होने से किसान मुदित रहे। फसल बेहतर होने से अच्छे उत्पादन की उम्मीद बनी। बारिश का कहर किसान की बची उम्मीद पर पानी फेर रहा है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरआर सिंह ने कहा कि अधिकतर धान फसल की कटाई नवंबर माह में होती है। ऐसे में यदि एक दो दिन में मौसम साफ हो गया तो तेज तापमान की धूप निकलने से फसलें सामान्य हो जाएगी। गिरी धान की फसल यदि कई दिन पानी में न डूबी रहीं तो इन्हें भी उबरने का मौका मिल सकेगा।

#### बारिश से ढह गया कच्चा मकान, हजारों की क्षति

**वलीपुर,सुल्तानपुर।** बरसात से एक तरफ जहां किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है वहीं वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायत दरियापुर के पूरे ईश्वरी पाण्डेय निवासी रामलाल वर्मा, रामकेवल वर्मा का कच्चा मकान सुबह करीबन भरभरा कर गिरा गया। जिससे मकान में रखा घर गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सुबह में हुई घटना से कोई उस वक्त घर पर मौजूद नही था। सभी घर के सदस्य घर के बाहर ही थे। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। परंतु मकान के गिरने से परिवार सहित लोगो मे भी भय व्याप्त है। मकान के गिरने की खबर हल्का लेखपाल लक्ष्मीनारायण शुक्ल को दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक कोई भी विभागीय कर्मचारी जांच के लिए नही पहुँचा। ग्राम प्रधान बैजनाथ यादव (करिया) ने मौके का मुयायना कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# मजदूर के आशियाने पर कुदरत का कहर

### ● कच्ची दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली



खराब सिस्टम व्यवस्था कमीशन खोरी और जिम्मेदारों की अनदेखी से अपात्र तो सरकारी योजनाओं को लाभ पा रहें हैं परंतु समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा इंसान आज भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हो पा रहा है। कच्चे मकान में रहकर बारिश से गिरी दीवार से दबकर हुई महिला की मौत इसका एक जीता जागता प्रमाण है।

**महराजगंज** कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव में आज सुबह बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवार गिरने की वजह से 30 वर्षीय महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई।

बताते चलें कि लगातार रुक-रुक कर बारिश होने से कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक अर्जुन पहरेमऊ गांव में अपने कच्चे मकान में अपनी मां पत्नी रोहिणी और 4 साल के बेटे के साथ गुजर बसर करता था। बताया जाता है कि, अर्जुन मुंबई में एक प्राइवेट फर्म में मजदूरी करके अपने परिवार का जीवकोपार्जन करता है। जो अभी पिछले सप्ताह ही मुंबई गया था, यहां पहरेमऊ गांव में उसकी पत्नी रोहिणी अपनी सास और 4 साल के बेटे के साथ रहती थी। आज सुबह जब वह उठी, तो उसने देखा रात भर हुई बारिश के कारण आंगन में पानी भरा हुआ है, और और आंगन से पानी निकलने वाली नाली जाम है। आंगन का पानी घर से निकालने के लिए वह नाली को साफ ही कर रही थी, कि अचानक कच्ची दीवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर गई, जिससे मलबे में दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया मृतिका के एक लौते 4 साल के बेटे आयुष के सर से मां की आंचल का साया भी उठ गया जिससे उसका भी रो रो कर बुरा हाल है सूचना पर पहुंची कोतवाली ने लिखा पढ़ी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेसी नेता मनीष सिंह ने किया लक्ष्मी ज्वेलर्स शो रूम का उद्घाटन

**रायबरेली।** शहर के इंदिरा नगर में लक्ष्मी ज्वेलर्स शो रूम का शुभारंभ हवन पूजन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। शो रूम का उदघाटन हरचंदपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेस नेता मनीष सिंह ने फीता काटकर किया। मनीष सिंह ने शो रूम के संचालक दिनेश वर्मा को हार्दिक बधाई दी। लक्ष्मी ज्वेलर्स शो रूम के मालिक दिनेश वर्मा ने बताया कि दुकान में विभिन्न प्रकार के आभूषण व ज्वेलरी किफायती दामो में उपलब्ध है। इस मौके पर शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी ब्रजेश कुमार तिवारी, सूबेदार मेजर आर एल वर्मा, श्याम सुंदर त्रिवेदी, विसेसर स्कूल के प्रबन्धक इंद्र प्रताप सिंह, शशांक अग्निहोत्री, प्रमोद पटेल, अंशु अवस्थी, हीरा लाल बाजपेयी, पवन सोनी, अविनाश सोनी समेत अन्य लोग शामिल रहे। इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाए भी उपस्थित रही।

### संगोष्ठी कर मनाई जाएगी जयंती

**सुलतानपुर।** भाजपा सुलतानपुर इकाई द्वारा 25 सितंबर को भारतीय जनसंघ के महामंत्री एवं अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 104वें जन्मदिवस को बीजेपी जिले के सभी 26 मंडलों, 2118 बूथों पर समर्पण दिवस के रूप में मनायेगी। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सभी 2118 बूथों पर समर्पण दिवस के रूप में तथा 372 सेक्टर पर उनकी व्यक्तित्व व कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित कर मनायेगी। इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा की अगुवाई में 8 बजे प्रातः शहर के सुपर मार्केट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष की उपस्थित में बीजेपी नगर कार्यालय पर लालडिग्गी सेक्टर की संगोष्ठी आयोजित होगी।कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**करनैलगंज(गोंडा)।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अधीक्षक सुरेश चन्द्रा की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान से सम्बंधित बैठक आयोजित हुई। जिसमें संचारी रोग के संचालन एवं रिपोर्टिंग पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुये डॉ0 सुनील सिंह ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का तृतीय चरण एक से 31 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। जिसमे बीते मार्च व जुलाई माह में संचालित की गई सभी गतिविधियों की पुनः कार्य योजना बनाकर संचालित किया जायेगा। जिसमे स्वास्थ्य विभाग नोडल के रूप में कार्य करेगा। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संजय यादव एवं बीसीपीएम सुरेंद्र यादव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। अर्पण पांडे, अभिषेक सिंह, अभय सिंह, पंकज उपाध्याय, सुशीला देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री से की अभद्रता

**करनैलगंज(गोंडा)।** आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री से जबरन पोषाहार मांगने का विरोध करने पर उसका रास्ता रोककर अभद्रता करने का मामला सामने आया है। ग्राम नकार ग्राम पंचायत की आंगनवाड़ी कार्यकत्री धर्मशीला ने एसपी गोंडा को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह आंगनवाड़ी प्रथम में कार्यरत है। प्रोषाहार बांटते समय जब वह पोषाहार लेकर केन्द्र को जा रही थी तभी रास्ते में खरसरियन पुरवा के कई लोग एक साथ आ गये और गाली गलौज करते हुए दो बोरी पोषाहार की मांग करने लगे। मना करने पर धमकी देते हुए झूठी शिकायत में फंसाने की बात कहकर चले गये।

### कोरोना से इलाज के दौरान मौत

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के प्रमुख होटल व्यवसायी सुरेश गुप्ता की लखनऊ में कोरोना से इलाज के दौरान मौत हो गई। स्व0 गुप्ता पिछले कई दिनो से बीमार थे जिन्हे इलाज के लिये लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां जांच के दौरान कोरोना की पुष्टि हुई। अधिकारियों के अनुसार उनका अन्तिम संस्कार कोरोना प्रोटोकाल के तहत किया जायेगा।

### एसडीएम ने समाप्त कराया दो ग्राम पंचायतों का सीमा विवाद

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** शिवगढ़ क्षेत्र के कुम्हरावां और ग्राम पंचायत बदावर में वर्षों से चल रहे सीमा विवाद को एसडीएम महाराजगंज ने समाप्त कराया। गौरतलब हो कि शिवगढ़ क्षेत्र में 2 ग्राम पंचायतों के सीमांकन का विवाद पिछले 10 वर्षों से चल रहा था। सीमा विवाद को लेकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा कानूनगो,हल्का लेखपाल व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ग्राम पंचायत बदावर और कुम्हरावा का सीमा विवाद समाप्त करा दिया है। एसडीएम महराजगंज विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि कई वर्षों से कुम्हरावां और ग्राम बदावर सीमांकन का विवाद चल रहा था। जो दोनों पक्षों की सहमति से समाप्त करा दिया गया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो अभियुक्तों को मिली जमानत

### ● लखनऊ लोक भवन के सामने मिट्टी का तेल डाल मां-बेटी ने लगाई थी आग

### ● मृतका के मृत्युकालिक बयान में अभियुक्तों का नाम नहीं होने का विद्वान अधिवक्ता ने पेश की दलील

संवाददाता। सुलतानपुर

**जामो** थाना क्षेत्र में नाली विवाद को लेकर लोकभवन लखनऊ के सामने मिट्टी का तेल डाल आत्मदाह करने के मामले में दो अभियुक्तों की जमानत अर्जी अदालत ने स्वीकार कर ली है। प्रकरण में हजरतगंज थाने के उप निरीक्षक ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गौततलब हो कि जामो थाना क्षेत्र के रहने वाली साफिया पत्नी सगीर का गांव के ही अर्जुन, सुनील, राजकरन व राममिलन आदि से नौ मई को नाली का विवाद हुआ था। जिसका मुकदमा साफिया ने जामो थाने में दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद भी पुलिस अनुचित दबाव के चलते आरोपियों पर कार्यवाही नही कर रही थी। पीड़िता साफिया ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी फिर भी उसे इंसाफ नही मिल रहा था। थक हारकर साफिया अपनी पुत्री गुड़िया उर्फ अफशाना के साथ लखनऊ स्थित लोकभवन पहुंच गई थी और न्याय की गुहार लगाते हुए दोनों ने मिट्टी का तेल डाल खुद को आग लगा ली थी। घटना में साफिया की मौत हो गई थी। हजरतगंज थाने के उप निरीक्षक सज्जाद खान ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने के आरोप में आसमा पत्नी असलम, सुल्तान पुत्र असलम तथा कदीर खान और अनूप पटेल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। आसमा और सुल्तान की जमानत अर्जी अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (पी0सी0 एक्ट) लखनऊ में दाखिल की गई। जिस पर ए0डी0जी0सी0 क्रिमिनल जे0पी0 सिंह ने पुलिस विवेचना के आधार पर अभियुक्त की संलिप्तता बताते हुए जमानत का विरोध किया। वहीं सुलतानपुर जिले के बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता शेख नजर ने साफिया के मृत्युकालिक बयान में अभियुक्त आसमा व सुल्तान का नाम नही होने का हवाला देते हुए जमानत अर्जी की मांग की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (पी0सी0 एक्ट) हरेन्द्र बहादुर सिंह ने आसमा पत्नी असलम और सुल्तान पुत्र असलम की जमानत स्वीकार कर ली।

#### तत्कालीन कोतवाल, दो दरोगाओं समेत हमराहियों के खिलाफ हत्या की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** बेंहटा कलां गांव के दलित युवक की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन कोतवाल, दो दरोगाओं समेंत हमराहियों के खिलाफ हत्या की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञात हो कि बाईक चोरी के आरोप में बेहटा कलां गांव निवासी मोहित उर्फ सोनू की 30 अगस्त को पुलिस हिरासत में मौत हो जाने के बाद सियासी घमासान मच गया था। जिसके बाद तत्कालीन एसपी स्वप्निल ममगाई व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के हस्तक्षेप के बाद मामले का किसी प्रकार पटाक्षेप हो गया था। मामले को लेकर विपक्षी पार्टियों ने प्रदेश व देश स्तर में खूब उछाला तथा इसे पूरी तरह से राजनीतिक रंग भी दिया। लेकिन समय के साथ यह मामला धीरे-धीरे ठंडा पड गया।

# नोडल अधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण



**डलमऊ (रायबरेली)।** नोडल अधिकारी ने कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशुओं को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।नगर पंचायत डलमऊ में बने कान्हा गौशाला का नोडल अधिकारी डॉक्टर नीरज वर्मा एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद एजाज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कान्हा गौशाला में भूसा, पानी और चारे की व्यवस्था देखी। वहीं गौशाला में लगे कर्मचारियों से कहा कि भूसे, चारे और पानी की व्यवस्था में कोताही न बरती जाए। समय से पशुओं को भोजन की व्यवस्था की जाए। गौशाला के कर्मचारियों ने नोडल अधिकारी से कहा कि चारे की व्यवस्था हेतु लगभग ?90000 बाकी है। जिसको लेकर नोडल अधिकारी द्वारा बताए गया कि जल्द ही पैसे का भुगतान शासन द्वारा करा दिया जाएगा। जाते वक्त नोडल अधिकारी ने पशुओं को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। इस मौके पर डॉक्टर एचवएनव मिश्र, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, लिपिक शोहराब अली, आशीष श्रीवास्तव, दीपू यादव, विनोद पाल मौजूद हैं।

# पुलिस कार्यालय में विशेष किशोर इकाई गोष्ठी आयोजित


विशेष किशोर इकाई की गोष्ठी में जानकारी देते जिला प्रबेशन अधिकारी जयदीप सिंह पायनियर

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विशेष किशोर इकाई की गोष्ठी की गयी। जिसमें बच्चों के विरुद्ध हो रहे अत्याचारों में की जा रही कार्यवाहियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान बाल किशोरों के विरूद्ध पंजीकृत अभियोगों की विवेचना के बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर बाल विवाह से सम्बंधित सूचनाओं को गंभीरता से लेने के साथ दोषियों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम व बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने के साथ बच्चों को अपनी अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही समस्त थानों में लम्बित नाबालिगों की गुमशुदगी व धारा 363 आईपीसी के प्रकरणों में अभियान चलाकर कार्यवाही कर प्रकरणो को निस्तारण करने के भी निर्देश सभी थानों के विशेष किशोर इकाई के प्रभारीगण को दिए गए। इसके अतिरिक्त बाल तस्करी जैसे गंभीर प्रकरणों में दोषियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता व किशोर न्याय अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही करने व बाल श्रम के मामलों में गैर सरकारी संस्थाओं की सहायता लेकर बच्चे का बयान अभियुक्त की अनुपस्थिति में दर्ज कर बच्चें को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के सम्बंध में भी बताया गया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# मनरेगा श्रमिकों के चेहरों पर ला रही मुस्कान : सीडीओ

### ● 32561 प्रवासी श्रमिक परिवारों को मिला रोजगार

संवाददाता। गोंडा

**भारत** सरकार की मनरेगा योजना जिले में श्रमिकों को सम्बल प्रदान करने के साथ ही प्रवासी श्रमिकों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। कोविड-19 के बीच शुरू हुए वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा योजना के तहत माह अप्रैल से अब तक 42 लाख 45 हजार 242 मानव दिवसों का सृजन किया जा चुका है जिसमें जिले के 32561 प्रवासी श्रमिक परिवारों को रोजगार दिया जा चुका है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजनान्तर्गत 8532.9 लाख रूपए का व्यय श्रमिकों के भुगतान में किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के बीच मनरेगा योजनान्तर्गत जिले में विभिन्न विकास कार्यों का कराया जा रहा है तथा इस दौरान प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराकर बेरोजगारी दूर करने में नया आयाम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का प्रारम्भ कोरोना वैश्विक महामारी के बीच शुरू हुआ। बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिक अपने जनपद को वापस लौटे। ऐसी स्थिति में उनके सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया था। शासन द्वारा प्रवासी श्रमिकों की इस समस्या का निदान करने हेतु निर्देश दिए गए। रोजगार के संकट की चुनौती को स्वीकार करते हुए जिला स्तर पर प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा योजना से जोड़ा गया और जिले के 32561 प्रवासी श्रमिक परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना के तहत 60398 कार्य शुरू कराए गए हैं जिनमें से 5099 कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं तथा 11 हजार 100 लाख रूपए का व्यय इन कार्यों के भुगतान में किया गया है। सीडीओ श्री त्रिपाठी ने बताया कि मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में शौचालय एवं सोकपिट निर्माण के 11597 कार्य, पशुशेड एवं मुर्गी शेड के 9319 कार्य, जल संरक्षण के 2176, वाटरशेड प्रबन्धन के 1025, सिचांई के 4888, तालाब जीर्णोद्धार के 1760, पौधरोपण के 5374, भूमि सुधार के 5944, समतलीकरण के 2091, आवास के 4997, मत्स्य पालन के 180, कृषि विभाग 13, समूह कार्य 05, सड़क, सीसी रोड व खडन्जा निर्माण के 4926, खेल मैदान आदि के 378, आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित 2415 कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के 889, पुराने कार्य 1204 सहित कुल 60398 कार्य शुरू कराए गए। उन्होंने बताया कि शुरू कराए गए 60398 कार्यों में से 5099 कार्य अब तक पूर्ण कराए जा चुके हैं जिस पर 11 हजार 100 लाख का व्यय किया गया है।

#### दुष्कर्म के आरोपी ने जबरन शादी करने का बनाया दबाव

**करनैलगंज( गोंडा )।** एक समुदाय की युवती से जबरन शादी का दबाव बनाने को लेकर दो समुदाय के लोगों में तनाव पैदा हो गया। दुष्कर्म पीड़ित युवती के ससुराल पहुंच कर दुष्कर्म के आरोपी ने जबरन शादी करने का दबाव बनाया। युवती के ससुरालीजनों के विरोध करने पर युवक धमकी देते हुए फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि एक समुदाय विशेष के लड़के द्वारा तीन माह पूर्व उसकी लड़की के साथ रात में दीवार फांदकर बलात्कार किया गया। जिसकी शिकायत कोतवाली में करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। इस दौरान पीड़ित ने अपनी पीड़िता लड़की की शादी जरवल रोड के एक मंदिर में कर दिया तथा लड़की विदा होकर अपनी ससुराल चली गयी। इधर जब विपक्षी जमानत पर जेल से छूटकर आया तो वह पुनः लड़की के ससुराल जा पहुंचा और लड़की व उसके ससुराल वालों को धमकाते हुए कहा कि जिस लड़की को तुम लोग शादी करके लाये हो उससे मैं निकाह करूंगा।

### 75 फीसद तक ब्याज माफ करने का निर्णय

# बस्ती के दस हजार व्यापारी होंगे योजना से लाभान्वित

31 अक्टूबर तक मिलेगा छूट का लाभ ऑनलाइन करना होगा आवेदन

बकाया जमा नहीं करने वाले व्यापारियों पर हो सकती है कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती

**व्यापारियों** की हितैषी प्रदेश सरकार ने उन कारोबारियों को भारी छूट देने का एलान किया है, जिन पर बकाए का भारी ब्याज बोझ है। ऐसे व्यापारियों को ब्याज में 75 फीसद तक छूट देने की घोषणा की गई है। इससे जिले के दस हजार से अधिक कारोबारियों को लाभ होगा। इन सभी पर लगभग 15 करोड़ सिर्फ ब्याज का बकाया है। असिस्टेंड कमिश्नर व्यापार कर विकास द्विवेदी ने बताया कि ब्याज कर्ज माफी की यह योजना 31 अक्टूबर 20 तक है। इसके लिए व्यापारियों को आनलाइन आवेदन करना होगा। बताया कि अगर किसी व्यापारी पर एक लाख का बकाया है, और इतनी ही ब्याज का बकाया है, तो वह व्यापारी कुल बकाए का 25 फीसद यानि 25 हजार और 25 फीसद ब्याज यानि सवा छह हजार की रकम को जमा करके आवेदन कर सकता है। इससे पहले भी यह योजना लागू की गई थी। पहले यह योजना 28 फरवरी 20 से तीन माह के लिए लागू किया गया था, मगर सरकार का मानना है कि कोविड19 के चलते व्यापारी इसका पूरा लाभ नहीं उठा पाए। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ब्याज माफी योजना-20 को दुबारा लागू किया है, ताकि लाभ व्यापारी उठा सके। इस योजना के तहत 10 लाख तक के बकाए पर 75 फीसद ब्याज माफी, 10 लाख से एक करोड़ तक 50 फीसद, एक करोड़ से पांच करोड़ तक पर 20 और पांच करोड़ से अधिक के बकाए पर 10 फीसद ब्याज माफी का लाभ मिलेगा। वहीं बकाया नहीं जमा करने वाले व्यापारियों पर विभाग कार्रवाई भी कर सकता है, जिसमें अचल संपत्तियों की कुर्की, गिरफ्तारी और बैंक खाता सीज सहित अन्य कार्रवाई शामिल है।

### निलंबित सेक्रेटरी ठोंकेगी अब मानहानि का दावा

**बस्ती।** मनमाने दाम में खरीदे गए पल्स आक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर सहित अन्य अनियमितता के आरोप में ब्लॉक बहादुरपुर के डारीडीहा और कलवारी मुस्तहकम की निलंबित सेक्रेटरी सुमन देवी ने कहा कि वह डीपीआरओ विनय कुमार सिंह और डीपीआरओ से संबद्ध एडीओ पंचायत बृजेश कुमार त्रिपाठी पर मानहानि का दावा करने जा रही है।

निलंबन से नाराज सेक्रेटरी ने कहा कि आठ साल बीत गए, मगर आज तक उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगा। कहा कि जिस पल्स आक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर की खरीद में उन्हें चार्जशीटेड किया गया, वह गलत है, क्यों कि उन्होंने जो भी खरीद की वह निर्धारित दर के दायरे में की।

सेक्रेटरी ने बताया कि 1050 रुपये में आक्सीमीटर, 1800 रुपये में थर्मामीटर, 1330 रुपये में सेनेटाइजर, 540 रुपये में मास्क और 280 रुपये में साबुन सहित कुल 4900 रुपये में खरीदा गया।

# गांवों में ठोस,तरल अपशिष्ट के लिए बनेंगे कम्पोस्ट पिट-गड्ढे

गन्दे पानी की निकासी के लिए गांव के बाहर बनेंगे वेस्ट स्टैबलाइजेशन पाण्ड

मनरेगा और वित आयोग की धनराशि से कराए जाएंगे कार्य

संवाददाता। बस्ती

**ग्राम** पंचायतों में ठोस और तरल अपशिष्ट पदार्थों के प्रबन्ध के लिए कम्पोस्ट पिट, कूड़े के लिए गढ्ढे बनाए जाएंगे। गांव की गलियों और घरों से निकलने वाले कूड़ा कम्पोस्ट पिट में इसका निस्तारण किया जाएगा। गन्दे पानी की निकासी के लिए अलग से गांव के बाहर तालाब, वेस्ट स्टैबलाइजेशन पाण्ड का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य मनरेगा और वित्त आयोग की धनराशि से कराए जाएंगे। शासन स्तर पर दिए गए निर्देशों के बाद सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सभी बीडीओ और एडीओ पंचायत को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। गांवों में साफ सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए अपर सचिव पंचायती राज या ग्राम्य विकास विभाग की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। 15 दिन में अभियान चलाकर इसे पूरा किए जाने को कहा गया है। कूड़ा कम्पोस्ट पिट तालाब, वेस्ट स्टैबलाइजेशन पाण्ड का निर्माण कार्यों को मनरेगा, वित आयोग की कन्वर्जेंस से कराने कच्चे कार्य मनरेगा और ढुलाई सहित अन्य कार्य पर होने वाले व्यय को वित आयोग की धनराशि से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। सीडीओ ने जारी किए गए निर्देश में कहा है कि इसके लिए ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में तत्काल बैठक का आयोजन कराया जाए। सीडीओ ने जारी किए गए निर्देश में कहा है कि इसके लिए ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में तत्काल बैठक का आयोजन कराया जाए। उपर्युक्त कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए दैनिक प्रगति से गूगल शीट के माध्यम से अवगत कराया जाय। यदि किसी ग्राम पंचायत में भूमि विवाद के कारण कार्य कराए जाने में अड़चन आती है तो तत्काल एसडीएम से सम्पर्क कर उसका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।

### फिर अनुपस्थित मिले 21 कर्मचारी

**बस्ती।** सीएचसी व पीएचसी पर कार्यरत कर्मचारियों की जांच में अनुपस्थिति और वेतन कटौती की कार्रवाई के बाद भी अनुपस्थित होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जांच में 21 कर्मचारी फिर अनुपस्थित पाए गए। नो वर्क नो पे के आधार पर उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश डीएम आशुतोष निरंजन ने दिया है। इनमें सात स्थाई, 14 संविदा व आउटसोर्सिंग के कर्मचारी है। अनुपस्थित कर्मचारियों में सीएचसी रुधौली के चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक कुमार, मरवटिया के एमओ डा. अंकित यादव, एलएमओ डा. विद्या भाष्कर, एचवी शान्ति देवी, हर्रैया के एएनएम नीलम श्रीवास्तव, यूडीसी प्रदीप कुमार,अनिल कुमार मिश्र, सीएचसी परसरामपुर के स्टाफ नर्स शशि रावत, बनकटी के स्टाफ नर्स रीना चौधरी, काउंसलर डा. पूजा सिंह, कुदरहा के स्टाफ नर्स दिनेश, हर्रैया के एलएमओ डा. विभा सिंह, एएनएम सीमा पाण्डेय, स्टाफ नर्स माया साहू, रागिनी राव, नसीमा अंसारी व डा. माधवी सिंह आदि हैं।

### भाजपा ने फिट इण्डिया अभियान के बताए महत्व

संवाददाता। बस्ती

**फिट** इंडिया की पहली वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की नई पहल है। फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करने और आम नागरिकों से संवाद किए, जाने की प्रधानमंत्री की पहल की सराहना की। कहा कोविड-19 के समय में फिटनेस जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है, ऐसे में संवाद पोषण स्वास्थ्य और फिटनेस के विभिन्न पहलुओं पर सामाजिक और सार्थक संवाद देखा जा सकेगा। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जन आंदोलन के रूप में परिकल्पित फिट इंडिया संवाद आमजन की भागीदारी के साथ भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने की दिशा में किया जा रहा है।

# 28 ग्राम पंचायतों में होगा मनरेगा पार्क का निर्माण

स्थल चिन्हिकरण से लेकर प्राक्कलन तैयार, कई जगहों पर काम शुरु

प्रत्येक ब्लॉक के दो दो ग्राम पंचायतों में बनेगा मनरेगा पाक

संवाददाता। बस्ती

**जिले** के 14 ब्लॉकों में 28 मनरेगा पार्क का निर्माण कराने की योजना बनी है। प्रत्येक ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों में मनरेगा पार्क का निर्माण होगा। सभी ग्राम पंचायतों का चयन भी हो चुका है। कई ग्राम पंचायतों में इस पर काम भी शुरु हो गया है। उपायुक्त मनरेगा इंद्रपाल सिंह कहते हैं कि इससे न सिर्फ गांव के बच्चों और बड़ों को टहलने से लेकर खेलकूद की सुविधा मिलेगा, बल्कि मनरेगा श्रमिकों को रोजगार भी मिलेगा। कहा कि जहां भी खेलकूद के लिए जमीन आरक्षित की गई है, वहां पर पार्क का निर्माण कराया जा रहा है।

पूरे पार्क की फेंसिंग होगी, गेट लगेगा, पौधरोपण होगा, बैठने के लिए बेंच बनाए जाएंगें और पूरे पार्क की डेंटिग पेटिंग होगी। जिन 14 ब्लॉकों के 28 ग्राम पंचायतों में मनरेगा पार्क का निर्माण करने की योजना बनी है, उनमें बहादुरपुर के ग्राम पंचायत अगौना एवं कम्हरिया, रुधौली के ग्राम देउरा एवं अठदेउरा, गौर के ग्राम बघौड़ा एवं पतिला, सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम नेवादा, मझौवा खजुरी एवं रामपुर मुड़री, दुबौलिया के ग्राम सिरसिया एवं बरदिया लोहार, सांऊघाट के पिपराजती एवं रानीपुर, कप्तानगंज के ग्राम बिहरा एवं करेंदा सेंगर, कुदरहा के ग्राम पांउ एवं पियारेपुर, रामनगर के ग्राम मझौवा रामप्रसाद एवं भानपुर, परशुरामपुर के ग्राम नागपुर कुंवर एवं मिश्रौलिया दुर्वासा, विक्रमजोत बस्थनवां एवं रिक्खीपुर, हर्रैया भैरीपुर एवं हरिवंशपुर, बनकटी के ग्राम खोरिया एवं डीहीखास और सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत भूपालपुर का नाम शामिल है।

### दिव्यांगजन शादी विवाह पुरस्कार अनुदान के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, सोनभद्र कार्यालय से संचालित योजनाओं में शादी विवाह पुरस्कार अनुदान योजना में जो दिव्यांगजन 2019-20 व 2020-21 में शादी किए हों तो दम्पति में पति के दिव्यांग होने की दशा में 15 हजार, पत्नी के दिव्यांग होने की दशा में 20 हजार व पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35 हजार अनुदान पुरस्कार देने की योजना है। इस योजना के लिए शादी विवाह का रजिस्ट्रेशन पंजीकृत कराया जाना अनिवार्य है। जो दिव्यांगजन 2019-20 व 2020-21 में शादी किए हो तो ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर कराकर हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करें।

# घर-घर गणना कर अब पंचायत मतदाता सूची तैयार करेंगे बीएलओ

संवाददाता। बस्ती



**मतदाता** सूची तैयार करना समयबद्ध एवं सुचितापूर्ण कार्य है। इस कार्य में लगे सभी अधिकारी,कर्मचारी भेद-भाव से ऊपर उठकर मतदाता सूची तैयार करें। यह निर्देश जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने दिया। डीएम ने कहा कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में कहा कि एक अक्टूबर से बीएलओ घर-घर जाकर गणना करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता सूची तैयार करें। एक जनवरी 20 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।

डीएम ने कहा कि एक बीएलओ को लगभग तीन हजार घर की गणना करना है। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार सुनिश्चित करें कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार करें, किसी एक स्थान पर बैठ कर नहीं। इस कार्य के लिए तैनात सुपरवाइजर रैंडमली जांच करते रहें। प्रत्येक एसडीएम तथा तहसीलदार को दो प्रतिशत वोटर लिस्ट की जॉच मौके पर जाकर करना है। तैयार किए गए गणना कार्ड की एक कार्बन प्रति घर के मुखिया अथवा किसी अन्य वरिष्ठ सदस्य को देकर हस्ताक्षर कराया जाए। बीएलओ एवं घर का मुखिया या वरिष्ठ सदस्य कार्ड की तीनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रत्येक घर के लिए अलग-अलग गणना कार्ड तैयार होगा। गांव के आवंटित क्षेत्र के एक-एक घर में जाकर मुखिया अथवा वरिष्ठ सदस्य को सभी मतदाताओं की जानकारी दी जाएगी। संशोधित या विलोपित होने वाले नामों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें गणना कार्ड में दर्ज किया जाएगा।

# अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर नियुक्त डाक्टर की बोर्ड पर लगानी होगी फोटो

बिना सहमति डाक्टर का नाम रजिस्ट्रेशन के लिए देने वाले आवेदक पर होगी एफआईआर

संवाददाता। बस्ती

**अब** पंजीकृत अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर नियुक्त डाक्टर की फोटो, मोबाइल नम्बर, नाम, पता लगा हुआ बोर्ड लगाया जाएगा। उनके बैठने का समय निर्धारित कर बोर्ड पर दर्शाया जाएगा। यह निर्देश डीएम आशुतोष निरंजन ने पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए। कहा कि जनपद में पंजीकृत 80 अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर की सूची संबंधित तहसीलों में एसडीएम को भेजी जाय। एसडीएम नियमित रूप से इन सेण्टर की आकस्मिक जांच करते रहें। कहा कि एक डाक्टर जनपद के भीतर अधिकतम दो अल्ट्रासाउण्ट सेण्टर में सेवा देने के लिए अधिकृत है।

समिति के सदस्य सचिव डा. सीएल कन्नौजिया ने 19 नई पत्रावली रजिस्ट्रेशन, तीन नवीनीकरण के लिए प्रस्तुत किया। एक आवेदक ने गोरखपुर के एक डाक्टर द्वारा मनाही का लिखित प्रपत्र देने के बावजूद उसके नाम पर रजिस्ट्रेशन का आवेदन पत्र एवं एफीडेविड जमा किया है। इसके लिए आवेदक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया।

### बिना कोविड-19 अस्पताल बने भर्ती किए जा रहे पाजिटिव मरीज

**बस्ती।** बिना कोविड-19 हास्पिटल बने श्री कृष्णा मिशन हास्पिटल पाजिटिव मरीजों को भर्ती कर रहा। बावजूद इसके जिम्मेदार इस प्राइवेट हास्पिटल पर न जाने किन कारणों से कार्रवाई करने से बच रहे हैं। मामला तूल पकड़ने के बाद जांच औपचारिकता पूरी कर चुप्पी साध ली जाती है। शायद यही कारण रहा कि बिना कोविड-19 हास्पिटल संचालन की अनुमति के पाजिटिव मरीजों तक को भर्ती करने से यहां गुरेज नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर की समीक्षा बैठक में दो कोरोना पाजिटिव गंभीर मरीजों को इस निजी हास्पिटल में भर्ती करने और बाद में हालत बिगड़ने पर उन्हे ओपेक हास्पिटल कैली रेफर करने का मामला उजागर हुआ। कमिश्नर अनिल कुमार सागर के गंभीर रूख अख्तियार करने के बाद स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से दो मरीजों की मौत मामले में इस हास्पिटल को नोटिस जारी की गई।

# अनुप्रिया ने लोकसभा में पान की खेती को कृषि का दर्जा देने का मुद्दा उठाया

पान की खेती को कृषि का दर्जा मिलने से खेती करने वाले चौरसिया समाज को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभः सांसद

संवाददाता। मिर्जापुर



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में पान की खेती को कृषि का दर्जा देने का मुद्दा उठाया। श्रीमती पटेल ने कहा कि देश के 11 राज्य पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक, तमिलनाडु, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में चौरसिया समाज के 20 लाख लोग पान की खेती के कार्य में लगे हुए हैं। लेकिन पान की खेती को कृषि का दर्जा न मिलने की वजह से इन्हें बीमा संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में हर साल छह लाख टन पान का उत्पादन होता है। हर साल भारत से 29 देशों को पान का निर्यात होता है। लेकिन फिलहाल पान की खेती बागवानी के अंतर्गत आती हैए उसे कृषि का दर्जा न मिलने की वजह से बारिश, ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान पान की खेती करने वाले किसानों को बीमा लाभ नहीं मिल पाता है। चौरसिया समाज पिछले काफी समय से पान की खेती को कृषि का दर्जा देने की मांग कर रहा है।

श्रीमती पटेल ने कहा कि पान को कृषि का दर्जा न मिलने की वजह से किसानों को बीमा, सब्सिडी और मुआवजे का लाभ नहीं मिलता है। उन्हें सस्ती बिजली नहीं मिलती है। बैंक द्वारा कम ब्याज पर ऋण नहीं दिया जाता है। खाद्य एवं कीटनाशक दवाएं सरकारी मूल्य पर नहीं मिलती हैं। अतरू मेरा अनुरोध है कि सामान्य खेती की तरह पान की खेती को भी कृषि का दर्जा दिया जाए।

# राज्यमंत्री श्रीराम ने आधुनिक शौचालय का किया लोकार्पण

संवाददाता। संतकबीरनगर



**प्रदेश** के उद्यान एवं कृषि विपणन एवं व्यापार राज्यमंत्री श्रीराम चौहान ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित सरैया बाईपास के निकट नवीन मण्डी परिसर में आधुनिक शौचालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नवीन मण्डी सचिव अमित गुप्ता, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी सहित किसान बन्धु उपस्थित रहे। मौसम खराब होने के कारण यह कार्यक्रम भव्यता के साथ नहीं सम्पन्न हो पाया। हालांकि नवीन मण्डी विभाग ने समस्त तैयारियां पूर्ण कर रखा था तिथि निर्धारित होने के कारण यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने आधुनिक शौचालय लोकार्पण के बाद कहा कि प्रदेश सरकार सभी मूलभूत सुविधाए सभी को प्रदान कर रही है। सबका साथ सबका विकास के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्य कर रहे है। देश के अन्दर विकास कार्यो की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी हताश एवं निराश है लेकिन देशवासी देश के प्रधानमंत्री के कार्यो से खुश है। इस अवसर पर नवीन मण्डी के अध्यक्ष/उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी ने बताया कि लगभग 22 लाख का बजट प्राप्त हुआ और शौचालय का निर्माण किया गया। मण्डी मे आने वाले व्यापारियो एव किसानो के हितो के ध्यान मे रख कर पूरा किया गया।

### बारिश से खपरैल का मकान गिरा

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। निरंतर दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से दो भाईयों का खपरैल का मकान गिर गया और वो मजबूरन खुले आसमान के नीचे तलपत्री छानकर रहने को विवश हैं। दोनों भाईयों ने ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल द्वारा जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराने के कारण मकान गिरने का आरोप मढ़ा हैं। ब्लॉक के छपिया छितौना निवासी हाफिज सिराज अहमद व फैजान अहमद पुत्रगण अब्दुल हलीम का संयुक्त खपरैल का मकान लगातार हो रही बारिश से गिर गया। दोनों भाइयों ने हल्का लेखपाल ग्राम प्रधान पर जल निकासी की व्यवस्था न करने के कारण घर गिरने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने बताया कि गांव में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से मकान के पीछे की ओर पानी इकट्ठा रहता था दो दिनों से निरंतर हो रही बारिश के कारण खपरैल का मकान गिर गया। उन्होंने बताया कि लगभग दो महीने पहले हल्का लेखपाल कौशल किशोर को अवगत कराया गया था।

# संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित



संवाददाता। संतकबीरनगर

**मेंहदावल** विकास खंड के ग्राम पंचायत परसा पांडेय में भगवान बुद्ध व बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान भारत माता की जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा जिला ईकाई के अध्यक्ष डा. वी.के. आजाद ने कहा कि बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परंपरा से निकला धर्म और दर्शन है। इसके संस्थापक महात्मा बुद्ध थे, जिन्हें गौतम बुद्ध भी कहा जाता है। आज बौद्ध धर्म सारे संसार के चार बड़े धर्मों में से एक है। वर्षों तक बुद्ध ने अपने आध्यात्मिक जीवन के संदेश ना केवल अपने अनुयायियों को दिए, बल्कि आम इंसानों को भी इससे अवगत कराया। उन्होंने गौतम बुद्ध और बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने के लिए लोगों से आग्रह किया और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने प्रेरित किया। बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके विचारों को समाज में एकता के लिए एकजुट होने पर बल दिया।

# आयुष्मान भारत योजना के दो वर्ष होने पर लगाया गया कैम्प

जिले के तीन चिकित्सालयों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। मिर्जापुर

**केन्द्र** व प्रदेश की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना के दो वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को जिले के कई गांवों में कैम्प आयोजित किया गया। विकास खण्ड पहाड़ी स्थित ग्राम बेदौली कलां के प्राथमिक पाठशाला पर आयोजित कैम्प में गोल्डन कार्ड बनाया गया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सुबोध सिन्हा ने इस अवसर पर उत्तम कार्य करने वाले जनपद के तीन चिकित्सालयों को नोडल अधिकारी ने फोन पर बधाई दिया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सम्मानित होने वाले जिले के तीन चिकित्सालयों में राम सेवाकृष्ण आश्रम, गीतांजली व विश्वास सर्जिकल चिकित्सालय शामिल हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीव पाठक ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना 23 सितम्बर को दो वर्ष पूर्ण हो गया। यह योजना गरीब परिवार के लिए एक संजीवनी बूंटी की तरह काम किया है। कोरोना जैसी महामारी के दौर में भी इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए पूरी तरह उपयोगी सिद्ध हुआ।

एक अप्रैल से लेकर 23 सितम्बर तक 155 कार्डधारकों ने इस योजना का लाभ लिया। जिससे ऐसे लाभार्थियों को एक नया जीवन दान मिला। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राहुल मिश्र ने बताया कि लाकडाउन के दौरान शासन से 3732 प्रवासी मजदूरों की सूची उपलब्ध करायी गई थी। सूची मिलते ही जनपद में कार्यरत आशा कार्यकर्त्रियों ने सम्पर्क कर एवं आरोग्य मित्रों ने प्रवासी मजदूरों के आयुष्मान योजना के कार्ड को एक्टिवेट कराया। इससे प्रवासी मजदूरों को उपचार कराने में काफी सहूलियत मिली।

# झूठे प्यार में फंसकर सोनी ने गंवा दी जान

पुलिस ने किया निर्मम हत्या का खुलासा

21 सितंबर को मिली थी सर कटी लाश

संवाददाता। सोनभद्र



**झूठे** प्यार के चक्कर में फंसकर बिना परिवार की सहमति से प्रेम विवाह करने वाली चोपन प्रीत नगर की रहने वाली प्रिया सोनी को अपनी इस गलती की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गत 21 सितंबर को शाम लगभग चार बजे डाला राबर्ट्सगंज राज्य मार्ग के किनारे प्रीत नगर के जंगल में एक युवती की सर कटी लाश मिली थी। घटना की जानकारी होते ही चोपन प्रभारी निरीक्षक नवीन तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे, लेकिन युवती के शव के शिनाख्त नहीं हुई। इसके बाद मीडिया सेल के माध्यम से सोशल मीडिया पर जानकारी पाकर 22 सितंबर को लक्ष्मी नारायण सोनी पुत्र शिवधारी निवासी प्रीत नगर, थाना चोपन अपनी पुत्री शर्मिला के साथ चोपन थाने पहुचे थे जहां कपड़ों जूतों व शरीर की बनावट के आधार पर शव की शिनाख्त अपनी पुत्री प्रिया सोनी के रूप में किया उन्होने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व प्रिया द्वारा बिना परिवार की सहमति से अपने घर के पास के ही रहने वाले एजाज अहमद उर्फ आशिक पुत्र जाकिर हुसैन निवासी प्रीत नगर से विवाह कर लिया था। विवाह के बाद एजाज उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था, लेकिन प्रिया इसके लिए तैयार नहीं थी। एजाज ने प्रिया को अपने घर में ना रखकर ओबरा स्थित एक महिला लाज में किराये का कमरा लेकर रखे हुए था। इसी बीच दोनों बीच धर्म परिवर्तन को लेकर बराबर विवाद होता रहता था। इसी कारण उसकी हत्या एजाज ने कर दी। इस जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने अपराधी को पकड़ने के निर्देश दिए थे। 24 सितंबर को सायं पांच बजे स्वाट एसओजी सर्विलांस व पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बग्घा नाला पुल के नीचे से एजाज अपने एक साथी के साथ पकड़ लिया तथा अभियुक्तों की निशानदेही पर एक अल्टो कार, मृतक का मोबाइल फोन व हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू लोहे की रॉड व फावड़ा भी बरामद किया।

## दीवार में दबने से वृद्धा की गई जान

**सुइथाकला, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनवल गांव मे गुरुवार को हो रही बारिश के चलते खड़ी कच्ची दीवाल गिर गई जिसके मलबे में दबकर 60 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मनवल गांव निवासी शहजा पत्नी मुरली अपने मड़हे में काम कर रही थी कि दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते पास के कच्चे मकान की दीवाल गिरने से उसके मलबे में दब गई। दीवाल गिरने की आवाज पर पहुंचे लोग जब तक उसे बाहर निकाले तब तक उसकी मौत हो गई।

## बाइक छिनैती की झूठी सूचना पर पुलिस हलकान

**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के पास बीती रात 9 बजे मोटरसाइकिल छिनैती की सूचना से पुलिसकर्मियों में हड़कम्प मच गया। हालांकि कुछ देर बाद ही मामला छिनैती की जगह झगड़े का निकला। जानकारी के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी इंदजीत साइकिल से सेवईनाला चौराहे पर कुछ सामान लेने गया था। उसी समय गांव का ही एक युवक बादल मोटरसाइकिल से वहां आया। दोनों में झगड़ा होने लगा। उसके बाद बादल ने 112 डायल करके पुलिस को सूचना दिया कि उसकी मोटरसाइकिल को छीन लिया गया। सूचना पाकर 112 डायल सहित हल्का पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद एक पक्ष को पकड़कर पुलिस थाने ले आयी। सुबह दोनों पक्षों को बुलाया गया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में सुलह समझौते की पंचायत चल रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत

**सुइथाकला, जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के डीह असरफाबाद गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत हो गयी। घटना के सम्बन्ध में मृतक की भतीजी द्वारा थाने पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही इन्चार्ज थाना प्रभारी राम विलास मयफोर्स मौके पर पहुंच गये और शव को कब्जे में ले लिये। जानकारी के अनुसार सुलतानपुर जनपद के करौंदी कला थाना क्षेत्र स्थित देवराजपुर निवासी मंगरू 80 वर्ष पुत्र स्वण् सनेही कहार अपनी ससुराल डीह असरफाबाद गांव में रहता था। मृतक की कोई सन्तान नहीं थी। उसकी भतीजी शिवकुमारी वहीं रहकर उनकी सेवा करती थी। 3 दिन पहले वह अपनी ससुराल सुकर्णाकला चली गई। गुरूवार को लगभग 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में चाचा मंगरू के मौत की सूचना पाकर वह मायके पहुंची तो देखा कि उनका शव बिस्तर पर पड़ा था।

## किसानों को आय बढ़ाने के लिये कमार्शियल खेती का दिया प्रशीक्षण

**सकलडीहा,चन्दौली।** तेनुअट गांव में बुधवार को कृषि उत्पादक संस्था की ओर से किसानों की बैठक आहूत की गई। इसमें किसानों की आय बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया । वहीं किसानों को मजबूत और आत्म निर्भर बनाने के रणनीति तैयार की गई।कृषक उत्पादक लिमिटेड कंपनी के एमडी पंकज पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को कमर्शियल खेती हेतु प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित करने के लिए सरकार द्वारा योजना चलायी जा रही है। हम हम लोगों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## प्रयोगात्मक परीक्षा 4 अक्तूबर को

**सकलडीहा,चन्दौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में रक्षा विज्ञान बीए तृतीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 4 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे से होगा। उक्त जानकारी विभागाध्यक्ष ड्. विजेन्द्र सिंह ने दी है।

## गांजा बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर बिहार से गांजा लेकर मुगलसराय होते हुए बनारस की तरफजाने वाले हैं । जिसकी सूचना पर पुलिस ने नगर में स्थित जीटीआर ब्रिज मुगलसराय के पास से घेराबंदी कर उक्त मोटरसाइकिल को रोक कर उस पर सवार दो व्यक्तियों के पास से एक बोरी में रखा 30ण्687 किलोग्राम गांजा बरामद किया । पकड़े गए अभियुक्तों में करिया सिंह व अखंड प्रताप यादव जौनपुर निवासी बताए जाते हैं जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## जायसवाल युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**जौनपुर।** जायसवाल युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजितेश जायसवाल 25 सितम्बर दिन शुक्रवार को जनपद आगमन पर आ रहे हैं।

श्री जायसवाल नगर के मोहल्ला नखास स्थित नवदुर्गा शिव मंदिर विसर्जन घाट पर दोपहर 2 बजे स्वजातीय बंधुओं से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वह प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों की एकजुटता के लिए प्रदेश भर के स्वजातीय बंधुओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

# आफत की बारिश : देवरिया जलमग्न

### शहर से लेकर गांवों तक लगा पानी, फसलों को नुकसान

### शहर में बाढ़ के हालात

संवाददाता। देवरिया








**पिछले** 24 घंटे में लगातार हुई बरसात लोगों पर आफत बनकर टूट रही है। शहर से लेकर गांव तक जलमग्न हो गए हैं। यही नहीं पूरे जिले की बिजली व्यवस्था भी लड़खड़ा गई है। दर्जनों जगह फाल्ट हो गए हैं तो कुछ उपकेंद्रों में पानी घुसने से आपूर्ति ठप हो गई है। जिला अस्पताल परिसर भी पानी से पूरी तरह लबालब हो गया है। बरसात के चलते शहर की अधिकांश दुकानों का शटर नहीं उठा है और बंदी जैसे हालात हैं। यही नहीं धान व सब्जी की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। मंगलवार की आधी रात से शुरू हुई बुधवार को पूरे दिन व रात भर होती रही। यही नहीं गुरुवार की सुबह भी जमकर मूसलाधार बारिश हुई। लगातार बरसात के चलते शहर के लगभग सभी मोहल्ले व कार्यालय जलजमाव की चपेट में आ गए हैं। पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट, बीएस, कार्यालय, कृषि उपनिदेशक कार्यालय और विकास भवन में पानी घुस गया है।

सिविल लाइन रोड, हनुमान मंदिर,राघवनगर, भीखमपुर रोड और जलकल रोड पर स्थित अधिकांश दुकानों में घुटने भर तक पानी घुस गया है। इसकी वजह से दुकानदारों को काफी क्षति हुई है। अधिकांश दुकानदार सुबह से ही दुकानों से पानी निकालने की जुगत करते रहे। यही नहीं साकेत नगर, न्यू कालोनी, खरजरवां, भटवलिया,रामनाथ देवरिया समेत शहर के कई मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। इन दर्जनों घरों में पानी घुस गया है। शहर की कुछ सड़कों पर कमर तक पानी लग गया है। इसके चलते यातायात राहगीरों को काफी दिक्कते हो रही हैं।

### रामलीला मैदान उपकेंद्र में पानी घुसने से आपूर्ति ठप

शहर के रामलीला मैदान उपकेंद्र में पानी घुसने से रात दो बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके चलते करीब एक दर्जन मोहल्लों के लोग परेशान हैं। सुबह लोगों को नहाने.धोने के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया। यही नहीं शहर के नाथनगर व कतरारी उपकेंद्र में भी पानी घुस गया है। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी पानी निकालने की जुगत में लगे हैं।

### जिलाधिकारी का निरीक्षण

**देवरिया** अतिवृष्टि से नगर में हुए जल जमाव का निरीक्षण करने जिलाधिकारी अमित किशोर अपने दल बल के साथ निकले और ऐसे जगह जहां नालियों में जाम की स्थिति दिखीए उसे चिन्हित कर तत्काल अधिकारियों को जेसीबी आदि को मंगवा कर हटवाए जाने का निर्देश दिया। स्वयं भी नालियों की सफाई कार्य स्थलों पर पूरे समय मौजूद रहे और आवश्यक निर्देश देते रहे।जिलाधिकारी श्री किशोर ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन राकेश कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, एएसडीएम दिनेश मिश्र, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई एनके जाडिया एवं अधिशासी अभियंता नहर,ईओनगरपालिका सत्य प्रकाश सिंह के साथ इस सफाई कार्य का सिविल रोड के दोनों बगल नालियों के जाम व जल जमाव की स्थिति को देखा और चिन्हित प्वाइंटों पर जेसीबी द्वारा नाली के कूड़े कचरे को निकलवाया।

# तेज बारिश में ढहा मकान

संवाददाता। केराकत, जौनपुर



**स्थानीय** तहसील क्षेत्र के अलग.अलग जगहों पर मूसलाधार बारिश का कहर बरपा। इसके चलते कच्चा मकान गिरकर धराशाही हो गया। बताते चलें कि सेनापुर ;बड़नपुरद्ध गांव में जीउत पुत्र धनई राम रोज की भांति खाना खाकर सो गए आधी रात को दीवाल गिरने की आहट हुई तो बगल में ही मक्के मकान में जा ही रहे थे कि कच्चा मकान गिरकर धराशाही हो गया। इसी क्रम में कनौरा गांव व लेवरूवा में भी राकेश व गोविंदा पुत्र दुखी राम का भी कच्चा मकान गिरकर धराशाही हो गया। मकान में 3 बकरिया व 2 बकरिया सहित अनाज मलवे में दब गयीं जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। उसी घर में सो रहे राकेश कुमार को भी गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर राजस्व की टीम मौके पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया।

## बारिश ने खोली नगरपालिका की पोल

**जौनपुर।** जौनपुर लगातार हो रही 2 दिनों की बारिश ने नगरपालिका की पोल खोल कर रख दी है सीवर व नालियों की सफाई ना होने से सारी गंदगी पानी के साथ सड़कों पर फैल गई है ण्पैदल चलने वाले लोग सड़कों पर फैली गंदगी में गिरते पड़ते चलने को मजबूर है। सड़कें पहले से ही खराब है गड्ढा युक्त सड़कों में बरसात के समय गिरने से लोगों का हाथ पैर भी टूट जा रहा है। काली कुट्टी परमानतपुर रोड कचहरी से लाइन बाजार रोड पॉलिटेक्निक से रूहट्टा आदि कई सड़कों पर कीचड़ होने से स्थिति दयनीय है जिन मोहल्लों की सबसे खराब हालत है उनमें पान दरीबा रोड सरकारी कॉलोनी देव नगर कॉलोनी जहांगीराबाद, हुसैनाबाद शेखपुरा अहियापुर ,आदि दर्जनों मोहल्ले नरक में तब्दील हो गए हैं। नगर पालिका प्रशासन कागजों और होर्डिंग पर स्वच्छ जौनपुर का नारा देकर अपने कर्तव्य की इतस्त्री कर ली है।

## डॉक्टर भास्कर शर्मा बने यूनेस्को में भारत के सचिव

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थ नगर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को यूनाइटेड नेशन न्यूयार्क की एक शाखा यूनेस्क ;न्छम्ैब्द्ध यू एन इकोनामिक एंड सोशल काउंसिल में भारत का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। डॉक्टर भास्कर शर्मा को यह नियुक्ति पत्र यूनेस्क के टोटल चेयरमैन डॉ योसेफ कांग एवं यूनेस्क के सेक्रेटरी जनरल डॉ जोवलिन एस्पलाबर के द्वारा नियुक्ति पत्र भेजा गया है। डॉ शर्मा को यह नियुक्ति इनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए बनाया गया है। पूर्व में डॉ भास्कर शर्मा इस अंतर्राष्ट्रीय संस्था के अलावा प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी रांची झारखंड ने विश्वविद्यालय का सलाहकार समिति सदस्य वर्ष 2019, हनीमैन कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी यूके लंदन वर्ष 2017,बाल ब्रिज यूनिवर्सिटी डोमिनिका वर्ष 2018,सी बी यूनिवर्सिटी टोंगा वर्ष 2017, यूनाइटेड कॉलेज ऑफ ब्राज़ील वर्ष 2020, विश्वविद्यालय मालदीव वर्ष 2018, महात्मा फुले टैलेंट रिसर्च अकादमी नागपुर 2016,इंटरनेशनल क्राइम फाइट एंड एलाइड अफ्रीका के सलाहकार समिति सदस्य वर्ष 2020 में रहे। उनको पूरे जिले से बधाई मिल रही है।

# रेलमंत्री को संबोधित पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा

संवाददाता। जौनपुर



**केराकत** तहसील क्षेत्र के चंदवक में बना डोभी रेलवे स्टेशन जो आजादी के 43 साल पहले यानी 21 मार्च 1904 को अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था तब से लेकर आज तक उपेक्षा का शिकार है। देश के तकरीबन हर रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण व नवीनीकरण किया गया परन्तु 116 साल पुराने रेलवे स्टेशन का सुध लेने वाला कोई नहीं है। अपने जमाने में कभी अंग्रेजों का मुख्य रेलवे स्टेशन रहा डोभी! रेलवे स्टेशन यह देश और डोभी क्षेत्रवासियों के लिए एक सोचनीय विषय है। समाजसेवी अजीत सिंह ने डोभी रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर के लिए अपना विरोध प्रदर्शन कर समस्त क्षेत्रवासियों से अपना हस्ताक्षर कराकर उनकी सहमति मांगी। लोगों ने इस मुहिम में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने डोभी रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर के लिए समाजसेवी के साथ मिलकर अपना विरोध जताया। समाजसेवी श्री सिंह ने रेल मंत्री पीयूष गोयल को संबोधित पत्रक जिलाधिकारी को सौप हो रही समस्या से अवगत कराया। उनके साथ सौरभ सिंहए सन्दीप प्रजापतिए प्रवीण कुमारए विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी मिंगलानी के निधन पर तमाम संस्थाओं ने जताया शोक

**जौनपुर।** अपनी व्यवहार कुशलता व मिलनसारिता के बलबूते समाज के हर वर्ग में लोकप्रिय व्यापारी नेताए समाजसेवी रवि मिंगलानी के आकस्मिक निधन पर मॉर्निंग वाकर्स क्लब के तत्वावधान में नव दुर्गा शिव मंदिर पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन हुअ। इस मौके पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति व सद्गति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वह व्यापारियों तथा समाज के लिये पूरी तरह समर्पित थे। लायन्स क्लबए जेसीआई सहित सामाजिक संगठनों के महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुये जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन किया। अपने नेक कार्यों की वजह से लोगों के दिलों में उन्होंने जो जगह बनाई हैए हमेशा याद किये जायेंगे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से समृद्ध होगा मत्स्य पालकः डीएम

संवाददाता। जौनपुर

**भारत** सरकार द्वारा मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाये जाने हेतु ष्ब्लू रिवोल्यूशन इन्टीग्रेटेड डेवलपमेन्ट एण्ड मैनेजमेंट ऑफफिशरीज योजना के स्थान पर 20 मई से एक नई केन्द्रीय योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पीएमएमएसवाई को लागू किया गया है जिसमें केन्द्र पुरोनिधानित योजनाएं तथा केन्द्र पोषित योजनाएं समाहित हैं।

यह योजना 05 वर्ष तक अर्थात प्रदेश में वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक क्रियान्वित की जायेगी। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना को प्रदेश में लागू किये जाने व उसके क्रियान्वयन हेतु दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मात्स्यिकी क्षमता सतत, उत्तरदायी, समावेशी और सामयिक तरीके से विदोहन करना, मात्स्यिकी उत्पादन में विस्तारीकरणए सघनतापूर्वक एवं विविधीकरण के माध्यम से वृद्धि करना एवं भूमि व जल का उपजाऊ उपयोग करनाए मूल्य वर्धित श्रृंखला का आधुनिकीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं मत्स्य निकासी के बाद के प्रबन्धन व गुणवत्ता में सुधारए मछुआरों व मत्स्य पालकों की आय को दोगुनी करना व रोजगार सृजनए कृषि के सकल मूल्य वर्धित एवं निर्यात में मात्स्यिकी गतिविधियों की हिस्सेदारी बढ़ानाए मछुआरों व मत्स्य पालकों को सामाजिक व आर्थिक जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना, मजबूत मत्स्य प्रबन्धन और नियामक ढांचा तैयार करना है।

## एकड़ सरकारी जमीन का कब्जा हटाया

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** अंतर्गत राजस्व ग्राम कोसी खुर्दए नगर पंचायत डुमरियागंज में तहसील के बगल में लगभग पौने 2 एकड़ सरकारी जमीन एजिसे बृजीश, शेखू एसाद और सादिक आदि के पूर्वजों ने फर्जी तरीके से अपने नाम करा लिया था और जिसका अनुचित उपयोग कर लाभ ले रहे थे । जिसे उप जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निरस्त कर सरकारी भूमि घोषित कर दिया गया है। साथ ही शेखूए बृजीश आदि को भू माफिया घोषित करने को नोटिस जारी किया गया है और सात दिवस का समय दिया गया है कि अवैध अतिक्रमण हटा ले अन्यथा बलपूर्वक हटाते हुए मुकदमा दर्ज कर गुंडा गैंगस्टर आदि अधिनियम में कार्रवाई की जाएगी तहसील डुमरियागंज अंतर्गत 50 बेड का सरकारी अस्पताल बनाने हेतु 1 एकड़ भूमि की आवश्यकता थी। उक्त भूमि में से 1 एकड़ जमीन सरकारी अस्पताल बनाने के लिए दे दी जाएगी। नगर पंचायत डुमरियागंज में 50 बेड का अस्पताल बनाने हेतु प्रस्ताव माननीय विधायक डुमरियागंज द्वारा पूर्व में दिया जा चुका है। नगर पंचायत में भूमि के अभाव में अस्पताल नहीं बन पा रहा था ।

## सिद्धार्थनगर समेत सात जिलों को मिलेंगे छह लाख साबून

**सिद्धार्थनगर।** कोविड.19 महामारी कॉल में जेई, एईएस प्रभावित जनपदों में हाथ धोने के प्रति जागरूकता फैलाने का विशेष अभियान चलेगा। यूनिसेफके सहयोग से स्वच्छता मिशन के तहत सिद्धार्थनगर समेत आसपास के सात जिलों के लिए छह लाख साबुन मुहैया कराए जाएंगे। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के दृष्टिगत मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने के साथ ही साबुन से बार-बार हाथ धोने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरोना काल में जेई,एईएस प्रभावित जनपदों में हैंडवाशिंग यानि हाथ धोने का वृहद अभियान चलाया जाएगा।

## मातम दिवस मनाया

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के विरोध में बुधवार 23 सितंबर को पूरे जनपद में उपखंड स्तर पर 09 जगह चिन्हित कर मातम दिवस सायं 6 से 7 बजे तक मनाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुवे जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने लालदरवाजा पावर हाउस में मातम दिवस मनाते हुवे कहा कि भारत सरकार द्वारा स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का मसौदा तैयार करके देश के सभी डिस्कॉम को निजी हाथों में सौपने की तैयारी कर लिया गया है। जिस पर संघर्ष समिति ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुवे कहा कि इसे हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नही करेगे और आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। आगे उन्होंने यह भी बताया कि अगर सरकार ने इसे वापस नही लिया तो अनिश्चित कालीन हड़ताल तय है।जिला सह संयोजक ई शिवम राय ने बताया कि पूर्वांचल में स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट को आज के दिन विजली कर्मियों द्वारा सायं 6 बजे 7 बजे तक आन्दोल स्थल पर एक एक मीटर की दूरी पर हाथ मे मोमबत्ती लेकरएमुह में मास्क लगाकर स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के चित्र पर माल्यार्पण करके एक घण्टे तक मातम मनाया गया।

## बीमा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**मऊ ।** भारतीय जीवन बीमा के निगम में केंद्र सरकार द्वारा आईपीओ लाने के विरोध में बुधवार को नगर के आजमगढ़ तिराहा स्थित शाखा के बाहर गोरखपुर डिवीजन इंश्योरेंस इंप्लाइज यूनियन के बैनर तले बीमा कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग की। संगठन के नंद प्रसाद ने कहा कि सरकार अपना हिस्सा बेचकर जितना पैसा कमाना चाहती है उससे कहीं ज्यादा हर वर्ष भारतीय जीवन बीमा निगम देता है। ऐसे में इस तरह के फैसले लेने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इसमें अनुज श्रीवास्तवए मोहनचंदए ओपी पांडेयए वीपी यादवए सुभाष चंदए ब्रजेश कुमारए उज्जवल मिश्रए अभिषेक नंदए मधु गुप्ताए रूपा सिंह आदि शामिल थीं।

## ट्रक एसोसिएशन जिलाध्यक्ष बने अनिल यादव

**मऊ।** जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के पहसा बाजार में गुरुवार को ट्रक एसोसिएशन की बैठक हुआ। इसमें ट्रक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजय कुमार यादव के निर्देशानुसार अनिल कुमार यादव ग्राम जमीन सहरुल्ला जिला मऊ को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर आनन्द सिंहए मनीष यादवए भोलारामए राजेश कुमारए रिंकु राजभरए राजु गुप्ताए अभय मल्लए संतोष कुमार शर्माए वीक्की यादवए झबलू सिंहए दुर्गा प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं स्वर्ण जयंती वर्ष पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जौनपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में तिलकधारी महिला महाविद्यालय में तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं द्वारा संयुक्त रूप से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम अधिकारियों डा. राजश्री सिंह, डा.शालिनी सिंह एवं डा पूनम सिंह के साथ स्वयंसेविकाओं द्वारा माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं को पॉलिथीन मुक्त देश को बनानेए स्वच्छता को अपनाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, मतदान तथा नशाखोरी के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अन्य लोगों को भी जागरुक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इसके बाद स्वयंसेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत ष्उठे समाज के लिए, उठे उठे जगे स्वराष्ट्र के लिए जगेजगे का सामूहिक रूप से गान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेविकाओं के साथ-साथ महाविद्यालय की डा चित्रलेखा सिंह, डा प्रणव सिंह, संजय सिंह, किरण सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## सीएम के कार्यक्रम की तैयारियां तेज

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का जनपद में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर द्वारा सनबीम इंटर कॉलेज कुल्हनामऊ मे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रहेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्लाए अपर पुलिस अधीक्षकए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाशए उपजिलाधिकारी सदर नीतीश सिंहए क्षेत्राधिकारीए थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुपोषण के निपटने की बनाएं कार्ययोजनाः उपजिलाधिकारी

संवाददाता। गाजीपुर

**देश** को कुपोषण से मुक्त कराने के लिए भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह कई विभागों के कन्वर्जेंस के माध्यम से मनाया जा रहा है इसी के क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में ब्लॉक कन्वर्जेंस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दो मुख्य बिंदु सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हागन एवं न्यूट्री गार्डेन व पोषण वाटिका महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर के सुधार के लक्ष्य पर चर्चा की गई। कन्वर्जेंस विभाग के सभी अधिकारीगण से भी पोषण माह



सितंबर में किए गए गतिविधियों पर समिक्षा की गई। उप जिलाधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि पोषण समिति की इस बैठक के माध्यम से सभी विभागों को उनके दायित्वों के बारे में बतलाया गया। साथ ही यह निर्देश भी दिया गया की उन्हें पोषण माह के संबंध में शासन के तरफ से जो भी गाइडलाइंस आए हुए हैं उसे शतप्रतिशत पूरा करे। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा चिन्हित किए गए कुपोषित बच्चों गर्भवती माताओं का नियमित टीकाकरणएस्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उनके कुपोषित होने के कारणों के बारे में पता लगाकर उसके निराकरण की कार्ययोजना बनाएं। मोहम्दाबाद परियोजना की सीडीपीओ शायरा परवीन ने बताया कि पोषण समिति की बैठक के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वह पोषण माह के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने के साथ ही स्कूल पर आने वाले बच्चे को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाए।

## दुकानों के सामने मिट्टी का ढेर जमा होने से आक्रोश

**सकलडीहा,चन्दौली।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लम्बे समय से नाला निर्माण किया जा रहा है। जेसीबी से नाला खुदाई के बाद मिट्टी का ढ़ेर दुकान के सामने छोड़ दिये जाने से दुकानदारों में आक्रोश है। व्यापारियों ने नाला निर्माण कार्य कच्छप गति से करने पर नाराजगी जताते हुए मिट्टी का ढ़ेर हटवाने की मांग किया।

कस्बा में जलभरॉव की समस्या को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के प्रसास से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दोनो तरफ नाला निर्माण के साथ पटरी और सड़क बनवाने की स्वीकृति मिली। कोरोना महामारी से पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एक तरफ से नाला निर्माण का कार्य शुरू किया गया।

# मऊ में एक ही परिवार के छह सदस्यों सहित 31 पॉजिटिव

### कोरोना मरीजों को संख्या हुई 2248

### 1977 लोग कोरोना से हो चुके हैं स्वस्थ

संवाददामा। मऊ

**जिले** में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ती ही जा रही है। गुरुवार को जिलेभर में से जांच के उपरांत कुल 31 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। बुधवार को आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए 612 नमूने एंटीजन टेस्ट के लिए 1192 नमूने व ट्रूनॉट टेस्ट के लिए एक नमूना लिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सतीश चंद्र सिंह ने बताया कि अब तक जिले में कुल 2248 लोगों में कोरोना के संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसमें से एंटीजन टेस्ट द्वारा 1240 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। एंटीजन टेस्ट के लिए 53591 व आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए 33441 सैंपल लिए गए। अबतक 1977 लोग कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब तक कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या 23 है। कोरोना के कुल 248 एक्टिव मामले हैं। संक्रमितों में मनौली फतहपुर मंडाव से एकए रेवरीडीह कोपागंज से दोए मझवारा से एक भावरकोल से एक, जयरामगढ़ से एक, मऊ शहर से एक, निजामुद्दीनपुरा से सात, बेला सुल्तानपुर से एक,सिपाह इब्राहिमाबाद से एक, खिलौता चौराहा से एक, कोठिया से एक, शहर कोतवाली से एकए दोहरीघाट से एकए ,कोपागंज कस्बा से एक रतनपुरा से एक, नगपुर से तीनए नुआमुद्दीनपुर से दो व भीटी से एक सहित कुल 31 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। संक्रमितों को आइसोलेट कर इलाके में सेनेटाइजेशन व कंटेनमेंट की कार्रवाई की जा रही है।

## देवरिया सांसद ने लोकसभा में उठाया केंद्रीय विद्यालय का मुद्दा

संवाददाता। देवरिया

**सांसद** डा.रमापति राम त्रिपाठी ने केंद्रीय विद्यालय देवरिया के भवन का निर्माण शुरू न होने का मामला सोमवार को लोकसभा में उठाया। नियम 377 के तहत उठाए गए प्रश्न में कहा कि पिछले कई वर्षों से मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया में केंद्रीय विद्यालय निर्माण का प्रयास चल रहा है। भूमि उपलब्ध होने के बाद भी अभी तक भवन निर्माण नहीं हो सका है। अमेठी गांव में उपलब्ध कराई गई भूमि पर भवन निर्माण का शिलान्यास पूर्व सांसद व राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने 20 मई 2018 को किया था। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने भवन निर्माण के लिए कई बार प्रयत्न कियाए लेकिन कानूनी बाधा के कारण अभी तक भवन निर्माण नहीं हो सका है। आज भी विद्यालय राजकीय आइटीआइ के जर्जर भवन संचालित हो रहा है।

## तस्कर गिरोह के तीन पिकअप सहित 29 जोड़ी गोवंश बलुआ पुलिस ने किया बरामद



**चहनियां ,चन्दौली ।** गोवंश गिरोह के तीन पिकअप व 29 जोड़ी गोवंश को बलुआ पुलिस ने पुल मार्ग पर सराय जाने वाले मार्ग से मुखबीर की सूचना पर बरामद किया । तीनो पिकअप से ड्राइवर सहित अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये । पुलिस ने सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अगली कार्यवाही में जुटी । पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल के निर्देश पर अपराध नियंत्रण व अपराधियो पर कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा भवनेश चिकारा के नेतृत्व में बुधवार की देर रात को बलुआ थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह मय फोर्स चेकिंग कर रहे थे । भोर में तीन बजे मुखबीर से सूचना मिली कि चौबेपुर की तरफसे तीन पिकअप पर लदा गोवंश तस्करी के लिए जा रहे है । चेकिंग स्थल से 100 मीटर पहले ही सराय गाँव जाने वाले मार्ग पर तीनो तीनो पिकअप रोकर अंधेरे का लाभ उठाकर गंगा के तीरवाही रास्ते से फरार हो गये । पुलिस ने तीन पिकअप व 29 गोवंश को बरामद कर कब्जे में लिया । बलुआ पुलिस ने सात अज्ञात के खिलाफ मुस 126,2020 एधारा 3ध्5एध् 8ए गोबध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अगली कार्यवाही में जुटी । इस संदर्भ में बलुआ थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह का कहना है कि सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है । शीघ्र ही इस गोरखधंधे में संलिप्त लोगो को गिरफ्तार किया जायेगा ।

### चौबीस घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से तर-बतर हुआ बाराबंकी शहर

# खुल गई तहसील प्रशासन की पोल

संवाददाता। बाराबंकी



**बरसात** के अंतिम सीजन में बीते 24 घण्टों से हो रही मूसलाधार बारिस ने तहसील प्रशासन की पोल खोल दी है। कई मोहल्लो में जलभराव होने सहित शहर का एक मात्र जमुरिया नाला भी उफना चला है इससे सैकड़ों मकान जलभराव की चपेट में आ गए हैं और घरों में रह रहे लोगो का घर से निकलना दूभर हो गया है । यूं तो शहर की जल निकासी का एक मात्र साधन जमुरिया नाला हैएजिसमे शहर के तमाम नाले आकर मिलते है जहा से पूरा पानी रेठ नदी मे गिरता है इसी के चलते इस नाले से कुछ दूरी तक मकान बनाना अवैध है क्योकि प्रशासन ने इसे ग्रीन बेल्ट घोषित कर रखा है। बावजूद इसके तहसील प्रशासन की अनदेखी के चलते सैंकड़ो की संख्या में ग्रीनबेल्ट की जमीन पर मकान बन गए है इससे जहां जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है वहीं नाला नाली के रूप के रूप में भी तब्दील हो गया है जरा सी बरसात होने पर यह नाला विकराल रूप धारण कर लेता है बुधवार से हो रही बारिश ने एक बार फिर जल भराव की समस्या खड़ी कर दी है । नाला उफनाने से आसपास बने सैंकड़ो घरो ने बरसात का पानी भर गया है । कमोवेश यही स्थित शहर के अनेक मोहल्लो की है जल निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण सड़को पर बरसात का पानी भर गया है जिससे लोग घरों मे कैद रहने के विवश है । यह स्थित पिछले एक दशक से है यहा पर यही होता आ रहा है जिससे यहां के लोग नरकीय जीवन बिताने को मजबूर है। खास बातातो यह है कि जब भी बरसात का सीजन आता है तो लोग कांप उठते है लेकिन प्रशासन कोई ठोस उपाय ढूंढने के बजाय पम्पिंग सेट से पानी निकालने तक सीमित है जिससे शहर की यह समस्या लाइलाज होकर रह गयी है ।

## बरसात ने किसानों की मंशा पर पानी फेरा

मसौली ( बाराबंकी )। धान की अगेती फसल की खेती करने वाले किसानों को इस बार अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन पिछले 24 घण्टे से लगातार हुई बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई खेतों में पानी भरने से धान फसल में ही अंकुरित होने की प्रबल संभावना हो गई हैं। बताते चलें कि कृषि क्षेत्र में मेन्था खेती के आलावा आलू एव सरसों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, जिससे ज्यादातर किसान अगेती धान की फसल करते हैं, लेकिन इस बार सितंबर माह के अंत में लगभग अगेती धान की फसल तैयार होने को है तो हो रही बारिश ने किसानों के लिए अभिशाप बन गई लगातार बरसात और तेज हवाओं ने फसलों को चौपट कर दिया है।

## राम जानकी मंदिर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा

संवाददाता। तिलोई ( अमेठी )

**तिलोई** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीनतम राम जानकी मंदिर को मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना में क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव पर पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रस्ताव पर 50 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य व सौंदर्यीकरण एवम स्थल विकास करवाया जायेगा। इस संबंध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अयोध्या ने राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक को पत्र जारी किया है।

इसकी खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवम आम जनमानस ने मुख्यमंत्री के साथ ही विधायक के प्रति आभार जताया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अयोध्या परिक्षेत्र ने मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के तहत एक धार्मिक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिये क्षेत्रीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह से प्रस्ताव मांगा था।क्षेत्रीय विधायक ने ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर को पर्यटक स्थल बनाये जाने के लिये पत्र भेजा था जिसमें लिखा था कि यहां पर प्रत्येक वर्ष श्रीराम विवाह उत्सव, महाशिवरात्रि, दशहरा आदि धार्मिक पर्वो पर मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है। इस स्थल को पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित करने की आवश्यकता है।विधायक के प्रस्ताव को तरजीह देते हुए जमुरवां स्थित मंदिर को परिवटन स्थल के रूप में विकसित करने की मंजूरी मिली है।

## दीनदयाल की जयंती सभी बूथ पर कार्यक्रम करेगी भाजपा

**बाराबंकी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई जाएगी।भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम किये जाने की तैयारी पूर्ण कर ली है। गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया।जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि जिले के सभी 2636 बूथों पर दीनदयाल उपाध्याय जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होने बताया कि जयंती मनाने के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को तीन-तीन बूथ का प्रभारी नियुक्त किया गया है जिनकी मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, जिला संयोजक प्रमोद तिवारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा सरकार की नीतियों का करें विरोध: फरीद

संवाददाता। बाराबंकी



**मुलायम** सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नीतियों का डटकर विरोध करें। 2022 में सपा की सरकार बनी तो भाजपा के जन विरोधी काले कानूनों को वापस लिया जायेगा। समता मूलक समाज में युवा वर्ग सपा मे मजबूती से जुड़े।

पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने लोहिया भवन में यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शाफे जुबेरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने कहा कि सपा सरकार में समाजवादी एम्बुलेन्स 108 और 102 शुरु की गयी थी जो आज कोरोना महामारी के चलते स्वास्थ्य आपातकाल के समय में वरदान साबित हो रही है। भाजपा सरकार में अगर इनके विस्तार की योजना आगे बढ़ायी जाती तो गांव, कस्बों और शहरों में लोगो को ठेलो, रिक्शों से मरीजो को अस्पताल नही ले जाना पड़ता। जिला उपाध्यक्ष, सपा, बाराबंकी एवं प्रभारी विधानसभा कुर्सी मो सबाह ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शाफे जुबेरी का स्वागत करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में जनपद बाराबंकी में नौजवान समाजवादी पार्टी से जुड़कर मिशन 2022 में समाजवादी पार्टी का परचम सरकार बनाकर लहरायेगा। यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शाफे जुबेरी ने आये हुए सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वह कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं पर पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। सपा कार्यकर्ताओं पर हो रहे उत्पीड़न का मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड डटकर मुकाबला करेगी।इस अवसर पर पूर्व मंत्री को बुके व स्मृति सिंह भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव प्रभारी सदस्य विधान परिषद लखनऊ खण्ड दानिश सिद्दीकी ने किया तथा संचालन चेयरमैन बेलहरा अयाज खां द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नसीम, जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड रोहित कश्यप, सलमान वारसी, राजा सिंह, सिद्धार्थ यादव सोनू, देव सिंह आदि मौजूद थे।

## अमेठी की 6589 कन्याओं को मिला कन्या सुमंगला योजना का लाभ

संवाददाता। अमेठी

**जनपद** की कन्याओं को स्वास्थ्य व शिक्षा का प्रोत्साहन देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों को मजबूत बनाने हेतु कन्या सुमंगला योजना चलाकर बालिकाओं को शिक्षा प्रदान कर मजबूत बना रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत जनपद के 6589 पात्र लाभार्थियों को 135ч43 लाख की धनराशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल ने बताया कि योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करनाए समान लैंगिक अनुपात स्थापित करनाए बाल विवाह की कुप्रथा को रोकनाए बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देनाए बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना तथा बालिकाओं के प्रति सामाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न छः श्रेणी के लाभार्थियों को लाभ दिया जाता हैए जिसमें नवजात बालिका जिसका जन्म एक अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ हो को 2000, ऐसी बालिका जिसका एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण हो चुका हो को 1000, कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के बाद 2000, कक्षा छह में बालिका के प्रवेश के बाद 2000ए कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश के बाद 3000 तथा अन्तिम श्रेणी में ऐसी बालिकाएं जिन्होंने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो को पांच हजार रुपये की धनराशि से लाभार्थी को लाभान्वित कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 6589 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने पात्रता की शर्तो के बारे में बताया कि आवेदन करने के लिये आवेदनकर्ता का वोटर आई डीए आधार कार्डए आवेदक की बैंक पासबुक की फ़ोटोकॉपीए पिता का आधार कार्ड, आईडी तथा शपथपत्रए पात्रता की श्रेणी के लिए आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये लाभार्थी का परिवार उ0प्र0 का निवासी होए उसके पास स्थानीय निवास प्रमाण.पत्र होए लाभार्थी की पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख हो तथा किसी परिवार की अधिकतम दो बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा

## अस्पताल के सामने रोड पर जमा पानी, संक्रामक रोग फैलने का खतरा

**अमेठी।** अस्पताल के सामने सड़क पर जमा पानी से मरीजों व राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। विदित हो लगातार हो रही बारिश से मुंशीगंज अमेठी मार्ग पर संजय गांधी अस्पताल के सामने पानी जमा हो गया है। अस्पताल की नालियां भी पानी से उफनाती हुई नजर आ रही है। जिससे आने जाने वाले पैदल राहगीरों व बाइक सवारों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पानी के जमाव के कारण तरह तरह की बीमारियां व संक्रमण का भी हमेशा डर लगा रहता है। इस ओर जिला प्रशासन व अस्पताल द्वारा इस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। लोगो व मरीजो के परिजनों ने जिलाधिकारी से पानी जमाव से छुटकारा दिलाये जाने की मांग की है। जिससे किसी प्रकार की होने वाली अनहोनी को रोका जा सके।

## अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी, मुकदमा दर्ज

### वकीलों ने घटना का खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**अधिवक्ता** के घर लाखों के सोने-चांदी के आभूषण और छह हजार की नकदी की चोरी को लेकर पुलिस ने गुरूवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के संसारपुर निवासी अधिवक्ता दिवाकर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 22 सितंबर की रात्रि उसके घर छत के रास्ते से बदमाश कमरे में पहुंचे और आलमारी का लॉक तोड़कर सोन-चांदी के लाखों के आभूषण और छह हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफकर दिया। सूचना पर 112 डॉयल पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना को लेकर साथी अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश तथा पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई मे वकीलों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने गुरूवार को सीओ से मिलकर घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की। प्रतिनिधिमण्डल ने कोतवाली क्षेत्र मे लगातार आये दिन चोरी की बढ़ी घटनाओं को लेकर चिंता भी जताई है। वकीलों ने प्रशासन से दो टूक कहा है कि घटनाओं का खुलासा ना हुआ तो संघ पुलिस प्रशासन के खिलाफ अब आंदोलन शुरू किए जाने के लिए बाध्य होगा।

## वकीलों ने समस्याओं पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम राम नारायण से मिलकर गुरूवार को मांगपत्र सौंपा। वकीलों ने जमीन सम्बन्धी विवादों मे तहसील स्तर पर गठित राजस्व एवं पुलिस टीमो के द्वारा मौके पर समाधान कराए जाने हेतु लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकीलो ने एसडीएम से मिलकर कई समस्याओ को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में अकृषक जमीन घोषित किये जाने तथा गांवो मे भूमि सम्बन्धी विवादो के निस्तारण हेतु गठित संयुक्त टीमो को प्रभावी बनाए जाने व त्वरित विवादग्रस्त भूमि मे स्थगन आदेश के क्रियान्वयन कराए जाने पर अधिवक्ताओं ने जोर दिया। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की लापरवाही से गांव मे भूमि सम्बन्धी विवाद का निस्तारण नही हो पा रहा है। वहीं प्रार्थनापत्रों पर भी समुचित कार्रवाई नही हो रही है। ज्ञापन मे कहा गया है कि तहसील परिसर मे जलभराव की समस्या भी ज्यों कि त्यों बनी हुई है। साफ-सफाई न होने से वादकारी शेडो मे गंदगी व्याप्त है।

पुलिस थानो मे गंभीर आपराधिक घटनाओं मे पीड़ितो की एफ़आईआर भी पुलिस दर्ज करने मे आनाकानी करते हुए लोगों को परेशान कर रही है। बड़ी संख्या मे मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पीड़ित तहसील तथा ब्लाक मुख्यालयों का चक्कर काट रहे है। एसडीएम ने वकीलों के साथ वार्ता मे समस्याओ के शीघ्र समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, घनश्याम मिश्र, गिरीश मिश्र, अनिल मिश्र, ललित गौड, मस्तराम पाल, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, टीपी यादव, राजेश तिवारी, आनंदमोहन श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

## रवि उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय रवी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन एनवाईसी योजना भवन लखनऊ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। रबी उत्पादकता गोष्ठी के आयोजन में कृषि निदेशक डा. एपी श्रीवास्तव ने कहा कि रबी की फसल में गेहूंए जौए चना, मसूर, मटर, आल, राई एवं सरसों की फसल को शामिल किया जाता है। रबी की फसल में अच्छी वृद्धि के लिए यदि बुआई सही समय पर की जाए तो उत्पादन क्षमता औसत के अनुरूप 10 से 15 प्रतिशत बढ़ जाती है। रबी की फसल में वृद्धि के लिए कम उत्पादकता वाले विकासखण्ड एवं न्याय पंचायतों में विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि उर्वरक का वितरण खाद विक्रेताओं में पॉश मशीन के द्वारा ही किया जाए। कृषकों के खाते में धनराशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से समय से किया जाए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान है।

## निजीकरण से आर्थिक गुलामी की ओर बढ़ रहा देश: तिलक

संवाददाता। ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी के सेक्टर व बूथ प्रभारियों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन सिद्धक्षेत्र राखपंचमपुर में सामुदायिक भवन परिसर में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा व पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक जखौरा अध्यक्ष प्रभुदयाल राजपूत ने व सफ्ल संचालन जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन ने किया।

मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि वर्तमान में शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहे हैंए जिससे शिक्षित युवा बेरोजगार घूम रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त हैए जिसके चलते अपराधों में जमकर इजाफा हो रहा है। किसानों की आय दोगुना करने के बजाय नया कृषि अध्यादेश पारित करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की उपज को निजी कम्पनियों के हाथों गिरवी रखने का कार्य किया है। साल भर मेहनत करने के बाद किसान प्राईवेट सेक्टर पर निर्भर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यह काला कानून भविष्य में किसानों की आय को दोगुना करने के बजाय आय के स्रोत समाप्त करने का कार्य करेगा। इसके अलावा रेलवेए बीएसएनएल और कई सरकारी कम्पनियों का निजीकरण किया जा रहा हैए जिससे लोगों को रोजगार का अभाव होगा और निजीकरण के चलते प्राईवेट कम्पनियों पर निर्भर होकर भारत आर्थिक गुलामी में जकड़ जायेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह समाजवादी पार्टी में जुड़कर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें। इसके अलावा उन्होंने बूथ व सेक्टर प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को मजबूती से जुटने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधीए फूलसिंह, रमेश सिंह ने कहा कि पार्टी हित में कार्य करने व आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी स्वामी प्रसाद ने सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों की समीक्षा आख्या प्रस्तुत की। बैठक में अमर सिंह, जगदीश कंचन, नरेन्द्र कुशवाहा, रौशन सिंह, धनीराम रजक, विजय सिंह, मानसिंह, नैपाल सिंह, रामदास श्रोतीय, धर्मेंद्र कुशवाहा, शेर सिंह बार, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, अशोक अहिरवार, करन पाल, गोविन्द बानौली, बिन्द्रावन, जयपाल सिंह, अंकित यादव नौहरखुर्द, लाखन प्रधान अरविंद, अजय, राजकुमार, रहीस सिंह शंकर, भान सिंह, दीपक प्रधान, सुरेन्द्र पाल सिंह, पुष्पेन्द्र, शिशुपाल आलापुर, महेश कुशवाहा, हनुमत कुशवाहा, शिवचरन, करतार सिंह लोधी, आशाराम रैकवार, रूप सिंह आदि मौजूद थे।

## विवक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

फतेहपुर ( बाराबंकी )। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष के लोगों पर बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम टेनवा निवासी बलराम वर्मा ने अपनी पुत्री पूनम वर्मा (26 वर्ष) का विवाह बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर नकटोली निवासी राम सुमिरन के पुत्र अखिलेश कुमार से करीब आठ वर्ष पूर्व किया था। बुधवार की देर शाम पूनम को गंभीर दशा में सीएचसी फ़तेहपुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति अखिलेश ने बताया कि उसकी पत्नी ने कमरे में फांसी लगा ली थी जिसे उतारकर उपचार के लिए सीएचसी लाया गया था। वहीं मृतका की मां ज्ञानवती ने आरोप लगाया कि उसके ससुराल वालों ने उसकी बेटी की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी है जिसकी तहरीर पीड़ित मा ने पुलिस को दी है। इस संबंध में सीओ योगेश कुमार ने बताया कि महिला की संदिग्ध मौत हो गई थी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### शुल्क समाप्त करने की मांग, सौपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष माननीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के निर्देश पर पूरे प्रदेश मंडी में लगने वाले ढाई फीसदी शुल्क को समाप्त करने के सम्बंध में 21 सितंबर से 26 सितंबर तक सभी गल्ला मंडी में धरना प्रदर्शन हड़ताल बन्दी आदि का कार्यक्रम चल रहा है इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विनोद गाबा के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपर जिलाधिकारी प्रशासन संदीप गुप्ता को ज्ञापन दिया गया । इस मौके पर जिला महामंत्री प्रभात वर्मा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता जिला युवा अध्यक्ष संदीप गुप्ता पिंकी नगर उपाध्यक्ष आसिफअहमद खान युवा नगर अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता सौरभ गुप्ता, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र वर्मा राजकुमार वर्मा, प्रवेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

### युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज

लालगंज ( प्रतापगढ़ )। कोतवाली पुलिस ने एक युवक के खिलाफ एक लड़की के अपहरण का केस दर्ज किया है। हंडौर गांव मे मकबूल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस सितंबर को वह कामकाज से घर के बाहर गया हुआ था। दिन मे डेढ़ बजे गांव के रामराज रजक ने उसकी पुत्री कनीश फातिमा को बहला फुसला कर भगा लिया। आरोपी के साथ पुत्री घर के जेवरात भी उठा ले गयी। पीड़ित ने अपहरण को लेकर पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका भी जताई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार को आरोपी रामराज के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की

लालगंज ( प्रतापगढ़ )। कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को घर में घुसकर मारपीट तथा जानलेवा धमकी व तोड़फोड़ को लेकर दो नामजद तथा तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के रायपुर तिवारी के रामराज यादव की पत्नी शिवरानी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह सितंबर की रात वह अपने पुत्र के साथ बरामदे मे सो रही थी। रात करीब एक बजे उसके घर आरोपियो ने हमला कर दिया और दो व्यक्तियों ने घर मे घुसकर भी उसके पुत्र को लाठी डंडे से रॉड तथा लाठी डंडे से मारापीटा। मारपीट मे उसका पुत्र गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपियो ने गृहस्थी के सामानो मे तोड़फोड़ की और जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर मे पीड़िता ने कहा है कि घटना के समय उसने दो आरोपियो को पहचान लिया है। इनमे एक आरोपी गांव का विजय बहादुर यादव तथा दूसरा कैथौला गांव का राहुल सिंह घटना मे शामिल रहा। जबकि तीन आरोपी बाइक पर सड़क पर बैठे थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विजय बहादुर यादव तथा राहुल सिंह व तीन अज्ञात के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट एवं तोड़फोड़ तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

### दो तस्कर गिरफ्तार,भारी मात्रा में गांजा बरामद



**बाराबंकी।** जिले इस समय गांजा की तस्करी चरम पर है इसी के तहत गुरुवार को 2 शातिर तस्करों को स्वाट टीम ने धरदबोचा उनके कब्जे से स्वाट टीम ने भारी मात्रा में साढ़े 31 किलो ग्राम गांजे के साथ तस्कर अमित कुमार रावत उर्फ लक्की पुत्र स्वप्नेश चंद्र निवासी सत्यप्रेमी नगर कोतवाली नगर बाराबंकी व दूसरे तस्कर मनीष मिश्रा पुत्र जितेंद्र मिश्रा निवासी मकान नम्बर 08 हिन्द सिटी देवा रोड मटियारी चिनहट लखनऊ इनकी तलाशी में स्वाट टीम ने इनके कब्जे से 31 किलो 5 सौ ग्राम अवैध गांजा 4 हजार पचास रुपये 2 एंड्राइड फ़ोन 2 वैगनआर कारें बरामद की है इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविंद चतुर्वेदी ने गुरुवार की दोपहर पुलिस लाइन के सभागार में करते हुए बताया कि जिले व लखनऊ की तमाम भांग के ठेकों पर ये गांजे को बेचते थे वही इस पर प्राप्त अभीसूचना पर स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वाट टीम ने अमित कुमार रावत को देवा के मटियारी चिनहट रोड मामापुर नहर पुलिया पर धर.दबोचा उसके वाहन में 26 किलो ग्राम गांजा व दूसरे तस्कर मनीष मिश्रा निवासी मकान नम्बर 08 हिन्द सिटी देवा रोड से साढ़े 5 किलो गांजे के साथ भी वैगनआर वाहन के साथ से बरामद किया दोनो तस्करों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा रहा है वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये गांजे को नेपाल से लाकर राजधानी लखनऊ व बाराबंकी जिले की भांग के ठेकों पर बेचते थे पुलिस की गिरफ्त में आया मनीष पेशे से ड्राइवर है और अमित लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक किया हुआ है गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम के प्रभारी विवेक कुमार सिंह हेण्काण्डदरीश खांए हेड काण्डान्सटेबल अरविंद यादव काण्प्रवीण शुक्ला काण्आदिल हासमी कांण् मनोज कुमार आदि।

## कोविड-19 की रोकथाम को लेकर ईमानदारी से करें सामूहिक प्रयास: डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज एल-2 कोविड हास्पिटल गौरीगंज में कोविड-19 को रोकथाम के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कोविड.19 की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों का सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कान्टैक्ट ट्रेसिंग सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित की जायेए कान्टैक्ट ट्रेसिंग के समय मरीज की बैकग्राउण्ड हिस्ट्रीए भ्रमण विवरण की जानकारी अवश्यक की जाये कि वह कहां.कहां गयाए किसके सम्पर्क में रहाए कान्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य विशेष ध्यान देकर सुनिश्चत किया जाये। पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाए। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फ़ीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ-साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाए।